मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला : अपभ्रंश ग्रन्थांक 18

महाकइपुप्फयंतविरइउ

महापुराणु

[महाकवि पुष्पदन्त-विरचित महापुराण]

चतुर्थ भाग

तीर्थंकर मुनिसुव्रत एवं नमि का जीवन-चरित
(सन्धि 68 से 80)

अपभ्रंश मूल – सम्पादन

डॉ. पी. एल. वैद्य

हिन्दी - अनुवाद

डॉ. देवेन्द्रकुमार जैन, इन्दौर

भारतीय ज्ञानपीठ

दूसरा संस्करण : 2001 □ मूल्य : 120 रुपये

अनुवादकीय

(प्रथम संस्करण, 1984 से)

महाकवि पुष्पदन्त के 'महापुराण' का यह चौथा खण्ड, वस्तुतः मूल रचना के दूसरे खण्ड का एक अंश है। सन्धि 68 से 80 तक 13 सन्धियों के इस भाग को स्वतन्त्र चौथे खण्ड के रूप में प्रकाशित करने का कारण यह है, कि आम पाठकों को पुष्पदन्त द्वारा विरचित 'रामायण काव्य' स्वतन्त्र रूप से उपलब्ध हो जाए। 68वीं सन्धि में बीसवें तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ का चरित है, क्योंकि इन्हीं के तीर्थकाल में राम, लक्ष्मण और रावण, जो क्रमशः आठवें नारायण, वासुदेव और प्रतिवासुदेव हैं, उत्पन्न हुए।

ग्रन्थ का अगला खण्ड पाँचवाँ होगा, जिसमें 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ और नौवें नारायण वासुदेव और प्रतिवासुदेव (बलराम, कृष्ण और कंस) का वर्णन है।

प्राचीन भारतीय साहित्य को, विशेषतः प्राकृत और अपभ्रंश के क्षेत्र में उपलब्ध साहित्य को व्यवस्थित करने और अनुपलब्ध साहित्य को प्रकाश में लाने की दिशा में भारतीय ज्ञानपीठ जो काम कर रहा है वह सचमुच सराहनीय है। इस काम के लिए वह, तब तक सम्मान के साथ जाना और माना जाएगा जबतक यह देश है और उसमें प्राचीन भाषाओं की साहित्य-कृतियों को जानने की उत्सुकता रखनेवाले लोग रहेंगे। जो रहेंगे ही।

इस अवसर का उपयोग करते हुए, मैं ज्ञानपीठ के न्यासधारियों और खासकर उसके अध्यक्ष समाजरत्न साहू श्रेयांस प्रसाद जी तथा प्रबन्ध-न्यासी श्री अशोक जैन से यह अपील करना चाहूँगा (हालाँकि मैंने उन्हें देखा नहीं है, और न उनकी रुचियों की मुझे जानकारी है) कि वे इसके लिए कुछ अधिक धन की व्यवस्था कर सकें तो अच्छा है। क्योंकि, अभी अपभ्रंश के महाकवि स्वयम्भू के *रिट्ठणेमिचरिउ* का प्रकाशन नहीं हो सका है। मैं दो साल पहले उसके एक खण्ड (यादवकाण्ड) को सम्पादित करके दे चुका हूँ। परन्तु शायद प्रकाशन बजट की सीमाओं के कारण हर वर्ष उसका प्रकाशन रुक जाया करता है। *रिट्ठणेमिचरिउ पउमचरिउ* के बराबर महत्त्वपूर्ण, बल्कि कई बातों में उससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण है। उसमें समग्र महाभारत की कथा है। *पउमचरिउ* का मूल भाग 1960 के आस-पास सम्पादित होकर उपलब्ध था, जबकि *रिट्ठणेमिचरिउ* अभी-अभी सम्पादन की प्रक्रिया में है। इसके दूसरे काण्ड भी सम्पादित होकर तैयार हैं, लेकिन जबतक पहला काण्ड नहीं छप जाता तबतक दूसरे काण्ड की 'प्रेस कापी' तैयार करने का कोई औचित्य नहीं है। अलावा इसके कुन्दकुन्दाचार्य के, जो जैनों की आध्यात्मिक विचारधारा के पुनःप्रवर्तक आचार्यों में महत्त्वपूर्ण हैं, ग्रन्थों का वैज्ञानिक सम्पादित संस्करण एक शृंखला में उपलब्ध नहीं है। भाषिक दृष्टि से उसका अध्ययन आज तक नहीं हुआ, व्युत्पत्तिमूलक शब्दकोश आदि बातें तो बहुत दूर की हैं। कुन्दकुन्दाचार्य की भाषा अकेली नहीं है, वह उस भाषा से जुड़ी है

जिसमें भूतबली पुष्पदन्त और धरसेनाचार्य ने षट्खण्डागम की रचना की है। अतः उसकी भाषा का वैज्ञानिक अध्ययन वस्तुतः पूरे युग की भाषा का वैज्ञानिक अध्ययन है। इसी प्रकार श्वेताम्बरों के आगमों की प्राकृत के भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन के निष्कर्षों का प्रकाशन एक ऐतिहासिक आवश्यकता है। उसके बाद आती है शौरसेनी और महाराष्ट्री प्राकृतों की प्रवृत्तियों के वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता। इस देश में सम्प्रदायों के मिलन और विश्व मानवतावाद की बातें बहुत होती हैं, परन्तु ऐसे महानुभाव कितने हैं जो इस दिशा में गहरी रुचि रखते हैं ? जो हैं उनमें से अधिकांश के पास साधनों का अभाव है। अतः उन साधन-सम्पन्न श्रीमानों, संस्थापकों से मेरा अनुरोध है कि भाषा के खाते में जो कुछ उनके पास है उसे यदि पूरी प्रामाणिक व्यवस्था के साथ वे उपलब्ध करा सकें, तो यह उनका अविस्मरणीय प्रदेय होगा। ऐसा किसी पर कोई दबाव नहीं है, सिर्फ़ अनुरोध ही कर सकता हूँ।

प्रस्तुत कृति के प्रकाशन के लिए मैं सदा की तरह ज्ञानपीठ के निदेशक भाई लक्ष्मीचन्द्र जी, ग्रन्थमाला सम्पादक श्रद्धेय पं. कैलाशचन्द्र जी और डॉ. ज्योतिप्रसाद जी के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। ज्ञानपीठ के प्रकाशन अधिकारी डॉ. गुलाबचन्द्र जैन ने शीघ्र प्रकाशन के लिए जो अथक प्रयास किया है उसके लिए वे साधुवाद के सच्चे पात्र हैं।

—देवेन्द्रकुमार जैन

15 अगस्त, 1983

114 उषा नगर,

इन्दौर-452 009

आलोचनात्मक मूल्यांकन

हिन्दी साहित्य के प्रथम प्रामाणिक इतिहासकार आचार्य रामचन्द्र शुक्ल प्राकृत की अन्तिम अपभ्रंश अवस्था से हिन्दी साहित्य का प्रारम्भ मानते हुए, उक्त अपभ्रंश को प्राकृताभास हिन्दी कहने के पक्ष में थे। उनके अनुसार, तान्त्रिकों और योगमार्गी बौद्धों द्वारा रचित पद्यों (दोहों) में यही भाषा प्रयुक्त है। इसके अलावा, इस अपभ्रंश और 'पुरानी हिन्दी' का प्रचार शुद्ध साहित्य या काव्य-रचनाओं में भी 1050 से 1375 तक (भोज से लेकर हम्मीरदेव तक) पाया जाता है। इस प्रकार सवा तीन सौ वर्ष के इस काल के प्रथम डेढ़ सौ वर्ष के भीतर लिखित रचनाओं की स्पष्ट प्रवृत्ति का निश्चय करना कठिन है। अतः यह अनिर्दिष्ट लोकप्रवृत्ति का काल है। उसके बाद मुसलमानों के आक्रमण शुरू होने पर उनकी प्रतिक्रिया से हिन्दी साहित्य में एक प्रवृत्ति उभरती है, जो काफी बँधी हुई है। रीति शृंगार आदि के अलावा यह प्रवृत्ति चारण या राजाश्रित कवियों द्वारा निबद्ध अपने आश्रयदाता राजाओं के पराक्रमपूर्ण चरितों या गाथाओं में लक्षित होती है। यह प्रबन्ध-काव्य परम्परा ही रासो-काव्य या वीर-गाथा काव्य कहलाई। कुल मिलाकर 'आदिकाल' के दो भेद हैं: 1. अनिर्दिष्ट काल 2. वीर-गाथा या रासो काल। भाषा के बारे में शुक्ल जी का कहना है कि इन काव्यों की भाषा परम्परागत है, उस समय की बोलचाल की भाषा नहीं है। उसमें प्राकृत की रूढ़ियाँ हैं। वह तत्कालीन बोलचाल की भाषा से लगभग दो सौ वर्ष पुरानी भाषा है।

आदिकाल के अन्तर्गत शुक्ल जी, अपभ्रंश (देवसेन, पुष्पदन्त, सिद्धों की रचनाओं, हेमचन्द्र द्वारा उद्धृत दोहों की भाषा) और देशी भाषा (रासो काव्यों की भाषा) का उल्लेख करते हैं। आचार्य शुक्ल ने अपने उक्त विचार 1929 में उस समय व्यक्त किये थे जब अपभ्रंश साहित्य प्रकाश में नहीं आया था। परन्तु 1960 तक अपभ्रंश के स्वयंभू और पुष्पदन्त जैसे शीर्ष कवियों की रचनाएँ प्रकाशित हो चुकी थीं। फिर भी डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी ने उनका विचार इसलिए नहीं किया क्योंकि यह साहित्य हिन्दी प्रदेश में लिखा गया साहित्य नहीं है। बड़े विस्तार से उन्होंने इस बात का विचार किया है कि ऐसा क्यों हुआ। उनका कहना है कि गाहड़वार राजाओं ने (वैदिक धर्म मानने के कारण) देशभाषा के कवियों को आश्रय नहीं दिया; दूसरे, इस प्रदेश में वर्जनशील ब्राह्मण समाज का प्रभाव था। हो सकता है उनका कहना सही हो, परन्तु उससे उपलब्ध साहित्य के अध्ययन न करने का औचित्य सिद्ध नहीं होता। क्योंकि भाषा मानसून की तरह, ऊपर ही ऊपर उड़कर नहीं निकल जाती, किनारों को छूने के लिए उसे मध्य में से गुजराना होता है। मध्यदेश उससे अछूता नहीं रह सकता, वह अछूता रहा भी नहीं। सूर, तुलसी, कबीर, जायसी की रचनाएँ इसका सबूत हैं। आखिर ब्रज और अवधी एकदम पैदा नहीं हो गईं। यदि डॉ० द्विवेदी अध्ययन करते तो कम से कम उन्हें इस निष्कर्ष पर नहीं पहुँचना पड़ता कि हिन्दी साहित्य का आदिकाल विरोधों और स्वतो वदतो व्याघातों का काल है। या उन्हें यह नहीं लिखना पड़ता कि 'इस युग में एक ओर श्रीहर्ष जैसे बड़े-बड़े कवि हुए, जिनकी रचनाएँ अलंकृत काव्य-परम्परा की सीमा पर पहुँच गई थीं। दूसरी ओर, अपभ्रंश में ऐसे कवि हुए जो अत्यन्त सरल और संक्षिप्त शब्दों में अपने मनोभावों को प्रकट करते थे। यह बात 'नैषधकाव्य' के श्लोकों और 'सिद्ध-हेम-व्याकरण' में आये दोहों की तुलना से स्पष्ट हो जाएगी।'

मेरे विचार में, इसमें अन्तर्विरोध की कोई बात नहीं। श्रीहर्ष की भाषा की तुलना पुष्पदन्त की अपभ्रंश से करने पर यह स्वतः स्पष्ट हो जाएगा।

पुष्पदन्त के दो नमूने उद्धृत हैं—

"धीरं अविहिय सामयं
सीहं हयसर सामयं
दूसिय सेसिय सानयं
विद्धिसियं हिंसामयं"

एक सरस नमूना—

"पर उवयारि स जीवउ वंतहं
दीण्णुद्धरणु विहूसणं संतहं।
परिमल किंकि भमिय महीमंडलि
हरिगुण कहा हुई आहंडलि।"

(महापुराण 85/17)

इसमें विरोध कहाँ है? विरोध तुलनीयों के गलत चयन में है।

आलोच्ययुग में दूसरा विरोधाभास यह है कि एक ओर उसमें दिग्गज आचार्य हुए तो दूसरी ओर निरक्षर सन्त जिनके द्वारा ज्ञान प्रचार के बीज बोए गए। परन्तु ऐसा किस युग में नहीं हुआ? क्या आज ऐसा नहीं है? वास्तव में यह बीज बोने का नहीं, फसल काटने का काल है। बुद्ध और महावीर ने लोकभाषाओं में उपदेश देकर ऊँचा तत्त्वज्ञान आम जनता को सुलभ कराने की जो परम्परा डाली थी, या बीज बोये थे वे इस युग में अंकुरित पल्लवित होकर झाड़ बन चुके थे। और फिर आत्मज्ञान के लिए साक्षर या पढ़ा लिखा होना इस देश में कतई जरूरी नहीं रहा। पढ़े-लिखे भी मूर्ख हो सकते हैं और निरक्षर भी आत्मज्ञानी।

यह कितनी अजीब बात है कि आचार्य द्विवेदी इस युग को अन्धकार का युग मानें और लिखें, 'अन्धकार के इस युग को प्रकाशित करने वाली जो भी चिनगारी मिल जाए, उसे जलाए रखना चाहिए क्योंकि वह एक बहुत बड़े आलोक की संभावना लेकर आई होती है। उसमें युग के संपूर्ण मनुष्य को उद्भासित करने की क्षमता होती है।' चिनगारी से द्विवेदी जी का अभिप्राय मध्यदेश में लिखी गई छोटी-मोटी रचना से है: 'हमें घर की चिनगारी चाहिए, पड़ोस की धधकती आग से कोई मतलब नहीं।' आखिर क्यों? क्या घर की चिनगारी ही पूर्ण मनुष्य को प्रकाशित कर सकती है, पड़ोस की आग नहीं? वास्तव में डॉ० द्विवेदी चाहते थे कि हिन्दी वाले अपभ्रंश और अवहट्ठ या देश्य मिश्रित अपभ्रंश के साहित्य का गहन अध्ययन करें परन्तु प्रश्न था कि हिन्दी अनुवाद के बिना वह करे कौन? भारतीय ज्ञानपीठ ने सचमुच इस दिशा में बहुत बड़ा ऐतिहासिक कार्य किया है।

पुष्पदन्त की रामकथा

आदिपुराण (महापुराण 1-37 संधियाँ) की रचना के बाद कवि पुष्पदन्त का मन कई कारणों से सृजन से उचट जाता है। मंत्री भरत यदि हाथ जोड़कर उनके सामने बैठकर धरना नहीं देते तो शायद ही कवि महापुराण का शेष भाग लिखता। भरत अपने अनुरोध से कवि को मना लेते हैं और पुष्पदन्त बीस

तीर्थंकरों (अजितनाथ से लेकर मुनिसुव्रत तक) का वर्णन करने के बाद रामकाव्य की रचना करते हैं। रामायण के सृजन क्षणों में पुष्पदन्त का मन आशा और उत्साह से फिर भर उठता है, क्योंकि इसमें बलदेव (राम) और वासुदेव (लक्ष्मण) के गुणों का कीर्तन है। कवि अपनी बुद्धि के विस्तार के अनुसार उनका वर्णन करता है। यद्यपि वह कलिकाल की दुरवस्था से खिन्न है, दुर्जनों के स्वभाव का वह भुक्तभोगी है, फिर भी, भरत के अनुरोध पर सृजन के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए वह तैयार है।

कवि एक बार फिर अपनी लाचारी की याद दिलाता हुआ कहता है : प्राचीन कवियों की पंक्ति में होना तो बहुत दूर की बात, मेरे पास कोई सामग्री नहीं है। अपभ्रंश में रामायण के कर्ता कवि स्वयंभू महान् हैं, जो हजारों लोगों से सम्मानित हैं। दूसरे कवि हैं चतुर्मुख जिन्होंने रामायण की रचना की है, जिनके चार मुख हैं मेरा तो एक ही मुख है और वह भी खंडित, वह भी दुष्टता से भरा हुआ :

'मइ एक्कु तं पि मुहुं खंडियउ
विहिणा पेसुण्णउं मंडियउ ।'

हो सकता है मेरा कहा विद्वानों की सभा को अच्छा न लगे। फिर भी मैं उनसे अपने ढीठपन की क्षमा मांगते हुए, काव्य रचना प्रारम्भ करता हूँ। मेरा विश्वास है कि रामकथा के कुछ प्रसंग विचक्षणों को आकर्षित किए बिना नहीं रह सकते। ये हैं—राम का यश, लक्ष्मण का पुरुषार्थ और सीता का सतीत्व।'

कवि कहता है कि जिस तरह जलबिंदु कमलपत्र पर मोती की शोभा को धारण करता है, उसी तरह उत्तम आश्रय पाकर काव्य शोभा पाता है—

'जलबिंदु व पोमपत्ति थियउ
मुत्ताहलवण्णु समुव्वहइ
आसयगुणेण कव्वु वि सहइ ।' 69/2

जिन घटनासूत्रों की बुनावट में कवि राम के यश, लक्ष्मण के पुरुषार्थ और सीता के सतीत्व के रंगों को उभारता है, वे हैं सीता का अपहरण, हनुमान् का गुणविस्तार, कपटी सुग्रीव का मरण, तारापति (सुग्रीव) का उद्धार, लवण समुद्र का संतरण और निशाचर कुल का नाश। कवि सीता के अपहरण को केन्द्र में रखकर ही उक्त सूत्रों को बुनता है। पुष्पदन्त के रामायण-सृजन का दूसरा महत्त्वपूर्ण बिन्दु है—भरत का भक्ति-भाव और नाना रसभावों से युक्त राम-रावण युद्ध।

69वीं संधि

दूसरी जैन रामायणों की तरह, पुष्पदन्त भी अपनी रामायण राजा श्रेणिक और गणधर गौतम के संवाद से प्रारम्भ करते हैं, यद्यपि, उनकी रामकथा गुणभद्राचार्य की परंपरा पर आधारित है, जो विमलसूरि के 'पउमचरियं' की रामकथा से भिन्न है। इससे स्पष्ट है कि समान स्रोत होने पर भी रामकथा के कवि विभिन्न घटनाओं प्रभावों को ग्रहण करते रहे हैं, या उनकी नई व्याख्या करते रहे हैं। उनका संबंध श्रेणिक-गौतम संवाद से जोड़ना एक पौराणिक रूढ़ि मात्र है।

गुणभद्राचार्य की रामकथा में राम का सीता से विवाह जनक के पशुयज्ञ से जुड़ा हुआ है। सगर का आख्यान भी पशुसंस्कृति से जुड़ा हुआ है, जो उदाहरण के रूप में प्रस्तुत है। काव्य के रंगमंच पर जो पात्र आते हैं या जो घटनाएँ प्रस्तुत की जाती हैं, वे जैन दार्शनिक विश्वास के अनुसार पूर्वजन्म के नेपथ्य से

शुरू होती है। अपने तीसरे जन्म में राम और लक्ष्मण, विजय और चन्द्रचूल के रूप में मित्र थे। रत्नपुर के राजा प्रजापति का बेटा चन्द्रचूल था। मंत्री के पुत्र का नाम विजय था। भर-जवानी में उन्होंने युवा सेठ श्रीदत्त की पत्नी कुबेरदत्ता का अपहरण कर लिया। प्रजा के विरोध करने पर राजा ने दोनों को जंगल में लेजाकर वध का आदेश दिया। मंत्रियों और पौरजनों के कहने पर मारने के बजाय, उन्हें सहन जंगल में ले जाया गया। वहाँ मंत्री ने जैन महामुनि महाबल से दोनों कुमारों का भविष्य पूछा। मुनि ने कहा—दोनों बालक तीसरे भव में बलभद्र और नारायण होंगे। तब उन दोनों ने जैनदीक्षा ग्रहण कर ली। एक बार तप करते हुए उन्होंने मधुसूदन और पुरुषोत्तम का वैभव देखकर निदान किया कि जैन तप का यदि कोई प्रभाव हो, तो मुझे भी अगले जन्म में यह सब वैभव प्राप्त हो। विजय मरकर सनत्कुमार देव हुआ, उसका नाम स्वर्णचूल था। इधर चन्द्रचूल मणिचूल नाम का देवता हुआ। स्वर्ग से च्युत होकर उनमें से मणिचूल काशी के राजा दशरथ की सुबला रानी का पुत्र राम हुआ। और, स्वर्णचूल दूसरी रानी कैकेयी से लक्ष्मण नाम का पुत्र हुआ। बड़े होने पर उनकी धाक दूर-दूर फैल चुकी थी। गोरे और काले रंगवाले वे दोनों कुमार ऐसे लगते थे मानो राजा दशरथ रूपी गरुड़ के श्वेत और काले दो पंख हों। संख्यातीत काल बीतने पर दशरथ को काशी से अयोध्या आना पड़ा था। इसी बीच दशरथ के पुत्र भरत और शत्रुघ्न भी उत्पन्न हुए।

राजा जनक ने यज्ञ की रक्षा और सीता के स्वयंवर का जो निमंत्रण भेजा उसमें राम भी आमंत्रित थे। दशरथ के पास भी लिखित पत्र आया। उसमें लिखा था कि जो इस परम कृत्य वाले यज्ञ की रक्षा करेगा, उसे मैं अपनी सुकन्या सीता दूँगा। मंत्री बुद्धिविशारद ने पत्र का समर्थन करते हुए यज्ञ की रक्षा को परम कर्तव्य बताया। दूसरे मंत्री अतिशयमति ने इसका विरोध करते हुए राजा सगर का उदाहरण दिया। उसने कहा कि चारण नगर के राजा सुयोधन की रानी अतिथि की सुंदर कन्या सुलसा के स्वयंवर में अयोध्या का राजा सगर पहुँचा। कन्या की माँ अतिथि उसे अपने भाई के पुत्र मधुपिंगल को देना चाहती थी। तब सगर के पुरोहित मंत्री ने झूठा सामुद्रिक शास्त्र बनाकर उसे धरती में गड़वा दिया। एक किसान को वह मिला। द्विजवर के रूप में मंत्री वहाँ पहुँचा और उसने अलग अर्थ किया कि जो मधुपिंगल को विवाह मंडप में प्रवेश देगा उसकी कन्या विधवा हो जाएगी। मधुपिंगल लज्जा के कारण वहाँ से भाग गया। बूढ़े सगर ने कन्या से विवाह कर लिया। मधुपिंगल ने जैनदीक्षा ले ली। एक दिन नगर में भिक्षा के लिए जब मधुपिंगल घूम रहा था वहाँ उसे सगर के कपटजाल का पता चला। उसने आक्रोश में आकर यह निदान बाँधा कि सगर मेरे हाथ से मरे यदि जैन तप का कोई प्रभाव हो। वह मरकर असुरेंद्र का वाहन धानी भैंसा हुआ, साठ हजार भैंसाओं का अधिपति। जिनवर के धर्म को स्वीकार करते हुए भी वह क्षमाभाव के बिना दुर्गति में गया। उसे ज्ञात हो गया कि किस प्रकार वह सगर के द्वारा ठगा गया। उसने मन-ही-मन कहा कि देखें अयोध्या का राजा यह अब कैसे बचता है। वह सालंकायण नाम का वेदमंत्रों का उच्चारण करनेवाला ब्राह्मण बन गया, श्रेष्ठ मुनियों को दूषित करनेवाला और हिंसक।

इसी बीच, पर्वतक की कथा शुरू होती है। विप्रवर क्षीरकदंब के तीन शिष्य थे, एक उसका बेटा पर्वतक जो पढ़ने में कमजोर था, दूसरा राजा वसु और तीसरा नारद। एक दिन वे वन में गये। क्षीरकदंब ने वहाँ एक जैनमुनि से उनका भविष्य पूछा। उन्होंने कहा कि नारद सर्वार्थसिद्धि जाएगा, और बाकी दो नरक, यज्ञ के फल के कारण। क्षीरकदंब की पत्नी राजा वसु को पीटने से बचाती है। वह उसे वर देता है। आचार्याणी उसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखती है। वह पति से झगड़ा करती है कि वह नारद को विशेष पढ़ाते हैं, अपने लड़के को नहीं। क्षीरकदंब विविध प्रयोगों द्वारा पत्नी को बताता है कि नारद जन्म से प्रतिभाशाली है, जबकि पर्वतक मंदबुद्धि है। अन्त में क्षीरकदंब नारद को परिवार सौंपकर जैन हो गया। वह मर कर स्वर्ग गया। बहुत दिनों बाद नारद और पर्वतक में 'अज' शब्द के अर्थ को लेकर विवाद हो गया। नारद

के अनुसार अज का अर्थ तीन साल का पुराना जौ था, जबकि पर्वतक के अनुसार बकरा। लोगों ने पर्वतक को नगर से निकाल दिया। पर्वतक सालंकायण का शिष्य हो गया। वे दोनों अयोध्या नगरी पहुँचे। पशुयज्ञ का प्रचार करते हुए तथा यज्ञ में होमे गए पशुओं को साक्षात् देव बताते हुए, राजा सगर को उन दोनों ने धोखा दिया। उनके बहकावे में आकर राजा ने अपनी पत्नी सुलसा भी यज्ञ में होम दी। पत्नी के वियोग से दुखी होकर सगर ने एक दिन जैन मुनि से पूछा, 'क्या पशुओं का वध धर्म है ?' उन्होंने कहा कि निश्चय ही अहिंसा से धर्म होता है और हिंसा से अधर्म। सगर के पूछने पर मुनि ने बताया कि सातवें दिन उसके ऊपर बिजली गिरेगी। सगर ने आकर पर्वतक से कहा। उसने जैनमुनि की निंदा की। असुरेन्द्र ने राजा को नभ में मुनि सुलसा देवी के दर्शन करा दिए। सगर दुगुने उत्साह से यज्ञ में लग गया। अन्त में राजा सगर पर गाज गिरती है और वह मारा जाता है। असुरेन्द्र ने एक बार फिर कपट भाव किया और राजा वसु को स्वर्ग के विमान में स्थित बताया।

सगर का मन्त्री आनंदित हुआ। उसने कहा कि मूर्खों ने यज्ञ की निंदा की। उसने भी राजसूय यज्ञ किया, विद्याधर दिनकर ने उसे आढ़े हाथों लिया और राजा के एक मास के होम को नष्ट कर दिया। महाकाल के विस्तार को भी नष्ट कर दिया। नारद का मन आनंदित हुआ। असुरेन्द्र ने घोषणा की कि पर्वतक तुम नाश को प्राप्त मत होओ। तुम चारों तरफ जिनप्रतिमाएँ स्थापित कर दो जिससे विद्याधर विद्याएँ प्रवेश न कर पाएँ। वे दोनों नरक गये। असुरेन्द्र ने लोगों से कहा कि उसने अपना बदला ले लिया।

70 वीं संधि

अतिशयमति मंत्री के हित वचन सुनकर राजा दशरथ का मिथ्या दर्शन नष्ट हो गया। उसने जैन धर्म ग्रहण कर लिया। राजा के मंत्री महाबल ने पुत्रों का प्रताप देखने के लिए, उन्हें यज्ञ में भेजने का प्रस्ताव रखा। राजा दशरथ ज्योतिषी से राम लक्ष्मण के भविष्य के बारे में पूछता है। वह बताता है कि वे दुनिया को सतानेवाले रावण को मारकर विजयी होंगे। दशरथ भुवनविख्यात रावण के बारे में पूछता है। पुरोहित कहता है कि नागपुर में राजा नरदेव था। उसने दीक्षा ले ली। आकाश में जाते हुए चपलवेग और विचित्र-केतु विद्याधरों को देखकर उसने निदान बाँधा कि तप के प्रभाव से मेरा इन विद्याधरों जैसा ऐश्वर्य हो। विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी में मेघ शिखर में सहस्रग्रीव नाम का राजा था। वह झगड़ा करके वहाँ से त्रिकूट नगर में आ गया। उसने लंका का निर्माण कराया। बीस हजार वर्ष उसने उस नगरी का पालन किया। शतग्रीव ने पच्चीस हजार वर्ष। पंचदशग्रीव बीस हजार वर्ष जीकर मर गया। पुलस्त्य पन्द्रह हजार वर्ष। उसकी पत्नी मेघलक्ष्मी की कोख से राजा नरदेव रावण के रूप में उत्पन्न हुआ। उसका कोई प्रतिमल्ल नहीं था। राजा मय ने अपनी कन्या मन्दोदरी से उसका विवाह कर दिया। एक दिन आकाशमार्ग से जाते हुए उसने ध्यान में लीन मणिवती को देखा। रावण की मति चंचल हो गई। उसने कन्या को ध्यान से विचलित करना चाहा। क्रुद्ध हो मणिवती ने यह निदान बाँधा कि अगले जन्म में वह उसकी कन्या होकर उसकी ही मौत का कारण बने। अगले जन्म में वह मंदोदरी की कन्या हुई। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुनकर रावण ने उसे मारना चाहा। परन्तु मारीच ने मंदोदरी को समझाकर उसे मंजूषा में रखवाकर मिथिलानगर के उद्यान में गड़वा दिया। एक किसान को वह मंजूषा मिली जिसे उसने वनपाल को देदी। उससे वह राजा जनक को दी गई। जनक ने उसे अपनी पत्नी को दे दिया। सीता जब बड़ी हो गई तो उसके स्वयंवर के सिलसिले में राजा दशरथ ने राम लक्ष्मण को वहाँ भेजा। राम ने उससे विवाह कर लिया। वे उसे विनीतपुरी (अयोध्या) ले आए। वसंत के आने पर अयोध्या में वसंत क्रीड़ा की धूम मच गयी। राम ने पिता से अनुमति लेकर परंपरागत वाराणसी पर कब्जा कर लिया। इस प्रकार राम, लक्ष्मण और सीता काशी में रहने लगे।

71 वीं संधि

कलहप्रिय नारद ने जाकर रावण से कहा, 'सीता जैसी अनिन्द्य सुन्दरी तुम्हारे योग्य है।' रावण सीता को समझाने के लिए पहले अपनी बहन चंद्रनखा को भेजता है। लेकिन वह असफल लौटती है और उल्टे रावण को ही समझाती है। रावण उसे मना कर, पुष्पक विमान में जा बैठता है।

72 वीं संधि

रावण मारीच को लेकर वाराणसी गया। उस समय राम और सीता वसंतक्रीड़ा के अनंतर वृक्ष के नीचे विश्राम कर रहे थे। रावण वहाँ पहुँचा। उसने कपटपूर्वक उसके अपहरण का निश्चय किया। मारीच सोने का मृग बनकर दौड़ता है, राम पीछे-पीछे दौड़ते हैं। बहुत दूर ले जाकर मारीच संकेत करता है और इधर रावण सीता का अपहरण कर लेता है। वह उसे ले जाकर नंदन वन में रखता है और विद्याधरियों से उसको समझाने के लिए कहता है। सीता विलाप करती है। वह रावण के प्रस्ताव को ठुकराती है।

73 वीं संधि

सीता के अपहरण से दुखी राम मूर्छित हो जाते हैं। दशरथ स्वप्न में सीता के अपहरण की बात जानकर इसकी सूचना राम को देते हैं। विद्याधर सुग्रीव और हनुमान् राम से भेंट करते हैं। सुग्रीव अपना परिचय देते हुए, अपनी समस्या उनके सामने रखता है कि उसके भाई बालि ने उसे निकाल कर उसकी पत्नी ले ली है। हनुमान् सीता का पता लगाने का आश्वासन देते हैं। सम्मेदशिखर पर जाकर वे सिद्धकूट जिनालय की वंदना करते हैं। हनुमान् लंका के लिए कूच करते हैं। वह भ्रमर का रूप धारण कर लंका नगरी में प्रवेश करते हैं। वहाँ वह रावण को सिंहासन पर स्थित देखते हैं।

इधर अनुचरों को सीता के शरीर का वस्त्र मिलता है। वहाँ सीता में आसक्त रावण का किसी भी काम में मन नहीं लगता। वह सीता को समझाता है। सीता उसे मुँहतोड़ उत्तर देती है। मंदोदरी रावण को समझाती है। मंदोदरी सीता को उसके पैरों के कुछेक विशेष चिह्नों से पहचान लेती है।

हनुमान् सीता से भेंट करते हैं और प्रत्यभिज्ञान के साथ राम का संदेश देते हैं। वह राम के वियोग की भी स्थिति के बारे में बताते हैं। हनुमान् सीता को आश्वासन देते हैं। राम का वृत्तान्त मिलने पर सीता मंदोदरी के अनुरोध पर भोजन करती है। हनुमान् राम के पास सीता का संदेश लेकर पहुँचते हैं।

74 वीं संधि

हनुमान् विस्तार से सीता के वियोग का वर्णन करते हैं। राम की पंचांगमंत्रणा। राम एक बार फिर रावण के पास दूत भेजते हैं। हनुमान् दुबारा दूत बनकर जाते हैं। राम विस्तार से दूत को समझाते हैं। हनुमान् लंका में प्रवेश करते हैं। उनके सौंदर्य को देखकर लंका की विद्याधरियों का मन विचलित हो उठता है। हनुमान् रावण को समझाते हैं। रावण इसे रंडा कहानी कहकर दूत की बात टाल देता है। रावण के विभिन्न सामंत भी अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।

75 वीं संधि

हनुमान् लौटकर आते हैं। इधर लक्ष्मण बालि से युद्ध करते हैं। हनुमान् अपने शौर्य का प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। राम से मिलने के लिए बालि का दूत आता है। वह कहता है कि यदि राम सुग्रीव को निकाल बाहर करें, तो बालि उनकी अधीनता स्वीकार करने के लिए तैयार है। वह सीता को

वापस ला सकता है। राम ने कहा यदि वह अपना हाथी देता है तो वही इस मित्रता का कारण हो सकता है। राम ने दूत के साथ अपना आदमी भेजा। बालि के राजमंत्री ने उससे कहा—राजा बालि हाथी नहीं, असि-प्रहार देगा। दूत ने वापस आकर, कानों को कटु लगनेवाले वे शब्द राम से कहे। राम स्वयं को कठिन स्थिति में पाते हैं, इधर कुआ उधर खाई। लक्ष्मण और हनुमान् उस पर चढ़ाई करते हैं। बालि-बध।

76 वीं संधि

राम लंका पर चढ़ाई के लिए प्रस्थान करते हैं। विभीषण रावण को समझाता है। सेना और युद्ध का वर्णन।

77-78 वीं संधि

हनुमान् के न लौटने पर राम की चिन्ता। विभीषण उन्हें समझाता है। युद्ध का वर्णन। रावण विभीषण को बुरा-भला कहता है। युद्ध का वर्णन। लक्ष्मण के द्वारा रावण का वध। मंदोदरी का विलाप। विभीषण भी पश्चात्ताप करता है। उसके अनुसार रावण का एक ही दोष है कि उसने जैनधर्म का आदेश न मानते हुए परस्त्री का अपहरण किया। राम रावण का दाह संस्कार करते हैं। पुष्पदन्त का कथन है कि दूसरे की स्त्री से राग होने पर सभी हलके समझे जाते हैं। विभीषण को राजपट्ट बांधा जाता है।

79 वीं संधि

उसके बाद राम पृथ्वी का परिभ्रमण करते हुए, कोटिशिला पहुँचते हैं। लक्ष्मण कोटिशिला उठाते हैं। दोनों भाई गंगा के किनारे-किनारे चलते हैं और उसके उद्गम स्थान पर पहुँचते हैं। वहाँ उन्होंने पटमंडप ताने। लक्ष्मण ने समुद्रपर्यन्त अपना रथ हाँका। वे समग्र देश आए। वहाँ उनका अभिषेक किया गया। और भी कई कीमती वस्तुएँ उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं। समुद्र के किनारे-किनारे जाकर वरतनु को, फिर सिंधु को जीतकर प्रभास तीर्थ को जीता। फिर म्लेच्छ दिशा के समस्त शत्रुओं को जीता। विजयार्ध की दोनों श्रेणियों को जीत कर, हतमातंग विद्याधर की कन्याएँ ग्रहण कीं। देव दिशा के म्लेच्छ खंड को जीतकर, भूमिमंडल पर अपना राजदंड घुमाकर वे अयोध्या लौट आए। वहाँ राजा राम लक्ष्मण का अभिषेक हुआ। वे दोनों इन्द्र की लीला करते हुए रहने लगे। उन्हीं दिनों शिवगुप्त मुनि का नंदनवन में आगमन होता है। वे जैनधर्म का उपदेश देते हैं। जैन दृष्टिकोण से वे संसारचक्र का विचार करते हैं, दूसरे दार्शनिक के मतों का खंडन भी। उपदेश सुन-कर राम श्रावक व्रत धारण कर लेते हैं। लक्ष्मण ने एक भी व्रत ग्रहण नहीं किया। दशरथ के मरने पर भरत और शत्रुघ्न साकेत में अधिष्ठित हुए। राम और लक्ष्मण वाराणसी गए। राम का पुत्र विजयराम हुआ, उनके सात पुत्र और हुए। लक्ष्मण का पुत्र पृथ्वीचन्द्र था। उसके और भी पुत्र हुए। बहुत समय बीतने पर पृथ्वी पर अनिष्ट लक्षण प्रकट हुए। राम ने दान दिया और जिन पूजा की। लक्ष्मण की मृत्यु। राम और सीता का शोक। राम ने चार घातिया कर्मों का नाश किया, देवताओं ने पुष्पों की वृष्टि की। राम को केवलज्ञान प्राप्त हुआ। परमार्थवादी लोग यही कहते हैं कि धन किसी के साथ नहीं जाता। धरती रूपी राक्षसी ने किस-किस को नहीं खाया!

रामकथा की पृष्ठभूमि

पुष्पदन्त की रामकथा में कथा कम, काव्य-तत्त्व अधिक है। कवि मनुष्य की भौतिक इच्छाओं की निस्सारता, तप-त्याग और नैतिक मूल्यों का चित्रण तत्कालीन सामन्तवादी पृष्ठभूमि में करता है। जीव का अपना कर्म ही उसके सुख-दुःख, बन्धन और मोक्ष के लिए उत्तरदायी है। चूँकि कर्म का कर्ता और

भोक्ता वह खुद है इसलिए वर्तमान में वह जो है उसके लिए वह खुद जिम्मेदार है। जैन दर्शन का यह सिद्धान्त कवि के सृजन का आधारभूत सिद्धान्त है जो उसके चरित्र-चित्रण और घटनाओं के वर्णन में प्रतिबिम्बित है। यह होते हुए भी उनकी कविता के कुछ भौतिक मूल्य भी हैं जिन्हें रामकथा के पात्र जीते हैं और जिन के प्रति कवि का संवेदनशील लगाव है। कवि के रामकाव्य के आध्यात्मिक मूल्य परम्परा से प्राप्त हैं, पहले से निर्धारित हैं और जिनके अनुसार पात्र अपना जीवन जीते हैं लिए बाध्य हैं। जो घटित हो चुका है उसे कलात्मक अभिव्यक्ति देना ही कवि का उद्देश्य है।

पुष्पदन्त ने जिस परम्परागत रामकथा को चुना है और उसे जिस रूप में काव्य के सांचे में ढाला है, उसमें सामन्तवाद के आदर्शों की स्पष्ट छाप है। उदाहरण के लिए, राम और लक्ष्मण ने पूर्वकालीन तीसरे भव में, जब वे राजपुत्र और मंत्री-पुत्र थे, युवा सेठ की पत्नी कुबेरदत्ता का अपहरण किया था। प्रजा के विरोध करने पर दोनों को फाँसी होती, परन्तु वृद्धजनों के बीच-बचाव के कारण वे बच गए, और जैन तप करके वे बलभद्र और वासुदेव हुए। उन्हें फांसी पर नहीं लटकाए जाने का दूसरा कारण महाबल मुनि का यह भविष्य-कथन रहा है कि दोनों तीसरे जन्म में महापुरुष होने वाले हैं। प्रश्न है कि यदि भविष्य कथन में यह बात निकलती कि वे दोनों महान् की जगह सामान्य पुरुष या आम आदमी होने वाले हैं तो क्या राज्य मृत्युदण्ड माफ कर देता? दूसरा निष्कर्ष यह है कि लोग सत्ता का दुरुपयोग करने के लिए ही सत्ता में जाते हैं। सत्ता का सुख ठोस, जबर्दस्त और सम्मोहक है। चाहे वह सामंतवाद हो या प्रजातन्त्र, राज-पुरुष और उनके निकट के लोग सुरा-सुन्दरी में लिप्त रहते रहे हैं। लिप्त तो दूसरे भी हैं। मर्यादित लिप्त होना बहुत बुरा भी नहीं है। परन्तु जिसके हाथ में सत्ता होती है (चाहे धन की हो या राज्य की) उन्हें मनो-रंजन के क्षेत्र और साधन अधिक सहजता से सुलभ होते हैं। हो सकता है राम-लक्ष्मण ने अपने तीसरे भव में वह सब न किया हो जो कर्म फल विश्वासी जैन कवियों ने उनके साथ जोड़ दिया है, सत्-असत् कर्म का फल बताने के लिए। लेकिन जब हम राम के वर्तमान जीवन में उतार-चढ़ाव देखते हैं तो सोचते हैं कि उसका कोई न कोई कारण जरूर रहा होगा। संसार में अचानक कुछ भी घटित नहीं होता, कारण कार्य बनता है और कार्य कारण। कारण-कार्य की इस शृंखला का नाम ही संसार है। प्रत्येक दर्शन इस शृंखला की व्याख्या अपने ढंग से करता है। जैन-दर्शन ने भी इसकी व्याख्या कर्म-सिद्धान्त के आधार पर की है। इसका उद्देश्य यह बताना है कि व्यक्ति जो कुछ करता है उसका फल उसे ही भोगना पड़ता है। उसमें किसी की भागीदारी नहीं हो सकती। राम की तरह रावण का वर्तमान जीवन भी उसके पूर्व कर्मों का फल है। रागद्वेष की क्रिया-प्रतिक्रियाएँ जन्म-जन्मान्तरों तक चलती हैं।

पुष्पदन्त की रामकथा में कैकेयी के वरदान, राम का वनवास, सीता की अग्नि परीक्षा, राम द्वारा सीता का निर्वासन, राम लवणांकुश, जटायु, वनयात्रा आदि प्रसंग नहीं हैं। एक महत्त्वपूर्ण बिन्दु यह है कि राजा दशरथ को स्वप्न में रावण द्वारा सीता के अपहरण का आभास मिल जाता है जिसकी सूचना वे राम को भेज देते हैं। विभीषण को लंका का राजा बनाकर राम लक्ष्मण और सीता के साथ दिग्विजय पर निकलते हैं, जो लक्ष्मण के अर्धचक्रवर्ती बनने के लिए जरूरी है। उसकी यह दिग्विजय, भरत चक्रवर्ती की दिग्विजय से मिलती-जुलती है।

चरित्र-चित्रण

दशरथ—पुष्पदन्त के अनुसार, दशरथ जन्मतः जैन नहीं थे। प्रारम्भ में वे हिंसक यज्ञों में विश्वास रखते थे। अपने मन्त्री अतिशयमति के, जो जैन था, समझाने पर उन्होंने जैन धर्म स्वीकार किया।

उनका महत्त्व यही है कि वे राम-लक्ष्मण के पिता हैं। लक्ष्मण कैकेयी से उत्पन्न है, इसलिए भरत को राजपाट दिलाने के लिए वर माँगने और उससे सम्बन्धित घटनाएँ पुष्पदन्त की रामायण में नहीं हैं। मन्त्री के उपदेश से यद्यपि दशरथ का मिथ्यादर्शन दूर हो जाता है फिर भी मन्त्री महाबल के अनुरोध पर वे राम-लक्ष्मण को मिथिला भेज देते हैं। परम्परा से प्राप्त काशी के छिन जाने पर दशरथ के मन में कोई प्रतिक्रिया नहीं होती। राम के अनुरोध करने पर वे सीता सहित राम-लक्ष्मण को वाराणसी भेज देते हैं। स्वप्न में सीता के अपहरण का आभास पाकर, वे इसकी सूचना राम को भेजकर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेते हैं।

जनक—जनक का चरित्र भी स्पष्ट रूप से उभरकर नहीं आता। सीता उनकी पालित कन्या है। वह मिथिला नगरी के राजा हैं, जो यह सोचते हैं कि यज्ञ में पशु वध से स्वर्ग मिलता है। यज्ञ की रक्षा करना उनके लिए सम्भव नहीं है। इसलिए उन्होंने दूसरे राजाओं सहित दशरथ के पास यह पत्र भेजा कि जो विद्याधरों से यज्ञ की रक्षा करेगा उसे वे पृथ्वीपुत्री सीता देंगे। बहुत से उपहारों और लेख के साथ दूत दशरथ के पास आया। राम के शत्रुओं का विनाश करने पर जनक सीता का विवाह राम से कर देते हैं।

राम—जैन पुराणों के अनुसार, राम आठवें बलभद्र हैं। वे कौशल्या के नहीं, सुबला के पुत्र है। सुन्दर शरीर होने से उन्हें राम कहा गया। जिस समय राम का सुबला से जन्म हुआ तभी कैकेयी से लक्ष्मण का। कवि ने दोनों के शौर्य और सौन्दर्य का वर्णन एक साथ किया है। एक हिमगिरि के शिखर के समान है तो दूसरा अंजन गिरि के शिखर की तरह। दोनों गंगा और यमुना के प्रवाहों की तरह हैं। राम के तीरों के प्रसार को देखकर दुश्मन काँप जाते हैं। शस्त्र और शास्त्र दोनों में उनका समान अभ्यास है। मन्त्री महाबल और चतुरंग सेना के साथ राम जनकपुरी जाते हैं, विद्याधरों से यज्ञ की रक्षा करने के साथ वे हिंसक यज्ञ की निन्दा करते हैं। जनक राम को सीता अर्पित कर देते हैं। राम के साथ सीता ऐसी प्रतीत होती है जैसे धवल मेघ के साथ बिजली। कुछ दिन राम और लक्ष्मण मिथिला में रुकते हैं। इस बीच पिता दशरथ के दूत भेजने पर राम, वधू के साथ अयोध्या आते हैं। सबसे पहले वे जिन-प्रतिमा की पूजा करते हैं। प्रसन्न होकर दशरथ सात दूसरी कन्याओं का राम के साथ विवाह कर देते हैं। इसी प्रकार सोलह कन्याओं से लक्ष्मण का विवाह किया गया। वसन्त क्रीड़ा के बाद राम, दशरथ से कहते हैं कि परम्परा से प्राप्त वाराणसी नगरी अपने अधिकार में कर लेना उचित है। पिता के सामने वे राजनीति शास्त्र का लम्बा-चौड़ा बखान करते हैं। अन्त में पिता की अनुमति पाकर राम लक्ष्मण एवं सीता को साथ ले वाराणसी पहुँचते हैं। नगर की वनिताओं पर उनके कामतुल्य सौन्दर्य की तीव्रतर प्रतिक्रिया होती है। धीरोदात्त कुलीन सामन्त राजाओं की तरह लक्ष्मण के साथ राम का नगर में प्रवेश होता है। दही, अक्षत और सरसों स्वीकार करते हुए दोनों भाई राज्यालय में प्रविष्ट होते हैं। किसी को प्रिय वचन से, किसी को उपहार से, किसी को रण के उद्भट शब्द से, किसी को उपकार से, किसी को नौकरी देकर सभी को संतुष्ट करते हैं। इस प्रकार दोनों भाई किसी को प्रेम से, और किसी को बाहुबल से अपने अधीन करते हैं। कितने ही वनपालों और माण्डलीक राजाओं को जीत लेते हैं।

नारद के उकसाने पर रावण मारीच की सहायता से सीता के अपहरण की योजना के साथ वाराणसी के उद्यान में पहुँचता है, जहाँ राम वसन्त-क्रीड़ा के अनन्तर वृक्ष की छाया में सीता के साथ विश्राम कर रहे थे। उन्हें देखकर रावण को लगता : "विश्व में एक मात्र राम कृतार्थ हैं कि जिनके पास सीता जैसी सुन्दर स्त्री है।" राम मायावी स्वर्ण मृग को पकड़ने के लिए दौड़ते हैं और इधर रावण सीता को उड़ा ले जाता है। लम्बा रास्ता चलने से थके हुए राम जब लौटते हैं, तो शाम को ढलता हुआ सूरज उन्हें परदार (रावण) की तरह दिखाई देता है। लक्ष्मण के यह कहने पर कि जब आप मृग के पीछे गए थे और मैं सरोवर में था, तभी

से सीता वन में नहीं है। यदि वह जीवित हैं (हिंसक पशु यदि उन्हें नहीं खा गया हो) तो यह आपका प्रबल पुण्य माना जाएगा। राम मूर्छित होकर धरती पर गिर पड़ते हैं। उपचार के बाद होश में आने पर सीता के बिना उन्हें कुछ भी अच्छा नहीं लगता। वह वन्य प्राणियों और पेड़-पौधों से सीता के बारे में पूछते हैं। खोज करने वाले अनुचरों को बांस पर टंगा सीता का उत्तरीय मिलता है, जिसे लाकर वे राम को देते हैं। राम उसे छाती से लगाते हैं और अपनी आँखें पोंछते हैं। दशरथ के स्वप्नदर्शन से यह मालूम होने पर कि सीता का अपहरण रावण ने किया है, भरत और शत्रुघ्न भी उनकी सहायता के लिए वहाँ पहुँचते हैं।

राम का दूत बनकर गए हुए हनुमान् सीता से राम के बारे में कहते हैं: वह तुम्हारे वियोग में दुबले हो गए हैं। वे प्रतिदिन आपकी याद करते हैं। वह न तो बोलते हैं और न किसी चीज में उनका मन रमता है। वह किसी स्त्री को देखते तक नहीं। तुम्हारा ध्यान वह उसी तरह करते हैं जैसे योगीश्वर शाश्वत सिद्धि का। हनुमान् राम और सीता के मिलन की अंतरंग पहचान बताते हैं। उससे स्पष्ट है कि दोनों में एक दूसरे के प्रति प्रगाढ़ प्रेम था। हनुमान् जब सीता की कुशलवार्ता लेकर आते हैं तो देखते हैं कि दुर्ग के भीतर राम 'हा सीते, हा सीते' चिल्ला रहे हैं और अपनी छाती पीट रहे हैं—

"हा सीए सीय सकलुणु कणंतु
णिय करयलेण्ण कव सिर हणंतु"

हनुमान् को देखकर वह पूछते हैं—"क्या मेरे बिना, मूर्छित होकर त्यक्त प्राण वह गिरी पड़ी है या मृत्यु को प्राप्त हो गई है? वह कुशलवार्ता लाने वाले हनुमान् का प्रगाढ़ आलिंगन करते हैं। पंचांग-मंत्रणा के बाद, राम एक बार फिर हनुमान् को दूत बनाकर भेजते हैं। रावण की चुनौती स्वीकार कर राम लंका पर चढ़ाई के लिए प्रस्थान करते हैं। विभीषण के मिलने पर राम कहते हैं कि यदि चित्त से चित्त मिल जाय तो पराया भी भाई के समान हितकारी है। इसके विपरीत भाई यदि निरंतर बैर बढ़ाता है तो वह दुश्मन है। युद्ध में रावण माया के बल से सीता के सिर को काटकर राम के सामने डालता है। राम सीता को मरा हुआ जानकर मूर्छित हो जाते हैं। कठिनाई से होश में आते हैं। लक्ष्मण के द्वारा रावण के मारे जाने पर, आनन्द से उद्वेलित राम रोमांचित हो उठते हैं। वे लोगों की मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। कवि कहता है कि राम के समान कोई नहीं है जिन्होंने रावण की मृत्यु होने पर विभीषण को राज्य दिया और सुधियों तथा सुभटों का प्रतिपालन किया।

पुष्पदन्त की रामायण में सीता के अपहरण या रावण के नन्दनवन में रहने के कारण लोक में कोई सुरसुरी नहीं उत्पन्न होती। और, न स्वयं राम के मन में इस बात को लेकर उथल-पुथल है कि रावण ने सीता का अपहरण किया। बल्कि राम के आदेश से अंगद हनुमान् आदि अशोक वन में जाकर सीतादेवी की प्रशंसा कर केशव की विजय की सूचना देते हैं और उन्हें ले आते हैं। सीता राम से मिलती है। कवि उपमाएँ हैं—

"आणिय मिलिय देवि बलहद्दहु, अमरतरंगिणि णाइ समुद्दहु।
हेमसिद्धि णावइ रससिद्धहु, केवलणाणरिद्धि णं बुद्धहु।
दिव्वझाणि जाणिय परमप्पहु, वर-कइमइ णं पंडियसप्पहु।
चित्तसुद्धि णं चारुमुणिंदहु, णं संपुण्णकंति छणयंदहु।
णं वर मोक्खलच्छि अरहंतहु, बहुगुणसंपय णं गुणवंतहु। 78/27

—मानो गंगा समुद्र से जा मिली हो, स्वर्णसिद्धि रससिद्धि से मिल गई हो; मानो केवलज्ञान की ऋद्धि बुद्ध से, दिव्यवाणी परमार्थ से जा मिली हो; मानो पंडित समूह से श्रेष्ठ कविबुद्धि मिल गई हो; भव्य मुनियों को जिनबुद्धि मिल गई हो, या फिर पूर्णचन्द्र की सम्पूर्ण कान्ति। मानो अरहन्त से श्रेष्ठ मुक्ति लक्ष्मी जा मिली हो, या गुणवान् को मानो बहुगुण संपत्ति मिल गई हो।

राम रोती हुई मंदोदरी को समझाते हैं, शोक विह्वल इन्द्रजीत को धीरज बंधाते हैं, रावण के समस्त भाइयों को बुलाकर, नागरिकों की शंका दूर कर, महामंत्रियों से विचार-विमर्श कर, विघ्नकारी तत्वों का उन्मूलन कर, जिनेन्द्र का अभिषेक कर, यज्ञ और विविध दान कर, शत्रु और मित्र के प्रति मध्यस्थ भाव धारण कर, सामन्तों को अपने पक्ष में यथायोग्य निमंत्रित कर, गुरुओं और ब्राह्मणों आदि की पूजा कर, धर्म का पालन कर और अधर्म से डरकर, राम विभीषण को लंका के राज्य पर आसीन कर देते हैं, उन्हें राजपट्ट बांध देते हैं। राम के विजयाराम तथा सात और पुत्र होते हैं। पश्चात् राम दुस्वप्न देखते हैं। वे शान्ति विधान करते हैं। लक्ष्मण की मृत्यु से राम शोक मग्न हो उठते हैं और अंत में शिवगुप्त मुनि से श्रावक व्रत और फिर दीक्षा ग्रहण कर मोक्ष प्राप्त करते हैं।

राम का अन्तर्द्वन्द्व—हनुमान् और सुग्रीव को शरण देने के कारण, जब बालि युद्ध की चुनौती देता है तो राम की स्थिति 'इस ओर कुआं और उस ओर खाई' वाली हो जाती है। इधर बालि उधर रावण। एक तो सूर्य और फिर ग्रीष्म काल! एक तो तम और दूसरे मेघजाल! एक तो अश्व और फिर कवच से युक्त! एक तो यम और फिर पूर्णकाल! एक तो साँप और दूसरे विषैली दृष्टि! एक तो शनि और दूसरे वृष्टि! एक तो दुर्धर दशमुख विरुद्ध है, और दूसरे बालि क्रुद्ध है!···मित्र क्षीण हैं और शत्रु बलवान हैं!' (75/4)

हनुमान् सीता की कुशलवार्ता के प्रसंग में राम से कहते हैं—

"णववणकंतहु, जेंव वसंतहु।
सुमरइ कोइल, धीरत्तें इल।
जिणगुण जाणइ, तिह तुहु जाणइ।
तुहु सा राणी, संति समाणी।
भव्वहं रुच्चइ, खणु वि ण मुच्चइ।
कुल हर कुसि व, धम्मपवित्ति व ॥" (74/1)

—जिस तरह नववन से सुन्दर वसंत को कोयल याद करती है, उसी तरह वह तुम्हें याद करती है। जिस तरह जानकी धीरता से धरती और जिनगुण को जानती है वैसे ही तुम्हें जानती है। तुम्हारी वह रानी शांति के समान भव्यों को अच्छी लगती है। वह कुलधर की एक क्षण को भी नहीं छोड़ी जाती युक्ति और धर्म की पवित्रता की तरह है।

सीता—पुष्पदन्त के अनुसार सीता रावण की पुत्री है, पूर्वभव की, विद्यासाधना में रत मणिवती नाम की। पूर्वभव में काम पीड़ित रावण ने उसका ध्यान विचलित करना चाहा था, तब तपस्विनी कन्या ने यह निदान बांधा था कि वह अगले जन्म में इस कामान्ध की बेटी के रूप में जन्म ले और इसकी मौत का कारण बने। अनिष्ट की आशंका से रावण शैशव अवस्था में उसे मंजूषा में रखवाकर मारीच के जरिए जनकपुरी के उद्यान में गड़वा देता है। वनपाल लाकर उसे राजा जनक को देता है। जनक उसे बेटी की तरह पालते हैं। सीता अनिन्द्य सुन्दरी है। उसकी सुन्दरता पर कवि सारे सौन्दर्य-उपमान निछावर कर देता है। धनुष की प्रत्यंचा चढ़ा देने पर, राम से उसका विवाह होता है।

सीता का वास्तविक चरित्र तब शुरू होता है जब नारद मुनि के उकसाने पर रावण सीता के अपहरण की योजना बनाता है। सबसे पहले चन्द्रनखा दूती बनकर सीता के पास आती है। उसे देखकर वह विद्याधरी कहती है कि रूप में सीता के सामने उर्वशी और रंभा भी कुछ नहीं हैं। चन्द्रनखा राम को पुण्यवान मानती है। पूछने पर वह स्वयं को वनपाल की माँ बताती है। वह जानना चाहती है कि उन्होंने पूर्व जन्म में कौन-सा व्रत किया जिससे इतनी सुन्दर हुईं, वह भी उस स्वाधीन यौवन को साधेगी। सीता उससे कहती है—तुम नारीत्व क्यों चाहती हो ? रजस्वला होने पर वह चंडाल के समान है। वह अपने कुटुम्ब का स्वामित्व प्राप्त नहीं कर सकती। किसी कुल में पैदा होती है और बड़ी होने पर किसी दूसरे कुल में ले जाई जाती है। स्वजनों के वियोग पर रोती है, आँसू बहाती है। मंत्रणा के समय किसी को अच्छी नहीं लगती। जब तक जीती है पराधीन जीती है। दुर्भग, दुष्ट, दुर्गंध, दुराशय, अंधा, बहरा, रोगी, गूँगा, कोढ़ी, निर्धन, कुटिल जैसा भी पति मिलता है नारी को उसी को मानना होता है। दूसरे का पति कितना ही बड़ा हो, वह पिता के समान है। विधवा होने पर मूड मुंडा कर तप करना पड़ता है। बचपन में पिता रक्षा करता है, जवानी में पति रक्षा करता है, बुढ़ापे में बेटा रक्षा करता है, ताकि वह कोई खोटा काम न कर बैठे। भोजन और सोने में उसे दूसरे के अधीन रहना पड़ता है। इसलिए तुम महिलापन को क्यों मांगती हो ? यह सुनकर चन्द्रनखा अपना-सा मुँह लेकर रावण के पास जाकर कहती है—सीता अपने व्रत से नहीं टल सकती। भले ही धरती अपने स्थान से डिग जाए। रावण के अपहरण करने पर सीता मूर्छित हो जाती है, स्वर्णपुत्तलिका की तरह वह धरती पर पड़ी है। सुधीजनों की याद से उसकी वेदना दुगुनी बढ़ जाती है। सीता यद्यपि निश्चेतन हो जाती है फिर भी उसका वस्त्र नहीं ढलता। जार की चंचल दृष्टि आखिर कहां ठहरेगी ? कवि कहता है कि सती और सुभट के मजबूती से बँधे हुए वस्त्र (परिकर) हाथ से नहीं छूटते। मौत का अवसर आ जाने पर भी दोनों का परिकर बन्ध नहीं छूटता—

"वढ णिबसणु सइहि सुहडहु करासि ण विघडइ।
मरणि समावडिइ परियरिबंधु विहिं वि ण फिट्टइ।।" 72/7

रावण उसको इसलिए नहीं छूता क्योंकि उसे अपनी विद्या के चले जाने का डर है।

दूतियों द्वारा रावण की प्रशंसा किये जाने पर, सीता उन्हें मूर्ख समझकर चुप रहती है। रावण को चक्ररत्न की प्राप्ति होने पर भी सीता डरती नहीं। राम की खबर मिलने तक वह भोजन छोड़ देती है। हनुमान् जब उनसे राम का सन्देश कहते हैं तो वह समझती है कि उसे भोजन कराने के लिए शत्रु का यह कूट-कपटजाल है। लेकिन हनुमान् के गूढ़ अभिज्ञान वचन सुनकर वह विश्वास कर लेती है कि यह रामदूत है, और भोजन कर लेती है। वह मंदोदरी से कहती है कि उसके जीते-जी उसे राम के पास भेज दिया जाए। अंत में तपश्चरण कर वह सोलहवें स्वर्ग जाती है।

भरत और लक्ष्मण—यद्यपि पुष्पदन्त ने प्रस्तावना में कहा है, कि इसमें (उनकी रामकथा में) राम का यश और लक्ष्मण का पौरुष है। परन्तु लक्ष्मण के चरित्र का पूर्ण विकास नहीं हो सका है। इसी प्रकार कवि राम और रावण के युद्ध को अनेक रसभाव का उत्पादक और भक्ति से भरे भरत के चरित्र का कारण मानता है, परन्तु उसमें भरत का चरित्र कहीं नहीं दिखाई देता। फिर पुष्पदन्त द्वारा रामकथा में राम का वनवास है ही नहीं। राम लक्ष्मण के साथ अपने पूर्वजों को पुनः अपने आधिपत्य में लेने के लिए जाते हैं, जहां नारद के कहने पर रावण सीता का अपहरण करता है। इसकी सूचना दशरथ राम को भेज देते हैं। परंपरागत रामकथा के जिन प्रसंगों को पुष्पदन्त ने विस्तार दिया है, वे हैं—सीता अपहरण, हनुमान् के गुणों का विस्तार, कपटी सुग्रीवराज का मरण, तारा का उद्धार, लवण-समुद्र का संतरण और राक्षस वंश का विनाश।

श्रृंगार, ऋतु और प्रकृति वर्णन

शत्रुओं के दमन और रण की निवृत्ति से प्रसन्नचित्त राजा जनक, सीता को राम के लिए दे देते हैं। हलधर सीता को ऐसे ग्रहण करते हैं, मानो जलधर ने बिजली को पकड़ लिया हो। मानो परमात्मा ने त्रिभुवन लक्ष्मी को ग्रहण किया हो, मानो चन्द्रमा से कुसुममाला विकसित हुई हो। दशरथ दूत भेजकर राम को अयोध्या बुलवाते हैं। राम सीता के साथ अयोध्या आकर घी, दूध और धाराजलों से जिनेश्वर प्रतिमा का अभिषेक करते हैं। राजा दशरथ संतुष्ट होकर सात दूसरी कन्याओं से राम का विवाह कर देते हैं तथा लक्ष्मण का सोलह दूसरी कन्याओं से। इसी पृष्ठ भूमि में वसंत ऋतु का आगमन होता है। कवि कहता है मानो वसन्त राम-लक्ष्मण का विवाह देखने आया हो।

वसन्त का यह रूप देखिए—'अभिनव सहकार वृक्षों से महकता हुआ, कलाली की तरह मधु धाराओं से बहता हुआ, हेमंत की प्रभुता को समाप्त करता हुआ, दसों दिशाओं में अपने चिह्नों को प्रेषित करता हुआ, नवांकुरों से चमकता हुआ, पल्लवों से हिलता हुआ, सुन्दर बावड़ियों के जलरूपी चीर को हटाता हुआ, नीले शैवाल तीर, सूर्य के तीक्ष्ण प्रताप और दिनों की लम्बाई को दिखाता हुआ, अशोक वृक्षों की पत्र-ऋद्धि, मोक्ष (अर्जुन) वृक्षों की तुष्ट फागुन के द्वारा मोक्षसिद्धि (पत्र क्षरण) प्रकट करता हुआ, वाउल पक्षियों के शरीरों को छाया करता हुआ, वनलक्ष्मी के ओस रूपी आँसुओं को पोंछता हुआ, तिलक वृक्षों के पत्रों में तिलक विलास करता हुआ, लतारूपी कामनियों में रस उत्पन्न करता हुआ, प्रियों के अभिलाषा कवच को चीरता हुआ, कनेर पुष्पों के पराग से धूसरित करता हुआ, मानिनियों के मानगिरि को चूर करता हुआ, मँडराती हुई भ्रमरमाला से गुनगुनाता हुआ, उत्तुंग वृक्षों पर दिनों को गँवाता हुआ, मन्दार कुसुमों के पराग से महकता हुआ, रमण की अभिलाषा के विलास से घूमता हुआ।'

कवि कहता है कि जो अभी तक वन में चुपचाप विचरण कर रहा था वह सुन्दर कोकिल अब मधु का सेवन कर रहा है और बार-बार आलाप कर रहा है। मतवाला कौन प्रलाप नहीं करता ? (70/4)

वसंत की उन्मादकता में राम का अपनी प्रेयसियों के साथ क्रीड़ा करने का दृश्य अनोखा ही है—

"वीणा बज रही है, आपानक पिया जा रहा है। प्रियजनों के चित्त साधे जा रहे हैं। सप्त स्वरों में मधुर गाया जा रहा है। निरन्तर गहरा प्रेम बढ़ रहा है। पराग से प्रचुर मल्लिका पुष्पों की माला बाँधी जा रही है। सुगंधित द्रव्यों का छिड़काव किया गया है। नूपुरों की झंकार की तरह मयूर नाच रहे हैं। जहाँ भ्रमर भ्रमण कर रहे हैं ऐसे दमनक पुष्पों के घर में फूलों की सेज पर सोया जा रहा है। कामदेव अपने पुष्प तीरों को साध रहा है और तपस्वियों के बड़प्पन को नष्ट कर रहा है। रूठी हुई प्यारी को मनाया जा रहा है, उसे काम की सुखद पीड़ा दी जा रही है। सरोवर की जलक्रीड़ा से शरीरों को सिंचित किया जा रहा है, यंत्रों से केशर मिश्रित जल छोड़ा जा है। दिखाई पड़ने वाले अंगों से रस बढ़ रहा है। प्रणयिनियों के सूक्ष्म कटिवस्त्र गीले हो रहे हैं। नील कमलों की मालाओं के ताड़न से, सुन्दर खिले हुए पलाश वृक्षों से प्रज्वलित तथा जिसमें प्रिय-प्रियतमाएँ अपनी इच्छानुसार एक-दूसरे को मना रहे हैं ऐसा वसन्त तेजी से बढ़ रहा है।" (70/15)

रावण की दूती जब वाराणसी पहुँचती है, तो उसके निकट स्थित नंदन वन इस प्रकार दिखाई देता है—

"जिसमें धरती वृक्षों की जड़ों से अवरुद्ध है, आकाश पुष्प-पराग से धूसरित है। जहाँ वृक्ष-शाखाओं पर बन्दर क्रीड़ा कर रहे हैं; ताड़ और तमाल के वृक्ष आसमान को छू रहे हैं। जहाँ बिल्व चिंचा और पुष्प

वृक्षों के दल हैं, जिसमें हिरनों ने दाँतों से अंकुरों को कुतर डाला है, जहाँ स्वच्छ और प्रकंपित जलकण उछल रहे हैं, जो अगुरु और देवदार वृक्षों से सघन है, जिसमें वृक्षों की रगड़ से आग निकल रही है, दिशाओं के मुख सुरभित धुएँ की गन्ध से सुवासित हैं, अशोक वृक्षों के पत्ते हिल-डुल रहे हैं, हवा से प्रेरित माधवी-लता के पत्र धरती पर उड़ रहे हैं, जहाँ कीर, कुरर, कारण्ड बाल-लताओं के घरों में कलरव कर रहे हैं; अलकों की तरह जहाँ भ्रमर समूह उड़ रहा है, जो विविध केलिगृहों से विराट् है, जहाँ मनुष्य केतकी के पराग से सुवासित हो उठे हैं, जिसमें विद्याधर, यक्षेन्द्र और दानवेन्द्र की समांतर क्रीड़ा हो रही है।" (71/12)

कवि रावण की दूती के माध्यम से लक्ष्मण की प्रेम-क्रीड़ा का शब्दचित्र इस रूप में खींचता है—

"कोई एक मयूर के साथ हास्य-पूर्वक नृत्य करती हुई लोगों के नयनों को भाती है, मृणाल के अंत में स्थित भ्रमरों की पूंछ से अलंकृत तथा दोनों पार्श्व भागों पर रखा हुआ कमल ऐसी शोभा देता है जैसे कामदेव का बाण हो, जिसे वह देवों और मनुष्य के हृदय को विदारण करने के लिए दिखा रही है। हंस के साथ जाती हुई कोई अपनी गति का लीला-विलास भी भूल जाती है। भौंरा किसी के करतल पर आकर क्या बैठ जाता है वह मूर्ख अपने को शतदल पर बैठा हुआ मान रहा है! किसी के निकट आ लगा हुआ हरिन उससे दीर्घ कटाक्ष की माँग करता है। किसी ने कमल को अपने कान पर धारण कर लिया है पर नेत्रों से विजित होने के कारण बेचारा मुरझा गया है। किसी ने नील मणियों की किंकिणियों से युक्त लता का कटिसूत्र बाँध रखा है। किसी एक ने जाकर जबर्दस्ती राम को पकड़ लिया और उन्हें पराग पिंजरित (पीला) कर दिया मानो संध्या राग ने चाँद को पीला कर दिया हो। या फिर शारदीय मेघ शोभित हो उठा हो। किसी ने जुही का फूल उपहास में दिया। किसी ने अपना सरस मुख दिखाया। जाति कुसुम को जातिवाला क्यों कहा जाता है जबकि उसका आनन्द सैकड़ों भ्रमर उठाते हैं फिर भी आदरणीया वह उसे अपने सिर पर बाँधती है! अपना मतलब सधने पर सभी लोग मोह में पड़ जाते हैं। कोई धूर्त भ्रमरी मोगरे के पुष्प को छोड़कर अपनी देह हिलाकर गुनगुनाकर सर्वांग सुरभित प्रिय मरुवक पर जा बैठती है।" (71/13)

"कोई दर्पण में चमकते हुए अपने दाँतों के साथ कुंद पुष्पों को देखती है। अपनी देहगंध से मौलश्री पुष्प की ओर अधरों के संबंध से बिम्बाफल की परीक्षा करती है। कोई फूले हुए सहकार वृक्ष को देखती है, कोई बाला वासुदेव के साथ बाहुयुद्ध चाहती है। नवकलियों से मतवाला और बोलता हुआ निष्कपट शुक वियोग दुःख को कुछ भी नहीं मानता। मन को कुपित करनेवाले उसे उसने कसकर पकड़ लिया, इसी से वह (शुक) मुख में (चोंच में) लाल रंग का हो गया। कोई शुभ करनेवाली, हाथ में इक्षुदंड लिये हुए ऐसी प्रतीत होती है, मानो विषम धनुष को धारण किये हुए हो। कोई पुष्पमाला का इस प्रकार संचार करती है, मानो कामदेव तीरों की पंक्तियाँ दिखा रहा हो। कोई पलाश पुष्पों को इकट्ठा करती है, और लक्ष्मण के लिए उपहार में देती है। स्निग्ध लाल कुटिल और तीखे वे ऐसे मालूम होते हैं, मानो वसंत रूपी सिंह के नख हों। कोई काली कोयल को देखती है और पूछती है। दूसरी हँसकर उत्तर देती है कि लोगों के विरहानल के धुएं से काली यह इस समय भी बोल रही है। इसका मधुर मधु में रत विष दोनों ही प्रवासियों के मानस को आहत करता है। यदि आज मुझ से लक्ष्मण रमण करता है तो कोयल का यह प्रलाप मुझे सुख देता है।"

"सीता की अंजुलियों के पानी से सींचा गया नील कमल पुण्य से पवित्र राम के उर पर ऐसा प्रतीत होता है, मानो दर्पणतल में मृग से लांछित पूर्ण चन्द्र शोभित हो। श्याम नारायण (लक्ष्मण) ने किसी महासती को इस प्रकार सींच दिया, मानो मेघ ने वनस्पती को सींच दिया हो, मानो वह (नाभि का) रोमावली रूपी अंकुर को छोड़ रहा हो, मानो वह मुखकमल से खिल गई हो। कोई सघन स्तन रूपी फल-संपदा को दिखाती है। जैसे कामदेव की सुन्दर लता हो। बार-बार सींचे जाने पर वह, जिसमें कपूर के कण

उछल रहे हैं, ऐसे लीलापूर्वक हँसती है। प्रिय के हाथों से नहलाई गयी किसी की चोली का सूत्रजाल टूट जाता है, शिथिल गीला वस्त्र गिर जाता है, वह लजा जाती है, और पानी में अपना अंग छिपाती है। कोई लक्ष्मण के मुख की कांति से श्याम रक्त कमल को काला देखती है, सखियों को दिखाकर अपना विचार बताती है। कोई कानों से लग कर कहती है, हे ललित ! इसे सींचो यह पद्मावती है। जिससे यह आदरणीय विरहिणी जीवित रह सके इसे केशर का लेप दो। हे देव, इसे वक्षस्थल से पीड़ित करो।

यह सुनकर मानश्रेष्ठ कुमार ने एक को वस्त्र के अंचल से पकड़ लिया तथा एक और दूसरी के स्तनों पर थोड़ा-थोड़ा मुसकाते हुए उसने जलयंत्र से जल छोड़ा दिया।" (71/15-16)

स्त्रियों के प्रकार

सुन्दर वर या वधू पाने की चाह मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति है, जो मानव-मात्र में पाई जाती है। भारत की पितृप्रधान संयुक्त परिवार प्रथा में (राजपरिवारों को छोड़कर) वर-वधू के चयन का अधिकार परिवार के प्रमुख को था। परिवार के स्तर और वर-वधू के भावी सुखी जीवन की दृष्टि से सम्बन्ध तय करते समय जिन बातों पर विचार किया जाता रहा है उनमें एक बात यह भी थी कि सामुद्रिक शास्त्र के लक्षणों के अनुसार वर और कन्या उपयुक्त हैं या नहीं। कभी-कभी इसका दुरुपयोग भी होता था। दुरुपयोग करनेवाले हर युग में रहे हैं। राजा सगर की घटना इस बात का बड़ा दिलचस्प उदाहरण है कि किस प्रकार चाटुकार मंत्रियों द्वारा सत्ता-प्रमुख उल्लू बनाए जाते रहे हैं। राजा सगर चारणयुगल नगर के राजा सुयोधन की कन्या सुलसा के स्वयंवर में जाता है। कन्या की माँ अतिथि अपने भाई के पुत्र मधुपिंगल से उसका विवाह करना चाहती है। इधर, सगर की दासी मंदोदरी कन्या को बरगला लेती है। जब यह पता चलता है कि कन्या मधुपिंगल को ही दी जाएगी, तो सगर का मंत्री एक चाल चलता है। वह एक कपट-वाक्य ताड़पत्र पर लिखकर चुपचाप मंजूषा में बन्दकर खेत में गड़वा देता है। दूसरे दिन हल चलाते समय किसान को वह मंजूषा मिलती है। वह राजा सुयोधन को दिखाई जाती है। उसे भली-भाँति पढ़ा जाता है। इतने में मंत्री ब्राह्मण के छद्म वेश में आकर अत्यन्त मीठे राग में राजा को समझाता है कि जो वर काना, बौना, पीला, अन्धा, गूँगा, लंगड़ा, निर्धन, दुर्बल, बुद्धिहीन, विह्वल, मान और लज्जा से रहित, रोग से पराजित, कोढ़ के कारण नष्ट शरीर, कटे हाथ-पैर वाला, निम्न काम करनेवाला, स्त्रियों और बच्चों की हत्या करनेवाला, कठोर, निर्दय, साधुकर्म की निन्दा करने वाला, जिसका अपयश बढ़ रहा हो, खोटे कुल वाला, आलसी, वृद्ध और कुत्सित देह वाला तथा दैन्य को प्राप्त हो ऐसे लोगों को तो कुल और धन से हीन कन्या भी नहीं दी जानी चाहिए। जो राजा पिंगल को विवाह के मंडप में जाने की अनुमति देता है वह अपनी कन्या के लिए वैधव्य और दुख ही पायेगा।" (69/20-21)

ऊपर खोटे वर के जो लक्षण गिनाये गये हैं, उन्हें देखकर सामान्य आदमी भी अपनी कन्या ऐसे वर को नहीं देगा। लेकिन यह कहना कि पिंगल को कन्या देना उसके वैधव्य को बुलाना है, मंत्री का कपट कथन है।

सुनकर मधु पिंगल चुपचाप चल देता है और राजा सगर सुलसा से विवाह कर लेता है। जब रावण सीता पर अनुरक्त होता है तो मय उससे कहता है कि किसी स्त्री को अपने अधिकार में करने के पहले यह देख लेना जरूरी है कि वह भी अनुरक्त है या नहीं; और यह भी कि कामशास्त्र के अनुसार वह उपयुक्त है या नहीं। कामशास्त्र में स्त्रियों की चार जातियाँ बताई गई हैं भद्रा, मंदा, लता और हंसा। इनमें भद्रा सर्वांग सुन्दर होती है, जबकि मंदा मोटी, भारी और बड़े स्तनोंवाली। लता लम्बी, छरहरी, पत्ते की तरह दुबली होती है, जबकि हंसा ठिगनी और मांसल।

ऋषि, विद्याधर यक्ष, पिशाच आदि की स्त्रियों के कई प्रकार होते हैं। तापसी स्त्री सीधी और नासमझ होती है। खेचरी (विद्याधरी) मदिरा और फूलों की शौकीन होती है। पैशाचिनी तामसिक और घुमक्कड़। यक्षिणी धनकण के लोभ के अधीन होती है। सारंगी, मृगी, रिट्ठनी, शशि, धृतराष्ट्रणी, महिषी, खरी और मदकरी—ये आठ युवतियाँ कही गई हैं। इनमें सारसी अपने स्तन-कलशों से प्रिय के वक्ष को प्रेरित करती है और उसके साथ को नहीं छोड़ती। मृगी अपने बान्धवों को दान देने से संतुष्ट होती है। डाँटने पर डरती है और गीत सुनती है। रिट्ठणी पुत्र रूपी पात्र से दुखी रहती है, उसका कौए जैसा शब्द होता है और युद्ध से भयंकर स्थान को छोड़ देती है। शशि दुख की भाजन और निमीलित नेत्रों वाली होती है, निर्दय और दूसरे घर के कौर को देखने वाली। धृतराष्ट्रणी कमलों के सरोवर में क्रीड़ा करनेवाली; महिषी भयंकर क्रोध के आवेग में बोलने वाली। खरी खेलती हुई हँसती है, कहकहा लगाकर किए गये हाथ और पाद के प्रहार को सहन करती है। मदकरी मांस खानेवाली, मजबूत पकड़वाली, साहस दिखानेवाली और कुकर्म का निर्वाह करनेवाली होती है।

कवि पुष्पदन्त ने देशी स्त्रियों का भी उल्लेख किया है—मालवी स्त्री शिव चाहनेवाली होती है। वाराणसी में उत्पन्न होनेवाली वनवासिनी स्वभाव से लम्पट और दुष्ट बोलनेवाली होती है। अवुंददेश की स्त्री मंदगामिनी होती है, उसका पहला काम दूसरे के धन को छीनना है। दिन की मर्यादा बाँधकर रतिरस का संधान कर तब कामक्रीड़ा करती है। सिंधु देश की स्त्री प्रिय के घर में शोभित होती है और अपने प्रिय को प्राण और धन दोनों अर्पित कर देती है। कोशल देश की स्त्री का भाव मायावी होता है। सिंहल देश की बाला को रति के गुण से पाया जा सकता है। द्रविड़ देश की स्त्री को दन्त और नखक्षत से पाया जा सकता है। आंध्र महिला परिपूर्ण रस से चौंक जाती है। सुन्दर आलाप से लाट देश की स्त्री लजा जाती है। उड़ीसा देश की स्त्री कामविज्ञान से भेदन करने योग्य है। कलिंग देश की महिला उपचार का प्रयोग करती है। रक्ष देश की स्त्री शुष्क और रूखी होने पर भी रंजन करती है। सौराष्ट्र की स्त्री चुम्बन मात्र से संतुष्ट हो जाती है। गुजरात देश की स्त्री अपने काम में दक्ष होती है। महाराष्ट्र देश की स्त्री को कितना भी अनुशासित किया जाए तब भी उसका धूर्तपन दिखाई देता है। कोंकण देश की स्त्री को कुछ भी दिया जाए, वह उसका विचार करती हुई क्षीण होती रहती है। पाटलिपुत्र की स्त्री प्रसन्न काम लीलाओं का प्रदर्शन करनेवाली, जांघ पर जांघ रखनेवाली होती है। पारियात्र की महिला पुरुष के अनुकूल या प्रतिकूल कुछ भी व्यवसाय करनेवाली होती है। हिमवंत देश की महिला कुछ मंत्र बीजाक्षर जानती है जिससे वर उसके पैरों पर आ पड़ता है। मध्यदेश की नारी कला का घर होती है तथा कमल की तरह कोमल होती है। (71/6,7,8)

प्रकृति के विचार से भी युवतियाँ तीन प्रकार की होती हैं—वात, कफ और पित्त के भेद से। पित्त-प्रकृति वाली बात-बात में रूठती है। उसे दिन-प्रतिदिन धूर्तता से संतुष्ट करना चाहिए। पीले नखोंवाली बुद्धिमान और गोरी को कोमलता से रतिविह्वल करना चाहिए। यदि वह उन्नत स्तनों और उत्तम अंगवाली समझो तो शीतल आलिंगन देना चाहिए। जिसकी शीतल गन्ध हो, श्वेत दुपट्टा हो उसे भी शीतल आलिंगन देना चाहिए। श्लेष्म प्रकृतिवाली श्यामल उज्ज्वल वर्णवाली होती है, अभिनव कदली के अंकुर के समान कोमल। दोष देख लेने पर वह निश्चय से चूक जाती है। फिर इस जन्म में वह कभी भी पास नहीं पहुँचती। उसे सत्य, विनय और दाम से ग्रहण करना चाहिए, नहीं तो उसके अंग को नहीं छूना चाहिए। जिसका रतिजल से भरपूर कोमल कटितल है, दुर्गंध- रहित शरीर का सुन्दर सौरभ, लाल नाखून, सुन्दर हाथ-पैर हैं ऐसी सुन्दरी साधारण सूरत में आदर करनेवाली होती है। वात प्रकृतिवाली विलासिनी, श्याम और कठोर होती हैं। खूब खाती है और खूब बोलती है। उसके साथ कठोर प्रहारों और गम्भीर शब्द से रमण किया जाय

तभी उसकी कामाग्नि शान्त होती है। प्रकृति की भिन्नता के आधार पर इनके भी मन्द, तीक्ष्ण तीव्रतर तथा विशुद्ध-अशुद्ध आदि भेद होते हैं।

यज्ञ-संस्कृति

नारद, पर्वतक और राजा वसु आचार्य क्षीरकदंब के शिष्य हैं। इनकी कथा तत्कालीन यज्ञ-संस्कृति और शिक्षा-व्यवस्था पर प्रकाश डालती है। पर्वतक आचार्य का पुत्र है। पढ़ने में निहायत कमजोर। आचार्य-पत्नी पति से झगड़ा करती है: 'तुमने अपने बेटे को कुछ नहीं सिखाया, दूसरे के बेटों को विद्वान बना दिया।' यह सुनकर आचार्य कहते हैं: 'भ्रमरों को गंध लेना, बगुलों को मछली पकड़ना किसने सिखाया? हंसों को नीर-क्षीर विवेक की शिक्षा किसने दी? शुभे! तुम्हारा बेटा जड़बुद्धि है जबकि यह नारद स्वभाव से ही पटु है। आचार्य दोनों से विविध प्रयोग करवाकर अपना कथन सिद्ध कर देते हैं। उस जमाने में पुस्तकों के बजाय, प्रकृति निरीक्षण और सहज तर्क से शिक्षा दी जाती थी। आचार्य ही शिक्षक और परीक्षक दोनों था। बहुधा वह निष्पक्ष होता था। उस समय 'ताडन' की भी प्रथा थी। गुरु राजपुत्र की भी पिटाई से नहीं चूकता था। एक दिन आचार्य क्षीरकदंब ने छड़ी से राजा वसु की जमकर पिटाई कर दी, यदि पत्नी नहीं बचाती तो उसका कचूमर निकल जाता। क्षीरकदंब, अन्त में, पुत्र पर्वतक और पत्नी दोनों नारद को सौंपकर तथा राजा वसु से कहकर जिनदीक्षा ग्रहण कर लेते हैं। बहुत दिन बाद 'अज' शब्द के अर्थ को लेकर दोनों में विवाद हो जाता है। नारद के अनुसार, 'अज' का अर्थ तीन साल पुराना जौ है जबकि पर्वतक के अनुसार 'बकरा'। नारद के अर्थ के समर्थक दूसरे अहिंसक बुद्धजीवियों ने पर्वतक को श्रावस्ती से निकाल बाहर कर दिया। लगता है, यज्ञ-संस्कृति के विरोध का मुख्य कारण उसमें होने वाला पशुवध था। अपमानित और क्रुद्ध पर्वतक की नील तमालवन में सालंकायण विप्र से भेंट होती है। वह एक शिलातल पर बैठा हुआ पेड़ की छाँव में अपवित्र शास्त्र पढ़ रहा था। वास्तव में वह पूर्व जन्म का मधुपिंगल था, जिनका विवाह बुआ की लड़की सुलसा से होनेवाला था। परन्तु राजा सगर का मंत्री झूठे सामुद्रिक शास्त्र की रचनाकर, उसे लक्षणहीन बताकर, सगर से सुलसा का विवाह करवा देता है। हताश मधुपिंगल जैन मुनि बन जाता है। बाद में वस्तुस्थिति मालूम होने पर वह प्रतिशोध की भावना से प्राण त्याग कर स्वर्ग में असुरेन्द्र का वाहन बनता है। सगर से बदला लेने के लिए वह झूठी श्रुति का पाठ करता हुआ साथी की खोज में है। सालंकायण पर्वतक को पूर्व जन्म का गुरुभाई बताकर कहता है: मैं अब बूढ़ा हो गया हूँ, मैं चाहता हूँ कि तुम्हें यह विद्या सौंपकर निश्चिन्त हो जाऊँ—

> हउं कंचुइ अज्जु परइ मरमि
> जियविज्जइ पइं जि अलंकरमि। (69/29)

पर्वतक उसका शिष्य बन जाता है। सालंकायण कपटनीति और मंत्रशक्ति से राजा सगर और उसकी पत्नी सुलसा को यज्ञ में होम कर अपना बदला चुका लेता है। इस प्रकार व्यक्तिगत रागद्वेष के कारण यज्ञों की हिंसा और भी विकृत हो गई। नारद अयोध्या पहुँचकर इसका विरोध करता है। उसका तर्क है कि यदि ऐसा वेद, जो पशु मारने, हड्डियाँ चूर-चूर करने, चमड़े को छेदने-भेदने का विधान करता है, प्रशस्त है और ऋषियों के द्वारा देखा गया है, तो खड्ग (गेंडा) वेद क्यों नहीं? कुविवेकी! जा जा, हट यहाँ से।"'

> "चम्मयरइं मारंतु अट्ठियइं चूरंतु
> चम्माइं छिंदंतु चम्माइं भिंदंतु।

इसिविट्ठु सुपसत्थु जइ वेउ परमत्थु ।
तइ खग्गु किं णेय, जणुआहि कुविवेय ।" (69/32)

वेद मूलतः ज्ञान को कहते हैं, वह जिस ग्रंथ में हो वह भी वेद कहा जाता है। नारद का कहना है कि 'वेद' हिंसामूलक नहीं हो सकता। उनका दूसरा तर्क यह है कि यदि 'वेद' पुरुषकृत नहीं है, तो प्रश्न उठता है कि वर्ण (क ख ग घ ङ. आदि) आकाश में उत्पन्न होते हैं या मनुष्य के मुख में ? यदि आकाश में स्फुरित होते हैं तो अक्षर कहाँ ? बिन्दु कहाँ ? अर्थ कहाँ और छन्द कहाँ ? जिसमें मन ने प्रयत्न किया है, ऐसे मनुष्य के मुख के बिना उक्त चीजें (अक्षर, बिन्दु आदि) पैदा नहीं हो सकते। कहाँ कार्य और कहाँ कारण ? कहाँ ज्ञान और कहाँ ज्ञेय ? कहीं आकाश में कमल हो सकता है ? कहीं निरूप में शब्द हो सकता है ? अरे दूसरों का मांस निगलनेवाले द्विज (सभी नहीं) वेद में हिंसा कैसे ?

"जइ पोरिसेओ वि, णउ होइ भणु तो वि।
वण्णज्झुणि गयणि किं फुरइ णरवयणि ।
अक्खरइं कहिं बिंदु कहिं अत्थु कहिं छंदु।
कय मणपयत्तेण, विणु पुरिसवत्तेण ।
कहिं हेउ कहिं वेउ, कहिं णाणु कहिं णेउ ।
कहिं गयणि अरविंदु णीरूवि कहिं सद्दु ।।" (69.32)

नारद का उक्त तर्क वस्तुतः पुष्पदन्त का तर्क है जो एक भाषा वैज्ञानिक तर्क है। 'वेद' उच्चरित या लिखित ज्ञान का नाम है जो वर्णों (स्वरों और व्यंजनों) वाला है, वर्ण (ध्वनि) आकाश में नहीं, मनुष्य के मुँह में ही स्फुटित होते हैं। वे अपने आप नहीं होते, स्थान और प्रयत्न के योग से ध्वनि की उत्पत्ति मानवमुख में होती है। (पुरुषवत्तेण)। मनुष्यमुख से ध्वनि के उच्चारण के पूर्व मन प्रयत्न करता है। भाषा का आधार ध्वनि है। ध्वनि के उत्पन्न होने की उक्त व्याख्या ध्वनि-उत्पत्ति की पुष्पदन्त की भाषा व्याख्या से पूरी मेल खाती है—

"आत्मा बुद्ध्या समेत्यर्थान्, मनो युङ्क्ते विवक्षया ।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम् ।।"

अर्थात् आत्मा बुद्धि से अर्थों को इकट्ठा करती है और बोलने की इच्छा से मन को प्रेरित करती है। मन कायाग्नि को उद्‌बुद्ध करता है, वह हवा (प्राणवायु) को प्रेरित करता है। उससे स्वर पैदा होता है। इससे स्पष्ट है कि भाषा अभिव्यक्ति की मानसिक प्रक्रिया है। पुष्पदन्त का तर्क है कि वेद चाहे लिखित हों या उच्चरित, अक्षरात्मक होने से वह पौरुषेय है। कहने का अभिप्राय यह कि धर्म का निर्णायक तत्त्व मनुष्य का विवेक है। धर्म का काम धारण करना है। जो चेतना का संहार करनेवाला हो, वह धर्म नहीं हो सकता।

"होई अहिंसइ धम्मु
हिंसइ पाउ णिरुत्तउं"

(महापुराण 69/30)

मनुष्य की पवित्रता की कसौटी

मनुष्य की पवित्रता उसके आचरण की पवित्रता है। "यदि गंगा का जल पवित्र है तो वह मल-मूत्र क्यों बनता है ? गंगा का स्नान यदि पापों का हरण करनेवाला है तो फिर मछलियों को मोक्ष क्यों नहीं होता ? यदि मिट्टी देह में लगाने से अंधकार दूर होता है तो सुअर को स्वर्ग विमान में होना चाहिए ? यदि मृगचर्म धर्म से उज्जवल है तो मृग समूह को दुनिया में श्रेष्ठ होना चाहिए ? इसलिए जो द्विज मांस खाता है, वह श्रेष्ठ नहीं हो सकता। यदि दूब (दर्भ) से धर्म होता है तो मृगकुल धरती में क्यों भटकता फिरता है ? वह रात दिन घास चरता है, फिर इन्द्र के विमान में क्यों नहीं प्रवेश करता ? गाय या काकपंख के स्पर्श से अथवा सोकर उठने पर घी देखने से यदि पाप नष्ट होते हैं और लोग प्रवर (देव/बड़े) बनते हैं तो बैलों और कौओं को स्वर्ग में देव होना चाहिए ? निष्कर्ष यह कि मनुष्य की पवित्रता की कसौटी हिंसक कर्मकाण्ड नहीं बल्कि दूसरे को अपने समान समझना है—

'जो पर अप्पाणउ समु गणइ'

दूती प्रसंग और नारी मूल्य

मारीच के परामर्श पर, रावण अपनी बहन चन्द्रनखा को सीता के पास दूती बनाकर भेजता है। वाराणसी के निकट चित्रकूट वन में सीता को देखकर पहले तो विद्याधारी चन्द्रनखा सोचती है कि सीता मान को चूर-चूर करने वाली उर्वशी, गौरी, तिलोत्तमा और रंभा से भी अधिक रूपवती है, वह काम की मल्लिका है। यह विचारती हुई वह शीघ्र बुढ़िया बन जाती है और युवतियों का मनोरंजन करने लग जाती है। एक रानी पूछती है—"तुम कौन हो ! किस लिए यहाँ आई ? क्या देख रही हो ? चित्रलिखित की तरह क्यों रह गई हो।" उत्तर में दूती कहती है—"मैं यहाँ के वनपाल की माँ हूँ। यह बताओ कि पूर्वभव में तुमने क्या व्रत किया था जिससे तुम्हें यह रूपराशि मिली ? मैं उस व्रत को करना चाहती हूँ।" यह सुनकर सीता ने उसे डाँटा, "तुम स्त्रीत्व क्यों चाहती हो ? यह तो सबसे खराब है। रजस्वलाकाल में वह चंडाल की तरह है। उसे कभी अपने वंश का स्वामित्व नहीं मिलता। किसी एक कुल में उत्पन्न होती है और बड़ी होने पर किसी दूसरे के द्वारा ले जाई जाती है। स्वजन के निधन पर आठ-आठ आँसू बहाती है। जब घर में कोई मंत्रणा की जाती है तो कोई उससे नहीं पूछता। जब तक वह जीती है वह परवश जीती है। फिर उसे जैसा भी पति (अभागा, दुष्ट, दुर्गन्धयुक्त, दुराचारी, अंधा, बहरा, पागल, गूँगा, असहिष्णु, निर्धन और कुटिल) मिले उसी को स्वीकारना पड़ता है। उधर चाहे चक्रवर्ती हो या इन्द्र, कुलगुणधारी स्त्री होकर उसे पिता-तुल्य मानना चाहिए। अपनी कुल मर्यादा का उल्लंघन करना ठीक नहीं। इस नारी जीवन से क्या ? विधवा पन में सिर घुटाओ और तपश्चरण से स्वयं को दण्डित करो। मूक बचपन में पिता रक्षा करता है, जवानी में पति रक्षा करता है, उसी प्रकार बुढ़ापे में बेटा रक्षा करता है जिससे वह कुल में कलंक न लगाए। उसका घूमना-फिरना दूसरों के अधीन है। घर यानी सोने और खाने के जेलखाने से महिला की मुक्ति नहीं। बुढ़ापे के समय बुड्ढी होने पर जो महिलापन अत्यन्त अभागा होता है, उसमें आग लगे, वह तुमने क्यों माँगा ?" सीता की यह प्रतिक्रिया सुनकर दूती का मुख स्याह हो जाता है। वह समझ जाती है कि सीता के चरित्र का खंडन संभव नहीं। इसके दृढ़ संकल्प के सामने मेरी धूर्तता नहीं चल सकती। वह नौ दो ग्यारह हो जाती है। यह तो हुआ एक पक्ष। उक्त कथन का दूसरा पक्ष यह है कि इसमें मध्ययुगीन भारतीय नारी (कुलीन) की स्थिति और पीड़ा की यथार्थ अभिव्यक्ति तो है परन्तु उसका समाधान आध्यात्मिक है। (महापुराण 72/22)

रावण का सामंतवादी दृष्टिकोण

प्रेम प्रसंग में बहन से बढ़कर विश्वसनीय दूती दूसरी नहीं हो सकती, हालांकि सभी बहनें दूती नहीं होतीं। रावण चन्द्रनखा की बात भी नहीं मानता यद्यपि वह कहती है कि चाहे रागद्वेष जिनेन्द्र को नष्ट कर दे परन्तु तुम सीता जैसी सती का उपभोग नहीं कर सकोगे।" रावण का उत्तर है, "जो अच्छा लगे उसे अवश्य वश में करना चाहिए। क्या सांप के भय से नागमणि को छोड़ दिया जाए? वह सीता के सतीत्व में विश्वास नहीं करता। उसका तर्क है कि सज्जन की सज्जनता, पुरुष की प्रभुता, पहाड़ की हरियाली और सती का सतीत्व, दूर तक रहते हुए ही सुनने में अच्छे लगते हैं। पास आने पर ये तार-तार खण्डित दिखाई देते हैं—

"अवसु वि बसि किज्जइ जं रुच्चइ,
किं विसभइयइ फणिमणि मुच्चइ
असमहु सिरिकूरेण पवच्चइ।
सुहिसयणत्तणु पुरिसपहुत्तणु,
गिरिमसिणत्तणु सइहि सइत्तणु।
दूरयरत्थु सुणंतहं चंगउं,
पासि असेसु वि वरिसियभंगउं।"

(महापुराण 71/21)

सीता को देखकर रावण की प्रतिक्रिया है कि जो ऐसे स्त्रीरत्न का भोग नहीं करता उसे घरबार छोड़कर मुनि होकर वन में चले जाना चाहिए।

रावण जब सीता से कहता है: "राम-लक्ष्मण की बात छोड़ो, दशरथ भी मेरा दास था। जब सिर का चूड़ामणि उपलब्ध हो, तो पैरों के आभूषण का क्या करना? नौकर की स्त्री को देह का क्या गौरव? खड़ाऊँ को मणिमण्डन से क्या? मेरी दासी होते हुए भी तू महादेवी हो सकती है। आती हुई लक्ष्मी को हाथ मत दे!" तो इसमें नारी के प्रति उसके सामंतवादी दृष्टिकोण की स्पष्ट झलक मिलती है।

कवि और प्रकृति का आक्रोश

स्वर्णमृग दिखाकर रावण जब सीता का अपहरण करता है तो पुष्पदंत का कविहृदय सीता के चरित्र की दृढ़ता की तुलना उस सुभट से करता है जो अंतिम क्षण तक अपने परिकर को नहीं छोड़ता (72/7)। पति के वियोग से अस्तव्यस्त सीता विधिवश, रावण के हाथ से छूटकर पहाड़ी प्रदेश में स्खलित हो जाती है, उस समय वह ऐसी प्रतीत होती है, जैसे स्वर्णनिर्मित पुतली हो—

"णं वाउल्लिय कामघडिय।" (72/7)

फिर बेहोश होने पर भी उसका हाथ परिधान से नहीं हटता। जार (रावण) की चंचल दृष्टि उस पर कैसे घूम सकती है?

"परिहाणु ण तो वि ताहि ढलइ,
चल जार दिट्ठि कहिं परिघुलइ।"

फिर भी परस्त्री का लोभी वह दुष्ट वहाँ आ धमकता है। गाँव का कुत्ता कभी लज्जित होता है ?

अब प्रकृति की प्रतिक्रिया देखिए :

"गिरते हुए, अपने लाल कोपलों से वृक्ष रो रहा है कि हे रावण, तू दूसरे की स्त्री क्यों लाया ? वन अपनी शाखाएँ उठाकर कह रहा है कि हाय नारीरत्न का मरण आ पहुँचा ! भ्रमर कान के पास गुनगुना कर कहता है, हे स्वामी, यह अनुचित है। रावण परस्त्री के सुख की इच्छा करता है यह देखकर शुक टेढ़ी नजर करके चला जाता है। जैसे वह भी रावण से उद्विग्न हो। कोयल भी विलाप करती हुई कहती है— आदरणीय रावण, तुम सीता से तभी रमण करो यदि तुम अपना अपयश मुझ जैसा काला चाहते हो। लोकप्रिय हंसावलि कहती है—तुम्हारी कीर्ति मेरे समान सफेद है। इस स्त्री का उपभोग कर तुम उसे मैला मत करो और लंकापुरी के ऐश्वर्य को नष्ट मत करो। लाल-लाल कोपलों वाला आम्रवृक्ष ऐसा मालूम हो रहा है, मानो राजा के अन्याय की ज्वाला से आरक्त हो उठा हो—

"रावण, किं आणिय परजुवइ
तरु चुयकिसलयसुएहिं रुवइ।
वणु णाइं करइ साहुद्धरणु
हा पत्तउं णारिरयणमरणु।
अलि कण्णासण्णउ रुणुरुणइ
पहु एउं अजुत्तु णाइं भणइ।
इच्छइ दहसिरु पररमणि सुहुं
कणइल्लउ वंकिवि जाइ मुहुं।
णं सो वि णिवहु उव्वेइयउ।
कोइलु विलवंतु व आइयउ।
तुम्हासु मज्झु महंणिहु महहि जइ
वइदेहिं भडारा रमहिं तइ।
हंसावलि लवइ व सोमाणय
मइं जेही तेरी कित्ति सिय।
मा मइलहि माणिवि एह तिय
मा णासहि लंका उरिहि सिय।
अंबउ लोहियपल्लवललिउ
णं णिव अण्णायसिहि जलिउ। (72/8)

सत्तापुरुष द्वारा नैतिक मूल्यों की खुली अवमानना पर कवि केवल आक्रोश व्यक्त कर सकता है, पर कभी-कभी उसकी छाया प्रकृति में देखता है, जैसा कि हिन्दी की नई कविता में हो रहा है।

सूक्तियाँ, लोकोक्तियाँ

ग्यारह सन्धियों का काव्य होते हुए भी पुष्पदन्त का यह रामायण काव्य (पउम चरित) भाषा और शैली की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध है। उसमें सूक्तियों और लोकोक्तियों की भरमार है। उदाहरण के लिए कुछेक सूक्तियाँ द्रष्टव्य हैं—

प्रजापति राजा कहता है—जो व्यक्ति अज्ञानी और न्याय का विध्वंस करनेवाला है, वह अपने को राज्यधर क्यों कहता है ?

× × ×

अपनी प्रशंसा करना गुण का दूषण है। मिथ्यादर्शन तप का दूषण है। नीरस प्रदर्शन नट का दूषण है। व्याकरण रहित काव्य कवि का दूषण है। गुण्डों और दुष्टों को पालना धन का दूषण है। द्विविधा-मरण व्रत का दूषण है। जोर से बोलना युवती का दूषण है। चुगली और विच्छिन्न बुद्धि पंडित का दूषण है। राजा का मूर्ख और आलसी होना लक्ष्मी का दूषण है। पाप करना और खोटे मार्ग में चलना जनता का दूषण है। अकारण हँसना गुरु का दूषण है। बेटे का दुर्व्यसनी होना कुल का दूषण है। (69/7)

× × ×

"अइरहसें किज्जइ कज्जरइ
जा सा णिड्हइ ण कासु मइ।" (69/9)

—जो काम की गति अति शीघ्र की जानेवाली है, वह किसे दाह उत्पन्न नहीं करती ?

× × ×

"गुरु चवइ एउ किर कित्तडउ
महु तिहुयणु सरिसव जेत्तडउ।" (69/19)

—मन्त्री कहता है—यह तो कितना है, मेरे लिए तो यह त्रिभुवन सरसों के बराबर है।

× × ×

"जहिं कंकु रायहंसु व गणिउ
एरंडु कप्प रुक्खु व भणिउ।
जहिं गुणवंतु वि दोसिहल्लु सम्
तहिं जे णिरयंति वयणविरमु।" (72/11)

—जहाँ बगुले को राजहंस समझा जाता हो और एरंड को कल्पवृक्ष कहा जाता हो, जहाँ गुणों को दोषवाला कहा जाता हो वहाँ जो चुप रहते हैं, वे विद्वान हैं।

× × ×

"वारिज्जइ दुक्की केण णियइ।" (73/19)

—आई हुई नियति को कौन टाल सकता है ?

× × ×

"हा कट्ठु-कट्ठु कणएं जडिउ
माणिक्कु अमेज्झमज्झि पडिउ।" (74/11)

—खेद है कि काठ को सोने से जड़ दिया गया। माणिक्य गन्दी जगह गिर गया।

× × ×

"को मग्गइ रयंधओ एलियाण दुग्गं।" (74/12)

—कौन पापान्ध (आत्मरक्षा के लिए) गाडरों का दुर्ग चाहेगा ?

× × ×

"को रंडकहाणियाउ सुणइ" (74/12)

—कौन राण्डों की कहानियाँ सुनता है ?

"धुत्तहिँ किज्जइ कालउ पंडरु।" (69/33)

—धूर्तों द्वारा काला पीला किया जाता है।

करुणांत काव्य

रामायण का अन्त करुण और शोकपूर्ण है। रावण के निधन पर, रनिवास इन शब्दों में आर्तनाद कर उठता है—

"हा भत्तार हार मणरंजण,
हा भालयल-तिलय णयणंजन।
हा करफंसअणियरोमंचुय,
आलिंगणकीलाभूसियभुय।
पइं विणु जगि ण्लास ण जिज्जइ,
तं परदुक्खसमूहु सहिज्जइ।
हा पियअम भणंतु सोयाउरु,
कंदइ णिरवसेसु अंतेउरु।" (78/22)

विभीषण का शोक भला किसके हृदय को द्रवीभूत नहीं कर देगा ! वह अपनी छाती पीट-पीटकर रोता है—

"हाय मैंने यह क्या भयंकर काम किया ! अब सरस्वती शास्त्र की रचना नहीं कर सकती, अब कीर्ति दसों दिशाओं में नहीं घूमेगी। विजयलक्ष्मी आज विधवापन को प्राप्त हो गई। शक्ति का प्रवर्तन आज समाप्त हो गया। अब इन्द्र डरकर नहीं चलेगा। अब चन्द्र अपनी कांति के साथ होगा। अब सूरज आकाश में खूब चमकेगा। आज कपीन्द्र आराम से सोएगा।" (78/23)

रामायण : कवि का प्रतिनिधि काव्य

जैसाकि कहा जा चुका है 'महापुराण' कई चरित-काव्यों का संकलन ग्रन्थ है। 'णाभेय चरिउ' पुष्पदंत का बृहद् चरित-काव्य है, उसमें उनकी प्रतिभा पूर्ण निखार पर है। परन्तु दूसरे चरित-काव्यों में भी उनकी सृजनात्मकता और उसके तत्त्वों का समावेश है।

जब पुष्पदन्त कहते हैं कि 'रामायण या पोमचरित (पद्मचरित) को कहते हुए मैं अपनी बुद्धि के विस्तार में कमी नहीं करूँगा और मंत्री भरत के अभ्यर्थित वचन का निर्वाह करूँगा', तो इसका अर्थ है कि रामायण के वर्णन में वह अपनी प्रतिभा का सर्वोत्तम प्रयोग करेंगे। एक बार फिर, कवि रामकथा के पूर्व कवियों का स्मरण करता है और आत्म-विनय एवं दुर्जननिन्दा के साथ विद्वत्-सभा से क्षमायाचना पूर्वक 'रामकथा' प्रारम्भ करता है। वह यह भी कहता है कि जब सुकवि (कपि और कवि) द्वारा प्रकाशित मार्ग पर चलते हुए रावण भी चौंक जाता है, तो राम के धम्मगुण (धर्म और धनुष के गुण) के शब्द को सुनकर, अमुख दुर्जन कहाँ पहुँच सकता है? भंगिमा से कवि बता रहा है कि वह पूर्व कवियों द्वारा प्रकाशित काव्य-मार्ग पर चलकर ही रामायण की रचना कर रहा है। वह यह भी कहता है कि "मैं तो जिनवर के चरण-कमलों का भ्रमर हूँ। मेरे द्वारा गुनगुनाया यह यद्यपि निरर्थक है, फिर भी यह सुनने में कोमल, कानों को सुख देनेवाला और मानिनी स्त्रियों और शिशुओं के मुखों को विकसित करनेवाला है।"

रामायण की काव्य-शैली अलंकृत शैली है। प्रारम्भ में ही रत्नपुर के राजा प्रजापति का वर्णन है—

"जें बंधें जित्तउं जमकरणु
जें सत्थें जित्त सरासइ वि
जें बुद्धिइ जित्तउ जेत्थु कि इ" (69/4)

ध्यान दें कि 'जिउ की जगह 'जित्त' भूत कृदन्त (जित के 'त' को अनावश्यक द्वित्व) का प्रयोग सर्वत्र है। 'येन' का 'जें' और 'बुद्धया' का 'बुद्धिइ'। अपभ्रंश में ऐसा कठोर नियम नहीं है कि मध्यम व्यंजन का लोप हो ही। हिन्दी 'जीता' का 'जित्तउ' से सीधा सम्बन्ध है। दोनों में सामान्यभूत में कृदन्त क्रिया का ही प्रयोग है वह भी कर्म वाच्य में। करण कारक की 'ने' संस्कृत विभक्ति इन/एन का विकास है। जे/जेन/येन से 'जिसने' के विकास की कथा यह है कि आगे चलकर संस्कृत के यस्य/तस्य/अस्य के बचे हुए रूप (जिस/उस/इस) मूल सर्वनाम की तरह प्रयुक्त होने लगे और उनमें विभक्ति या परसर्ग का प्रयोग जरूरी हो गया।

इस प्रकार अलंकृत शैली में होते हुए भी पुष्पदन्त की भाषा सरल है, छोटे-छोटे वाक्यों में धारा-वाहिकता है। कवि की निरलंकृत सरल शैली का एक दूसरा नमूना देखिए—

"अत्थंतु णिवारइ को मिहिरु
को रक्खइ आवंतउं मरणु।
जगि कासु ण ढुक्कइ जमकरणु
कु वि अग्गइ कु वि पच्छइ मरइ
वइवस-वंतरि पइसरइ॥" (69/8)

और अब यमक और श्लेष वाली शैली देखिए—

"जहिं सालि रमण कीला हरइं,
जह सालि धण्ण छेत्तंतरइं।
जहिं सालि कमल छण्णइं सरइं,
जहिं सालिहियाइं अक्खरइं।" (69/11)

तिङन्त क्रिया में भी 'त' सुरक्षित है—

"ते सत्थु सुणंति गुणंति घणु,
मज्झेण मुयंति ण वइरि सर।" (69/13)

इसी प्रकार कृदंत क्रिया में भी "त" सुरक्षित है—

"सोहइ वसंतु जगि पइसरंतु
अहिणव साहारहिं महमहंतु।" (70/14)

और यह लयात्मक शैली का उदाहरण भी देखिए—

"वज्जइ वीणा पिज्जइ पाणं,
पियमाणुस मिसं साहीणं।

णिज्जइ महुरं सरा सरालं,
वह पेम्म पसरइ असरालं ।" (70/15)

संस्कृत के 'अजस्रतर' से विकसित 'असराल' की तुलना कबीर के प्रयोग 'न सोइए असराल' से कीजिए, और देखिए—

"मणुणिज्जइ कसंति पियल्ली,
वाकिज्जइ कंवम्पसुहेल्ली ।" (70/15)

पुष्पक विमान के वर्णन की शैली निराली है—

"तारयाऊरियायाससंकास वद्धुज्जलुल्लोवयं
हेमघंटाविसद्दु तट्टंकारसंतासियासागयं ।" (72/1)

और, पुष्पदन्त की यह शैली जो उन्हें स्वयं अत्यन्त प्रिय रही है—

"वणु दीसइ णिम्मलभरिय सरु,
सीयहि जोव्वणु णिव महुरसरु ।
वणु दीसइ संचरंत कमलु,
सीयहि जोव्वणु वरमुहकमलु ।" (72/2)

राम वन में सीता के विषय में पूछ रहे हैं—

"सइं काणणि रहुवइ हिंडमाणु,
पुच्छइ वणि मिगइं मयाणमाणु ।
रे हंस-हंस सा हंसगमण
पइं दिट्ठी कत्थइ विउलरमण ।" (73/4)

जिनभक्ति की सरस शैली, जिसमें क्रिया का प्रयोग नहीं है—

"ण भोएसु कंखा, ण णिद्दा ण भुक्खा ।
ण तण्हा ण सोओ, ण राओ ण रोसो ।" (73/9)

जब कभी भारतीय आर्यभाषा के विकास के सन्दर्भ में यह तर्क दिया जाता है कि प्राकृत की तुलना में संस्कृत कृत्रिम भाषा थी । इसी प्रकार अपभ्रंश काव्य की भाषा थी, बोलचाल की नहीं । कोई भाषा न तो कृत्रिम होती है और केवल काव्य की भाषा होती है । संस्कृत की तुलना में प्राकृत कितनी ही सहज व्यापार वाली भाषाएँ हों, उन वचन-व्यापारों की भी अपनी भाषागत व्यवस्था होती है । इसी प्रकार संस्कृत कृत्रिम भाषा नहीं है, परन्तु जो भाषा बोलचाल में थी (वह कौन थी इसका विवेचन विद्वान् अपने-अपने कोण से करते हैं) उसे संस्कारित किया गया, यानी समय-प्रवाह और प्रयोग के कारण आनेवाली विभिन्नताओं में उसे स्थिरता प्रदान की गई ।

—o—

विषय-सूची

अड़सठवीं संधि 1-11

बीसवें तीर्थंकर मुनिसुव्रत की वन्दना। हरि वर्मा का जिनदीक्षा लेना और मृत्यु उपरान्त प्राणत स्वर्ग में जन्म लेना। इन्द्र द्वारा कुबेर को राजगृह में नगरी के निर्माण का आदेश, नगरी का निर्माण। रानी सोमदेवी का सोलह स्वप्न देखना। प्राणत स्वर्ग के देव का रानी के गर्भ में तीर्थंकर के रूप में अवतरित होना। पांचों कल्याणकों का उल्लेख। वैराग्य। हाथी का पूर्वभव-स्मरण। मुनिसुव्रत का आहार ग्रहण करना। इन्द्र द्वारा ज्ञान की प्राप्ति। केवलज्ञान की प्राप्ति। इन्द्र द्वारा समवसरण की रचना। चतुर्विध संघ का वर्णन। मुनिसुव्रत को निर्वाण की प्राप्ति। हरिषेण का चरित। हेमाभ का चरित। मोक्ष की प्राप्ति।

उनहत्तरवीं संधि 12-43

राम कथा की प्रस्तावना। राजा श्रेणिक का गौतम स्वामी से प्रश्न पूछना। गौतम गणधर का कथा प्रारंभ करना। मलय देश और रत्नपुर का वर्णन। राजा प्रजापति। चन्द्रचूल और विजय का जन्म। राजपुत्र और मन्त्रिपुत्र के अत्याचार। राजा द्वारा दोनों का घर से निष्कासन, मृत्युदण्ड का आदेश। नीति कथन। मंत्रियों द्वारा बीच-बचाव। जैन मुनि का उपदेश। भविष्य वाणी। चन्द्रचूल और विजय का निदान बांधना। दोनों का स्वर्ग में देव होना। काशी देश का वर्णन। राजा दशरथ का वर्णन। स्वर्णचूल और मणिचूल देवों का क्रमशः राम और लक्ष्मण के रूप में सुबला और कैकेयी के गर्भ में आना। बलभद्र राम और नारायण लक्ष्मण का वर्णन। दशरथ का अयोध्या नगरी में प्रवेश। भरत और शत्रुघ्न का जन्म। मिथिला के राजा जनक द्वारा पशु-यज्ञ और सीता के स्वयंवर में सम्मिलित होने का निमन्त्रण। दूतों का उपहार लेकर आना। मन्त्री अतिशयमति द्वारा यज्ञ का विरोध, राजा सगर का आक्रमण। राजा सगर का चारण-युगल नगर के राजा सुयोधन की कन्या सुलसा के स्वयंवर में जाना। रास्ते में न्याय मन्दोदरी का विवाह के लिए भड़काना। सुयोधन की पत्नी अतिथि का अपने भाई तृणपिंग के पुत्र मधुपिंगल से कन्या के विवाह करने का प्रस्ताव। सगर के मन्त्री की कपट चाल। झूठा ज्योतिषशास्त्र बनाकर मधुपिंगल को अपमानित होकर चले जाने के लिए विवश करना। उसका विरक्त होकर जिनदीक्षा ग्रहण कर लेना। निदान पूर्वक मरकर, उसका स्वर्ग में असुर होना। राजा सगर की धूर्तता जानकर उसके मन में प्रतिशोध की भावना का उत्पन्न होना। उसका सालंकायण ब्राह्मण

बनकर वेद पढ़ते हुए अयोध्या के वन में पहुँचना। क्षीरकदम्ब का वृत्तान्त। राजा वसु, पर्वतक, और नारद का उनसे विद्या ग्रहण करना। क्षीरकदम्ब का वसु को पीटना। गुरु पत्नी द्वारा उसे बचाना। वसु को सिंहासन की प्राप्ति। पर्वतक का प्रायोगिक परीक्षा में असफल रहना। पत्नी का पति को उलाहना देना। पति क्षीरकदम्ब का अपनी पत्नी को समझाना कि उसका बेटा जड़ मूर्ख है। 'अज' शब्द को लेकर विवाद। पर्वतक का निर्वासन। उसका सालंकायण का सहायक बन जाना। सालंकायण और पर्वतक का मिलकर राजा सगर से बदला लेना। यज्ञ में दोनों को होम देना। नारद का अयोध्या जाकर यज्ञ का विरोध करना। नारद का यह तर्क कि यज्ञ-कर्म से शान्ति नहीं होती।

सत्तरवीं संधि 44-63

मन्त्री की अच्छी वाणी सुनकर राजा का मिथ्यादर्शन नष्ट होना। राजा दशरथ का पुरोहित से रावण का पूर्वभव पूछना। सारसमुच्चय देश के नागपुर नगर के राजा नरदेव द्वारा दीक्षा लेकर तपश्चरण करना। विद्याधर चपलवेग को देखकर निदान-पूर्वक मरना और स्वर्ग में देव होना। विजयार्ध पर्वत के मेघ शिखर का राजा सहस्र-ग्रीव का खिन्न होकर त्रिकूट पर्वत पर आ बसना। उसकी वंश-परम्परा का अंतिम राजा पुलस्त्य का गद्दी पर बैठना। उसकी पत्नी मेघलक्ष्मी से रावण का जन्म। रावण के प्रताप का वर्णन। एक बार पत्नी सहित उसका पुष्पक विमान में विहार करना। विद्या सिद्ध करती हुई मणिवती पर आसक्त होना। विघ्नों से परेशान होकर मणिवती का इस संकल्प के साथ मरना 'मैं पुत्री होकर इसकी मौत का कारण बनूं।' मन्दोदरी के गर्भ से रावण की पुत्री सीता के रूप में उसकी उत्पत्ति। अपशकुन होने पर रावण द्वारा उसे मंजूषा में रखकर मिथिला नगरी के उद्यान में गड़वा दिया जाना। किसान को हल चलाते हुए कन्या मिलना और राजा जनक के पास उसका पहुँचना। जनक द्वारा सीता का पालन-पोषण। सीता के सौन्दर्य का वर्णन। राम से सीता का विवाह। अयोध्या आगमन। राम का सात अन्य कन्याओं से विवाह। वसन्त का आगमन। *वसन्तक्रीड़ा। काशी देश के लिए प्रस्थान। काशी पर आधिपत्य।* राम-लक्ष्मण के रूप-सौन्दर्य को देखकर नगरवनिताओं की प्रतिक्रियाएँ और कामुक अनुभाव।

इकहत्तरवीं संधि 64-83

नारद का वर्णन। नारद का रावण को भड़काना। रावण की प्रशंसा। राम से सीता के विवाह की नारद द्वारा सूचना देना। रावण द्वारा आक्रमण की योजना बनाना। कलहप्रिय नारद का प्रस्थान। मारीच और विभीषण का रावण को समझाना। काम-शास्त्र के अनुसार स्त्रियों के विविध प्रकारों का वर्णन। दूती के रूप में बहिन चन्द्रनखा को भेजना। काशी के निकट चित्रकूट उद्यान का वर्णन। राम-लक्ष्मण की अन्तःपुर के साथ क्रीड़ा। जल-क्रीड़ा। उधर सीता के अनिन्द्य सौन्दर्य को देखकर चन्द्रनखा का मुग्ध होना। वृद्धा बन कर सीता से बातचीत। सीता के नारीविषयक विचार। चन्द्रनखा की वापसी। विरोध के बावजूद रावण का काशी के लिए प्रस्थान।

84-95

बहत्तरवीं संधि

पुष्प विमान का वर्णन। चित्रकूट और सीता के यौवन का तुलनात्मक वर्णन। राम की प्रशंसा। स्वर्णमृग की चेष्टाएँ। राम का उसका पीछा करना। रावण का राम के रूप में छल से सीता का अपहरण। लंका के लिए प्रस्थान। सीतादेवी की प्रतिक्रिया। धन्य-प्राणियों और प्रकृति की प्रतिक्रिया। विद्याधरियों का सीतादेवी को फुसलाना। सीता का कड़ा उत्तर। सीता की प्रतिज्ञा कि लेखपत्र से प्रिय की खबर मिलने पर ही वह भोजन ग्रहण करेगी। लक्ष्मण को चक्र की प्राप्ति।

96-125

तिहत्तरवीं संधि

स्वर्णमृग की खोज से राम की वापसी और सन्ध्या का आगमन। सन्ध्या का वर्णन। सीता की खोज। वन-जन्तुओं और पौधों से सीता के बारे में पूछना। राम को सीता का उत्तरीय मिलना। दशरथ द्वारा राम को सीतापहरण की सूचना। दो विद्याधरों का आकर बालि का वृत्तान्त कहना। सिद्धकूट जिनालय में जिनेन्द्रदेव की वन्दना। नारद का भविष्य-कथन। राम द्वारा सुग्रीव को सहायता का वचन देना। हनुमान् का दौत्य वर्णन। समुद्र का वर्णन। त्रिकूट पर्वत का वर्णन। लंका का वर्णन। सिंहासन पर आरूढ़ रावण का वर्णन। हनुमान् का भ्रमर बनकर रावण को समझाना। विद्याधरियों और वन की शोभा का वर्णन। वनश्री और सीता की कान्तिविहीन श्री की तुलना। हनुमान् का आक्रोश और प्रतिक्रिया। रावण की काम-अवस्थाओं का चित्रण। रावण का सीता के सामने डींगें मारना। रावण को मंदोदरी द्वारा समझाना। मंदोदरी को वास्तविकता का पता चलना। सीता की प्रतिक्रिया। हनुमान् की सीता से भेंट। अंगूठी और लेख का समर्पण। हनुमान् द्वारा अपना परिचय। अभिज्ञान के प्रमाण देना।

126-141

चहत्तरवीं संधि

लंका से हनुमान् की वापसी और राम से निवेदन। राम द्वारा हनुमान् की प्रशंसा। आक्रमण की तैयारी। पंचांग मन्त्र का विचार। फिर से दूत भेजे जाने का निश्चय। पुनः हनुमान् को दूत बनाकर भेजा जाना। हनुमान् को राम द्वारा समझाना कि विभीषण से किस प्रकार मिलना है। हनुमान् का लंका में प्रवेश। लंका की वनिताओं पर उसके रूप की प्रतिक्रिया। विभीषण से भेंट। विभीषण द्वारा रावण से हनुमान् की भेंट कराना। रावण का हनुमान् के साथ अभद्र व्यवहार। हनुमान् द्वारा सीता की वापसी पर जोर देना। रावण के गर्वोक्ति पूर्ण वचन। आवेगपूर्ण उत्तर-प्रत्युत्तर। हनुमान् की चुनौती।

142-153

पचहत्तरवीं संधि

हनुमान् की वापसी और दौत्य कार्य की रपट राम के सामने प्रस्तुत करना। बालि के दूत का आगमन। राम की दुविधा। राम का बालि के पास दूत भेजना। बालि का संधि करने से इंकार कर देना। बालि का हनुमान् को पटकारना। घमासान लड़ाई। राम की जीत। किष्किंधा नगरी में प्रवेश। किष्किंधा नगरी का वर्णन। शरद् ऋतु का आगमन। राम द्वारा विद्याओं की सिद्धि।

छिहत्तरवीं संधि

154-165

सेना का कूच। प्रस्थान का वर्णन। समुद्रतट पर पड़ाव। रावण और विभीषण का संवाद। विभीषण का राम से मिलना। विभीषण की राम से भेंट। हनुमान् का नन्दन वन में प्रवेश। नन्दनवन का वर्णन। ध्वंस का वर्णन। लंका को जला कर हनुमान की वापसी।

सतहत्तरवीं संधि

166-180

रावण के पक्ष के प्रमुखों द्वारा विद्याओं की सिद्धि। साधना पर होने वाले उपसर्ग। चक्रवात का वर्णन। विद्याधरों द्वारा राम को विद्याओं का दिया जाना। युद्ध के लिए प्रस्थान। मदगज का वर्णन। रावण की प्रतिक्रिया। रावण की तैयारी। सेना के विभिन्न अंगों की गतिविधियाँ। वीरांगनाओं की प्रतिक्रियाएँ। आमने-सामने लड़ाई। मायावी युद्ध।

अठहत्तरवीं संधि

181-211

युद्ध के नगाड़ों का बजाना। वीरांगनाओं द्वारा विदाई। उनकी प्रतिक्रिया और वीर पतियों से अपेक्षाएँ। राम और रावण की सेनाओं में भिड़न्त। सुभटों की प्रतिक्रियाएँ। मारकाट का वर्णन। रावण और विभीषण में वचन-प्रतिवचन। राम और रावण में द्वन्द्व। लक्ष्मण का चक्र उठाना। आकाश से कुसुम वृष्टि। रावण का वध। मन्दोदरी का विलाप। विभीषण का विलाप। उसके द्वारा इस सारे काण्ड के लिए नारद को दोषी ठहराना। राम का विभीषण को समझाना। रावण का दाह-संस्कार। शान्ति-कर्म। मन्दोदरी को सांत्वना देना।

उन्यासीवीं संधि

212-225

पीठगिरि पर आसीन राम और वन की तुलना। राम के आदेश से लक्ष्मण का शिला उठाना। सौनन्द यक्ष का प्रवेश। लक्ष्मण को सौनंदक तलवार भेंट करना। अर्द्धचक्रवर्ती बनने के लिए राम के साथ लक्ष्मण की दिग्विजय। राम और लक्ष्मण द्वारा मनोहर नामक वन में शिवगुप्त मुनि के दर्शन। मुनि द्वारा तत्त्वोपदेश। पूर्वभव कथन। लक्ष्मण का निधन। राम द्वारा जिनदीक्षा लेना। मुक्ति।

अस्सीवीं संधि

226-242

नमीश्वर की वन्दना। वत्सदेश का वर्णन। राजा पार्थिव। रानी सती। पुत्र सिद्धार्थ। राजा पार्थिव द्वारा जिनमुनि के दर्शन हेतु सपरिवार जाना। तत्त्वोपदेश। पुत्र सिद्धार्थ को राजगद्दी देकर राजा का जिनदीक्षा ग्रहण करना। सल्लेखना विधि से मरकर अपराजित विमान में अहमेन्द्र होना। मिथिला का राजा विजय। गृहिणी वप्रिल। अहमेन्द्र का इक्कीसवें तीर्थंकर नमीश्वर के रूप में वप्रिल के गर्भ में प्रवेश। गर्भ और जन्म-कल्याण। राज्याभिषेक, वैराग्य, तप-कल्याण। केवलज्ञान और सम्मेदशिखर पर निर्वाण। मुक्ति प्राप्ति। चक्रवर्ती जयसेन के चरित का वर्णन।

परिशिष्ट

243-258

अंग्रेजी में टिप्पणियाँ और उनका हिन्दी रूपान्तर

महाकइ-पुप्फयंत-विरइयउ महापुराणु

अट्ठसट्ठिमो संधि

जो तित्थंकरु वीसमउ बीसु विसयविसवेयणिवारणि ॥
जोईसरु जोइहिं णमिउ[1] जो बोहित्थु भवण्णवतारणि ॥ ध्रुवकं ॥

1

जो दिव्ववाणिगंगापवाहु
जो रोस हुयासणवारिवाहु ।
जो मोहमहाघणगंधवाहु
जो मोक्खणयरवहसत्थवाहु[2] ।
तणुगंधें जो सनु चंदणासु
पउणइ जो तेएं चंदणासु । 5
जो पणमिउ[3] रामें लक्खणेण
धम्मेण अहिंसालक्खणेण ।
जणु जेण णिहिउ सग्गापवग्गि
जो सरिसचित्तु रिउबंधु वग्गि ।
जे[4] मिच्छतुच्छधीरंगरत्त
दप्पिट्ठ दुट्ठ तिट्ठागरत्त ।
जे घुम्मिरच्छ[5] पीयासवेण
जे बद्धा गुरुकम्मासवेण ।
जे कयलालस मासासणेण
जे विरहिय परहियसासणेण[6] । 10
जे णारिहिं वस[7] आया रएण
ते मुक्क जासु आयारएण[8] ।
सुद्धोयणि सुरगुरु कविल भीम
वयणेण विणिज्जिय जेण भीम ।

अड़सठवीं संधि

जो बीसवें तीर्थंकर हैं, जो विषयरूपी विष के वेग को दूर करने के लिए गरुड़ हैं ,जो योगीश्वर योगियों के द्वारा प्रणम्य हैं और जो संसार रूपी समुद्र के संतरण के लिए जहाज हैं ।

(1)

जो दिव्यवाणी रूपी गंगा के प्रवाह हैं, जो क्रोध रूपी अग्नि के लिए मेघ हैं, जो मोह रूपी महामेघ के लिए पवन हैं, जो मोक्ष रूपी नगर-पथ के लिए सार्थवाह हैं, जो शरीर की गन्ध से चन्दन के समान हैं, जो अपने तेज से चन्द्रमा का तिरस्कार करने वाले हैं, जो राम और लक्ष्मण के द्वारा प्रणम्य हैं जिन्होंने अहिंसा लक्षणवाले धर्म के द्वारा लोगों को स्वर्ग और मोक्ष में स्थापित किया है, जो शत्रुवर्ग और मित्रवर्ग में समान चित्त हैं; (ऐसे भी लोग हैं) जो मिथ्यात्व और ओछी (सांसारिक) बुद्धि के राग में अनुरक्त हैं, गर्वीले, दुष्ट और तृष्णा रूपी विष से युक्त हैं, मद्य पीने के कारण जिनकी आँखें घूम रही हैं, जो भारी कर्मों के आस्रव से बँधे हुए हैं, जो लालसा करने वाले हैं, जिसमें एक माह में आहार ग्रहण किया जाता है, ऐसे तथा दूसरों का कल्याण करने वाले जिन शासन से, जो रहित हैं, जो राग से नारियों के वचनों के अधीन हैं, वे भी उन मुनिसुव्रत तीर्थंकर के आचार के अनुष्ठान से मुक्त हुए हैं। जिन्होंने अपने भयंकर शब्दों से गौतम कपिल और भीम को जीत लिया है। ऐसे मुनिसुव्रत के समान दूसरा कोई नहीं है।

(1) 1. AP णविउ । 2. A 'वहे सत्थ' । 3. AP पणविउ । 4. AP जो । 5. AP घुम्मिरच्छि ।
6. AP add after this: जे विरहिय (P रहिय) सया वि आयारएण । 7. A वसु आया ।
8. A जे मुक्क । 9. AP add after this: तेलोक्कयसुद्धायारएण ।

तिहुयणि ण कोइ दीसइ समाणु सम्मत्तु जासु आयाससमाणु।
णिच्चल परिपालिय सुव्वयासु पणवेप्पिणु तहु[10] मुणिसुव्वयासु।

घत्ता—तहु जि कहंतरु वज्जरमि जेण विमुच्चमि दुग्गइदुक्खहु ॥
अट्ठ वि कम्मइं णिट्ठविवि देहु मुएप्पिणु गच्छमि मोक्खहु ॥1॥

2

एत्थेव य कयकूरारिकंप भरहंगदेसि पुरि अत्थि चंप।
तहिं असिजलधारइ हरियछाउ जगु जेण कियउ[1] हरिवम्मराउ[2]।
सो एक्कहिं दिणि उज्जाणु पत्तु दिट्ठउ अणंतवीरिउ विरत्तु।
अणगारु णाणि परमत्थसवणु वंदेप्पिणु णिसुणिवि धम्मसवणु।
सत्तंगसंगु सुइ णिहिउ रज्जु अप्पणु पुणु कियउं परलोयकज्जु।
तत्तउं तउ सहुं बहुपत्थिवेहिं णिग्गंथमग्गपत्थियसिवेहिं।
होइवि एयारहअंगधारि अरहंतपुण्णपब्भारकारि।
तणुचाएं[3] मुउ हुउ प्राणइंदु[4] हरिवम्मु सकंतिइ जियचंदु।
तहु आउ वीससायरइं तेत्थु तणु भणु विहत्थि पुणु तिउणु हत्थु।
सियलेसु चित्तपडिचारवंतु अवहीइ णियइ पंचमधरंतु।
णीससइ देउ दहमासएहिं पुणु वीसहिं वरिससहसगएहिं[5]।

जिनका सम्यग्दर्शन आकाश के समान अनंत है, जिन्होंने निश्चित रूप से सुव्रतों का परिपालन किया है, ऐसे उन मुनिसुव्रत को प्रणाम कर—

घत्ता—उन्हीं के कथांतर को कहता हूँ, जिससे मैं दुर्गति के दुःख से विमुक्त हो सकूँ, आठों कर्मों का नाश कर और शरीर का त्याग कर मोक्ष पा सकूँ ॥1॥

(2)

इसी भरत क्षेत्र के अंग देश में चंपा नाम की नगरी है। उसमें क्रूर शत्रुओं को कंपन उत्पन्न करने वाला हरिवर्मा नाम का राजा था। जिसने असिरूपी जलधारा से विश्व को कान्तिहीन बना दिया था ऐसा वह एक दिन उद्यान में पहुँचा, वहाँ उसने अनंतवीर्य नामक विरक्त मुनि को देखा, जो परिग्रह से रहित, ज्ञानी तथा वास्तविक श्रमण थे। उनकी वन्दना कर और 'धर्म' का श्रवण कर पुत्र को सप्तांग राज्य देकर उसने स्वयं अपना परलोक का काम साधा दिगम्बर मार्ग से जिन्होंने कल्याण की प्रार्थना की है ऐसे बहुत-से राजाओं के साथ उसने तप किया। ग्यारह अंगों को धारण करते हुए, अरहंत के पुण्य का उत्कर्ष करते हुए शरीर छोड़कर, कान्ति में चन्द्रमा को जीतनेवाला वह हरिवर्मा प्राणत इन्द्र हुआ। वहाँ उसकी आयु बीस सागर थी। उसका शरीर तीन हाथ का था। श्वेत लेश्या से युक्त वह मनःप्रवीचार वाला था। अवधिज्ञान से वह पाँचवें नरक की भूमि तक देख सकता था। दस माह में वह श्वास लेता था तथा बीस हजार वर्ष बीतने पर—

---

10. P तुहु।

(2) 1. AP कयउ। 2. P हरिवम्मु। 3. A तणु चइवि मुउ। 4. AP पाणइंदु। 5. A वाससहासएहिं; P वाससहसगएहिं।

घत्ता—देउ मणेण जि आहरइ सुहमइं पोग्गलाइं रसरिद्धइं ॥
अयणमेत्तु जीविउ थियउ पयडइं जायइं कालहु चिह्नइं ॥2॥

3

ता तहु चरित्तु णिच्चप्फलेण धणयहु भासिउ आहंडलेण ।
इह भरहि मगहरायगिहि[2] दित्तु पुरि वसइ राउ णामें सुमित्तु ।
जिणपायपोमजुयरेणुलित्तु हरिवंसकेउ कासवसुगोत्तु ।
अप्पडिमसत्ति णं सिद्धमंतु किं वण्णमि सोमाएविकंतु ।
एयहं णंदणु जिणु सोक्खहेउ होही पाणयचुउ[3] देवदेउ । 5
भो धणय धणय कल्लाणमित्त एयहं दोहं मि करि पुरि विचित्त ।
ता रइय णयरि दिवेणाहिवेण दिप्पंतें तवणिज्जें[4] णवेण ।
पासायपंतिरहचच्चरेहिं गयणयललग्गवरगोउरेहिं[5] ।
सरिसरणंदणवणजिणघरेहिं रक्खिज्जंती णियकिंकरेहिं ।

घत्ता—तहिं सँउहहु सत्तमि तलि घणथणमंडलहारविलंबिणि ॥ 10
सुहुं सोवंती सयणयलि पेच्छइ सिविणय रायणियंबिणि ॥3॥

4

मत्तसिंधुरं सियधुरंधुरं ।
हरिणराययं [1]लच्छिकाययं ।

घत्ता—वह देव, मन से रस से समृद्ध सूक्ष्म पुद्गलों का आहार करता । जब उसका छह माह जीवन शेष रह गया, तो उसके अंत समय के चिह्न प्रकट होने लगे । ॥2॥

(3)

तब उसके चरित का कथन निश्चपल इन्द्र ने कुबेर से किया—"इस भारत के मगध देश की राजगृह नगरी में सुमित्र नाम का राजा निवास करता है, जिनवर के चरण कमलों की धूल का प्रेमी, हरिवंश का ध्वज और कश्यप गोत्रीय। अप्रतिम शक्ति जो मानो सिद्धमंत्र हो। सोमदेवी के उस स्वामी का मैं क्या वर्णन करूं। प्राणत स्वर्ग से च्युत होकर वह देवदेव, इन दोनों के सुख का कारण जिनपुत्र होगा। हे कल्याणमित्र, धनद-धनद इन दोनों के लिए तुम पवित्र नगरी की रचना करो।" तब कुबेर ने चमकते हुए नए स्वर्ण से नगरी की रचना की। प्रासाद पंक्तियों, रथ-चौरस्तों, आकाशतल को छूने वाले श्रेष्ठ गोपुरों, नदियों, सरोवरों, नन्दनवनों और जिन मंदिरों से अपने अनुचरों से वह नगरी रक्षित थी।

घत्ता—उस नगर में प्रासाद के सातवें भाग पर, जिसके सघन स्तन मंडल पर हार झूल रहा ऐसी उस रानी ने शयनतल पर सुख से सोते हुए स्वप्नमाला देखी ॥3॥

(4)

मतवाला गज, श्वेत बैल, सिंह, लक्ष्मीमूर्ति, दृष्टि के लिए सुखद पुष्पमाला, चन्द्रबिम्ब,

---

(3) 1. AP णिच्चफलेण । 2. A °रायगिहु । 3. AP पाणयचुउ । 4. P तवणिज्जं तवेण । 5. P °यलें लग्ग° । 6. P णिवकिंकरेहि । 7. AP सउहहिं ।

(4) 1. A लच्छिकामयं ।

फुल्लदामयं दिट्ठिकामयं ।
चंदबिंबयं उययतंबयं ।
चंडकिरणयं मीणमिहुणयं ।
कुंभजुयलयं दलियकमलयं[2] ।
कमलवासयं सुरहिवासयं ।
अमयमाणिहिं अमरवारिहिं ।
सीहभूसणं[3] दिव्वमासणं ।
सिहरसुंदरं इंदमंदिरं ।
धुयधयालयं विसहरालयं ।
णिहियतिमिरयं[4] रयणणियरयं ।
कविलचलसिहं जलियहुयवहं ।

घत्ता—इय जोइवि सिविणय सइइ सुत्तविबुद्धइ भासिउं दइयहु ॥
तेण वि तं तहिं[5] अक्खियउं जं फलु होसइ पुव्वविरइयहु ॥4॥

5

तुह कुच्छिहि इच्छियगुणमहंति होसइ सुउ[1] तिहुवणणाहु कंति ।
सुरधणधारंचिइ रायगेहि अच्छरहिं पसाहिइ देविदेहि ।
सावणतमबीयहि सवणरिक्खि पंडुरु करि आयउ अंतरिक्खि ।
देविइ दिट्ठउ समुहारविंदि पइसंतु संतु रयणिहि अणिंदि ।
हरिवम्मु राउ जो पाणइंदु[2] सइगब्भवासि थिउ[3] सो जिणिंदु ।
आयउ वंदइ सयमेव इंदु किर कवणु गहणु तहिं सूरचंदु ।

उदयकाल में आरक्त सूर्य, मीनयुगल, घटयुगल, जिसमें कमल विकसित हैं और जो सुरभि से वासित है ऐसा सरोवर, अमरों के द्वारा मान्य क्षीर समुद्र, सिंहों से भूषित दिव्य आसन, शिखरों से सुन्दर इन्द्रभवन, जिसमें ध्वज प्रकम्पित हैं ऐसा नागघर, अंधकार को नष्ट करने वाला रत्नों का समूह, कपिल (भूरे या बदामी) रंग की चंचल ज्वालाओं वाली प्रज्वलित आग ।

घत्ता—इन स्वप्नों को देखकर, सोते से जागकर सती ने अपने पति से कहा । उसने भी, पूर्वोपार्जित पुण्य का जो फल होगा, वह उसे बताया ॥4॥

(5)

"इच्छित गुणों से महान् हे कान्ते, तुम्हारी कोख से त्रिभुवनस्वामी पुत्र होगा । राजगृह नगर के देवधन से अंचित, तथा अप्सराओं के द्वारा देवी की देह शुद्ध होने पर श्रावण कृष्णा द्वितीया के दिन श्रावण नक्षत्र में अंतरिक्ष से सफेद गज आया, देवी ने उसे अपने अनिंद्य मुख-कमल में रात में प्रवेश करते हुए देखा । हरिवर्मा राजा जो प्राणत स्वर्ग का इन्द्र था, वह जिनेन्द्र के रूप में सती के गर्भवास में आकर स्थित हो गया । आया हुआ इन्द्र स्वयं वन्दना करता है, फिर वहाँ सूर्यचन्द्र के बारे में क्या कहना ? नष्ट कर दिया है मोहजालजिन्होंनेऐसे मल्लिनाथ तीर्थंकर

2. A धरिकमलयं । 3. A सीहभूसियं । 4. A विहिय°; P विहय° । 5. A तहु ।
(5) 1. A जिणु । 2. AP पाणइंदु । 3. P सो थिउ ।

गइ मल्लिदेवि हयमोहजालि चउपण्णलक्खवरिसंतरालि[4]।
उप्पण्णउ णिउ सक्केण तेत्थु तं मेरुमहागिरिसिहरु जेत्थु।
अहिसिंचिउ पंडुसिलायलग्गि पुणु आणिउ णिहिउ जणणिहि अग्गि।
आणंदें णच्चिउ कुलिसपाणि तहु वयणविणिग्गय दिव्ववाणि।
सुव्वउ मुणिसुव्वउ भणिवि णाहु गउ णिययणिवासहु तियसणाहु।

घत्ता— वड्ढइ देउ लहंतु पय लक्खणवंतु जणंतु सुहं जणि[5]॥
सालंकारु कंतिइ सहिउ[6] कव्वविवेउ णाइ वरकइयणि ॥5॥

6

पहु वीससरासणमियसरीरु पियवयणभासि गंभीरु धीरु।
परिणयमऊरवरकंठवण्णु दहदहदहसहससमाउ वण्णु।
सत्तद्धवरिससहसाइं[1] जाम थिउ किं पि बालकीलाइ ताम।
दहपंचसहासइं धरित्ति भुंजिवि जोइवि करिवरहु वित्ति।
आहारु ण गेण्हइ णेय चारु पइ णरविंदहु वज्जरइ चारु।
करि पुव्वतालपुरि आसि राउ कुच्छियमइ जणियकुपत्तभाउ।
बंभणहं दिंतु मणिकणयदाणु मुउ काणणि हुउ गउ गलियदाणु।
सुयरइ सल्लइपल्लवदलाइं सुयरइ सीयलसरिसरजलाइं।

के बाद, चौवन लाख वर्ष हो जाने पर उनका जन्म हुआ। इन्द्र उन्हें वहाँ ले गया कि जहाँ सुमेरु-पर्वत का शिखर था। पांडुशिला के अग्रभाग पर उनका अभिषेक किया गया। उन्हें घर लाया गया, और अपनी माता के सामने रख दिया गया। इन्द्र आनन्द से खूब नाचा, उसके मुख से दिव्य-वाणी निकली, नाथ को सुव्रत मुनिसुव्रत कहकर देवेन्द्र अपने निवास स्थान के लिए चला गया।

घत्ता—लक्षणयुक्त पद (चरण) लेते हुए, जनों में सुख उत्पन्न करते हुए, अलंकारों से युक्त तथा कान्ति से सहित देव उसी प्रकार बढ़ने लगते हैं जैसे श्रेष्ठ कविजन में काव्यविवेक बढ़ने लगता है ॥5॥

(6)

स्वामी का शरीर बीस धनुष प्रमाण सीमित था। वह प्रिय वचन बोलने वाले गंभीर-धीर थे। उनकी कान्ति तरुण मयूर के कण्ठ के रंग की थी। उनकी आयु तीस हजार वर्ष की थी। जब साढ़े तीन हजार वर्ष हुए, तब तक वह बाल क्रीड़ा में स्थित रहे। इस प्रकार पन्द्रह हजार वर्षों तक धरती का भोगकर; तथा गजवर की वृत्ति देखकर कि वह आहार नहीं करता है न तृणकमल लेता है, राजाओं के स्वामी वह यह सुन्दर बात कहते हैं कि पहिले यह हाथी तालपुर में अत्यंत खोटी बुद्धि वाला और अत्यंत कुपात्रभाव वाला राजा था। यह ब्राह्मणों के लिए मणि और सोने का दान देता था। मरकर वन में यह, जिसका मदजल गल रहा है, ऐसा हाथी हुआ।

4. AP add after this : वइसाहमासि पहु कसणपक्खि, दहमइ दिणि ससि थिइ सवणरिक्खि।

5. P वरि। 6. A कंतिसहिउ।

(6) 1. AP सत्तद्धसहसवरिसाइं।

सुंयरइ करिणीकरलालियाइं गिरिगेरुयरयउद्धूलियाइं ।
सुंयरइ सिसुमयगलकीलियाइं करतालवट्टहिंदोलियाइं । 10

घत्ता—एंव कहेप्पिणु मुक्कु गउ गउ सो विंझहु कहिं मि सइच्छइ ॥
अग्गइ सयणहं परियणहं णरणाहेण पबोल्लिउ पच्छइ ॥6॥

7

जहिं णरणाह वि होंति गय कालेण हय ।
तहिं किं किज्जइ सिरिधरणु जिणतवचरणु ।
किज्जइ[1] काणणि[2] पइसरिवि थिरु[3] मणु धरिवि ।
सुररिसिहिं वि सो तहिं संथविउ सक्के ण्हविउ ।
विजयहु रज्जु समप्पियउ तिणु कंपियउं[4] । 5
गउ सिबिमइ अवराइयइ सुविराइयइ[5] ।
ओइण्णउ[6] जिणु णीलवणि तरुवेल्लिघणि ।
वइसाहइ दसमीदियहि णिच्चंदवहिं[7] ।
सवणि[8] सहासें सहुं णिवहं जगबंधवहं ।
छट्ठुववासें तवु गहिउं अमरहिं महिउ । 10
भिक्खहि मुणि गउ रायगिहु विच्छिण्णछिहु[9] ।
वसहसेणरायस्स घरि थिउ पुण्णभरि ।
जं पासुयरु लद्धु जिह सं भोज्जु तिह ।

यह, सल्लकी लता के पल्लवदल की याद कर रहा है, वहाँ के शीतल नदी-सरोवर के जलों की याद कर रहा है, वह याद कर रहा है पर्वत की गेरुरज से व्याप्त हथिनी के सूड़ों का लाड़; वह याद कर रहा है शिशुगजों की क्रीड़ाएं एवं सूँड और तालवृक्ष के आंदोलन ।

घत्ता—इस प्रकार कहकर, उन्होंने गज को मुक्त कर दिया। वह अपनी इच्छा से विंध्याचल में कहीं भी चला गया। बाद में राजा ने स्वजनों और परिजनों के सामने कहा ॥6॥

(7)

जहाँ राजा भी समय के चक्र में पड़कर हाथी होते हैं वहाँ श्री को धारण करने से क्या ? जिनवर का तपश्चरण करना चाहिए, वन में प्रवेश कर और अपने मन को स्थिर कर। तब वहाँ लौकान्तिक देवों ने भी उनकी संस्तुति की। इन्द्र ने अभिषेक किया। राज्य को तिनका समझा, और विजय के लिए, सौंप दिया, अत्यंत शोभित अपराजित शिविका में बैठकर, वह गए। जिन, वृक्षों और लताओं से सघन नीलवन में उतरे, और वैशाख कृष्णा दसवीं के दिन (जब कि चन्द्रमा पथ से जा चुका था) श्रावण नक्षत्र में एक हजार जगबंधु राजाओं के साथ, छठा उपवास करके उन्होंने तप ग्रहण कर लिया। देवों ने उनकी पूजा की। स्पृहा से रहित वह भिक्षा के लिए राजगृह गए। वृषभराजा के पुण्य से परिपूर्ण घर में जाकर स्थित हो गए। जैसा प्राशुकतर भोजन

---

(7) AP करीइ। 2. A काणणु। 3. AP मणु थिरु। 4. AP कप्पिमउ। 5. A रुइराइ· K omits सुविराइयइ। 6. AP उवइण्णउ। 7. A णिच्चंदयहि। 8. A सवणसहासें। 9. A विच्छिण्णछुहु।

भुंजिवि पुणु तेत्थाउ गउ कयसुहिविजउ[10]।
खरतवतावें तत्ताहो[11] सुविरत्ताहो[12]। 15
णव झीणइं णिम्मच्छरइं संवच्छरइं।
आयउ पुणु तं तरुगहणु वम्महमहणु।
दिक्खारिक्खि पक्खि कहिए मासें सहिए।
णवमीदिणि चंपयहु तलि थिउ धरणियलि।
पोसहजुयलें गलियमलु हूयउ सयलु। 20
केवलविमलु अणंतयरु सुरखोहयरु।

घत्ता—कोमलकरयलघत्तियहिं[13] कुसुमहिं चित्तलंतु गयणंगणु॥
णं चित्तवट्टु[14] पसारियउ जलि थलि महियलि माइ ण सुरयणु॥7॥

8

सहसक्खें विरइउ समवसरणु उवविट्ठु भडारउ तिजगसरणु।
चरु अचरु असेसु वि जणहु कहइ तहिंपसु वि चारु चारित्तु वहइ।
जाया देवहु रिसिवित्तिअरुह अट्ठारह गणहर मल्लिपमुह।
बहदोअंगइं रिसि जे धरंति पंचसयइं ताहं वि वज्जरंति।
सिक्खुयहं सहासइं एक्कवीस तत्तिय केवलि ओहीविहीस[1]। 5
वइकिरियहं दुसहस दोसयाइं भुवणंतपसिद्धिहिं संगयाइं।

उन्हें मिला, उसे उन्होंने उसी प्रकार ग्रहण कर लिया। जिन्होंने सुधियों की विजय की है, ऐसे वह, वहाँ से भोजन करके चले गए। अत्यन्त प्रखर तप से संतप्त, और अत्यन्त विरक्त उनके ईर्ष्या से रहित नौ साल व्यतीत हो गए। फिर कामदेव का मंथन करने वाले वह वृक्षों से गहन उसी वन में आए। वैशाख कृष्णा नौवीं के दिन श्रवण नक्षत्र में चंपक वृक्ष के नीचे धरणी-तल पर बैठ गए। दो प्रोषधोपवासों से नष्टमल वह सम्पूर्ण अनन्तानन्त देवों को क्षोभ करनेवाले केवलज्ञान से पवित्र हो गए।

घत्ता—कोमल हाथों से फेंके गए पुष्पों के द्वारा आकाश के प्रांगण को चित्रित करता हुआ देव समूह धरती, जल और थल में नहीं समा सका, मानो चित्रपट फैला दिया गया हो। ॥7॥

(8)

देवेन्द्र ने समवसरण की रचना की। त्रिजग की शरण आदरणीय उसमें बैठे। वह चर-अचर अशेष जन से कहते हैं, वहाँ पशु भी सुन्दर चरित्र का आचरण करता है। देव के मुनि वृत्ति वाले योग्य मल्लि प्रमुख अठारह गणधर थे। जो बारह अंगों को धारण करते हैं वे पाँच सौ कहे जाते हैं। शिक्षक इक्कीस हजार थे, और इतने ही केवलज्ञानी थे। अवधिज्ञान के ईश और विक्रिया-ऋद्धि को धारण करनेवाले दो हजार दो सौ थे। भुवनान्तर में प्रसिद्धि को प्राप्त, तथा अपने नय से परमतों का विध्वंस करनेवाले, वादी मुनि बारह सौ थे। सूक्ष्म सांपराय का नाश

---

10. A सुहविजयो। 11. तत्तयहो। 12. A सुविरत्त यहो। 13. AP °घल्लियहिं। 14. AP चित्तवट्टु। 15. AP णहयलि।

(8) 1. A ओहीविसीस।

णियणयविद्धंसियपरसयाहं वाइहिं बारहसय संजयाहं ।
पणदहसय पुणु मणपज्जयाहं णासियसुप्पयरिउसंपयाहं ।
पण्णाससहासइं संजईहिं सावयह लक्खु हयदुम्मईहिं ।
मंदिरवयणारिहिं तिण्णि लक्ख सुर तिरिय असंख णिरुद्धसंख । 10
हिंडेप्पिणु[2] एव महीयलंति मासाउसेसि थिइ जीवियंति ।
फग्गुणतमदसमिहि सवणजोइ णिसि पच्छिमसंझहि मुक्ककाइ ।
रिसिसहसें सहुं संमेयकुहरि सिद्धउ थिउ जाइवि तिजगसिहरि[3] ।

घत्ता—अरसु अगंधु अवण्णमउ फाससद्दवाज्जिउ गयरूवउ ।।
मुणिसुव्वउ महुं दय करउ सुद्धु सिद्धु हुउ णाणसहावउ ।। 8 ।। 15

9

णिव्वुइ सुव्वइ जो णिज्जियारि इह जायउ महिवइ चक्कधारि ।
हरिसेणु णाम तहु तणउं चरिउं णिसुणह पवित्तु परिहरिवि दुरिउं ।
वरभारहवरिसि अणंततित्थि गंथियकुगंथबंधणबहित्थि[1] ।
णरपुरवरि णाहु णराहिरामु तउ करिवि हरिवि कलि कोहु कामु ।
सुविसालविमाणि[2] विमाणसारि संभूयउ अमरु सणक्कुमारि । 5
इह खेत्ति भोयपुरि दीहबाहु इक्खाउवंसि णिउ पउमणाहु ।
तहु देवि किसोयरि सुद्धसील अइरा एरावयगमणलील ।

करने वाले मनःपर्ययज्ञानी पन्द्रह सौ थे। आर्यिकाएँ पचास हजार थीं। श्रावक एक लाख थे। अपनी दुर्मति का नाश करनेवाली तथा मन्दिर का व्रत ग्रहण करनेवाली श्राविकाएँ तीन लाख थीं। देव असंख्यात और तिर्यंच संख्यात। इस प्रकार धरतीतल पर विहार कर, जब उनके जीवन की आयु एक माह बाकी रह गई, तो फागुन कृष्णा दसवीं के दिन श्रवण योग में रात्रि की पश्चिम संध्या में सम्मेद शिखर पर, मुक्तकाय वह एक हजार मुनियों के साथ, सिद्ध हो गए और त्रिजग के शिखर पर स्थित हो गए।

घत्ता—अरस, अगंध, अवर्ण, स्पर्श और शब्द से रहित और रूपरहित, मुनिसुव्रत तीर्थंकर; मुझ पर दया करें कि जो शुद्ध सिद्धि और ज्ञानस्वभाव हो गए हैं। ।।8।।

(9)

मुनिसुव्रत भगवान् के निर्वाण प्राप्त कर लेने पर, शत्रुओं को जीतनेवाला जो चक्रवर्ती राजा हुआ था उसका नाम हरिषेण था। अपने दुरित का नाश करने के लिए, तुम उसका पवित्र चरित्र सुनो। अनन्तनाथ के तीर्थकाल में उत्तम भारतवर्ष में, जो कुत्सित ग्रन्थों की रचना से मुक्त है, ऐसे नरपुरवर में मनुष्यों के लिए सुन्दर राजा तप कर तथा पाप, क्रोध और काम को दूर कर, विमानों में श्रेष्ठ विशाल नामक विमान में सनत्कुमार देव उत्पन्न हुआ। यहाँ भरतक्षेत्र में भोगपुर में दीर्घबाहु, इक्ष्वाकुवंशीय राजा पद्मनाभ था। उसकी, शुद्धचरित्र ऐरावत के समान

---

2. A महि डिंडेप्पिणु इस महियलंति । 3. A सिद्धसिहरि ।

(9) 1. A °कुगंथिबंधण° । 2. AP °विवाणि विवाण° ।

एयहुं सो सुरु अंगरुहु जाउ हेमाहु समाउयपरिमियाउ ।
हलक्खणु वीसधणुप्पमाणु कंतीइ चंदु तेएण भाणु ।
गउ तेण समउं पिउ पुहइवीरु[3] मणहरवणि णविवि अणंतवीरु । 10
रिसि हूयउ[4] पहु पंकरुहणाहु पुत्तें आयण्णिवि धम्म[5] साहु ।

घत्ता—लइयइं पंचाणुव्वयइं पंच[6] वि इंदियाइं णियमंतें ॥
आवेप्पिणु पुरु[7] रज्जि थिउ पुण्णपहावें कालें[8] जंतें ॥ 9 ॥

10

उप्पण्णउं पहरणु घरि रहंगु पविदंडु चंडु रिउदिण्णभंगु ।
णिहिसु तहिं जि धवलायवत्तु सिरिहरि कागणि मणि चम्मजुत्तु ।
जणणहु केवलसिरि देहु[1] पत्त एक्कहिं खणि तणएं णिसुय वत्त ।
जाइवि जिणु वंदिवि रसियवज्ज घरु आविवि विरइय चक्कपुज्ज ।
मंदिरवइ थवइ पुरोहु अवरु सेणावइ णिज्जियवीरसमरु[2] । 5
करितुरयणारिरयणाइं जाइं विज्जाहरेहिं दिण्णाइं ताइं ।
उल्लंघियाइं सायरजलाइं संसाहियाइं धरणीयलाइं ।
काराविय किण्णरखयरसेव वसिकय अणेय गणबद्धदेव ।

गमनलीला वाली अइर नाम की देवी थी। वह देव इन दोनों का पुत्र उत्पन्न हुआ। हेमाभ दस हजार वर्ष की आयु वाला। शुभ लक्षण उसका शरीर बीस धनुषप्रमाण था। वह कान्ति में चन्द्रमा और तेज में सूर्य था। पृथ्वीवीर पिता उसके साथ मनहर उद्यान में गया और अनन्तवीर को प्रणाम कर पद्मनाभ मुनि हो गया। पुत्र ने भी साधु धर्म सुनकर;

घत्ता—पाँच अणुव्रत ग्रहण कर लिये। तथा पाँचों इन्द्रियों का नियमन करते हुए, नगर में आकर राज्य में स्थित हो गया। पुण्य के प्रभाव से समय बीतने पर ॥9॥

(10)

उसे घर में प्रहरण चक्र उत्पन्न हुआ। शत्रुओं को घात देने वाला प्रचण्ड वज्रदण्ड, तलवार, वहीं पर धवल आतपत्र, भण्डार घर में कागणि चर्म युक्त मणि, पिता के शरीर को केवलश्री प्राप्त हुई। एक ही क्षण में पुत्र ने यह बात सुनी। जाकर जिन की वन्दना कर, तथा घर आकर जिसमें वाद्य बज रहे हैं, इस प्रकार चक्र की पूजा की। गृहपति, स्थपति, पुरोहित और जिसने वीर युद्ध जीता है ऐसा सेनापति, तथा जितने गज, तुरंग और नारीरत्न हो गए जो विद्याधरों ने दिये। उसने सागर जलों को पार किया और धरणीतलों को साध लिया। किन्नरों और विद्याधरों से

---

3. AP पुहइधीरु। 4. AP जायउ। 5. A धम्मलाहु। 6. P पंचेंदियाइं। 7. P omits पुरु। 8. A जंतें कालें।

(10) 1. A देहि। 2. A °धीरसमरु।

महि हिंडिवि खंडिवि वइरिमाणु आवेप्पिणु तं पुणु णिययठाणु ।
कत्तिइ णंदीसरि सरकयंतु अहिसिंचिवि अंचिवि अरुहु संतु । 10
उववासिउ छणवासरि पसण्णु जावच्छइ णिसि णरवइ णिसण्णु ।

घत्ता—इंदणीलणीलंगएण चंदबिंबु ता गिलिउं विडप्पें ॥
णहभायणयलि संणिहिउ घोट्टिउ दुद्धु व कसणें सप्पें ॥ 10 ॥

11

णं ढंकिउ अलिजूहेण कमलु णं पावें सुक्किउ छइउ विमलु ।
संणिहिय विहाएण व विवित्ति मयणाहि धोयकलहोयवत्ति[1] ।
चिंतइ पहु[2] विहु गहगत्थु जेम कालें कउलेवउ हउं मि तेम ।
लइ जामि हणमि दुक्कम्मजोणि [3]महसेणहु ढोइवि सयलखोणि ।
गउ पुहइणाहु वेरग्गभूरि सिरिमंतसेलि सिरिणायसूरि । 5
पणवेप्पिणु लइयउ तवोविहाणु तसथावरजीवहं अभयदाणु ।
सें दिण्णउं जीवदयालुएण गिरिसिहरि सुइरु लंबियभुएण ।

सेवा कराई; अनेक गणबद्ध देवों को वश में किया। धरती पर परिभ्रमण कर बैरियों के मान का खंडन कर, कार्तिक मास को (अष्टाह्निका में) नंदीश्वर पर्व में कामदेव के शत्रु सन्त अर्हत् का अभिषेक और पूजा कर पूर्णिमा के दिन उपवास कर, राजा जब रात्रि में बैठा हुआ था—

घत्ता—इन्द्रनील के समान नीले शरीर वाले राहु ने चन्द्र बिम्ब को ऐसे निगल लिया, जैसे आकाश रूपी पात्र के तल में रखे हुए दूध को काले साँप ने पी लिया हो ॥10॥

(11)

मानो भ्रमर समूह ने कमल को ढक लिया हो, मानो पाप ने विमल पुण्य को आच्छादित कर लिया हो, मानो विधाता ने गोल-गोल धुले हुए चाँदी के पात्र में कस्तूरी को रख लिया हो। राजा सोचता है—जिस प्रकार चन्द्रमा राहु से ग्रस्त है, उसी प्रकार मैं भी काल से कवलित होऊँगा। लो मैं जाता हूँ और दुष्कर्मों की परंपरा का अन्त करता हूँ। महिसेन को समस्त भूमि देकर, वैराग्य से प्रचुर राजा चला गया। उसने सीमंत पर्वत पर श्रीनाग मुनि को प्रणाम कर तप-विधान अंगीकार कर लिया। उसने त्रसस्थावर जीवों को अभयदान दिया। जीवों के प्रति दयालु वह गिरि के शिखर पर बहुत समय तक, हाथ लम्बे कर सूर्य किरणों का भयंकर ताप सह-

---

(11) 1. A कलहोयपत्ति। 2. A इहु। 3. AP महिसेणहु।

विसहेवि[4] भीमु रविकिरणलाउ विद्ध सिवि मिच्छामोहभाउ ।
तवदंसणणाणचरित्तरिद्धि आराहिवि गउ सव्वत्थसिद्धि ।

घत्ता—हरिसेणहु भरहाहिवहु अहमिंदत्तणु तं तहु सिद्धउं ॥ 10
दिव्वसोक्खसंदोहयरु जं ण पुप्फदंतेहिं वि लद्धउं ॥11॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे मुणिसुव्वयणिव्वाणं[5] हरिसेण-कहंतरं णाम अट्ठसट्ठिमो परिच्छेओ समत्तो[6] ॥68॥

कर मिथ्या मोहभाव का नाश कर, तप-दर्शन-ज्ञान और चरित्र ऋद्धि की आराधना कर सर्वार्थ-सिद्धि को पा गया।

घत्ता—हरिषेण और उस भरत राजा को वह अहमेन्द्रत्व सिद्ध हुआ, दिव्य सुख समूह को करने वाला जो सुख नक्षत्रों को भी प्राप्त नहीं हो सका ॥11॥

त्रेसठ महापुरुषों के गुणालंकारों से युक्त महापुराण में महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य का मुनिसुव्रत-निर्वाण हरिषेणकथांतर नाम का अड़सठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥68॥

---

4. P विसहेवि मुणिवरु रवि°। 5. A °णिव्वाणगमणं। 6. P adds another पुष्पिका: मुणिसुव्वय-जिणदसमचक्कवट्टि हरिसेण एतच्चरियं सम्मत्तं; K gives it in the margin in second hand.

एक्कूणहत्तरिमो संधि

मुणिसुव्वयजिणतित्थि तोसियसुररामायणु ।।
हरिहलहरगुणथोत्तु जं जायउं रामायणु ।।छ।।

(1)

णियबुद्धिपवित्थरु[1] णउ रहमि लइ तं पि किं पि एवहिं कहमि ।
णिव्वाहमि भरहब्भत्थियउं[2] परिपालमि पडिवण्णउं थियउं ।
कलिकालें सुट्ठु गलत्थियउ जणु दुज्जणु अण्णु वि दुत्थियउ । 5
सामग्गि ण एक्क वि अत्थि महु किर कवण[3] लीह चिरकइहिं[4] सहुं ।
कइराउ सयंभु महायरिउ सो स[5]यणसहासहिं परियरिउ ।
चउमुहहु चयारि मुहाइं जहिं सुकइत्तणु सीसउ[6] काइं तहिं ।
महु एक्कु तं पि मुहुं खंडियउं विहिणा पेसुण्णउं मंडियउं ।
महं छंदु ण लक्खणु भावियउं अप्पउं जणि हासउ पावियउं । 10

उनहत्तरवीं संधि

मुनिसुव्रत जिन तीर्थंकर के काल में देवांगनाओं को संतोष देनेवाला तथा नारायण और बलभद्र के गुणों के स्तोत्र से युक्त जो रामायण हुआ ।

(1)

अपनी बुद्धि के विस्तार से नहीं चूकते हुए, मैं उसे कुछ इस समय कहता हूँ । मैं भरत के द्वारा अभ्यर्थित का निर्वाह करता हूँ, और जो मैंने स्वीकार किया है उसका मैं पालन करता हूँ। मैं कलिकाल से अत्यन्त पीड़ित हूँ । लोग दुर्जन हैं, और मैं हीन स्थिति में हूँ । मेरे पास एक भी सामग्री नहीं है । मैं प्राचीन कवियों की पंक्ति में कैसे आ सकता हूँ ? एक महा आदरणीय कविराज स्वयंभू थे जो हजारों स्वजनों से घिरे हुए थे । एक चतुर्मुख थे, जिनके चार मुख थे। ऐसी स्थिति में मैं अपना सुकवित्व किस प्रकार कहूँ ? मेरा एक ही मुख है। वह भी खंडित। विधाता ने मेरे साथ दुष्टता की । न तो मैंने छंदशास्त्र का और न लक्षणशास्त्र का विचार किया है । मैंने लोगों में उपहास पाया है । यद्यपि पण्डितों के हृदय में मैं प्रवेश नहीं कर पाऊँगा फिर भी

---

1. 1. P °बुद्धिइ वित्थरु । 2. P भरहअब्भत्थियउ । 3. P कमण । 4. AP चिरु कइहिं । 5. A सुयणसहासें; P सुयणसहासेहिं । 6. P सीसइ ।

बुहहियवइ जइ वि ण पइसरमि घिट्ठत्तें तइ वि कव्वु करमि ।
महु खमउ भडारी विउससह आयण्णहु रहुवइरायकह ।

घत्ता—सुकइपयासियमग्गि मणि दहमुहु वि चमक्कइ[7] ॥
रामधम्मगुणसद्दि अमुहु[8] पिसुणु कहिं ढुक्कइ ॥1॥

2

जिणचरणकमलभसलें[1] झुणिउं मइं एउ[2] णिरत्थु वि रुणुरुणिउं ।
सुहपेसलु कण्णविइण्णसुहु वियसावियमाणिणिडिंभमुहु ।
सइ[3] लग्गइ चित्ति वियक्खणहु जसु रामहु पोरिसु लक्खणहु ।
वइदेहिसइत्तणु भूसियउं जलबिंदु व पोमपत्ति[4] थियउं ।
मुत्ताहलवण्णु समुव्वहइ आसयगुणेण कव्वु वि सहइ ।
जं विरइउं मंदमंदमईहिं अम्हारिसेहिं जगि जडकईहिं ।
जं जगि पसिद्धु सीयाहरणु जं अंजणेयगुणवित्थरणु ।
जं विडसुग्गीवरायमरणु जं तारावइअब्भुद्धरणु ।
जं लवणसमुद्दसमुत्तरणु[5] जं णिसियरवंसहु खयकरणु ।

धृष्टता से काव्य की रचना करता हूँ। आदरणीय विद्वत्-सभा मुझे क्षमा करे। अब रघुपतिराज की कथा सुनिए।

घत्ता—सुकवियों के द्वारा प्रकाशित (सुकइ-सुकपि, सुकवि) मार्ग में रावण भी मन में डरता है, तथा राम के धनुष की डोर के शब्द वाले उस मार्ग में, खरदूषण आदि दुष्ट कैसे आ सकते हैं? (कवि का अभिप्राय यह है कि रामायण काव्य लेखन का मार्ग बड़े-बड़े कवियों द्वारा प्रकाशित है। उसमें राम के धर्म और धनुष का वर्णन है, अतः उसमें दुष्टों की पहुँच का प्रश्न नहीं उठता)।

(2)

जिन भगवान् के चरणकमलों के भ्रमर द्वारा कहा गया यह (काव्य) मैंने व्यर्थ गुन-गुनाया। राम का यश और लक्ष्मण का पौरुष सुनने में मधुर कानों को सुख देने वाला तथा मानिनी स्त्रियों के शिशु मुख को विकसित करने वाला स्वयं विद्वानों के चित्त को खींच लेता है। इसमें सीता देवी का भूषित सतीत्व है। जिस प्रकार कमल (पद्मपत्र) पर स्थित पानी की बूंद मोती के सौंदर्य को धारण करती है, उसी प्रकार, पद्म पत्र (राम रूपी पात्र) पर अवलंबित मेरा काव्य, अक्षय गुण से शोभित होता है, हम जैसे अत्यन्त मन्द बुद्धिवाले जड़ कवियों ने जो राम काव्य की रचना की है, जग में जो सीता का हरण प्रसिद्ध है, जो हनुमान के गुणों का विस्तार है, जो कपटी सुग्रीव का मरण है, और जो सुग्रीव (तारापति) का उद्धार है, जो लवण-समुद्र का संतरण है, और जो निशाचर वंश का क्षय करने वाला है—

7. P चमक्कवइ । 8. A समुहु ।

(2) 1. AP °भमरें । 2. AP एत्थु । 3. A लइ । 4. P पोमवत्ति । 5. A °समुद्दहं उत्तरणु ।

घत्ता—भरहहु भत्तिभरासु[6] बहुरसभावजणेरउं ॥
तं आहासमि जुज्झु रावणरामहु[7] केरउं ॥2॥

3

जिणचरणजुयलसंणिहियमइ   आउच्छइ पहु मगहाहिवइ ।
णिरु संसयसलिलउं मज्झु मणु   गोत्तमगणहर मुणिणाह भणु ।
किं दहमुहु सहुं दहमुहहिं हुउ   किर[1] जम्में गरुयउ तासु सुउ ।
जो[2] सुम्मइ भीसणु अतुलबलु   किं रक्खसु किं णरु मणुउ[3] खलु ।
किं अंचिउ तेण सिरेण हरु   किं वीसणयणु किं वीसकरु ।
किं तहु मरणावहु रामसरु   किं दीहर थिर सिरिरमणकर ।
सुग्गीवपमुह णिसियासिधर   किं वाणर किं ते णरपवर ।
किं अज्जु वि देव विहीसणहु   जीविउ ण जाइ जमसासणहु ।
छम्मासइं णिद्द[4] णेय मुयइ   किं कुंभयण्णु घोरइ सुयइ ।
किं महिससहासहिं धउ लहइ   लइ लोउ असच्चु सव्वु कहइ ।
वम्मीयवासवयणेहिं णडिउ   अण्णाणु कुम्मग्गकूवि पडिउ ।

घत्ता—गोत्तम पोमचरित्तु[5] भुवणि पवित्तु पयासहि ॥
जिह सिद्धत्थसुएण दिट्ठउं तिह महुं भासहि ॥3॥

घत्ता—और जो भक्ति से भरे भरत के लिए अनेक रसों और भावों को उत्पन्न करने वाला है, ऐसे उस रावण-राम के युद्ध का मैं कथन करता हूँ।

(3)

जिन भगवान् के चरणकमलों में अपनी बुद्धि को स्थिर करता हुआ मगधराज श्रेणिक पूछता है, "मेरा मन संशय से अत्यन्त पीड़ित है। इसलिए हे मुनियों के स्वामी गौतम गणधर, मुझे बताइये कि क्या रावण दस मुखों के साथ उत्पन्न हुआ था? क्या जन्म से ही उसका पुत्र इन्द्रजीत उससे बड़ा था? जो भीषण अतुल बल वाला सुना जाता है, क्या वह राक्षस था या दुष्ट मनुष्य? क्या उसने अपने सिरों से शिव की पूजा की थी? क्या उसके वीस नेत्र व वीस हाथ थे? क्या राम के तीर उसके मरण के कारण थे या लक्ष्मी का रमण करनेवाले लक्ष्मण के लम्बे स्थिर हाथ उसका वध करने वाले थे तथा पैनी तलवार धारण करनेवाले सुग्रीव आदिजन क्या बंदर थे या कि नरश्रेष्ठ? हे देव, आज भी विभीषण का जीव यम शासन में नहीं जाता। क्या कुम्भकर्ण इतनी घोर नींद में सोता है कि छह महीने तक नींद नहीं छोड़ता? क्या वह हजारों भैंसों से भी तृप्ति को प्राप्त नहीं होता? लो सब लोग असत्य कहते हैं। वाल्मीकि और व्यास जैसे कवियों से प्रवंचित होकर अज्ञानी लोग कुमार्ग के कुएँ में पड़ते हैं।

घत्ता—हे गौतम, इस संसार में आप पवित्र पद्मचरित्र को प्रकाशित कीजिए। सिद्धार्थ सुत (महावीर) ने जिस प्रकार से देखा है, वैसा मुझे बताइए।

---

6. P भत्तियरासु। 7. AP रामण°।

(3) 1. P किं जम्में। 2. AP सो सुम्मइ। 3. A मणुवखलु। 4. AP णेय णिद्द। 5. APT पउमं°।

4

ता इंदभूइ गंभीरझुणि सेणियरायहु कह[1] कहइ मुणि।
इह भरहि भवावहारिणिलइ[2] फुल्लियकणयारबउलतिलइ[3]।
मायंदगोंदगोंदलियसुइ[4] महमहियकलमकेयारजुइ[5]।
णिप्पीलिउच्छुरससलिलवहि[6] संतुट्ठपुट्ठपंथियणिवहि।
मलरहिय मलयदेसंतरइ रयणउरि भवणरुइहयसरइ।
तहि वसइ पयावइ पयधरणु जें दंडें जित्तउ जमकरणु।
जें सत्थें जित्त सरासइ वि जें बुद्धिइ[7] जित्तउ भेसइ वि।
जें रिद्धिइ जित्तउ सुरवइ वि जें भोएं[8] जित्तउ रइवइ वि।
तहु रायहु णयणसुहावणिय णं बाणावलि मयणहु तणिय।
रूवेण सरिच्छी उव्वसिहि गुणवंत कंत कंति व ससिहि।
सुउ चंदचूलु चंदु व उइउ सिसुमंति मित्तु तेण वि लइउ।

घत्ता—सो विजयंकु पसिद्धु[9] णं ससिरवि गयणंगणि ॥
बेण्णि वि सह खेलंति बद्धणेह घरपंगणि ॥4॥

(4)

तब गंभीर स्वर वाले गौतम गणधर मुनि राजा श्रेणिक से कथा कहते हैं—भव का नाश करने वालों (सर्वज्ञों) के स्थानभूत इस भरतक्षेत्र में, जिसमें कनेर, बकुल और तिलक के वृक्ष खिले हुए हैं, जहाँ आम्र वृक्ष समूह पर तोते बोल रहे हैं, जो महकते हुए धान के खेतों से युक्त हैं। जहाँ पेरे जाते हुए गन्नों के रसों के सलिलपथ (प्याउ) हैं, जहाँ पथिकजन संतुष्ट और पुष्ट हैं, ऐसे मलरहित मलय देश के, अपने भवनों की कान्ति से शरद की शोभा का अपहरण करने वाला रत्नपुर नगर है। उसमें प्रजापति राजा निवास करता है, जिसने दण्ड के बल पर यमकरण को जीत लिया था, जिसने शास्त्र से सरस्वती को भी जीत लिया, जिसने बुद्धि से बृहस्पति को भी जीत लिया, जिसने ऋद्धि से इन्द्र को भी जीत लिया, जिसने भोग में कामदेव को भी जीत लिया, ऐसे उस राजा की नेत्रों को सुहावनी लगने वाली रानी थी, जो मानो कामदेव की बाण-वलि थी। रूप में वह उर्वशी के (समान) थी। वह गुणवती कान्ता, चन्द्रमा की कान्ति के समान थी। उसका चन्द्र के समान चन्द्रचूल पुत्र उत्पन्न हुआ। उसे भी शिशु मन्त्री पुत्र मित्र के रूप में मिला।

घत्ता—आकाश में चन्द्रमा के समान वह विजय नाम से प्रसिद्ध था। परस्पर बद्धस्नेह वे दोनों घर के आँगन में खेलते थे।

(4) 1. AP सइं। 2. A भवावहारि। 3. A °कणियार°। 4. A मायंदगोच्छ°; P मायंदगोंदि°। 5. A केयारहुए। 6. A °उच्छु°। 7. A बुद्धें। 8. P रूएं। 9. P omits पसिद्धु।

5

तरुणीकडक्खोहविक्खेवमूढाइ[1] जोव्वणसिरीए सरीराहिरूढाइ ।
णिण्णट्ठदप्पिट्ठणिविकट्ठतुट्ठीइ[2] घोराण जाराण चोराण गोट्ठीइ ।
णं तावसा के वि अरहंतदिक्खाइ ते बे वि ण चरंति रायस्स सिक्खाइ ।
अण्णम्मि तव्वासरे[3] तम्मि णयरम्मि णिद्धणजणे दिण्णबहुदविणणियरम्मि ।
गोसमवणिदेण वइसवणघरिणीइ जायस्य कलहस्स णं चारुकरिणीइ ।
विण्णाणवंतस्स संसारसारस्स सिरिदत्तणामस्स वणिवरकुमारस्स ।
करधरियभिंगारचुयवारिधारेण णियधीय रमणीय दिण्णा कुबेरेण ।
बालेण बालालयं झ त्ति गंतूण णमिऊण[4] जय देव देव त्ति वोत्तूण ।
केणावि पावेण रइरहसजुत्तीइ रूवं वरं वण्णियं वणियउत्तीइ ।
रेहंतराईवदलदीहणेत्ताइ तीं[5] संणिहा का कुबेराइदत्ताइ ।
तं सुणिवि सिरु धुणिवि विद्धंत्थधम्मेण[6] संचरिवि वियडं तुरं कूरकम्मेण ।
वणिभवणि पइसरिवि बहुसहसहाएण[7] हित्ता कुमारी धरणाहजाएण ।
रोवंति वेवंति वरइत्तहत्थाउ णट्ठाउ[8] णारीउ विलुलंतवत्थाउ ।

घत्ता—णिव परिताहि भणंत[9] पुरि अण्णाउ कुमारहु ॥
गय तरुसाहाहत्थ वणिवर रायदुवारहु ॥5॥

(5)

युवतियों के कटाक्षों-समूह के विक्षेप से मूढ़ यौवनश्री के शरीर पर अभिरूढ़ होने पर (युवक होने पर) तरुणियों के कटाक्षों के विक्षेप से विवेकशून्य, शरीर को आक्रान्त करने वाली यौवन रूपी लक्ष्मी, नष्ट दर्प से भरी निकृष्ट तुष्टि तथा भयंकर विटों और चारों ओर की गोष्ठी (संगति) के कारण वे दोनों, राजा की शिक्षाओं का आचरण नहीं करते थे। उसी प्रकार, जिस प्रकार कोई तपस्वी अरहंत की शिक्षा का आचरण नहीं करते। एक दूसरे दिन उसी नगर में, जिसमें निर्धन लोगों को प्रचुर धन समूह दिया गया है, गौतम सेठ की वैश्रवणा गृहिणी से पुत्र उत्पन्न हुआ मानो सुन्दर हथिनी से बच्चा उत्पन्न हुआ हो। विज्ञान से युक्त संसार में श्रेष्ठ श्रीदत्त नाम के उस वणिक कुमार को कुबेर नाम के सेठ ने हाथ में धारण किये गए भिंगार के गिरते हुए पानी की धारा के साथ अपनी सुन्दर कन्या दी। किसी मूर्ख ने शीघ्र बालक चन्द्रचूल के घर जाकर जयदेव-जयदेव कहकर नमस्कार किया। तब रति के वेग से युक्त उस वणिक्पुत्री के श्रेष्ठ रूप का वर्णन किया। शोभित कमलदल के समान दीर्घ नेत्रों वाली कुबेर दत्ता के समान कोई भी स्त्री नहीं है। यह सुनकर धर्म को ध्वस्त करनेवाले उस क्रूरकर्मा चन्द्रचूल ने अपना सिर पीटा और शीघ्र ताबड़-तोड़ जाकर सेठ के घर में प्रवेश कर अनेक समर्थ सहायों के साथ उस राजा के

(5) 1. A कडक्खंबविक्खोह ; P °कडक्खोहविक्खेव° 2. A वुड्ढीइ। 3. AP ता वासरे। 4. A णविऊण। 5. A थी संणिहा। 6. A विद्धत्थकामेण। 7. A °सहावेण। 8. P नट्ठाउ। 9. AP भणंता।

6

आउच्छिउ राएं पउरयणु विण्णवइ णवंतु तसंततणु[1]।
तुह तणुरुहु परदविणइं हरइ परिणियउं कलत्तु ण उव्वरइ।
पइसरउ[2] भडारा वियणु वणु अण्णेत्तहि जीवउ जाउ जणु।
ता राएं पुरवरतलवरहु आएसु दिण्णु असिवरकरहु।
सिरकमलु विलुंचवि णिट्ठुरहु पेसहि तणुरुहु वइवसपुरहु।
अण्णाणु णायविद्धंसयरु खलु सो[3] किं वुच्चइ रज्जधरु।
जो दुट्ठु कट्ठु णिद्धम्मयरु सो खंडमि हउं अप्पणउं करु।
हियउल्लउं दुक्खें सल्लियउं ता पउरें मंतिहिं[4] बोल्लियउ।

घत्ता—णंदणु हणहुं ण जुत्तउं जइ सो मणहु ण रुच्चइ॥
गिरिदुग्गमि कंतारि तो[5] दूरंतरि मुच्चइ॥6॥

7

पहु भणइ जाउ किं तेण महुं हउं णंदमि चिरु धम्मेण सहुं।
गुणदूसणु अप्पपसंसणउं तवदूसणु मिच्छादंसणउं।

पुत्र ने वर के हाथ से रोती और काँपती हुई उस त्रस्त कुमारी का हरण कर लिया।

घत्ता—तब अपने हाथ में वृक्ष की डालें लेकर वणिक्वर राजद्वार पर पहुँचे यह कहते हुए कि कुमार के अन्याय से नगरी की रक्षा कीजिए।

(6)

पौरजन से राजा ने पूछा। काँपते हुए शरीर से नमस्कार करते हुए एक पौरजन बोला: "तुम्हारे पुत्र दूसरों के धन का अपहरण करते हैं, यहाँ तक कि विवाहित स्त्रियाँ भी उन से नहीं बचती हैं। हे आदरणीय जन (लोग), या तो विजन वन में प्रवेश करें या अन्यत्र जाकर जीवित रहें।" तब राजा ने हाथ में तलवार धारण करने वाले नगर कोतवाल को आदेश दिया कि उस निष्ठुर का सिरकमल काटकर पुत्र को यम नगर भेज दो। जो अज्ञानी न्याय का नाश करने वाला है, वह दुष्ट है, उसे राज्यधर क्यों कहा जाता है? जो दुष्ट निंदनीय और अधर्म करने वाला है उसे मैं हाथ से नष्ट करूँगा। उसका हृदय दुःख से पीड़ित हो उठा। इस बीच नगरप्रमुख और मंत्रियों ने कहा—

घत्ता—बेटे को मारना अच्छा नहीं। भले ही वह मन को अच्छा नहीं लगे। पहाड़ों से दुर्गम दूर जंगल में उसे छोड़ दिया जाए।

(7)

राजा कहता है: वह मेरा पुत्र है, इससे मुझे क्या? मैं चिरकाल तक धर्म से आनन्दित रहूँगा। अपनी प्रशंसा करना गुण के लिए दूषण है। मिथ्यादर्शन तप का दूषण है। नीरस प्रदर्शन करना

---

(6) 1. AP तसंतमणु। 2. A परसरणु; P पइसरह। 3. P किं सो। 4. A महिवइ। 5. A ता।

णडदूसणु णीरसपेक्खणउं[1] कइदूसणु कव्वु अलक्खणउं।
धणदूसणु खलखलयणभरणु[2] वयदूसणु असमंजसमरणु[3]।
रइदूसणु खरभासिणि जुवइ सुहिदूसणु पिसुणु विभिण्णमइ।
सिरिदूसणु जडु सालसु णिवइ जणदूसणु पाउ पत्तकुगइ।
गुरुदूसणु णिक्कारणहसणु[4] मुणिदूसणु कुसुइससमब्भसणु।
ससिदूसणु मिगमलु मसिकसणु कुलदूसणु णंदणु दुव्वसणु।
घत्ता—लइ जं तुम्हहं इट्ठु मइं वि[5] तं जि पडिवण्णउं॥
जाइवि कुलवुड्ढेहिं बालहं उत्तरु दिण्णउं॥7॥

8

किं परकलत्तु उद्दालियउं उज्जलु अप्पाणउं मइलियउं।
किं बप्प सुदप्प कुसंगु किउ[1] परयारचोरकीलाइ थिउ।
कुद्धउ पिउ एवहिं को धरइ तुम्हारउं जीविउ अवहरइ।
तं णिसुणिवि सिसु चवंति गहिरु अत्थंतु[2] णिवारइ को मिहिरु।
को रक्खइ आवंतउं मरणु जगि कासु ण ढुक्कइ जमकरणु।
कु वि अग्गइ कु वि पच्छइ मरइ वइवसदंतंतरि पइसरइ।
मंतीसें [3]करपल्लवधरिया सुय बेण्णि वि किंकरपरियरिया।
तरुवरविलग्गचलदवदड्ढहणि पइसारिय बेण्णि वि गिरिगहणि।

नट का दूषण है। व्याकरण से शून्य काव्य कवि का दूषण है। कुटिल और दुष्ट लोगों का पालन करना धन का दूषण है। संदेह (शल्य) के साथ मरना व्रत का दूषण है। दुष्ट बोलना नव-युवती की रति (प्रेम) का दूषण है। कुगति को प्राप्त करने वाला पाप लोगों का दूषण है। अकारण हँसना गुरु का दूषण है। खोटे शास्त्रों का अभ्यास करना मुनि का दूषण है। और काला मृग-चिह्न चन्द्रमा का दूषण है, और दुर्व्यसनी पुत्र कुल का दूषण है।

घत्ता—तो जो तुम लोगों को अच्छा लगे वही मैंने स्वीकार किया। तब कुलवृद्धों ने जाकर बालकों को उत्तर दिया।

(8)

तुमने दूसरे की स्त्री का अपहरण क्यों किया? तुमने उज्ज्वल अपने को कलंकित किया है। घमंडी, तुमने खोटी संगति क्यों की? दूसरों की स्त्रियों के दिलों को चुराने की क्रीड़ा में तुम क्यों लगे? तुम्हारे पिता इस समय क्रुद्ध हैं, उन्हें कौन रोक सकता है, वह तुम्हारे जीवन का अपहरण करेंगे? यह सुनकर कुमार गंभीर स्वर में कहता है कि डूबते हुए सूर्य को कौन बचा सकता है? आती हुई मौत से कौन बच सकता है? संसार में रोग किसके पास नहीं पहुँचता? कोई आगे और कोई पीछे मरता है। इस प्रकार यम की डाढ़ के नीचे प्रवेश करता है। मंत्री अनुचरों से घिरे हुए दोनों पुत्रों का हाथ पकड़कर उन्हें बड़े-बड़े वृक्षों में लगी हुई चंचल दावाग्नि से जलते हुए गहन वन में ले गया। गणनाथ के मुखिया कामदेव का बल नष्ट करने वाले गणनाथ-

(7) 1. AP णीरसु। 2. A सह खलयर°। 3. AP असमंजसु। 4. A °भसणु। 5. A जि।
(8) 1. A सदप्पु। 2. A उदयंतु। 3. AP °पल्लवि धरिया।

गणणाहहु हयवम्महबलहु दक्खविय णवंत[4] महाबलहु।
रायागमणायवियाणएण कुच्छियमइ धाडिय राणएण।
परमेसर ए णर भव्व जइ वर एवहिं तुहुं उद्धरहि तइ।
घत्ता—दुम्मइमलमइलेहिं कुंअरिहिं[5] कहिं जाएवउं॥
भणि भडारउ [6]भयवंत एहिं काइं पावेवउं॥8॥

9

मुणि भणइ एत्थु दिहि[1]करिवि तवे होंहिंति सीरि हरि तइयभवे।
णामेण रामलक्खण विजई तं णिसुणिवि जाया तरुण जई।
गउ मंति णिहेलणु[2] पय णवइ णरणाहहु वइयरु विण्णवइ।
वसुहाहिव तणुरुह गिरिविवरि आरण्णि णिहिय वणवासिघरि।
कासु वि सकम्मउग्गुग्गमहो[3] तणुदुक्खलक्खविहिसंगमहो[4]।
विसहावियदंडण[5]मुंडणाइं[6] पंचिंदियदप्पविहंडणाइं[7]।
णिवणयणइं मुक्कंसुयजलइं ओसासित्ताइं व सयदलइं।
हा हा मइं रूसिवि किं कियउं किं बालजुयलु दुक्खें हयउं।
अइरहसें किज्जइ कज्जरइ जा सा णिद्दहइ[8] ण कासु मइ।
मणु मंतें परियाणिवि पइहिं अक्खिउ जिह पासि णिहिय जइहिं।

मुनिनाथ महाबल को नमस्कार करते हुए उसने उन्हें दिखाया और कहा कि हे परमेश्वर, राजनीति-शास्त्र के न्याय को जानने वाले राजा ने दुष्ट बुद्धि वाले इन दोनों कुमारों को निकाल दिया है। यदि ये दोनों भव्य जीव हों तो इस समय आप इनका उद्धार करें।

घत्ता—दुर्मति के मल से मैले ये कुमार कहाँ जायेंगे? हे भगवन्, आप बताइये कि ये किस भव्यता को प्राप्त होंगे (इनका भविष्य क्या होगा)?

(9)

मुनि कहते हैं कि ये यहाँ दीर्घ तप करके तीसरे भव में बलभद्र और नारायण होंगे। राम और लक्ष्मण के नाम से विजेता। यह सुनकर, वे दोनों युवा मुनि हो गए, मंत्री घर गया। वह राजा के चरणों में प्रणाम कर वृत्तान्त बताता है कि हे राजन्, दोनों कुमारों को पहाड़ के विवर में एक जंगल में वनवासी के घर छोड़ दिया गया है। शरीर के लाखों दुःखों और भाग्य के संगम से अपने कर्मों के उग्र उदय के कारण कोई भी व्यक्ति जिसमें दंड और मुंडन सहा गया है, ऐसे पाँचों इन्द्रियों के दर्प के विखंडनों को भोगता है। राजा की आँखें अश्रु-धारा छोड़ती हुई ओस से भीगे हुए कमल दल के समान मालूम होती थीं (वह विलाप करने लगा) कि मैंने क्रुद्ध होकर यह क्या किया! क्यों मैंने अपने दोनों बच्चों को दुःख से मार डाला! जो कार्य में अत्यंत जल्दबाजी करती है, ऐसी वह बुद्धि किसे नहीं जलाती! राजा के मन को जानकर

---

4. AP णमंत। 5. AP कुमरहिं। 6. P भयवंतहिं।

(9) 1. P विहि। 2. A णिहेलणि पइ। 3. A °उग्गागमहो। 4. A °दिहि°। 5. AP दंडण°। 6. P मुंडणहो। 8. AP णिड्डहइ।

जिह दोहिं मि लइयउं तवचरणु ता जायउं तायहु सिसुकरुणु।
कोमलतणु णीसारिवि घरहु णंदण पट्ठविवि[9] वणंतरहु।

घत्ता—डहु बुहणिंदिरु रज्जु रज्जु जि पाउ णिरुत्तउं॥
रज्जमएण पमत्तउ[10] ण सुणइ[11] जुत्ताजुत्तउं॥9॥

10

णियगोत्तिउ[1] णियकुलि संणिहिउ वणु जाइवि राएं तवु गहिउ।
भरहेण व अहिवंदिवि रिसहु पणवेवि महाबलु मुणिवसहु।
गउ मोक्खहु अक्खयसोक्खमइ थिउ णाणदेहु णिव्वाणपइ।
खग्गउरहु बाहि कयधम्मकिसि आयावणजोएं बालरिसि।
थिय जइयहुं तइयहुं महि जिणिवि महुसूयणु समरंगणि हणिवि।
सुप्पहु पुरिसोत्तम दिट्ठ[2] पहि ससिचूलें चिंतिउं हियवरहि।
दीसइ णरणाहहु जेरिसउं महु होउ पहुत्तणु तेरिसउं।
मुउ[3] सणकुमारु[4] हुउ रिसि विजउ सुरु णामु सुवण्णचूलु सदउ।
कमलप्पहि विमलविमाणवरि णिवतणउ मणिप्पहि अमरघरि।
मणिचूलु देउ जायउ पवरि कलहंसु व विलसइ कमलसरि।

मंत्री ने उसे यह बताया कि किस प्रकार उसने मुनि के पास बालकों को रख दिया है और किस प्रकार दोनों ने तप आचरण स्वीकार कर लिया है। यह सुनकर पिता को बालकों के प्रतिकरुणा उत्पन्न हो गई। वह कहता है कि कोमल शरीर वाले पुत्रों को घर से निकालकर वन के भीतर मैंने भेजा दिया!

घत्ता—पंडितों की निन्दा करनेवाले राज्य का नाश हो। निश्चय ही राज्य एक पाप है। राजमद में पागल होकर व्यक्ति अच्छे-बुरे का विचार नहीं करता।

(10)

अपने गोत्र के व्यक्ति को कुल परम्परा में स्थापित कर राजा ने वन में जाकर तप ग्रहण कर लिया और जिस प्रकार भरत ने ऋषभ तीर्थंकर की अभिवंदना कर दीक्षा ग्रहण की थी उसी प्रकार मुनिश्रेष्ठ महाबल को प्रणाम कर उसने भी दीक्षा ग्रहण की। अक्षय सुमति वाला वह मोक्ष चला गया तथा ज्ञानशरीर वह निर्वाण पद पर स्थित हो गया। खड्गपुर के बाहर धर्म की खेती करनेवाले बाल-ऋषि आतापन योग से जब स्थित थे तब उन्होंने धरती जीतकर तथा युद्ध के प्रांगण में मधुसूदन को मारकर जानेवाले सुप्रभ और पुरुषोत्तम को रास्ते में देखा तो चन्द्रचूल अपने मन में सोचने लगा, जिस प्रकार की प्रभुता इस नरनाथ को दिखाई देती है मेरी भी वैसी प्रभुता हो। विजय मुनि मरकर सनत् कुमार स्वर्ग में स्वर्णचूल नाम का दयालु देव हुआ। कमलप्रभ नाम के विमल श्रेष्ठ विमान में तथा राजपुत्र (चन्द्रचूल) मणिप्रभ देव विमान में मणिचूल नाम का देव हुआ। वह ऐसे मालूम होता था जैसे कमल सरोवर में कलहंस शोभित हो रहा हो।

9. A पट्ठविय। 10. AP पमत्तु। 11. AP मुणइ।
(10) 1. AP णियणत्तिउ। 2. A दिट्ठि। 3. A मुए। 5. AP सणकुमारे।

घत्ता—जं अणिमाइगुणेहिं बहुविहवेण[5] णिउत्तउं ॥
तं दिवि दीहरु कालु विहिं मि दिव्वु सुहुं भुत्तउं ॥10॥

11

सरवरमरालचक्खियभिसइ[1] इह भरहवरिसि कासीविसइ ।
जहिं सालिरमणकीलाहरइं जहिं सालिधण्णछेत्ततरइं ।
जहिं सालिकमलछण्णइं सरइं जहिं सालिहियाइं व अक्खरइं ।
सिसुहंसपयइ परायरइ गोहणइं चरंतइं पइ जि पइ ।
रोमंथंतइं[2] संतुट्ठाइं दीसंति हरियतणपुट्ठाइं । 5
उच्छुरसु जंतणालीलहसिउ दक्खारसु पिज्जइ मुहरसिउ ।
ओयणु सीयलु दहिओल्लियउं फणिवेल्लिपत्तपत्तलि थियउं ।
जहिं जिम्मइ पहियजणहिं पवहि देसियढक्करिजंपणरवहिं ।
ओहामिय अलयाउरिसिरिहि जणभरियहि वाणारसिपुरिहि[3] ।
तहिं दसरहु दसदिसिणिहियजसु णिवसइ णिउ जियरिउ थिरु सवसु । 10

घत्ता—कुवलयबंधु वि णाहु णउ दोसायरु जायउ ॥
जो इक्खाउहि वंसि णरवइरूढिइ[4] आयउ ॥ 11 ॥

घत्ता—जो अणिमा गुणों के द्वारा अनेक प्रकार के वैभव से युक्त है, स्वर्ग में ऐसे लम्बे समय तक उन दोनों ने दिव्य सुख का भोग किया।

(11)

इस भारतवर्ष में काशी नाम का देश है, जो सरोवर के हंसों के द्वारा आस्वादित कमलनियों से युक्त है। जहाँ स्त्रियों और पुरुषों के रमण करने के लिए क्रीड़ा-घर हैं। जहाँ शालि धान्य के तरह-तरह के खेत हैं। जहाँ भ्रमरों से युक्त कमलों से सरोवर आच्छादित हैं। जो लिखे हुए अक्षरों के समान हैं। हँसों के छोटे-छोटे बच्चों के पैर जहाँ पराग में सने हुए हैं। जहाँ पग-पग पर गोधन चर रहे हैं। और जो संतुष्ट होकर जुगाली करते हुए हरे घास से पुष्ट शरीर वाले दिखाई देते हैं। जहाँ यंत्रनलियों से गिरा हुआ गन्ने का रस तथा मुँह को मीठा लगने वाला द्राक्षारस पिया जाता है। दही से मिला हुआ ठंडा भात नागबेली के पत्तों की पत्तल पर रखा हुआ है। जो देशी ढक्का और जंपाण वाद्यों के शब्दों के साथ प्याऊ पर पथिकजनों के द्वारा खाया जाता है। जिसने अलका नगरी की शोभा को पराजित कर दिया है। जो जनों से व्याकुल है। ऐसी वाराणसी नगरी में दशों दिशाओं में अपने यश का विस्तार करने वाला शत्रुओं का विजेता स्वाधीन, स्थिर राजा दशरथ निवास करता है।

घत्ता—वह राजा कुवलय बन्धु यानी चन्द्रमा था। और (दूसरे पक्ष में) धरती मंडल का स्वामी अर्थात् चन्द्रमा पर वह दोषाकार नहीं था और जो नरवरों से प्रसिद्ध इक्ष्वाकुकुल में उत्पन्न हुआ था।

---

5. A बहुविहतवेण ।

(11) 1. A °चालियभिसए । 2. P रोमंथंतइं पसुसंतुट्ठाइं । 3. AP वाराणसिं । 4. A °रूढिं आयउ ।

12

करगेज्झु मज्झु उत्तुंगथणि तहु सुबल[1] णाम वेल्लह घरिणि[2]।
सिविणंतरि पेच्छइ उग्गमिउ रवि सहसकिरणु णहयलि भमिउ।
ससि कुमुयकोसविच्थारयरु गज्जंतु जलहि जुज्झियमयरु।
सुविहाणइ कंतहु भासियउं तेण वि तहु गुज्झु पयासियउं।
तुह होसइ तणुरुहु सीरहरु हलि चरमदेहु णं तित्थयरु। 5
अण्णहिं दिणि सग्गहु अवयरिउ सुरु[3] कणयचूलु उयरइ[4] धरिउ।
मघरिक्खयंदि[5] णीरयदिसिहि फग्गुणि तमकालिहि तेरसिहि।
देविइ णवमासहिं सुउ जणिउ तणुरामु रामु राएं भणिउ।
करिवरलोहियपव्वालियउ[6] सिविणंतरि[7] सीहु णिहालियउ।
माहहु मासहु सियपढमदिणि सविसाहि[8] जसाहिउ पहु भुवणि[9]। 10
मणिचूलु देउ दसरहरयइ सुउ अवरु[10] वि जायउ केक्कयइ।
जोइउ लक्खणलक्खंकियउ सो ताएं लक्खणु कोक्कियउ।

घत्ता—बेण्णि वि ते गुणवंत भुयबलतासियदिग्गय॥
णाइं सियासियपक्ख पत्थिवगरुडहु णिग्गय॥12॥

---

(12)

उसकी सुबला नाम की प्रिय गृहिणी थी। ऊँचे पयोधरों वाली जिसका मध्य भाग मुट्ठी से पकड़ा जा सकता है। एक रात वह स्वप्न में देखती है कि उगा हुआ हजारों किरणोंवाला सूर्य आकाश तल में घूम रहा है। उसने देखा कुमुदों के कोषों का विस्तार करने वाला चन्द्रमा, गरजते हुए समुद्र में लड़ता हुआ मीन युगल। दूसरे दिन सुन्दर प्रभात में उसने पति से यह बात कही। उसने भी उसका रहस्य उसे बताया कि तुम्हारा बलभद्र हलधर चरम शरीरी पुत्र होगा। वैसे ही जैसे तीर्थंकर। दूसरे दिन स्वर्ग से अवतरित हुए स्वर्णचूल देव को उस रानी ने अपने पेट में धारण किया। जब चन्द्रमा मघा नक्षत्र में स्थित था, दिशा निर्मल थी, ऐसी फागुन वदी तेरस को नौ माह पूरे होने पर देवी ने पुत्र को जन्म दिया। शरीर से सुन्दर होने के कारण राजा ने उसका नाम राम रखा। फिर कैकयी ने गजवर के रक्त से लिप्त सिंह को स्वप्न में देखा। माघ मास में विशाखा नक्षत्र से युक्त शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन राजप्रासाद में दशरथ में अनुरक्त कैकयी से मणिचूल नाम का देव दूसरे पुत्र के रूप में हुआ। पिता ने उसे लाखों लक्षणों से युक्त देखकर उसका नाम लक्ष्मण रख दिया।

घत्ता—गुणवान अपने बाहुबल से दिग्गजों को सताने वाले वे दोनों ऐसे मालूम होते थे मानो दशरथ राजा रूपी गरुड़ के काले और सफेद दो पंख निकल आये हों।

---

(12) 1. A सुकल। 2. AP रमणि। 3. AP सुउ। 4. A उयरे; P उवरें। 5. A °रिक्खे चंदे; P °रिक्खि इंदे। 6. P °पच्चालियउ। 7. P सुविणंतरि। 8. AP सविसाहु। 9. AP भवणि। 10. P जायव अवरु वि.।

13

रेहंति बे वि बलएव हरि णं तुहिणगिरिंदंजणिसिहरि[1]।
णं गंगाजउणाजलपवह[2] णं लच्छिहि कीलारमणवह[3]।
णं पुण्ण मणोरह सज्जणहं णं वम्मवियारण दुज्जणहं।
अवरोप्परु णिरु णिम्मच्छराहं तेरहबारहसंवच्छराहं।
सहसाइं विहिं मि णिद्देसियइं[4] परमाउसु जइवरभासियइं[5]। 5
पण्णारहचावइं तुंगतणु ते सत्थु सुणंति गुणंति धणु।
पुरबाहिरि उववणसंठियहु विद्धंतहु जयउक्कंठियहु।
अवलोइवि रामहु सरपसरु मउ चेय मुयंति ण वइरि सरु।
करि आउहु जं लक्खणु धरइ तहु परपहरणु जि ण संचरइ।

घत्ता—कंपइ महि-संचारें ससरसरासणहत्थहं॥ 10
संकइ जमु[6] जमदूउ को णउ तसइ समत्थहं॥13॥

14

रिसहाहिवसंताणाइयहं सिरिभरहसयररायाइयहं।
संखापरिवज्जिय पुरिस गय अहमिंद वि जहिं कालेण मय।
तहिं अण्णहु[1] कहिं जीवियकहइ लइ अत्थमियइ[2] पत्थिवसहइ।

(13)

वे दोनों बलभद्र और नारायण इस प्रकार शोभित होते थे मानो हिमगिरि और नीलगिरि पर्वत हों, मानो गंगा और जमुना के जल प्रवाह हों, मानो लक्ष्मी की क्रीड़ा करने के पथ हों, मानो सज्जनों के पुण्य मनोरथ हों, मानो दुर्जनों के मर्म का भेदन करने वाले हों। एक दूसरे के प्रति ईर्ष्या भाव से रहित जब तेरह वर्ष बीत गये तो सहसा उन्हें परम आयु वाले मुनिवरों के द्वारा कहे गये उपदेश दिये गये। पन्द्रह धनुष प्रमाण ऊँचे शरीर वाले वे दोनों शास्त्र सुनते हैं। और धनुष पर डोरी चढ़ाते हैं। नगर के बाहर उपवन में स्थित, विध्वंस करते हुए जय के लिए उत्साहित राम के तीरों के प्रसार को देखकर शत्रु अपनी मद चेतना छोड़ देता है, वह तीर नहीं छोड़ता। जब लक्ष्मण अपने हाथ में हथियार लेता है तो दुश्मन का हथियार काम नहीं करता।

घत्ता—तीर-धनुष हाथ में लेकर जब वे चलते हैं तो धरती काँप जाती है। यम शंका करने लगता है। और यमदूत भी। समर्थ लोगों से कौन त्रस्त नहीं होता!

(14)

विश्वनाथ की कुल परम्परावाले श्री भरत और सगर के गोत्र वाले राजाओं में से जहाँ असंख्य लोग चले गये, (औरों की तो क्या) अहेमेन्द्र जहाँ काल के द्वारा मारा जाता है वहाँ दूसरों के जीवन कथा से क्या? राज्यसभा के अस्त होने पर हरिषेण के स्वर्ग जाने पर हजारों

(13) 1. AP तुहिणगिरिंद णीलसिहरि। 2. A °जलपवाह; P °जलणिवहु। 3. A °रमणगह; P °रवणवहु। 4. A णिद्देसियउ। 5. A भासियउ। 6. A जम।

(14) 1. A अण्ण वि कहिं; P अण्णहिं किं। 2. A अइ अत्थमिए; P लइ अत्थमिए।

सव्वत्थसिद्धि हरिसेण गइ दिणमाणें[3] वरिसहं सहसहइ[4]।
[5]सुयसुइदिणाउ जायविजइ पुण्णइ पंचुत्तरवरिससइ। 5
असुरिंदें विद्धंसियसयरि दहरहु[6] पइट्ठु[7] उज्झाणयरि।
परियाणिवि तणयहुं तणउं बलु हुउ महियलि सयलु वि खलु विबलु।
सहुं पुत्तहिं जायधरारहहिं सुपरिट्ठिउ पहु णियसंतइहिं।
तहिं सुहुं णिवसंतहु णरवइहिं उप्पण्णउ संतोसु व जइहि।
अण्णेक्कहि भरहु पसण्णमणु अण्णेक्कहि घरिणिहि सत्तुहणु। 10
महिवइ संपुण्णमणोरहहिं चउहिं वि जणेहिं परबलमहहिं।
सोहइ पुत्तहिं सकयायरहिं णं भूमिभाउ चउसायरहिं।

घत्ता—मिहिलाणयरिहिं[8] ताम णामें जणउ णरेसरु॥
पसुवहकम्में सग्गु चिंतइ जण्णहु अवसरु॥14॥

15

महु मेरउ रक्खइ को वि जइ वसुहासुय दिज्जइ तासु तइ।
तं णिसुणिवि मंतें जंपियउं जसु णामें तिहुयणु कंपियउं।
सो जासु ण जाउहाणु[1] गहणु जसु लहुवभाइ भडु महसहणु।
सो रक्खइ[2] धुवु काकुत्थु तिह खेयरहिं ण हम्मइ होमु जिह।

वर्षों का समय बीत गया। उनके पुत्रजन्म के दिन से लेकर विजय से युक्त एक सौ पाँच वर्ष पूरे होने पर, असुरेन्द्र द्वारा राजा सगर के ध्वस्त होने पर, राजा दशरथ ने अयोध्या नगरी में प्रवेश किया। पुत्रों के बल को जानकर धरतीतल के सारे दुष्ट बलहीन हो उठे, जिनकी धरती में अनुरक्ति है ऐसे अपने पुत्रों और संतानों के साथ राजा दशरथ वहाँ अच्छी तरह रहने लगे। वहाँ सुखपूर्वक निवास करते हुए राजा के एक और पत्नी से प्रसन्न मन भरत उसी प्रकार उत्पन्न हुआ जिस प्रकार मुनि को संतोष उत्पन्न होता है। एक और पत्नी से शत्रुघ्न पैदा हुआ। पूर्ण मनोरथ वाले, परमशत्रुसेना का नाश करने वाले, स्वजनों का आदर करनेवाले उन चारों पुत्रों से राजा दशरथ इस प्रकार शोभित होता है, जिस प्रकार भूमिभाग चार समुद्रों से शोभित होता है।

घत्ता—इसी समय मिथिला नगरी में जनक नाम का राजा था। उसने सोचा पशु यज्ञ से स्वर्ग मिलता है। यज्ञ का अवसर है।

(15)

जो कोई मेरे यज्ञ की रक्षा करेगा मैं उसे सीता दूंगा। यह सुनकर जनक के मंत्री ने कहा : सुनो, जिसके नाम से त्रिभुवन काँपता है, और जिसका रावण के द्वारा ग्रहण संभव नहीं है, योद्धा लक्ष्मण जिसका छोटा भाई है, ऐसे राम निश्चय से यज्ञ की इस प्रकार रक्षा करेंगे, जिससे विद्याधरों के द्वारा होम का नाश नहीं किया जा सकता। यह सुनकर राजा ने श्रेष्ठ दूत भेजा,

3. P दिणमाणहं। 4. A सहासरुए; P सहसि हुए। 5. AP °दिणाउ जाएवि लए। 6. AP दसरहु। 7. A गुपट्ठउ। 8. A महिला°।

(15) 1. A णाउहाणु। 2. A रक्खइ बंधुसमेउ।

ता राएं पेसिय दूयवर गय ते बहुपाहुडलेहकर[3]।
उज्झहि दसरहहु णिवेइयउं[4] आलिहियउं पण्णउं वाइयउं।
जो रक्खइ अद्धर परमकुय[5] तहु दिज्जइ णं पच्चक्ख सुय[6]।
णामेण सीय वेल्लहलभुय किर कहु उवमिज्जइ जणयसुय।
तं बुद्धिविसारएण भणिउं इहपरि परत्थि काउ चंगिउं।
कउकरणु[7] णिहालणु रक्खणु वि लइ रक्खउ राहउ लक्खणु वि।

घत्ता—कारावय होआयार[8] हुणिय पसु वि देवत्तणु ॥
जेण लहंति णरिंद तं करि जण्णपवत्तणु ॥15॥

16

जं जुंजिवि[1] सगरहु सयरु गउ सहुं सयणहिं तणयहिं मुक्करउ।
तं नव[2] रक्खिज्जइ किज्जइ[3] वि भावें वित्थारहु णिज्जइ[4] वि।
जगि धम्ममूलु वेउ जि कहिउ सो जेहिं महापुरिसहिं गहिउ[5]।
ते हुंति देव दिव्वंगधर लहु पेसहि कुलसरहंसवर।
रक्खेवि जण्णु सा घणथणिया सिसु परिणउ[6] सुय जणयहु तणिया।
ता अइसयमइणा ईरियउं पइं बप्प असच्चु वियारियउं।

जो अनेक उपहार और लेख हाथ में लेकर गये। अयोध्या में उन्होंने दशरथ से निवेदन किया और लिखे हुए पत्र को पढ़ा : "जो महान् क्रिया वाले यज्ञ की रक्षा करता है, उसे मैं प्रत्यक्ष लक्ष्मी के समान कोमल भुजा वाली सीता नाम की कन्या दूंगा।" जनक की कन्या की उपमा किससे दी जा सकती है! तब राजा से बुद्धिविशारद ने कहा—"यज्ञ करना, उसकी देखभाल करना या रक्षा करना इस लोक और परलोक में सुन्दर कहा गया है। तो लक्ष्मण और राम यज्ञ की रक्षा करें।"

घत्ता—यज्ञ कराने वाले होता जन और उसमें होमे गए पशु, जिससे देवत्व पाते हैं, हे राजन्, उस यज्ञ का प्रवर्तन कीजिए।

(16)

जिस प्रकार राजा सगर यज्ञ करके स्वजनों और पुत्रों के साथ पाप से रहित होकर स्वर्ग गया, उसी प्रकार, हे राजन्, यज्ञ की रक्षा की जानी चाहिए। उसका विस्तार करना चाहिए। विश्व में धर्म का मूल वेद को माना गया है, और उसे जिन महापुरुषों ने स्वीकार किया है, वे दिव्य शरीर धारण करने वाले देवता होते हैं, इसलिए शीघ्र ही अपने कुल रूपी सरोवर के श्रेष्ठ हंसों (राम, लक्ष्मण) को भेज दीजिए। यज्ञ की रक्षा करके सघन स्तनों वाली जनक की उस कन्या से बालक राम विवाह करें। तब अतिशयबुद्धि मंत्री ने कहा—"भोले-भाले तुमने यह

3. A पाहुड लेवि कर। 4. P णिवेवियउं। 5. A अद्धर परमकुअ; P अद्धर परमकिय। 6. AP सिय। 7. P करणु। 8. A कारावय होयारहुणिय; P कारावयहोआयारि।

(16) 1. A जुंजवि; P हुंजेवि। 2. AP णिव। 3. A कज्जइ व। 4. A णिज्जइ व। 5 A महिउ 6. P परणउ।

सुणि भारहि चारणजुयलि पुरि जिणधम्मपहाउज्झियविहुरि ।
तहिं अत्थि सुजोहणु दिण्णदिहि महएवि तासु णामें अतिहि ।
सुय सुलस सुलक्खण जहिं जि जहिं दीसइ[7] भल्लारी तहिं जि तहिं ।
तहिं णिरुवमु रूउ गुणग्घविउं णिउणें विहिणा कहिं णिम्मविउं । 10

घत्ता—णडवेयालियछत्तबंदिणघोसाऊरिउं ॥
ताहि सयंवरु जाउ सयरु[8] राउ हक्कारिउ ॥16॥

17

सो कोसल मेल्लिवि णीसरिउ पहूपरहरि[1] मज्जणि संचरिउ ।
दप्पणि अवलोइउ सिरपलिउं[2] णवचंपयतेल्लें विच्छुलिउं ।
राएण वुत्तु किं परिणयणु एवहिं किं छिप्पइ तरुणियणु ।
थेरत्तणि परिहउ पेम्मविहि[3] विसहिज्जइ वर तवतावसिहि ।
ता तहु धाईइ किसोयरिइ पडिवयणु दिण्णु मंदोयरिइ । 5
सियकेसें चंगउ दीसिहइ तुहुं[4] सिरिहरि संपय पइसिहइ ।
तें वयणे महिवइ पुणु चलिउ गरुडद्धउ णहयलि परिघुलिउ ।
दियहेहिं पराइउ तं णयरु ससुरग्गइ संथुउ णिवसयरु[5] ।
जाइवि धाइइ मंदोयरिइ सइं दिण्ण कण्ण तुच्छोयरिइ ।

असत्य विचार किया है। आप सुनिए कि भारतवर्ष के जिन धर्म के प्रभाव से दुःखों से रहित चारणयुगल नगर है, उसमें सुयोधन नाम का भाग्यशाली राजा था। उसकी अतिथि नाम की महादेवी थी। उसकी लक्षणवती सुलसा नाम की लड़की इतनी सुन्दर थी कि उसे जहाँ देखो वहीं भली दिखती थी। गुणों से युक्त उसके अनुपम रूप को चतुर विधाता ने बड़ी कठिनाई से बनाया होगा।

घत्ता—उसका वहाँ नटों-वैतालिकों, छत्रों-बंदीजनों के घोषों से आपूरित स्वयंवर रचा गया और उसमें राजा सगर को बुलाया गया।

(17)

वह (सगर) कौशल देश को छोड़कर चला। उसने स्नान करते समय उत्कृष्ट प्रभा को धारण करने वाले दर्पण के प्रतिबिम्ब में अपने सिर के सफेद बाल को देखा, जो चंपे के नये तेल से चमक रहा था। राजा ने कहा कि विवाह से क्या? इस अवस्था में तरुणी जन को क्या छुआ जाए! बुढ़ापे में प्रेम प्रक्रिया पराभव का कारण है, अब श्रेष्ठ तप की तपस्या को सहन करना चाहिए। तब उसकी कृशोदरी धाय मंदोदरी ने प्रत्युत्तर में कहा कि सफेद बाल से तुम अच्छे दिखोगे और तुम्हारे श्रीगृह में संपत्ति प्रवेश करेगी। उसके वचन सुनकर राजा फिर चल पड़ा, उसका गरुड़-ध्वज आकाश तल में फहराने लगा। कुछ दिनों में राजा सगर उस नगर में पहुँचा और अपने ससुर के सामने बैठ गया। क्षीण कटिवाली धाय मंदोदरी ने जाकर स्वयं कान दिए (बात सुनायी)।

---

7. AP अवलोइय मारइ तहिं जि तहिं। 8. AP सयर राउ।

(17) 1. A पहु पुरिवहिं। 2. AP सिरि पलिउ। 3. A पेम्मणिहि। 4. AP तहु। 5. A णिउ। सयरु; P णिउ सगरु।

घत्ता—कण्णइ गुणसंदोहे हियवउं सयरि णिहित्तउं[6] ॥
मायइ विहसिवि ताम अवरु पडुत्तरु वुत्तउं ॥17॥

18

सुणि देसि सुरम्मइ सहलवणि पोयणपुरि धणपरिपुण्णजणि ।
बाहुबलिणराहिवसंतइहि जायउ महु बंधु कुलुण्णइहि ।
तिणपिंगु तासु पिय सुजसमइ वीणारव णं मणसियहु रइ ।
तहि तणउ तणउ णं कुसुमसरु तरुणीयणलाइयविरहजरु ।
महुपिंगु णामु[1] तुह मेहुणउ सुइ अच्छइ आयउ पाहुणउ ।
अण्णेसहिं[2] म करहि रमणमइ[3] तुह जोग्गु जुवाणउ सो जि लइ ।
णियभाइणेज्जु वरु इच्छियउ अण्णेक्कु असेसु दुगुंछियउ ।
सासुयइ पइत्तु समारियउं[4] पडिवक्खागमणु णिवारियउं ।
अण्णेक्कें सयरहु साहियउं जं आहरणेहिं पसाहियउं ।
जं कण्णारयणु समहिलसिउं तं दुल्लहु वट्टइ विहिवसिउं ।

घत्ता—अतिहीदेविहि बंधु जो तिणपिंगलु राणउ ॥
महुपिंगलु तहु पुत्तु आयउ मयणसमाणउ ॥18॥

घत्ता—कन्या ने गुणों के समूह राजा सगर में अपना हृदय स्थापित कर दिया। परन्तु उसकी माता ने हँसते हुए उसे (कन्या को) दूसरा ही उत्तर दिया।

(18)

सुफल वन वाले सुरम्य देश में धन से परिपूर्ण लोगों वाला पोदनपुर नगर है, उसमें बाहुबलि राजा की वंश परम्परा में कुल की उन्नति करने वाला मेरा भाई तृणपिंग है। उसकी यशोधरी नाम की पत्नी है। वीणा के समान शब्द वाली जो मानो कामदेव की रति है, युवतीजनों को विरहज्वर उत्पन्न करने वाला मधुपिंगल नाम का उसका कामदेव के समान पुत्र है। वह तुम्हारे मामा का बेटा पाहुना बनकर आया है, और यहाँ अच्छी तरह है। इसलिए तुम किसी दूसरे में रमण की बुद्धि न करो। वह तुम्हारे योग्य युवक है, उसी को तुम ग्रहण करो। अपने भाई के पुत्र को वर के रूप में पसन्द करो और बाकी सबकी उपेक्षा कर दो। इस प्रकार सास ने अपना प्रयत्न शुरू कर दिया और प्रतिपक्ष (सगर) का वहाँ आना मना कर दिया। किसी दूसरे ने जाकर राजा सगर से कहा—जो तुमने अलंकारों से प्रसाधन किया है, और जो कन्या की इच्छा की है, वह भाग्य के बल से असंभव दिखाई देती है।

घत्ता—अतिथि देवी का भाई जो तृणपिंगल नाम का राजा है, उसका कामदेव के समान मधुपिंगल नाम का पुत्र आया हुआ है।

---

6. AP णिहत्तउं।

(18) 1. A णाउं तसु मेहुणउ। 2. A अण्णहे तहे। 3. A रमणरइ। 4. A सवारियउ; P संवारियउ।

19

देहिति तासु सुय जाहि तुहुं ता पहुणा जोइउं मंतिमुहुं ।
गुरु चवइ एउ किर कित्तडउं[1] महुं तिहुयण[2] सरिसव जेत्तडउं ।
जइ णउ परिणावमि कण्ण पइं तो मंतित्तणु किउं काइं मइं ।
इव भणिवि कव्वु कइणा विहिउ वरलक्खणु दलसंचइ लिहिउ ।
तं कासु वि कहिं मि ण दावियउं मंजूसहि तेण छुहावियउं । 5
बहुवण्णविचित्तचीरपिहिउं[3] णिवउववणमहियलि संणिहिउं ।
हलियहिं हलि हत्थु जेत्थु णिहिउ जहिं छुडु भूभाउ समुल्लियउ[4] ।
कउ[5] वड्ढियतणकट्ठयरहिउ जहिं पग्गहि धवलु परिग्गहिउ[6] ।
वावारिय कम्मु करंति जहिं णंगरि[7] मंजूस विलग्ग तहिं ।
आयड्ढवि णीय णिहेलणहु दक्खालिय पहुहि सुजोहणहु । 10
उग्घाडिय पोत्थउं जोइयउं अण्णेक्कें भल्लउं वाइयउं ।

घत्ता—दियवरवेसें दुक्कु कइ[8] पच्छण्णु सरायइ ॥
वरइत्तहु सामुद्दु भासइ कोमलवायइ ॥19॥

30

काणकुंटपिंगलाहं अंधमूयपंगुलाहं ।
णिद्धणाहं णिब्बलाहं 'बुद्धिहीणवेंभलाहं ।

(19)

तुम जाओ। कन्या उसे (मधुपिंगल को) दी जाएगी। तब राजा ने मंत्री का मुख देखा। तब गुरु ने कहा—यह मेरे लिए कितनी-सी बात है, मेरे लिए त्रिभुवन सरसों के समान है। यदि मैं तुम्हारा कन्या से विवाह न कराऊँ तो मैंने मंत्रीपन क्या किया? ऐसा कहकर कवि मंत्री ने एक उत्तम लक्षणों का काव्य बनाया और उसे पत्रसंपुट पर लिखा। उसे उसने कहीं भी किसी को नहीं दिखाया और मंजूषा में रख दिया। नाना रंग के विचित्र वस्त्र से ढकी हुई मंजूषा को राजा के उद्यान की धरती में गाड़ दिया। किसान द्वारा हल पर हाथ रखते ही जहाँ शीघ्र भू-भाग जुत जाता है, जहाँ धरती गड़े हुए तिनकों और कठोरता से रहित है, जहाँ बैल लगामों से ग्रहीत हैं, वहाँ किसान खेती का काम करते हैं और उनके हल में मंजूषा आ लगती है। वे उसे उठाकर अपने घर ले आये और उन्होंने अपने अच्छे योद्धा राजा को उसे दिखाया। खोलकर पोथी देखी गई और कई लोगों के द्वारा वह अच्छी तरह बाँची गई।

घत्ता—द्विजवर (ब्राह्मण) के वेश में कवि रूपी मंत्री प्रच्छन्न रूप में वहाँ पहुँचा और राग पूर्वक कोमल वाणी में वर को सामुद्रिक-शास्त्र बताने लगा।

(20)

काले, पीले, अन्धे, गूँगे, निर्धन, निर्बल, बुद्धिहीन, पागल, मान और लज्जा से रहित और

(19) 1. A कित्तलउं; P केत्तडउं। 2. A तिहुवणु सरिसउ। 3. A चीरु पिहिउ। 4. AP समुल्लिहिउ। 5A omits this foot. 6. P adds after this : वंसालग्गा रइ णिरु गहिउ। 7. A लग्गलि; P लंगलि। 8. A कइकयपच्छण।

(20) 1. A 'विब्भलाहं; P 'विभलाहं।

माणलज्जवज्जियाहं रोयभावणिज्जियाहं ।
कुट्ठणट्ठकायघायाहं छिण्णपाणिपायघायाहं ।
णीयकम्मकारयाहं इत्थिडिंभमारयाहं ॥ 5
णिग्घिणाहं णिद्दयाहं साहुकम्मणिंदयाहं ।
वड्ढमाणदुज्जसाहं[2] दुक्कुलाहं सालसाहं[3] ।
वुड्ढकुच्छियंगयाहं[4] दीणभावणं गयाहं ।
गोत्तवित्तचत्त जा वि दिज्जए ण कण्ण सा वि ।
घत्ता—मंडवमज्झि विवाहि पिंगलु जो पइसारइ[5] ॥ 10
सो[6] विहवत्तणु दुक्खु णियधीयहि वित्थारइ ॥20॥

21

ता सो महुपिंगलु लज्जियउ गउ चामरछत्तविवज्जियउ ।
एक्किल्लउ[1] लिहक्किवि बंधवहं लग्गउ दहदुविहहं जिणतवहं ।
सेवइ हरिसेणगुरुहि पयइं णिवखवइ अणंतइं दुक्कियइं ।
एत्तहि सो सयरु वि बालियइ वरु लइउ सयंवरमालियइ ।
अणुहुंजिवि[2] तहिं णववहुसुरउ पुणु आमेल्लेप्पिणु सासुरउं । 5
उज्झाउरि जाइवि पाणपिउ सिरि सुलसइ सहुं भुंजंतु थिउ ।
महुपिंगु भडारउ कहिं मि पुरि पइसइ[3] भिक्खहि चउवण्णघरि ।
जा[4] तावेक्कें विप्पें कहिउ सामुद्दु असेसु सच्चरहिउ ।

रोगों से पराजित, कोढ़ी, क्षीण शरीर, कटे हाथ-पैर वाले नीच कर्म करने वाले, स्त्रियों और बच्चों की हत्या करने वाले, निर्दय, घिनौने, अच्छे कामों की निन्दा करने वाले, बढ़ते हुए अपयश वाले, खोटे कुल वाले, आलसियों, बढ़ती हुई खुजली से युक्त शरीर वाले, दीन भाव को प्राप्त, उनको तथा ऐसे लोगों को तो कुल और धन से रहित कन्या भी नहीं दी जाती।

घत्ता—जो व्यक्ति मंडप के भीतर विवाह में पिंगल का प्रवेश कराएगा वह अपनी कन्या के लिए, दुःख और वैधव्य लाएगा।

(21)

इससे बेचारा मधुपिंगल लज्जित हुआ और चामरों और छत्रों से रहित होकर चला गया। वह अकेला अपने बंधु और बांधवों से छिपकर जिनेन्द्र भगवान् द्वारा कहे गए बारह प्रकार के तप में लग गया। वह हरिषेण के चरणों की सेवा करने लगा। और इस प्रकार अनन्त दुःखों का क्षय करने लगा। यहाँ भी उस बाला ने स्वयंवरमाला के द्वारा सगर को वर रूप में ग्रहण कर लिया। वह भी वहां नववधू के साथ सुरति का भोग कर फिर ससुराल छोड़कर अयोध्या नगरी में जाकर प्राणप्रिय श्री सुलसा के साथ आनन्द करता हुआ रहने लगा। जिसमें चारों प्रकार के वर्णों के घर हैं ऐसी उस नगरी में आदरणीय मुनि मधुपिंग ने भिक्षा के लिए जैसे ही प्रवेश

---

2. A दुज्जणाहं। 3. A दुम्मुहाहं। 4. A कुच्छियारयाहं। 5. A वइसारइ। 6. P omits सो।

(21) 1 AP एक्कल्लउ। 2. A अणुहुंजहि; P अणुभुंजहि। 3. AP पइसरइ। 4. A जा ता विप्पें एक्कें।

रिसिसीलु एण अवलंबियउं लच्छीमुहु काइं ण चुंबियउं ।
अवरेक्कें ता तहिं भासियउं पइ लक्खणु किं किर णिरसियउं । 10

घत्ता—सुणि[5] पोयणपुरि राउ होंतउ एहु महीसरु ।।
गउ सुलसावरयालि चारणजुयलउं पुरवरु ।।21।।

22

पिउससासुय परिणइ जाम किर ता सयरमंतिकयकवडगिर ।
पोत्थइ वित्थारिवि दक्खविय[1] विवरिवि बहुसद्दसमग्घविय ।
सासुयससुरहं मणु हारियउं इहु पिंगदिट्ठि णीसारियउ ।
अप्पुणु पुणु खलु वरइत्तु थिउ तेणेयहु [2]दुक्खणिहाणु किउ ।
तं णिसुणिवि हियवइ कुद्धु जइ जिणदेसिउ तवहलु अत्थि जइ । 5
पाविट्ठु दुट्ठु खलु खुद्दमइ मइं पुरउ हणेव्वउ सयरु तइ ।
रिसि रोसु भरंतु भरंतु मुउ असुरिंदहु वाहणु देउ हुउ ।
सो सट्ठिसहसमहिसाहिवइ किं वण्णमि महिसाणीयवइ ।

घत्ता—जिणवरधम्मु लहेवि खमभावें परिचत्तउ ।।
खणि सम्मत्तु हणेवि सुरदुग्गइ संपत्तउ ।।22।। 10

किया, वैसे ही एक ब्राह्मण ने कहा—"सारा ज्योतिष-शास्त्र झूठा है। इसने (मधुपिंग) मुनि का आचरण स्वीकार किया है। इसने लक्ष्मी का मुख क्यों नहीं चूमा ?" तब एक और ब्राह्मण ने कहा, "तुमने लक्षण-शास्त्र की निन्दा क्यों की ?"

घत्ता—सुनो, यह पोदनपुर का राजा होता हुआ सुलसा के स्वयंवर समय में चारणयुगल नामक महानगर गया हुआ था।

(22)

पिता की बहन की बेटी का जब वह विवाह करने लगा तो सगर के मंत्री के द्वारा विरचित कपट वाणी से युक्त पोथी खोलकर और दिखाकर अनेक शब्दों से युक्त उसकी व्याख्या कर सास-ससुर का मन ठग लिया गया और पिंग दृष्टि वाले इसे निकाल दिया गया। दुष्ट राजा सगर खुद वर बन बैठा और इस प्रकार उसने इसे दुःखों का पात्र बनाया। यह सुनकर मुनि हृदय में क्षुब्ध हो उठा और बोला कि यदि जिनेन्द्र भगवान् के द्वारा कहे गए तप का कोई फल होता हो तो यह दुष्ट पापी, खोटी बुद्धि वाला सगर मेरे सामने मारा जाए। मुनि इस प्रकार क्रोध धारण कर और याद करते हुए मर गया और असुरेन्द्र का वाहन देवता हुआ। साठ हजार महिषों का अधिपति और महिषों का सेनापति उनका क्या वर्णन करूं !

घत्ता—जिनवर का धर्म धारण कर, किन्तु क्षमाभाव से रहित वह व्यक्ति एक क्षण में सम्यक् दर्शन का हनन कर देव दुर्गति को प्राप्त हुआ। इसलिए क्रोध नहीं करना चाहिए।

5. A मुणि ।

(22) 1. A दिक्खविय । 2. A °णिहाउ ।

23

पुणु तक्खणि असुरें जाणियउं जिह कव्वु करेप्पिणु आणियउं ।
जिह मामिहि मामहु हित्त मइ जिह पिंगें पडिवण्णी विरइ ।
जिह गहिय तणूयरि मंदगइ तिह एवहिं घुउ पावमि कुगइ ।
सहुं मंतिहिं साकेयाहिवइ कहिं एवहिं वच्चइ[1] लद्धु लइ ।
इय[2] चिंतिवि तंबिरलोयणु जायउ सो सालंकायणउ । 5
मुहकुहरविणिग्गयवेयझुणि हिंसालउ दूसियपरमुणि ।
सुलसावइजीवियसिरिहरहु तहिं तासु महाकालासुरहु ।
जायउ सहाउ जो दुम्मयहु आयण्णहु तहु कहु[3] पव्वयहु ।
'उत्तुंगसत्तधरणियलघरि एत्थेव खेत्ति सावत्थिपुरि[5]।
विस्सावसु राणउ विमलजसु तहु सिरिमइदेविहि पुत्तु वसु । 10

घत्ता—णामें खीरकलंबु दियवरु सत्थवियारउ ॥
तासु चट्टु वसु जाउ पव्वउ अवरु वि णारउ ॥23॥

24

सहुं सीसहिं सो परमायरिउ एक्कहिं दिणि काणणि अवयरिउ ।
अब्भावयासणिट्ठवियणिसि उवविट्ठउ दिट्ठउ तेत्थु[1] रिसि ।

(23)

तब उसी समय उस असुर ने जान लिया कि किस प्रकार काव्य रचकर लाया गया था, किस प्रकार मामा[1] और मामी की बुद्धि को ठगा गया, और किस प्रकार मधुपिंगल ने वैराग्य धारण किया, किस प्रकार मंद गति कन्या ग्रहण की गई, और किस प्रकार मैं कुगति को प्राप्त हुआ। साकेत नगर का राजा सगर इस समय मंत्रियों के साथ बचकर कहाँ जाएगा। मैं उसे अभी लेता हूँ। फिर विचार कर वह लाल आँखों वाला सालंकायण नाम का ब्राह्मण हो गया। जिसके मुख विवर से वेद-वाणी निकल रही है, जो हिंसक परम मुनि को दूषित करने वाला है, सुलसा के पति (सगर) के जीवन रूपी लक्ष्मी का हरण करने वाले उस महाकाल सुर का जो सहायक बन गया ऐसे खोटे मद वाले प्रवर्तक ब्राह्मण की कथा सुनो! इसी भरतक्षेत्र में ऊँचे सात धरणीतल वाले घरों से युक्त श्रावस्ती नगरी में विमल यश वाला विश्वावसु नाम का राजा था। उसकी श्रीमती नाम की पत्नी से वसु नाम का पुत्र था।

घत्ता—उस नगर में क्षीरकदम्ब नाम का शास्त्रों का विचार करने वाला श्रेष्ठ ब्राह्मण था, राजा वसु, पर्वतक और एक और नारद उसके चेले बन गए।

(24)

अपने शिष्यों के साथ वह महान् आचार्य क्षीरकदम्ब एक दिन जंगल में गए। बादलों से रहित आकाश के अंतराल में जिन्होंने रात्रि व्यतीत की है, ऐसे एक मुनि को उन्होंने बैठे हुए देखा।

(23) 1. A अच्छइ लद्धु जइ। 2. P तं चिंतिवि। 3. A कपकव्वयहु। 4. AP उत्तुंग°। 5. सावत्थपुरि; P सावित्थिपुरि।

(24) 1. A तेण।

1. ससुर और सास।

उज्झाएं पणविवि पुच्छियउ भवियव्वमग्गु[2] सुणियच्छियउ ।
तीहिं वि दियवरछत्तहं तणउ आहासइ मुणि पणट्ठपणउ ।
वसु पव्वय णारयधरणियलि पडिहिंति दो वि कयजणणफलि ।
जिणणाणसुणिच्छउ[3] मणि वहइ णारउ सव्वत्थसिद्धि लहइ।
तं णिसुणिवि गुरु उव्विग्गमणु[4] आयउ पुरु थिउ भूसिवि भवणु ।
खेल्लंतु दिएसें [5]धाडियउ अण्णहिं दिणि लट्ठिइ[6] ताडियउ ।
कंपंतदेहु सुहदाइणिहि वसु विसइ सरणु उज्झाइणिहि ।

घत्ता—पत्थिवि रक्खिउ ताए कंत म तासहि बालउ ॥
पत्थिवपुत्तु सुसीलु कमलगब्भसोमालउ ॥24॥

25

घरणिहि वयणें वरु ओसरिउ सिसु चवइ माइ पइं गुरु धरिउ ।
महुं उप्परि एंतउ कुद्धमणु भणि[1] एव्वहिं[2] दिज्जउ वरु कवणु ।
तं णिसुणिवि इज्जइ भासियउं महुं पुत्त चित्तु संतोसियउं ।
जइयहुं मग्गहि तइयहुं जि वरु तुहुं देज्जसु धवलबलूढभरु ।
व्रउ[3] लेंतें संतें पीणभुउ विस्सावसुणा कमि णिहिउ सुउ ।

उपाध्याय ने प्रणाम करके उनसे अच्छी तरह से निरीक्षित अपना भावी मार्ग पूछा । अपनी प्रतिज्ञा को भंग करते हुए मुनि उन द्विजवरों और क्षत्रियों का भविष्य बताने लगे—राजा वसु और पर्वतक नरक की धरती में पड़ेंगे क्योंकि दोनों ने अपने यश का फल कमा लिया है। नारद जिन ज्ञान के निश्चय को अपने मन में धारण करता है, इसलिए सर्वार्थसिद्धि प्राप्त करेगा । यह सुनकर अत्यन्त उद्विग्न मन से राजा घर आया और भवन की शोभा बढ़ाकर रहने लगा । एक दिन खेलते हुए उसे (वसु को) ब्राह्मण ने निकाल दिया । क्षीरकदम्ब ने एक और दिन उसे लाठी से पीटा । थर-थर कांपता हुआ राजा वसु शुभ करने वाली गुरु पत्नी की शरण में चला गया ।

घत्ता—उसने राजा की रक्षा की और कहा कि हे स्वामी, इस बालक को ताड़ित मत करो । राजा का यह लड़का सुशील है, और कमल के मध्य भाग की तरह कोमल है ।

(25)

अपनी पत्नी के शब्दों से पति हट गया । बालक कहता है कि हे माँ, तुमने गुरु को रोक लिया । क्रुद्ध मन मेरे ऊपर आते हुए । कहो इस समय मैं कौन-सा वर दूँ ? यह सुनकर आदरणीया माँ ने कहा—पुत्र, मेरा चित्त संतुष्ट हो गया । जिस समय मैं वर मागूँ तब उस समय मुझे देना । इस प्रकार अत्यन्त महान् और बलिष्ठ बाहु वाला राजा वसु यह व्रत लेने पर अपने पिता विश्वावसु के द्वारा कुल परम्परा में स्थापित कर लिया गया । वह अपने सहचरों और

2. A भवियप्पु मग्गु । 3. A [*]णाणि विणिच्छउ; P [*]णाणु विणिच्छउ । 4. A उव्विण्णमणु ।
5. AP धीडियउ । 6. A लट्टे ताडियउ ।
(25) 1. AP भणु । 2. A एम्वहिं । 3. AP वउ ।

सहुं सहयरकिंकरहिं रमइ अवरहिं दियहुल्लइ वणि भमइ।
पक्खिउलु णहंगणि पक्खलइ पहु पेक्खइ तं तहिं पडिखवइ[4]।
णीरुवु ण णहयलु परु धरइ पक्खलणहु कारणु संभरइ।
इय चिंतिवि तेण विमुक्कु सरु धणुगुणु[5] आयड्ढिवि पिंछधरु।
आयासफलिहमउ खंभु[6] हउ उच्छलिवि बाणु धरणियलि गउ।
परिमट्ठउ हत्थें जाणियउ उच्चाइवि भवणहु आणियउ।
तहु खंभहु उप्परि हरिगीढि[7] सइं चडियउ कंचणमयइ पीढि[8]।

घत्ता—आसणु चलइ ण किं पि जणु जणु जणवइ पयडइं ॥
धम्में णियसच्चेण वसु गयणाउ ण णिवडइ ॥25॥

26

अण्णेक्कहिं[1] वासरि विविहहलु णारय पव्वय गुहगिरिगुहिलु[2]।
चंदकउ कलाउ ण जलि करइ पच्छाउहपायहिं[3] ओसरइ।
पत्तइं तित्ताइं[4] मयूरियहं सरिवारिपवाहाऊरियहं।
इय तेण कज्जु परिहच्छियउं पुणु मित्तहु वयणु णियच्छियउं।
कइ णीलकंठ सुविचित्तियउ भणु पव्वय मोरिउ केत्तियउ।
सो ण मुणइ ण भणइ पहि चरइ विहसेप्पिणु णारउ वज्जरइ।
सिहिणीउ सत्त इह एक्कु सिहि ओसरिउ[5] सरहु जो पिंछणिहि।

किंकरों के साथ क्रीड़ा करता है और दूसरे के साथ दिन में घूमता है। आकाश के आंगन में पक्षिकुल स्खलित होता है। राजा उसे देखता है। वह वहीं कहता है कि आकाश अरूप है, वह दूसरों को धारण नहीं कर सकता। वह उसके स्थिर होने का कारण सोचता है। यह विचार कर धनुष की डोरी खींचकर अपना पुंख वाला तीर छोड़ा। उससे आकाश में स्थित स्फटिक वाला खंभा आहत हो गया, और बाण भी उछलकर धरती पर गिर पड़ा। हाथ से छूकर उसने जाना और उठाकर अपने घर ले आया। सिंहों के द्वारा धारण किये गये उस खंभे पर, उसकी स्वर्णमय पीठ पर वह चढ़ गया।

घत्ता—जनपद में लोगों को यह बात विदित हो गई कि आसन अणु मात्र भी नहीं हिलता। धर्म से और अपने सत्य से राजा वसु आकाश से भी नहीं गिर सकता।

(26)

एक दूसरे दिन नाना फल वाले विशाल पहाड़ की गुफा में नारद पर्वतक गये। वसु ने कहा कि मयूर जल में अपने पंख नहीं करता। वह अपने पिछले पैरों से हट जाता है। तालाब के पानी के प्रभाव से प्रवाहित मयूरों के पंख गीले हैं। इस प्रकार उसने असली बात छिपा ली। और फिर मित्र का मुख देखा, हे पर्वतक, बताओ कि विचित्र पंखों वाले मयूर कितने हैं और मयूरियां कितनी हैं। वह कुछ नहीं सोचता न कहता और रास्ते पर चलता है। नारद हँसते हुए कहता है कि यहाँ एक मयूर और सात उसके मोर हैं जो पंखों के समूह वाला तालाब से हट गया है। प्रखर

4. P पडिखलइ। 5. AP धणुगुणि। 6. AP थंभु। 7. A हरिवीढि; P हरिहि गीढि। 8. वीढि।
(26) 1. A ता एक्कहिं। 2. AP गय गिरिगुहिलु। 3. P पच्छामुहं। 4. A सिताइं (तिताइं ?)
5. AP ओसरइ।

बहुबुद्धिगहीरें पीलुरय पयलंतपेम्मजलसित्तरय ।
पयमग्गें जाणिय हत्थिणिय अवर वि आरूढणियंबिणिय ।
पुच्छिवि पव्वउ पुरि पइसरिवि गउ तक्खणि मच्छरु[6] मणि धरिवि ॥

घत्ता—अक्खइ मायहि गेहि णिरु ताएं संताविउ ॥
हउं ण पढाविउ किं पि णारउ चारु पढाविउ ॥26॥

27

सो जाणइ अम्मि [1]असिट्ठाइं वणि मोरिंगियइं अदिट्ठाइं ।
करिकरिणिहिं पयबिंबइं कहइ ता बंभणि रोसु चित्ति वहइ ।
सहुं कंतें पयडियगरहणउं विरइउ कोणीहुलकलहणउं[2] ।
पइं काइं वि पुत्तु ण सिक्खविउ परडिंभु जि सत्थमग्गि थविउ ।
तं णिसुणिवि भट्टें घोसियउं अलिबकहं केणुवएसियउं ।
मयरंदगंधमीणाहरणु हंसहं वि खीरजलपिहुकरणु ।
सुउ तेरउ सुंदरि मंदु जडु णारउ पुणु ससहावेण पडु ।
इय पभणिवि पिट्ठें मेस कय सुय भासिय जणणें णवियपय ।
ए वच्छ लएप्पिणु तरुगहणि पइसरिवि दूरु परिमुक्कजणि[2] ।
जहिं को वि ण पेक्खइ सुवु सुणिवि तहिं आवहु बिहिं वि कण्णु[3] लुणिवि ।

बुद्धि से गंभीर उसने (वसु ने) पग-चिह्नों के मार्ग से जान लिया कि हाथी में रत तथा झरते हुए प्रेम-जल से धूल पोंछती हुई एक हथिनी है और उसके ऊपर एक स्त्री बैठी हुई है। तब पर्वतक उससे पूछकर नगरी में प्रवेश कर अपने मन में ईर्ष्या धारण कर चला गया।

घत्ता—वह अपनी मां से कहता है कि घर में मुझे पिता ने अधिक सताया है। मुझे कुछ भी नहीं पढ़ाया, नारद को खूब पढ़ाया।

(27)

हे माँ, वह (नारद) बिना कहे, बिना देखे वन में मयूर के चिह्नों को पहचान लेता है। हाथी और हथिनियों के चिह्नों को कहता है। यह सुनकर ब्राह्मणी मन में क्रुद्ध हो गई। जिसमें निंदा प्रकट है, ऐसा छोटा-मोटा झगड़ा उसने पति के साथ किया कि तुमने मेरे बच्चों को क्यों नहीं सिखाया। दूसरे के बच्चों को तुमने शास्त्र मार्ग में स्थापित कर लिया। यह सुनकर बेचारे ब्राह्मण ने कहा : बताओ भौंरों और बगुलों को पराग-गंध और मीनों का अपहरण करना किसने सिखाया ? हंसों को दूध से पानी अलग करना किसने सिखाया ? हे सुन्दरी, तेरा पुत्र मूर्ख और जड़ है। जबकि नारद स्वभाव से पंडित है। ऐसा कहकर उसने आटे के दो मेढ़े (ढेर) बनाए और पैरों में प्रणाम करने वाले अपने पुत्र से कहा : हे बेटे, इसे ले जाकर घने जंगल में प्रवेश कर खूब दूर जहाँ एक भी आदमी न हो, जहाँ कोई भी न देख सके, इस प्रकार अपने मन में

6. AP मणि मच्छरु ।
(27) 1. AP अदिट्ठाइं । 2. AP कोलाहल । 2. AP परिमुक्कजणि । 3. AP कण्ण ।

तं विसुणिवि[4] जाइवि विविणपहि[5] पच्छण्णें थाइवि[6] रुक्खरहि ।
कर मउलिवि जोइणि का वि थुय पव्वइण उरब्भहु कण्ण लुय ।

घत्ता—इयरें पइसवि दुग्गें चिंतिउं चंदादिवायर ॥
इह णियंति पसु पक्खि किंणर जक्ख णिसायर[7] ॥27॥

28

जहिं गच्छमि तहिं तहिं अत्थि परु जइ णरु णउ तो पेक्खइ अमरु ।
किह कण्ण[1] उरब्भहु कत्तरमि घरु गंपिणु तायहु वज्जरमि ।
गय बेण्णि वि पेसणु अप्पियउ णारयकिउ चारु वियप्पियउ ।
विप्पेण वुत्तु हलि हंसगइ अवलोयहि तुहु णंदणहु मइ ।
जहिं गम्मइ तहिं असुण्णु णिलउ पसुसवणहं किह विरइउ विलउ ।
सुरगुरु वि समाणु ण णारयहु लइ एहु वि जोग्गउ गुरुपयहु[2] ।
सुय[3] घरिणि वि तासु समप्पियइं वसुराएं सहुं जंपिवि पियइं ।
तवचरणु जिणागमि संचरिवि दिउ मुउ थिउ दिव्वबोंदि धरिवि ।
बहुकालें[4] बिहिं वि हेउभरिउ पारद्धु विवाउ पवित्थरउ[5] ।
णारउ अय[6] जव तिवरिस चवइ तं पव्वउ वयणु अइक्कमइ ।

निश्चित कर वहाँ इसके दोनों कान काट कर ले आओ। यह सुनकर एकान्त पथ में जाकर पेड़ों में छिपकर हाथ जोड़कर उसमें किसी योगिनी की सुधि की और मेढ़े के कान काट लिये।

घत्ता—दूसरे ने दुर्गम स्थान में प्रवेश कर मन में विचार किया कि यहाँ भी सूर्य और चन्द्रमा देखते हैं, और पशु, पक्षी, किन्नर, यक्ष, निशाचर भी।

(28)

मैं जहाँ जाता हूँ वहाँ-वहाँ दूसरा आदमी है। यदि आदमी नहीं देखता है तो देवता देखता है, मैं मेढ़े के कान कहाँ काटूँ? मैं घर जाकर आचार्य से कहूँगा। वे दोनों गये और अपनी-अपनी सेवा का निवेदन किया। नारद का कहा हुआ सुन्दर माना गया। ब्राह्मण ने ब्राह्मणी से कहा : हे हंस की चाल वाली, अपने बेटे की अक्ल देखो किसी भी स्थान को जाया जाए, वह सूना नहीं है, फिर इसने मेढ़े के कान को किस प्रकार काटा। नारद के समान बृहस्पति भी नहीं है, अतः यही गुरुपद के योग्य है। उन्होंने अपना पुत्र और गृहिणी भी नारद के लिए सौंप दी और राजा वसु के साथ प्रिय बातचीत कर जैन-शास्त्रों के अनुसार तप का आचरण कर वह ब्राह्मण देव शरीर धारण कर (स्वर्ग में) स्थित हो गया। बहुत समय के बाद उन दोनों ने युक्तिपूर्वक विवाद किया जो बहुत बढ़ गया। नारद कहता है कि तीन साल के जौ को अज कहते हैं, लेकिन पर्वतक इस

4. AP जाय विणिसुणिवि। 5. AP विपणवहि। 6. AP आइवि। 7. A किवायर।
(28) 1. AP कण्णु। 2. A गुरुयरहु। 3. AP सुउ। 4. AP बहुकालहिं। 5. AP पवित्थरिउ।
6. A अइजव।

अय पसु भणंतु सो वारियउ अवरेंहिं बुहेहिं णीसारियउ ।
गउ मच्छरेण थरहरियतणु संपत्तउ णीलतमालवणु ।

घत्ता—तहिं दियवरवेसेण पव्वएण सो दिट्ठउ ॥
असुरसुईउ पढंतु तरुतलि सिलहिं णिविट्ठउ ॥28॥

29

मणपणयपसंगुप्पायणउं[1] तें[2] तासु कयउं अहिवायणउं[3] ।
वुड्ढेण वि पडिअहिवाउ[4] किउ पुणु वुत्तु होउ[5] तुज्झु जि विणउ ।
सुय जायउ जाणिउ किं ण पइं चिरु खीरकलंबें[6] अवरु मइं ।
दोहिं मि सुभउमु गुरु सेवियउ सत्थत्थु असेसु वि भावियउ ।
आयउ किर जोइहुं तासु मुहुं ता पवसिउ सो सुउ दिट्ठु तुहुं ।
लइ जण्णमहाविहिकारियहं सहसाइं सट्ठि पसुवहरियहं ।
सयराइराय अब्भुद्धरहिं महु[7] महियलि कारावहि करहि ।
हउं कंचुइ[8] अज्जु परइ मरमि णियविज्जइ पइं जि अलंकरमि ।
दियतरुणिं ता तहु इच्छियउं तं विज्जादाणु[9] पडिच्छियउं ।
पुरदेसहं घल्लिउ मारि जरु पहु को वि गवेसइ संतियरु ।
गय बेण्णि वि तं कोसलणयरु दोहिं वि संबोहिउ णिवु[10] सयरु ।

वचन का प्रतिरोध करता है। अज को पशु कहते हुए वह मना किया गया। दूसरे पंडितों ने उसे निकाल बाहर किया। ईर्ष्या के वश वह चला गया और जिसमें हरा घास कंपित है, ऐसे नील तमाल वन में पहुँचा।

घत्ता—वहाँ श्रेष्ठ ब्राह्मण के वेश में पर्वतक ने उसे देखा जो पेड़ के नीचे चट्टान पर बैठा हुआ असुरों के शास्त्र को पढ़ रहा था।

(29)

उसने उसके मन में प्रेम प्रसंग को उत्पन्न करने वाला अभिवादन किया। उस वृद्ध ने भी प्रत्यभिवादन किया और कहा कि तुम्हें भी विनय प्राप्त हो। हे पुत्र, क्या तुम यज्ञ को नहीं जानते? बहुत पहिले मैं और क्षीरकदंब दोनों ने सुभौम गुरु की सेवा की थी। समस्त शास्त्रार्थ का विचार किया था। मैं उनका मुख देखने के लिए आया था। लेकिन वह प्रवसित हो चुके हैं। हे पुत्र, तुम्हें मैंने देखा है, यज्ञ की महाविधि कराने वाली पशुबंध से संबंधित साठ हजार ऋचाएं लो और सगर आदि राजाओं का उद्धार करो, धरती पर यज्ञ करो और कराओ। मैं तो बूढ़ा आदमी हूँ, कल या परसों मर जाऊँगा। अपनी विद्या से तुम्हीं को अलंकृत करूँगा। ब्राह्मण युवक ने उसे चाहा और उसका विद्यादान स्वीकार कर लिया। नगर और देश में महामारी का ज्वर फैल गया। राजा किसी शांति करने वाले की खोज में रहता है। वे दोनों उस अयोध्या नगर जाते हैं। दोनों ने राजा सगर को संबोधित किया।

(29) 1. A मणे। 2. A तं तासु। 3. P अभिवायणउं। 4. A पडिपणिवाउ। 5. AP होइ। 6. A °कयबें। 7. A महु। 8. A कंचु अज्जु। 9. P तें विज्जा°। 10. AP णिउ सगरु।

घत्ता—हुणिवि[11] तुरंग मयंग दणुएं दाविय मायइ ॥
कुंडलमउडफुरंत[12] दिट्ठ देव णहभायइ ॥29॥

30

अप्पाणउं तहिं जि[1] हुणावियउं देवत्तु णहंगणि दावियउं ।
सत्तच्चिणिहित्तइं[2] चउपयहं णिट्ठियइं सट्ठिसहसइं मयहं ।
मायारएण जणु मोहियउ संतीइ सुहेण पयासियउं ।
हारावलिरुइरंजियथणिय सुलसा वि तेण हुयवहि हुणिय ।
गोसवि णियजणणि वि अहिलसिय सउयामणिमहि[3] मइर वि रसिय ।
विप्पहं बंभणिवरंगु विहिउं महुणा लित्तउं जीहइ लिहिउं ।
बहु वंचिय धुत्तें तेण जड अवलोयवि होमिज्जंत[4] भड ।
घरु जाइवि तणु घल्लिवि सयणि पहु सोयइ हा हा मिगणयणि ।
हा सुलसि काइं मइं तुज्झु किउ किह जीवियव्वु[5] णिड्डहिवि णिउ ।
ता[6] तहिं जि पराइउ पवरजइ पुच्छइ पणामु विरइवि णिवइ ।
किं धम्मु भडारा पसुवहणु किं सव्वजीवदयसंगहणु ।

घत्ता—राक्षस ने (महाकाल ने) यज्ञ में हाथी-घोड़ों को होमकर उन्हें मायाबल से आकाश में दिखा दिया। आकाश में कुंडलों और मुकुटों से स्फुरित होते हुए देव दिखाई दिये।

(30)

उसने अपने को भी यज्ञ में होम कर दिया और आकाश के प्रांगण में देवत्व के रूप में प्रदर्शन किया। आग में डाले गये साठ हजार पशु नष्ट हो गये। उस मायावी के द्वारा लोग ठगे गये। उसने शांति और शुभ के लिए उन्हें प्रकाशित किया। हारावलि की कांति से जिसके स्तन शोभित हैं, ऐसी सुलसा को भी उसने आग में होम दिया। गो यज्ञ में उसने अपनी माता की भी इच्छा की और सौत्रामिणी यज्ञ में मदिरा का पान भी किया। ब्राह्मणों के लिए ब्राह्मणियों के उत्तमांग की रचना की गई मधु से लिप्त जो जीभ के द्वारा चाटी गई। इस प्रकार उस धूर्त के द्वारा बहुत-से लोग ठगे गये। होमे जाते हुए योद्धाओं को देखकर घर जाकर अपने शरीर को बिस्तर पर डालकर राजा सगर शोक करने लगा—हे मृगनयनी, हे सुरसे, मैंने तुम्हारे लिए यह क्या किया ! मैंने तुम्हारे जीवन को क्यों जला डाला ! इसी बीच एक महामुनि वहाँ पहुँचे। राजा उन्हें प्रणाम कर पूछता है : हे आदरणीय, पशुओं का वध करना धर्म है ? या सब जीवों के प्रति दया करना धर्म है ?

11. A हुणवि। 12. A °मउल° ।
(30) 1. P तहिं तो। 2. P णिहित्तइं । 3. P सोयामणि° । 4. A होमिज्जंति । 5. A जीवियव्वु ।
6. P तो ।

घत्ता—तं णिसुणिवि करुणेण तेण मुणिंदें वुत्तउं ।।
होइ अहिंसइ धम्मु हिंसइ पाउ णिरुत्तउं ।।30।।

31

पहु[1] जंपइ पच्चउ दक्खवहि अप्पाणउ किं मुहिइ खवहि ।
रिसि भासइ णहयलरंगणडि तुह सत्तमि दिणि णिवडिहइ तडि ।
णिवडेसहि णरइ म[2] भंति करि किं सग्गु[3] जंति पसु[4] खंत हरि ।
तं राएं रइयणरावयहु आवेप्पिणु अक्खिउ पावयहु[5] ।
तेण वि बोल्लिउ मलपोट्टलउ किं जाणइ सवणउं विट्टलउं ।
असुरिंदें दरिसिय देवि णहि बिउणारउ लग्गउ पुणु वि महि[6] ।
सो असणिणिहाएं[7] घाइयउ वालुयपहमहि संपाइयउ[8] ।
भणु पावें को व ण मारियउ रिउणा जाइवि[9] पच्चारियउ ।
जं पिंगलु हउं पइं दूसियउ जं णियकरु कण्णइ भूसियउ ।
जिसने अपने पीले जटा समूह को ऊपर बाँध रखा है, जिसका कमंडलु पद्मराज मणियों से बना है, जिसका शरीर स्वच्छ हिमकण के हार के समान सफेद है, मानो-चन्द्रमा हो या शारदीय मेघ। स्वच्छ स्फटिक मणि के वलय से अंकित वह, ऐसा मालूम होता है, मानो उसके पुरुष रूप की विधाता ने स्वयं रचना की है, आता हुआ वह ऐसा दिखाई देता है कि जैसे राजा के रण में कायर योद्धाओं के लिए भय उत्पन्न करने वाला हो। उसके कटितल में स्वर्णमेखला थी। जो बहुत हँसता बोलता, ईर्ष्या से युक्त और युद्ध में आसक्ति रखनेवाला था। उत्तरीय को पहने हुए उसका वक्षस्थल उज्जवल था। घूमते हुए, और युद्ध की इच्छा रखते हुए, उसकी कौपीन वस्त्रों की बनी हुई थी। जो युद्ध न होने से अत्यन्त क्षीण हो गया था। रावण ने उसे देखा और

(1) 1. 1 AP णरकरसिर° । 2. A बोल्लइ णारउ; P आइउ णारउ। 3. P उद्धाबद्धु पिंगु जडमंडलु। 4. P पंडर°। 5. A जसरूउ पुरिस विहिणा। 6. A एतहो; P एत्तउ। 7. P केहउ। 8. AP वसणु। 9 A° उरज्जलु। 10. A रामणेण।

पुच्छिउ पहुणा परमणसूलउ कहहि वत्त को महु पडिकूलउ ।
तं णिसुणिवि संगामपियारउ आहासइ दहगीवहु णारउ ।

घत्ता—सुरगिरिसिरि णिवसइ महिहि ण विलसइ संचइ धणयहु तणउं धणु ॥
णिसि णिद्द ण पावइ सयमहु भावइ णावइ तुज्झु जि भीयमणु ॥ 1 ॥

2

सिहि णं करइ तुहारउं भाणसु डहु वइसु वइरिहि तुहुं वइसु ।
णेरिउ णेरियदिसि[1] ता रुंभइ जाव ण तुज्झु पयाउ वियंभइ ।
रयणायरु जं गज्जइ तं जडु तुहुं जि एक्कु तइलोक्कि महाभडु ।
वाउ वाइ किर तुह णीसासें वज्झइ फणिवइ तुह फणिपासें ।
चंदु सूरु किर[2] तुह घरदीवउ सीहु वराउ वसउ वणि सावउ । 5
ससुरु सणरु खगु जगु तुह बीहइ पर पइं जिणिवि एक्कु जसु ईहइ ।
दसरहतणउ मुसलहलपहरणु दूरमुक्कपररमणीपरिहरणु ।
परबलपबलसलिलवडवामुहु जासु भाइ रणरसवियसियमुहु ।
लक्खणु सुहडलक्खविक्खेवणु अण्णु वि जासु पवरपीणत्थणु[3] ।
जणएं कण्णारयणु विइण्णउं तासु[4] रूवि थिउ विहिणेउण्णउं । 10

स्वागत किया। गुरु-भक्ति के साथ आसन पर बैठाया। राजा ने दूसरों के मन के लिए शूल के समान उससे पूछा—यह बात बताइए कि कौन मेरे प्रतिकूल है? यह सुनकर जिसे संग्राम प्यारा है, ऐसा नारद रावण से कहता है—

घत्ता—यद्यपि इन्द्र सुमेरु पर्वत के शिखर पर रहता है, वह धरती पर शोभित नहीं होता। वह कुबेर का धन संचित करता है, फिर भी रात को उसे नींद नहीं आती। ऐसा मालूम होता है जैसे तुमसे भीत मन उसे अच्छा नहीं लगता।

(2)

आग तुम्हारे यहाँ मानो रसोइये का काम करती है। यम दग्ध हो जाए, तुम शत्रुओं के लिए यम हो, नैऋत्य नैऋत्य दिशा को रोकता है तब तक कि जब तक तुम्हारा प्रताप नहीं फैलता। समुद्र जो गरजता है वह मूर्ख है, क्यों कि तीनों लोकों में एक तुम्हीं महासुभट हो। तुम्हारे निश्वास से हवा चलती है। तुम्हारे नागपाश में नागराज बँध जाते हैं। सूर्य और चन्द्रमा तुम्हारे घर के दीपक हैं। सिंह बेचारा वन में निवास करता है और श्वापद भी। देवताओं और मनुष्यों सहित खग और जग तुमसे डरता है, लेकिन एक आदमी ऐसा है कि जो तुम्हें जीतने की इच्छा रखता है। दशरथ का बेटा, हाथ में मूसल का हथियार रखनेवाला, पररमणी का परिहार करनेवाला (राम) और जिसका भाई शत्रु सेना के प्रबल पानी में बडवाग्नि के समान है, और जिसका मुख वीर रस से विकसित है ऐसा लक्ष्मण लाखों योद्धाओं को क्षुब्ध करने वाला है, और भी जिसे राजा जनक ने अपनी विशाल पीन स्तनों वाली बाला प्रदान की है, जिसके रूप में विधाता का नैपुण्य स्थित है।

(2) 1 AP णेरियदेसि। 2. AP किह। 3. AP पीणपीवरथणु। 4. AP ताहि।

घत्ता—सा तुज्झु जि जोग्गी लयललियंगी हिप्पइ मड्डइ[5] किंकरहं ॥
सुरसरि झससमुद्दहु होइ समुद्दहु णउ जम्मि वि पंकयसरहं[6] ॥2॥

3

विप्फुरियाणणु णं पंचाणणु तं णिसुणिवि पडिलवइ दसाणणु ।
धीर विमुक्ककेर करिकरभुय खल बलपबल[1] चवल दसरहसुय ।
रामसाम गयसाम सहोयर मारमि सुहड तुमुलि भूगोयर ।
हरमि घरिणि गुणमणिसंचयखणि अहिणवहरिणणयण मयणावणि ।
पभणइ णारयरिसि किं गावें रावण[2] विहलें वीरपलावें । 5
सरह सीह को वणि संघारइ काल कयंत वे वि को मारइ ।
चंद सूर को खलइ णहंगणि हरि बल को णिहणइ समरंगणि ।
केसरिकेसछडा[3] को[4] छिप्पइ जाणइ केण णराहिव हिप्पइ[5] ।
चवइ राउ विरइयअवराहहं बालहं वाणारसिपुरिणाहहं[6] ।
सिरकमलइं खंडेसमि जइयहुं तुहुं वि तेत्थु आवेसहि तइयहुं । 10

घत्ता—तेलोक्कभयंकरु[7] वइरिखयंकरु धणुगुणटंकारु जि मुणइ ॥
खेयरउरदारणि महु सरधोरणि रणि रामहु वम्मइं लुणइ ॥3॥

घत्ता—वह स्त्री लता के समान सुन्दरता अंग वाली तुम्हारे योग्य है। अपने चातुर्य से उसे बलपूर्वक किंकरों से छीन लीजिए। क्यों कि गंगा नदी मछलियों से भरे समुद्र की होती है, वह जन्म भर तलाबों की नहीं होती।

(3)

जिसका मुख चमक रहा है, ऐसे शेर के समान वह रावण यह सुनकर बोला—मैं धीर, मर्यादा से हीन हाथी के सूंड़ के समान भुजाओं वाले दुष्ट बलवान, चंचल दशरथ के बेटे राम और श्यामल लक्ष्मण को, जो हाथी के समान श्याम हैं, ऐसे सुभटों को तुमुल-युद्ध में मारूँगा और मैं गुणों और मणियों के संचय की खान अभिनव हरिणियों के समान नेत्र-वाली कामदेव की भूमि, उसका अपहरण करूँगा। नारद मुनि कहते हैं—हे रावण, गर्व से विह्वल प्रलाप से क्या ? क्यों कि वन में श्वापद और सिंह का संहार कौन कर सकता है ? काल और कृतान्त को कौन मार सकता है ? सूर्य और चन्द्र को आकाश के प्रांगण से कौन स्खलित कर सकता है ? युद्ध के प्रांगण में राम और लक्ष्मण को कौन छू सकता है ? हे राजन्, जानकी का कौन अपहरण कर सकता है ? तब राजा कहता है—अपराध करनेवाले वाराणसी नगरी के राजा उन दोनों बालकों के सिर-कमलों को जब मैं काटूंगा, हे मुनि तब आप वहाँ आना।

घत्ता—फिर तीनों लोकों में भयंकर शत्रुओं का नाश करनेवाला रावण धनुष की टंकार करता है। और कहता है—विद्याधरों के वक्षस्थलों को चीरने वाली मेरी बाणों की परम्परा युद्ध में राम के कवच को छिन्न-भिन्न करेगी।

---

5 AP मंडइ । 6. P ससमुद्दहु ।

(3) 1. AP रणपबल । 2. P रामण । 3. A °केसरसड; P °केसरसड । 4. AP किं । 5. AP घिप्पइ । 6. AP वाराणसि° । 7. A तइलोक° ।

4

ता परियाणवि कलहहु कारणु अवसें होसइ एत्थु महारणु ।
गउ णारउ णियमणि संतुट्ठउ वीसपाणि मंतणइ पइट्ठउ[2] ।
दुट्ठु अणिट्ठु विसिट्ठु ण[3] सिट्ठउ मंतिउ[4] मंतु सबुद्धिइ दिट्ठउ ।
तणुलायण्णवण्णजलवाहिणि हिप्पइ रहुकुलणाहहु गेहिणि ।
मारिज्जंति भाइ ते भीसण भणु मारीयय भणइ विहीसण । 5
तं णिसुणिवि मारीएं वुत्तउं परवहुरमणु णरिंद अजुत्तउं ।
परवहुरमणु धम्मणिल्लूरणु परवहुरमणु सयणसयजूरणु ।
परवहुरमणु कित्तिविद्धंसणु परवहुरमणु विमलकुलदूसणु ।
परवहुरमणु पराहवगारउं परवहुरमणु णरयपइसारउं ।

घत्ता—परयारु सुविट्ठलु दुक्खहं पोट्टलु दुग्गमु दुज्जसपरियरु ॥ 10
बहुभवसंसारणु सिवगइवारणु पावासवविहिवासघरु ॥4॥

5

दुत्तरमोहमहण्णवि चूडउ परवहुरमणु करइ जो मूढउ ।
तुहुं घइं[1] बहुसत्थत्थवियाणउ अण्णु वि सयलहि पुहइहि राणउ ।

(4)

तब इस कलह के कारण को जानकर कि अब अवश्य ही महायुद्ध होगा, नारद अपने मन में संतुष्ट होकर चला गया और रावण भी परामर्श के लिए महल में प्रविष्ट हुआ। उसने यह दुष्ट अनिष्ट बात विद्वान् मंत्री से नहीं कही, अपनी बुद्धि से ही इस बात का विचार किया कि शरीर के सौन्दर्य और वर्ण की नदी रघुकुलनाथ की गृहणी का हरण किया जाए, उन भयंकर भाइयों को मार दिया जाए। यह मारीच से कहो। तब विभीषण कहता है। यह सुनकर मारीच बोला, हे राजन्, परवधू से रमण करना अनुचित है, परवधू का रमण धर्म का नाश करने वाला होता है, परवधू का रमण आत्मीय जनों को संताप पहुँचाने वाला होता है। परवधू का रमण कीर्ति का नाश करने वाला होता है। परवधू का रमण पवित्र कुल को दोष लगाने वाला है। परवधू का रमण दूसरों का अपकार करने वाला है, परवधू का रमण नरक में प्रवेश कराने वाला है।

घत्ता—परस्त्री अत्यन्त नीच दुःख की पोटली होती है। दुर्गम और खोटे यश की समूह है, अनेक लोकों में घुमानेवाली एवं मोक्षगति का निवारण करनेवाली और पापाश्रय विधि का वास-घर होती है।

(5)

जो मूर्ख व्यक्ति परवधू से रमण करता है, वह नहीं तरने योग्य मोह रूपी महासमुद्र में जा गिरता है। तुम अनेक शास्त्रार्थों को जानने वाले हो, और फिर सकल धरती के राजा हो। जो

(4) 1. A परितुट्ठउ। 2. AP वइट्ठउ। 3. AP वसिट्ठउ। 4. AP मंतिए।
(5) 1. AP सइं।

जो पडिकूलु होइ सो हम्मइ परवहु पुणु सिविणि वि ण रम्मइ ।
भणइ दसाणणु जणसामण्णहं[2] जणएं जाणिवि दिण्णी अण्णहं ।
थीयणसारी णयणपियारी चंपयगोरी हिययवियारी[3]। 5
सेलसिहरसंचालणचंडहिं सा[4] अवरुंडमि जइ भुयदंडहिं ।
तो सकयत्थु महारउं जीविउ तो मइं णरभवफलु संप्राविउ[5]।
जइ तहि तं मुहकमलु ण चुंबमि तो अप्पाणउं काइं विडंबमि ।
कम्मणिबंधणेण णिक्कज्जें[6] किं महुं महियलेण किं रज्जें ।

घत्ता—हरिणच्छिहि वत्तइ सुहसुहमेत्तइ[7] उप्पाइउ मणि कलमलउ ॥ 10
रइकायरु कंपइ पुणु पुणु जंपइ दहमुहु विरहविसंठुलउ ॥ 5 ॥

6

बुज्झिवि अंतरंगु दहगीवहु वाय विणिग्गय मुहि मारीयहु ।
कामबाणसंताणहिं भग्गउ जइ तुहुं महिवइ सीयहि लग्गउ ।
तो वि मयणु मग्गं माणेवउ[1] रत्तावरत्तचित्तु जाणेवउं[2] ।
तं जाणिज्जइ विविहपयारें विडगुरुभासिएण सुयसारें ।
अंसयदेसिजाइपरइत्थहु[3] इंगियसत्तभावरसगुत्थहु[4]।

तुम्हारे प्रतिकूल है, उसे तुम्हें मारना चाहिए। लेकिन परवधू का रमण तुम्हें स्वप्न में भी नहीं करना चाहिए। तब दशानन कहता है—जनक ने जान-बूझकर (मुझे छोड़कर) किसी अन्य जन-सामान्य को जानकी दे दी है। स्त्रीजन में श्रेष्ठ नेत्रों के लिए प्यारी, चंपक के समान गोरी, हृदय को चूर कर देने वाली ऐसी उसका, मैं (रावण) पर्वत शिखरों के संचालन से प्रचंड अपने भुजदंडों के द्वारा यदि उसका आलिंगन करता हूँ तो मनुष्य जीवन पाने का फल पा लेता हूँ। इसलिए यदि उसका मुखकमल मैं नहीं चूमता तो मैं अपने को विडम्बित क्यों करता हूँ? बेकार कर्म (निष्प्रयोजन) से क्या? मेरे राज्य से क्या और धरती से क्या?

घत्ता—कानों के लिए सुख की मात्रा के समान उस मृगनयनी के वार्तामात्र से मेरे मन में हलचल मच गई है। रति में कायर रावण विरह से अस्त-व्यस्त होकर काँप उठता है, और बार-बार कहता है।

(6)

तब रावण का मन जानकर मारीच के मुँह से यह बात निकली—काम के बाणों की परम्परा से नष्ट हुए हे राजन्, यदि तुम सीता से लग गए हो तब भी तुम्हें कामदेव के मार्ग से उसे मानना चाहिए। रागी विरागी चित्त को जानना चाहिए। तथा काव्य-शास्त्र में कामाचार्य द्वारा कहे गए विविध प्रकार के इंगितों, सात भावों और रसों से परिपूर्ण हंसादि देसी तथा जाति भेदों वाले स्त्रीसमूह में कामिनी को जानना चाहिए। इस प्रकार जो धरती पर कामिनियों को जानता

---

2. A °सावण्णहं 3. AP हियपियारी। 4 AP omit सा; A अवरुंडिवि। 5. AP संपाविउ। 6. A णिक्कज्जें। 7. A सुयसुहं°।

(6) 1. AP माणिव्वउ। 2 P जाणेव्वउ। 3. A °जाईपयओ; P °जाइपयइत्थउ। 4. A °रस-गुइपउ।

कामिणीउ जो महियलि जाणइ सो लंकाहिव रइसुहुं माणइ ।
भद्दं मंद लय हंसि चउत्थी चउविह महिलाजाइ पसत्थी ।
भद्द भणामि सव्वंगसुरूविणि[5] मंद[6] थूलगुरुपेढालत्थणि[7] ।
लय दीहरतणु लय जिह पत्तल खुज्जी णारि मरालि समासल ।
रिसिविज्जाहररजक्खपिसायहं अंस होंति रमणीसंघायहं ।
तावसि उज्जुय भुंभुलभोली[8] खेयरि मइराकुसुमरसाली ।
जक्खिणि धणकणलोहपरव्वस अडण पिसल्ली भणिय सतामस ।

घत्ता—सारसि भिगि रिट्ठिणि ससि धयरट्ठिणि[9] महिसि खरी मयरि वि जुवइ ।।
सत्तें दीसंतें[10] रइसइकंतें वसुविह कहिय णिसुणि णिवइ ।। 6 ।।

7

वच्छत्थलु थणकलसहिं पेल्लइ सारसि पिययमसंगु ण मेल्लइ ।
मिगि[1] णियबंधवदाणें मण्णइ तज्जिय तसइ गेउ आयण्णइ ।
पुत्तहंडदुक्खिणि वायसरव रिं णि ठाणु मुयइ रणभइरव ।
ससि णिम्मीलियच्छि दुहभायण णिग्घिण परहरगासालोयण ।
धयरट्ठिणि सररुहसरकीलिणि महिसि कराल रोसरसवालिणि ।

है, हे लंकाराज, वह रति सुख को मानता है। भद्रा, मंदा, लता और चौथी हंसा यह चार प्रकार की महिलाजाति प्रशस्त मानी गई है। भद्रा को मैं कहता हूँ कि वह सर्वांग सुन्दर होती है, जबकि मंदा अत्यन्त मोटी और भारी चौड़े स्तनों वाली होती है। लता लंबे शरीरवाली एवं लता के समान पतली होती है। हंसा नारी कुबड़ी और थुलथुल (मांसल) होती है। ऋषियों, विद्याधरों, यक्षों और पिशाचों की जो रमणीय समूह है, वह हंसा होती है। तापसी नारी सीधी और स्वभाव से भोली होती है। विद्याधरी मदिरा और कुसुमों में आसक्त होती है। यक्षिणी धन-धान्य के लोभ के अधीन होती है, और पिशाचिनी घूमने वाली और तामस भाव से युक्त कही जाती है।

घत्ता—सारसी, मृगी, रिष्टणी, शशि, धृतराष्ट्रणी, महीषी, खरी और मयूरी युवतियां भी होती हैं। इस प्रकार कामदेव की आठ प्रकार की युवतियाँ कही गई हैं। हे राजन् उन्हें सुनिए।

(7)

इनमें सारसी प्रिय के वक्षस्थल को अपने स्तनरूपी कलशों से प्रेरित करती है और प्रियतम के संग को नहीं छोड़ती। मृगी अपने भाइयों के दान के द्वारा संतुष्ट होती है। डाँटने पर त्रस्त होती है। और गीत सुनती रहती है। रिष्टणी पुत्र रूपी भांड से दुःखी कौवे के समान स्वर वाली, रण से भयंकर अपने स्थान को छोड़ देती है। शशि अपनी आँखें बंद किए हुए दुःख की भाजन होती है। दूसरों के घर पर भोजन करने वाली होती है। धृतराष्ट्रणी कमलों के तालाबों में क्रीड़ा

5. P adds after this : णरवर मंदा णिसुणि णियंबिणि 6. P जाणि थूलगुरुपोढविलासिणि । 7. AP add after this : णउ सेविज्जइ सा वि थलक्खणि । 8. AP भुंभुरभोली; T भुंभुर° । 9 AP धयरिट्ठिणि । 10. AP दीसत्तें ।

(7) 1 A मृगि णियबंधव° ।

खरि खेल्लंति हसइ कहकहसरु सहइ पायपहरु वि घल्लिउ करु ।
मयरि मासगासिणि दढगाहिणि कयसाहस कुकम्मणिव्वाहिणि ।
सुणि[2] देसीउ णिहिलदेसाहिव इह मालविणि होइ इच्छियसिव ।
ससहावें लंपडि खरभासिणि वाणारसिसंभव वणवासिणि ।

घत्ता—अब्बुइ[3] जा कामिणि मंथरगामिणि सा पहिलउं जि दव्वु हरइ ॥ 10
दिणमेर णिबंधिवि रइरसु संधिवि पच्छइ सरकीलणु[4] करई ॥ 7 ॥

8

सिंधुवि पुणु पियगेयहु[1] रप्पइ पाणु[2] वि दविणु वि दइयहु अप्पइ ।
मायाबहुलु भाउ कोसलियहि लब्भइ रइगुणेण[3] सिंघलियहि ।
दविडि[5] दंतणहछेयहु सक्कइ अंधिणि[6] णिब्भररयहु चमक्कइ ।
ललियालावें लाडि लइज्जइ उड्डि रमणविण्णाणें भिज्जइ ।
कालिंगी उवयारु पउंजइ[7] रक्खसु सुक्कउ[8] रुक्खु[9] वि रंजइ । 5
सोरट्ठिय आउंबणतुट्ठी गुज्जरि णिच्चसयज्जहु लट्ठी ।
अवरु महारट्ठी जइ सीसइ ता तहि धुत्तत्तणु पर दीसइ ।

करने वाली होती है। महिषी अपने भयंकर क्रोध रस का निर्वाह करने वाली होती है। खरी खिलखिलाती है, और ठहाका मार कर हँसती है। मारे गए हाथ और पैरों के प्रहार को भी वह सहती है। मयरी मांस खाने वाली मजबूत पकड़ वाली अत्यन्त साहसी तथा कुकर्मों का निर्वाह करने वाली होती है। हे अखिल देशों के राजा, देसी स्त्री को सुनिये। मालवी स्त्री अपना मतलब चाहने वाली होती है। स्वभाव से लंपट और अत्यन्त कर्कशबोलने वाली होती है। वनारस की स्त्रियाँ क्रीड़ा को चाहने वाली होती हैं।

घत्ता—अर्बुद की जो स्त्री है, वह मंदगामिनी होती है, और सबसे पहले आदमी का धन हरण करने वाली होती है। और दिन की मर्यादा मानकर रतिसुख का संधान कर बाद में काम क्रीड़ा करती है।।

(8)

सिंधु देश की स्त्री अपने घर में प्रसन्न रहती है। और अपने प्राण और धन दोनों ही अपने पति को अर्पित कर देती है। कौशल देश की स्त्री का भाव अत्यन्त मायावी होता है। सिंहल देश की स्त्री को रति गुण से ही पाया जाता है। द्रविड़ देश की स्त्री दांतों और नखों के क्षत को सहन कर सकती है। आन्ध्र देश की स्त्री परिपूर्ण रति से चौंक उठती है। मधुर आलाप से गुजरात की स्त्री शरमा जाती है। उड़ीसा की स्त्री का भेदन रमण-विज्ञान से ही किया जा सकता है। कलिंग देश की स्त्री उपचार का प्रयोग करती है। राक्षस, पुण्यात्मा और रूखे किसी का भी रंजन करती है। सौराष्ट्र देश की स्त्री चुम्बन से संतुष्ट होती है। गुजरात की स्त्री नित्य अपने काम में निपुण

---

2. AP मुणि। 3. A अच्छए। 4. AP सुरयकील।

(8) 1. AP सिंधवि। 2. A पियणेहहु; P पियगेहहु। 3. AP पाणु 4. P धणेण। 5. AP दिविडि। 6. AP अंधणि। 7. AP पवज्जइ। 8. AP सुक्खउ। 9. P रुक्ख।

कोंकणियहि जइ काइं वि दिज्जइ तो तं चिंतवंति सा झिज्जइ[10]।
दरिसियहरिसियवम्महलीलउ पाडलिउत्तियाउ करणालउ।
करइ किं पि चंगउं ववसायउं पारियत्तणइणि पुरिसाइउं।
हिमवंती वि मंतबीयक्खर जाणइ जेण[11] पडइ पायहिं वरु।
मज्झएसणारीउ कलालउ होंति राय सयदलसोमालउ।

घत्ता—देससयजुत्तहं जाइहि सत्तहं सयलहं पयइणिवासु किह॥
गिरिसरिमहिरुठाणहं अमरविमाणहं मयरहरहं तेलोक्कु जिह॥8॥

9

सा वि तिविह णरजम्मि णिबज्झइ[1] पित्तसिभमारुयहिं णिरुज्झइ।
पित्तपयइ आरूसइ खणि खणि संतोसेवी धुत्तें दिणि दिणि।
गोरी बुद्धिवंत णहपिंगल मउएं किज्जइ सा रइभिंभल[2]।
उण्णयसिहिणवरंगु[3] मुणेज्जसु सीयलु तहि आलिंगणु देज्जसु।
सीयलु गंधु सेउ[4] पंगुरणउं सीयलु[5] ताहि जि सुरयारुहणउं।
सिंभपयइ सामल वण्णुज्जल अहिणवकयलीकंदलकोमल।

होती है। और यदि मराठी स्त्री के बारे में कहा जाये तो उसमें केवल धूर्तता ही दिखाई देती है। कोंकण देश की स्त्री को यदि कुछ दिया जाये तो वह उसका विचार करती हुई दुबली होती जाती है। जो हर्षित होकर कामदेव की क्रीड़ा का प्रदर्शन करती है, ऐसी पाटलीपुत्र की स्त्री अपने स्तन के ऊपर स्तन रखने वाली होती है। पारियात्र देश को स्त्री पुरुष के प्रतिकूल कुछ भी अच्छा या बुरा व्यवसाय करती है। हिमवंत देश की स्त्री मंत्र के बीजाक्षरों को जानती है। इससे पति उसके पैरों पर गिरता है। हे राजन्, मध्यदेश की स्त्रियाँ कलायुक्त होती हैं, और कमल के समान कोमल होती हैं।

घत्ता—सैकड़ों देशों से युक्त सभी सातों जातियों की प्रकृति का निवास इनमें उसी प्रकार होता है, जिस प्रकार पहाड़, नदी, धरती के स्थान, अमर विमानों और समुद्रों का त्रिलोक में होता है।

(9)

उस स्त्री को भी मनुष्य जन्म में तीन प्रकार से रचा गया है—पित्त, कफ और वात के द्वारा उसे अवरुद्ध किया गया है। पित्त प्रकृति वाली स्त्री क्षण-क्षण में क्रुद्ध होती है। उसे प्रतिदिन धूर्तता से संतुष्ट करना चाहिए। गोरी, बुद्धिमती, पीले नख वाली को कोमलता के साथ रति से विह्वल बनाना चाहिए। उन्नत स्तनों और श्रेष्ठ अंग वाली को समझना चाहिए और उसे धीरे-धीरे आलिंगन देना चाहिए। जो शीतलगंध, श्वेतपट और शीतल हो उसे सुरति का आरोहण देना चाहिए। कफ प्रकृतिवाली श्यामल और उजले रंग की होती है, तथा नये केले के पत्ते के

10. A झिज्जइ। 11. AP जेहि। 12. AP मज्झदेस°। 13. AP °महि°।

(9) 1. AP विबज्झइ। 2. AP रइवेंभल। 3. AP उण्हय° 4. A सीउ। 5. AP सीयलु सीयलु सुरयाहरणउं।

दिट्ठइ दोसि णिरुत्तउ चुक्कइ पुणु जम्मि वि ण संमुहु ढुक्कइ।
सच्चें विणएं दाणें घिप्पइ इयरह पुणु तहिं अंगु ण छिप्पइ।
रइजलपोंभल मउ सोणीयलु णिप्पडियंध[6] चारु तणुपरिमलु।
आयंबिरणह सोहियकमकर सुंदरि साहारणसुरयायर। 10
कसण फरुस मरुपयइ विलासिणि बहु अहारु लेइ बहुभासिणि।

घत्ता—करकढिणपहारहिं सद्दगहीरहिं पयडउं पडु विडु जइ रमइ।।
परिभमणपरिक्खहिं[7] कालकडक्खहिं ता[8] कामग्गि ताहि समइ ।।9।।

10

जहिं पयइइ पयइइ फुडु भिण्णी सा तोंतडिय दोहिं संकिण्णी।
जिह पयइउ[1] तिह तिहिं तिहिं जायइं अंसयसत्तइं मइं विण्णायइं।
जाइउ[2] देसिउ तिह मइं बुद्धउ भाउ दुविहु अविसुद्धु विसुद्धउ।
पहिलारउ सवत्तिसहवासें वयपरिणामें दीहपवासें[4]।
आसंकइ चामीयरलोहें अवरेहिं[5] वि कारणसंदोहें।
वहइ असुद्धभाउ णारीयणु तेण वि वेयारिज्जइ जडयणु[6]।
आलोयंतहं संमुहुं जोयइ मुहुं वियसावइ[7] करयलु ढोवइ।

समान कोमल होती है। दोष दिखाई देने पर वह चुप-चाप हो जाती है। फिर जन्म भर सामने नहीं आती। फिर सत्य, विनय और दान से ही वह ग्रहण की जाती है। दूसरी तरह से शरीर का स्पर्श नहीं किया जा सकता। वह रति जल से प्रचुर होती है। उसका स्वर्णिम तल कोमल होता है। और उसका शरीर रूपी सौरभ दुर्गन्धरहित होता है। उसके नख लाल होते हैं। काम करती हुई शोभित होती है, ऐसी वह सामान्य सुरति में आदर रखने वाली होती है। कृष्ण कठोर और विलासिनी होती है। वात प्रकृति वाली बहुत खाती है और बहुत बोलती है।

घत्ता— चतुर, प्रेमी उससे हाथ के कठिन प्रहारों और गंभीर शब्दों के द्वारा, रूप से उसे रमण करता है। आलिंगन, चुम्बन आदि तथा कठोर कटाक्षों के द्वारा वह उसकी कामाग्नि को शांत करता है।

(10)

जहाँ प्रकृति-प्रकृति से स्त्री भिन्न होती है, दोनों से संकीर्ण वह मिश्रित होती है। जिस प्रकार की प्रकृति होती है, उसी प्रकार दो-दो प्रकार के भेद होते हैं। इस प्रकार हंस आदि और सात्विक स्त्रियों को मैंने जान लिया। देसी जाति को भी मैंने उसी प्रकार जान लिया। भाव भी दो प्रकार के होते हैं। विशुद्ध और अविशुद्ध। पहला भाव अपनी पत्नी के सहवास से होता है। दूसरे (अविशुद्ध भाव) को वय के परिणाम, दीर्घ प्रवास, स्वर्ण लोभ और दूसरे कारण समूह से नारीजन धारण करती हैं। इनसे भी मूर्खजन विकार को प्राप्त होते हैं। वह देखनेवालों के सामने देखता है, मुख का विकास करता है, और करतल उस पर रख देता है। हे देव, ऐसे भी नारीजन

6. APT णिप्पडियम्मु; K णिप्पडियंध but records a p: णिप्पडियप्प इति पाठे संस्काररहितः। 7. AP °भवण°। 8. A तो।

(10) 1 A पइओ। 2. P जणुउ। 3. AP सवित्ति° 4. AP °पयासें। 5. AP अवरेण। 6. AP जडमणु। 7. AP विहसावइ।

सो[8] वि देव विउसहिं पालिज्जइ बुद्धिइ संकिण्णत्तणु णिज्जइ।
मंदु तिक्खु तिक्खयरु पउत्तउ सुद्धभाउ तिहिं भेयहिं जुत्तउ।

घत्ता—भल्लारउं णिवसणु रयणविहूसणु जोव्वणु णारिहि हरइ मणु॥ 10
तं[9] पुणु पियदूएं णियडीहूएं मयणहुयासें डहइ[10] तणु॥10॥

11

ता तहिं दूवि का वि पेसिज्जइ ताइ भावसंभवु जाणिज्जइ।
इंगिएहिं देहुब्भवलिंगहिं कयणिण्णेहसणेहुपसंगहिं।
भुक्खइ भग्गी अण्णहु लग्गी धणलंपडि कयखलसंसग्गी।
गमणकंख णिद्दालस मत्ती सुहिसोयाउर परगयचित्ती।
रुट्ठी णिट्ठुर कट्ठपलाविणि एही णउ सेविज्जइ भाविणि। 5
सीय[1] विसेसिं परकुलउत्ती एक्क वि एत्थु जुत्ति णउ जुत्ती।
तो वि जाउ चंदणहि सुदेहिहि मणअवहरणु करउ वइदेहिहि।
ता पेसिय सा[2] राएं तेत्तहि तं वाणारसिपुरवरु[3] जेत्तहि।
गय गयणंगणेण सा खेयरि पंडुरभवणावलि जोइवि पुरि।
जोयइ[4] चित्तकूडु णंदणवणु णं महिमहिलहि केरउं जोव्वणु। 10

का चतुर लोगों को पालन करना चाहिए और उसे बुद्धि से संकीर्ण भाव की ओर ले जाना चाहिए। मंद, तीक्ष्ण और तीक्ष्णतर—शुद्धभाव इन तीन भेदों से युक्त कहा गया है।

घत्ता—सुंदर निवसन, रत्नभूषण और यौवन नारी का मन हरता है। फिर उसे प्रिय के दूत के निकट होने पर कामदेव की आग जलाने लगती है।

(11)

इसलिए वहाँ पर किसी दूती को भेजना चाहिए। उसके द्वारा संकेतों, शरीर से उत्पन्न चिह्नों, किए गए स्नेह और अस्नेह के प्रसंगों के द्वारा उसके भावों की उत्पत्ति को जानना चाहिए। भूख से मग्न, किसी दूसरे से लगी हुई, धन की लालची, दुष्टों का संसर्ग करनेवाली, गमन की आकांक्षा रखने वाली, निद्रा से आलसी, मतवाली, सुधीजनों के लिए शोकातुर, दूसरे में चित्त लगाने वाली, रूठी हुई, निष्ठुर और कठोर भाषण करने वाली स्त्री का सेवन नहीं करना चाहिए। सीता विशेष रूप से श्रेष्ठ कुल की पुत्री है। उसके संबंध में यह एक भी युक्तियुक्त नहीं है। तब भी हे चन्द्रमुखे, तुम जाओ और सीतादेवी के मन का अपहरण करो। तब राजा ने उसे वहाँ भेजा जहाँ श्रेष्ठ वाराणसी नगरी थी। आकाश के प्रांगण से वह देवी वहाँ गई, और सफेद घरों की पंक्तियों वाली उस नगरी को देखकर वह चित्रकूट और नंदन वन को इस प्रकार देखती है, मानो धरती रूपी महिला का यौवन हो।

---

8. A सा वि। 9. P तें पुणु। 10. AP दहइ।

(11) 1 सीलविसेसिं। 2. AP राएं सा। 3. AP वाराणसि°। 4. AP जोइय।

घत्ता—महुधारहिं सित्तउं णावइ मत्तउं मलयाणिलसंचालिउं ।
णवतरुवरसाहहिं पसरियबाहहिं णं णच्चंतु णिहालिउं ॥ 11 ॥

12

रुक्खमूलरोहियधरायलं[1] कुसुमधूलिधूसरियणहयलं ।
कीलमाणसाहामयालयं गयणलग्गतालीतमालयं[2] ।
बिल्लचिल्लवेइल्लसद्दलं हरिणदंतदरमलियकंदलं[3] ।
सच्छविच्छलुच्छलियजलकणं अयरुदेवदारुयहिं घणघणं ।
विडविणिहसणुग्गमियहुयवहं सुरहिधूमवासियदिसामुहं । 5
परिघुलंतकंकेल्लिपल्लवं पवणचलियमहिलुलियमहुलवं ।
बालवेल्लिविलएहिं णवणवं कीरकुररकारंडकलरवं[5] ।
अलयवलयविलुलंत अलिउलं विविहकीलणावासपविउलं ।
केयईरं[6]उक्खुसियमाणवं रमियखयरजक्खिददाणवं ।
घत्ता—तहिं पयडियभावइ बहुरसदावइ सिसुमाणिणिमणमोहणइ ॥ 10
जणइच्छियकोमलि वरवण्णुज्जलि णाइ कव्वि सुकइहि तणइ ॥ 12 ॥

घत्ता—मधु की धाराओं से सींचा गया एकदम मतवाला जो मानो मलयपवन के द्वारा संचालित हो, वह नववृक्षवरों की शाखाओं से मानो बाहें फैलाकर नाचता हुआ दिखाई दिया ॥

(12)

जहाँ भूमितल वृक्षों की जड़ों से अवरुद्ध है, आकाशतल कुसुमधूलि से धूसरित है, जो खेलते हुए वानरों का घर है, जिसमें ताड़ी और तमाल वृक्ष आकाश को छू रहे हैं, बिल्व चिचा और बेल के पत्तों से जो युक्त है, अगुरु और देवदारु वृक्षों से जो आच्छादित है, जिसमें वृक्षों के संघर्ष से अग्नि उत्पन्न हो रही है, जिसमें सुरभित धूप से दिशामुख सुवासित हैं, जो अशोक वृक्ष के पत्रों से व्याप्त है, हवा के चलने के कारण जिसमें बसंत लता धरतीतल पर लुंठित है। बाल लताओं के घरों के द्वारा, जिसमें कीर, कुरर और कारंड पक्षियों का नव कलरव हो रहा है; बालों के समूह के समान जिसमें भ्रमर मंडरा रहे हैं, जो विविध क्रीड़ाघरों से प्रचुर है, जिसमें मनुष्य केतकी पुष्पों की रज से लिप्त हैं, जिसमें विद्याधर, यक्षेन्द्र और दानवेन्द्र क्रीड़ा करते हैं।

घत्ता—सुकवि के काव्य की तरह जो भावों को प्रगट करने वाला है, अनेक रसों को प्रदर्शित करने वाला है। शिशु मानिनियों के मन को मोहने वाला है, जो जनों की इच्छाओं की तरह कोमल है। (जिसमें लोगों के द्वारा कोयल को चाहा जाता है), जो श्रेष्ठ रंगों से उज्ज्वल है, ऐसे उस नंदन वन में ॥

(12) 1. A सोहिय°। 2. AP वड्ढमाणहितालतालयं। 3. P °दरदरिय°। 4. AP °धूव°। 5. A °कारंडकुलरवं। 6. A °रउ उक्खुसिय°।

13

उग्गयचंदणि उरगयचंदण[1] उण्णयवंदणि कयजिणवंदण[2] ।
लोहियकंदइ सुहितरुकंदा[3] गुरुमाइंदइ जियमाइंदा[4] ।
वड्ढियमोयइ कयरइमोया[5] फुल्लासोयइ वियलियसोया[6] ।
लग्गपियाले णिच्चपियाला[7] कीलासेले धीर व सेला[8] ।
खगरावाले बहुरावाला सरकमलाले गुरुकमलाला ।
महुयरगीए[9] मणहरगीइ[10] छाहियसीयइ[11] ते सहुं सीयइ[12] ।
बहुपुहईरुहि पुहइसमेया सिवए सिवढोइयरिउमेया ।
पइरिक्कामइ[13] कामियकामा लक्खणरामइ लक्खणरामा ।
णंदणवणि छुडु छुडु जि पइट्ठा [illegible]रवरवहिणिइ दिट्ठा ।
सहुं अंतेउरेहिं कीलारय गहियणवल्लफुल्लमंजरिरय ।

घत्ता—कयकिसलयकण्णउ कुसुमरवण्णउ णं देविउ वणवासिणिउ[14] ॥
दुमसाहंदोलणि उववणकीलणि लग्गउ रायविलासिणिउ ॥ 13 ॥

(13)

जिसमें चंदन वृक्ष उगे हुए हैं, ऐसे उस वन में राम और लक्ष्मण के हृदय में चंदन संलग्न है। जिसमें रक्त चंदन के वृक्ष उन्मत हैं, ऐसे वन में जिनेन्द्र की वंदना करते हैं। जिसमें रक्तकंद वृक्ष हैं, ऐसे वन में वे (राम और लक्ष्मण) मित्र रूपी वृक्षों के लिए मेघ के समान हैं। जिसमें प्रचुर आम वृक्ष हैं, ऐसे वन में जो चन्द्रमा और लक्ष्मी को जीतने वाले हैं। जिसमें कदली वृक्ष बढ़ रहे हैं, ऐसे वन में जो रति क्रीड़ा करने वाले हैं। जिसमें अशोक वृक्ष विकसित हैं, ऐसे जो शोक से रहित हैं, जिसमें अचार वृक्ष आकाश को छूते हैं, ऐसे उस वन में वे दोनों नित्य अपनी प्रियाओं से युक्त हैं। क्रीड़ा वन में जो पर्वत के समान धीर हैं, पक्षियों के कलरव से युक्त वन में जो गुरु के चरणों को चाहने वाले हैं, भ्रमरों के मधुर गीत वाले वन में, मधुरग्रीवा (सीता के साथ) छाया से शीतल वन में (सीता के साथ) प्रचुर महीवृक्षों वाले वन में, पृथ्वी (लक्ष्मण की पत्नी का नाम) के साथ सुखद वन में वे पशुओं को शत्रुओं का मांस देने वाले हैं। जिसमें अमल और प्रचुर जल है ऐसे वन में जो वांछित अर्थों को भोगने वाले है; जो सारसों से रमणीय है, ऐसे नंदन वन में राम और लक्ष्मण शीघ्र प्रविष्ट हुए। अपने हाथों में नई पुष्प मंजरी धारण करने वाले और अन्तःपुर के साथ क्रीड़ा करने वाले वे दोनों रावण की बहिन द्वारा देख लिए गए।

घत्ता—जिसने किसलयों के कर्ण फूल धारण कर रखे हैं, जो पुष्पों से ऐसी सुन्दर है मानो वनवासिनी देवी हो, वे राजवनिताएँ वृक्षों की शाखाओं के आन्दोलन वाली उपवन क्रीड़ा में रत हो गईं।।

(13) 1. AP °चंदणे। 2. AP °वंदणे। 3. AP °कंदए। 4. AP °मायंदए। 5. AP °मोयए। 6. P °सोया। 7. P °पियाले। 8. P वीर व सेला; T वीर वसेला वशा इला ययोस्तौ वशेलौ। 9. AP °गीयइ। 10. A °गीया। 11 AP छाही° छाहिय। 12. A सीया। 13. AP पयरिक्कीमए। 14. A उववण।

14

काइ वि जणणयणहं रुच्चंतिइ मोरें सहुं सहासु णच्चंतिइ ।
सोहइ कमलु दुवासिहिं[1] धरियउं णालंतालिपिंछविच्छुरियउं ।
णाइं कंडु रइणाहहु केरउ दावइ[2] सुरणरहियवियारउ ।
काइ वि समउं[3] वि हंसु चमक्कइ गइलीलाविलासि सो चुक्कइ ।
काहि वि छप्पउ लग्गउ करयलि जडु अप्पउं मण्णइ थिउ सयदलि ।
काहि वि णियडउं णं ओलग्गइ एणउ दीहकडक्खउ मग्गइ ।
काइ वि उप्पलु सवणि णिहित्तउं कुम्माणउं णं णयणहिं जित्तउं ।
कुवलयकिंकिणिमालाजुत्तउं काइ वि बद्धु वेल्लिकडिसुत्तउं ।
काइ वि जाइवि मड्डइ[5] धरियउ कुसुमरएण[1] रामु पिंजरिउ ।
संझाराएं णं मयलंछणु... तेण[6] य सोहइ णं सारयघणु ।
जाइहुल्लु अण्णइ तहु ढोइउं अण्णइ सरसु वयणु संजोइउं ।
जाइवंत किं जाइ भणिज्जइ जा महुयरसएहिं माणिज्जइ ।
तो वि भडारी सीसें बज्झइ अप्पकज्जि जणु सयलु वि मुज्झइ ।

घत्ता—सव्वंगहिं सुरहिउ वरमरुवउ पिउ रुणुरुंटेप्पिणु धुत्तडिय[7] ॥
मोग्गरउ मुएप्पिणु अंगु धुणेप्पिणु तासुप्परि[8] महुयरि चडिय ॥14॥

(14)

लोगों के नेत्रों को प्रिय लगती हुई, मयूर के साथ एवं हंसी के साथ नाचती हुई किसी के द्वारा अपने दोनों पार्श्व भागों में धारण किया गया नाल (मृणाल के) के अंत में मधुकर रूपी पुंख से शोभित कमल ऐसा मालूम होता है, मानो सुर नर के हृदय को विदारित करने वाले कामदेव का तीर दिखाई दे रहा हो। किसी के साथ हंस चलता है, परन्तु वह उसकी गति लीला विलास में चूक जाता है। किसी की हथेली से भ्रमर आ लगा। वह मूर्ख समझता है कि मैं कमल दल पर आ बैठा हूँ। मृग किसी के निकट आकर उसकी सेवा करता है, और उसका दीर्घ कटाक्ष माँगता है। किसी के द्वारा कानों पर रखा गया कमल मुरझा गया है, मानो उसके नेत्रों के द्वारा जीत लिया गया हो। किसी ने कुवलय रूपी किंकिणी माला से युक्त लता रूपी कटिसूत्र बांध लिया। किसी ने जबर्दस्ती राम को पकड़ लिया और पुष्प पराग से उन्हें पीला कर दिया, मानो संध्या राग ने चन्द्रमा को पीला कर दिया हो या मानो उसी से शारदीय मेघ शोभित हो। किसी ने जाती पुष्प दे दिया। दूसरी ने सरस मुखश्री की ओर देखा जो (जाती पुष्पों) सैंकड़ों मधुकरों के द्वारा भोगा जाता है, उसे जाति वाला (उत्तम जाति का) क्यों कहते हैं। तो भी आदरणीया वह उसे सिर से बाँधती है। अपने काम में सभी लोग मोहित होते हैं।

घत्ता—मोगर पुष्प को छोड़कर अपने शरीर को फड़फड़ा कर तथा रोकर धूर्त मधुकरी सर्वांग-सुरक्षित प्रिय मरुवक पुष्प पर चढ़ गई।

(14) 1. AP दुवाराहिं। 2. P दावइ णं सुर°। 3. AP समउं हंसु चम्मक्कइ। 4. को माणउ तं णयणहिं। 5. P मंथइ; K मरथइ but corrects it to मड्डइ। 6. AP तेण जि। 7. A धुत्तलिया। 8. AP जासुप्परि।

15

का वि कुंदकुसुमइं णियदंतहिं जोयइ दप्पणि समउ फुरंतहिं।
बउलु[1] परिक्खइ णियतणुगंधें बिंबीहलु अहरहु संबंधें।
क वि फुल्लिउ साहारु णिरिक्खइ बाली हरिसाहारणु[2] कंखइ।
जंपमाणु णवकलियइ मत्तउ उरसंताउ ण मुणइ सइत्तउ।
धरिउ ताइ रूसिवि मणदूसउ अग्गिवण्णु जायउ मुहि सूसउ।
का वि उच्छुकरयल सुहकारिणि णावइ[3] विसमसरासणधारिणि[4]।
का वि फुल्लमालउ संचारइ[5] सरु[6] सरपंतिउ णं दक्खालइ।
का वि पलासपसूयइं वीणइ केकयतणयहु[7] पाहुडु आणइ।
णिद्धइं रत्तइं कुडिलइं तिक्खइं णाइ वसंतमइंदहु णक्खइं।
काइ वि कोइल कसण णिरिक्खिय पुच्छिय[8] अवरइ विहसिवि अक्खिय।
संपहिं एह[9] वि बोल्लणसीली[10] जणविरहाणलधूमें काली।
एयहि सद्दु महुर महुरउ पुसु दोहिं मि हम्मइ पवसिउ माणुसु।
जइ महुं लक्खणु अज्जु रमेसइ ता हलि कलयलविउं[12] सुहुं देसइ।

घत्ता—लयमंडव माणिवि कील समाणिवि काममोयसंपण्णरइ॥
णं[13] करिवरु करिणिहिं सहुं णियघरिणिहिं सरि पइसंति णराहिवइ॥15॥

(15)

कोई दर्पण में चमकते हुए अपने दाँतों के साथ कुंद पुष्पों को देखती है। अपनी देहगंध से मौलश्री पुष्प की ओर अधरों के संबंध से बिम्बाफल की परीक्षा करती है। कोई फूले हुए सहकार वृक्ष को देखती है, और बाला वासुदेव के साथ बाहुयुद्ध चाहती है। नवकलियों से मतवाला और बोलता हुआ निष्कपट शुक वियोग दुःख को कुछ भी नहीं मानता। मन को कुपित करनेवाले उसे उसने कसकर पकड़ लिया, इसीसे वह (शुक) मुख में (चोंच में) लाल रंग का हो गया। कोई शुभ करनेवाली, हाथ में इक्षुदंड लिये हुए ऐसी प्रतीत होती है, मानो विषम धनुष को धारण किये हुए हो। कोई पुष्पमाला का इस प्रकार संचार करती है, मानो कामदेव तीरों की पंक्तियाँ दिखा रहा हो। कोई पलाश पुष्पों को इकट्ठा करती है, और लक्ष्मण के लिए उपहार में देती है। स्निग्ध लाल कुटिल और तीखे वे ऐसे मालूम होते थे, मानो वसंत रूपी सिंह के नख हों। कोई काली कोयल को देखती है और पूछती है। दूसरी हँसकर उत्तर देती है कि लोगों के विरहानल के धुएँ से काली यह इस समय भी बोल रही है। इसका मीठा शब्द, मधुर शुक दोनों ही प्रवासियों के मानस को आहत करते हैं। यदि आज मुझसे लक्ष्मण रमण करता है तो कोयल का यह प्रलाप मुझे सुख देता है।

घत्ता—लतामंडप का उपभोग कर क्रीड़ा को मानकर जिसने कामभोग में अपनी रति पूर्ण कर ली है ऐसा राजा अपनी हथिनियों के साथ सरोवर में इस प्रकार प्रवेश करता है, मानो कविवर अपनी स्त्रियों के साथ प्रवेश कर रहा हो।।

(15) 1 A बवलु। 2. KT record a p: अथवा हरिसाहारणं चुम्बनम्। 2. AP मुहि जायउ। 3. AP णं विसमसरसर॰ 4. A ॰धारिणि। 5. AP संचालइ। 6. AP सर। 7. A केकइतणयहु; P केइयतणयहु। 8. A अच्छिय अवरइ विहसिय अक्खिय; P अच्छिय अवरइ विहसिवि अक्खिय। 9. P एह जि। 10. AP बोलण॰। 11. AP मइ। 12. A कललवियउं। 13. P omits णं।

16

सीयापंजलिपाणियसित्तहु[1] णं दप्पणयलि पुण्णपवित्तहु।
सीहइ रामहु उरि णीलुप्पलु सोहइ णं छणचंदहु[2] मयमलु।
कसणें हरिणा का वि महासइ सित्ती णं मेहेण वणासइ।
णं रोमावलिअंकुर मेल्लइ मुहकमलेण णाइं पप्फुल्लइ[3]।
क वि घणथणफलसंपय दावइ सुंदरि वेल्लि अणंगहु णावइ।
सिंचिय सिंचिय हसइ सलीलउं उच्छलंतकप्पूरकणालउं।
काहि वि पियकरजलविच्छुलियहि सुत्तजालु तुट्टउं कंचुलियहि।
अल्लउ[4] परिहणु ढलिउ[5] विहाविउ लज्जइ सलिलि अंगु लिहक्काविउं।
काइ वि महुमहकंतिइ कालिउ रत्तउं सयदलु कण्हु[6] णिहालिउं।
सहियहु दंसिवि कहिवि[7] वियप्पिउं कण्णालग्गइ काइ वि जंपिउं।
सिंचहि ललिय[8] एह पोमावइ विरहिणि जेण[9] भडारा जीवइ।
कुंकुमपिंडउ एयहि घल्लहि एह देव वच्छयलें पेल्लहि।

घत्ता—तं सुणिवि कुमारें माणवसारें एक्क धरिय चीरंचलइ॥
अण्णेक्कहि जंतें दरविहसंतें मुक्कउं सलिलु थणत्थलइ॥ 16॥

(16)

सीता की अंजुलियों के पानी से सींचा गया नील कमल पुण्य से पवित्र राम के उर पर ऐसा प्रतीत होता है, मानो दर्पणतल में मृग से लांछित पूर्ण चन्द्र शोभित हो। श्याम नारायण (लक्ष्मण) ने किसी महासती को इस प्रकार सींच दिया, मानो मेघ ने वनस्पती को सींच दिया हो, मानो वह (नाभि का) रोमावली रूपी अंकुर को छोड़ रहा हो, मानो वह मुखकमल से खिल गई हो। कोई सघन स्तन रूपी फलसंपदा को दिखाती है, जैसे कामदेव की सुन्दर लता हो। बार-बार सींचे जाने पर वह, जिसमें कपूर के कण उछल रहे हैं, ऐसे लीलापूर्वक हँसती है। प्रिय के हाथों से नहलाई गयी किसी की चोली का सूत्रजाल टूट जाता है, शिथिल गीला वस्त्र गिर जाता है, वह लजा जाती है, और पानी में अपना अंग छिपाती है। कोई लक्ष्मण की कान्ति से श्याम रक्त कमल को काला देखती है, सखियों को दिखाकर अपना विचार बताती है। कोई कानों से लगकर कहती है, हे ललिते! इसे सींचो यह पद्मावती है। जिससे यह आदरणीया विरहिणी जीवित रह सके। इसे केशर का लेप दो। हे देव, इसे वक्षस्थल पर दबाओ।

घत्ता—यह सुनकर मानवश्रेष्ठ कुमार ने एक को वस्त्र के अंचल से पकड़ लिया तथा एक और दूसरी के स्तनों पर थोड़ा-थोड़ा मुसकाते हुए उसने जलयंत्र से जल छोड़ा।

(16) 1. AP पाणियपंजलि°। 2. A छणयंदहु; P छणइंदहु। 3. AP पफुल्लइ। 4. AP पुलएं; K records a p: पुलएं 5. A ण्हसिउ; P ल्हसिउ। 6. AP किण्हु। 7. A कहव। 8. AP एहु ललिय। 9. A जेम भडारा णीवइ।

17

तं[1] हारावलि तिम्मिवि[2] पडियउं विहिणा किं णउ तेत्थु जि जडियउं ।
कहिं लब्भइ पियसंगें आयउं काहि वि मणि उच्छल्लउं[3] जायउं ।
काइ वि वल्लहहत्थ[4] गलत्थिय देहतावहय[5] ते ज्जि समत्थिय ।
णहणिवडंत[6] धरिय धवलामल तोयबिंदु णावइ मुत्ताहल ।
का वि णियंबिणि णाहहु णासइ वणि णिम्मज्जइ दूरहु दीसइ ।
सरि परिघोलिरु सण्हउं पंडुरु[7] पाणियछल्लि व कड्ढइ अंबरु ।
का वि उरत्थलि चडिय उविंदहु णावइ विज्जुल अहिणवकंदहु ।
[illegible] हारु ण तुट्टउ[8] अवलोइय थण ।
क वि हियउल्लइ विंभिय मंतइ अलयहं अलिहिं मि अंतरु चिंतइ ।
का वि ण इच्छइ जलपक्खालणु[9] कज्जलतिलयपत्तपक्खालणु ।
उड्डइ अंतरि करइंदीवरु तहु णवणालु[10] व थिउ धारासरु ।
चवलरहल्लिजलोल्लियकेली एम करेप्पिणु चिरु जलकेली ।

घत्ता—सरि ण्हाइवि णिग्गय णावइ दिग्गय थणयलघुलियहारमणिहिं[11] ।।
पयलियरसधारहु तलि साहारहु सहुं णिसण्णु णियपणइणिहिं ।।17।।

---

(17)

हारावली को गीला करता हुआ वह उसके ऊपर गिरा, विधाता ने उसे क्यों नहीं जड़ दिया। इसने प्रिय का संग कैसे प्राप्त कर लिया ? किसी के मन में यह उत्सुकता पैदा हुई। किसी ने कंठ में स्थित देह के ताप को दूर करने वाले प्रिय के उन्हीं हाथों का समर्थन किया। किसी ने आकाश से गिरते हुए धवल और अमल जलबिन्दुओं को इस प्रकार धारण कर लिया जैसे मोती हों। कोई नितम्बिनी अपने स्वामी से भाग जाती है, और जल में डूबकर दूर दिखाई देती है। सरोवर में हिलते हुए सूक्ष्म और सफेद वस्त्र को वह पानी की छाल की तरह निकालती है। कोई लक्ष्मण के वक्षःस्थल पर चढ़ी हुई ऐसी प्रतीत होती है, मानो अभिनव मेघ की बिजली हो। कमलिनी के पत्र पर जलकणों को देखकर वह अपने स्तन देखती है कि कहीं हार तो नहीं टूट गया। कोई अपने मन में विस्मित होकर विचार करती है और भ्रमर तथा बालों के अंतर को सोचती है। कोई काजल, तिलक और पत्र-रचना का प्रक्षालन करने वाले जलप्रक्षालन को नहीं चाहती। किसी का कर रूपी कमल पानी के भीतर है, चंचल लहरों और जल से आर्द्र है। ऐसी जलक्रीड़ा चिरकाल तक कर—

घत्ता—जल में नहाकर वे इस प्रकार निकले मानो दिग्गज हों। जिनके स्तनतलों पर हारमणि व्याप्त हैं, ऐसी प्रणयिनियों के साथ रस की धारा से प्रगलित उत्तम आम्र वृक्ष के नीचे जब वे बैठे हुए थे ।।

---

(17) 1 AP णं। 2. P णिम्मिवि। 3. AP उच्छुल्लउं। 4. P °हत्थि। 5. AP °तावहर। 6. P णहणियडंत। 7. P पंडरु। 8. AP तुट्टइ। 9. A जलपक्खालणु। 10. AP °णालु थविउ। 11. P थणयलघुलिय°।

18

णावइ सीयसुरूवें[1] णिज्जिय विज्जाहरि तारुण्णें लज्जिय ।
तहिं अवसरि कंचुई होएप्पिणु सा चंदणहि[2] तेत्थु आवेप्पिणु ।
जोयइ[3] सीय पसाहिज्जंती कवि संकइ तिलउल्लउ देंती ।
भालयलहु कलंकु परि किज्जइ एएं णं महुं हासउ दिज्जइ ।
का वि ण बंधइ मोत्तियकंठिय कंठु पलोइवि णिहुणिय[4] संठिय ।
का वि कवोलइ पत्तु लिहेप्पिणु जूरइ किं पह पहय[6] णिहेप्पिणु ।
चिंतइ खेयरि माणणिसुंभहं उव्वसिगोरितिलोत्तमरंभहं[7] ।
रूवें सीयाए वि गुरुक्की पुरिसहं वम्महभल्लि व ढुक्की ।
हा हा हय विहि किं किउ[8] पयावइ दुक्करु रामणु[9] जोइवि जीवइ ।
जासु एह कुलहरि[10] कुलउत्ती रिद्धि विद्धि तहु तहु जि धरित्ती ।
णिच्छउ होसइ[11] जितमहाहउ धण्णउ पुण्णवंतु जगि राहउ ।

घत्ता—जरधवलियकेसइ कंपिरसीसइ मायारूवें भाविय उं ॥
मणहरणवियड्ढइ[12] खेयरिवुड्ढइ[13] तरुणीयणु पहसाविय उ ॥18॥

19

ता तहिं एक्क भणइ णिवरण्णी[1] का तुहुं किं कारणु अवइण्णी ।
हलि हलि कंचुइ काइं णियच्छसि भणु भणु किं लिहिया इव अच्छसि ।

(18)

उस अवसर पर सीता के रूप से जैसे पराजित हो कर तथा तारुण्य से लज्जित विद्याधरी वह चन्द्रनखा वहाँ आकर सीता को प्रसाधित होते हुए देखती है। कोई तिलक देते हुए शंका करती है कि इससे (तिलक देने से) मुझे लज्जा आती है। कोई उसे मोतियों का कंठा नहीं बाँधती। उसके कण्ठ को देखकर निश्चल हो जाती है। कोई गाल पर पत्ररचना लिखकर प्रभा के द्वारा आहत प्रभा को देखकर पीड़ित हो उठती है। वह विद्याधरी चन्द्रनखा विचार करती है कि मान को नष्ट करने वाली उर्वशी गौरी तिलोत्तमा रंभा आदि के रूप से सीता देवी महान् है, और यह पुरुषों के लिए, काम की भल्लिका के समान आई है। हा हा हत भाग्य प्रजापति, तुमने क्या किया ? इसको देखकर रावण का जीवित रहना कठिन है, जिसकी ऐसी कुलपुत्री कुलगृहणी है, उसी की ऋद्धि, वृद्धि और धरती है। निश्चय ही वह महायुद्ध का विजेता होगा। राघव विश्व में धन्य और पुण्यवंत हैं।

घत्ता—बुढ़ापे से जिसके केश धवल हैं, जिसका सिर काँप रहा है, जो मन चुराने में चतुर है, ऐसी उस विद्याधरी वृद्धा ने मायावी रूप बना लिया और उसने तरुणी जन को हँसाया।

(19)

उस अवसर पर वहाँ एक राजरानी कहती है कि तू कौन है, और यहाँ किसलिए आई है, हे कंचुकी तू क्या देखती ? बोल-बोल लिखित हुए के समान क्यों है ? यह सुनकर वह मायाविनी

(18) 1. सीयारूवें; P सीयासुरूवें। 2. A चंदणवि। 3. P जोइय। 4. AP कंठु। 5. AP णिहुवी संठिय। 6. AP णिहिय विहेप्पिणु। 7. A उव्वसिगोरी°; P उव्वसिमीणी। 8. AP कियउं। 9. A रावणु। 10. A कुलहर। 11. A होसइ तहिं जि महाजउ। 12. A °विसड्ढहे। 13. P खेयरवुड्ढइ।

(19) 1. A णिरवण्णी; P णिवरण्णी।

तं णिसुणिवि बोल्लइ[2] मायारी हउं मायरि वणवालहु केरी ।
तुम्हिहिं परभवि जं व्रउ[3] चिण्णउं जेणेहउं जायउं लायण्णउं ।
लद्धा जेण णाह हलहर हरि जेण लच्छि एही सवसुंधरि ।
तं मज्झु वि उवइसह वइत्तणु साहमि सवसा[4] हं वि जुवइत्तणु ।
ता तं सीयइ झ त्ति दुगुंछिउं महिलत्तणु किं किज्जइ कुच्छिउं ।
रयसलवासरि चंडालत्तणु णउ पावइ णियवंसपहुत्तणु ।
अण्णहिं कुलि कत्थइ उप्पज्जइ वड्ढंती अण्णेण जि णिज्जइ ।
सयणविओयवसेण रुयंती वहलबाहबिंदुयइं मुयंती ।
मंतिकज्जि[5] णउ कासु वि भावइ जा जीवइ ता परवस[6] जीवइ ।
दूहउ दुट्ठु दुगंधु दुरासउ अंधु बहिरु वाहिल्लु अभासउ ।
असहणु अहणु कुडिलु जाणेव्वउं जो भत्तारु सो जि माणेव्वउ ।

घत्ता—जइ सइं चक्केसरु अहव सुरेसरु तो वि अण्णु णरु जणणसमु ।।
चिंतेव्वउ णारिहिं कुलगुणधारिहिं णउ लंघेव्वउ गोत्तकमु ।।19।।

20

विहवत्तणि पुणु सिरु मुंडेव्वउं अप्पउं तवचरणें दंडेव्वउं[1] ।
रक्खइ पिउ अच्चंतसिसुत्तणि[2] रक्खइ तूय[3] पइ[4] पुणु पोढत्तणि ।

कहती है कि मैं वनपाल की माँ हूँ। तुम लोगों ने दूसरे जन्म में जो व्रत ग्रहण किया था, और जिसके लिए तुम लोगों को यह सौन्दर्य मिला, जिससे तुमने बलभद्र और नारायण जैसे पतियों को प्राप्त किया और जिससे इस भूमि सहित लक्ष्मी को प्राप्त किया है, उस व्रत का उपदेश तुम मुझे दो, जिससे मैं इस स्वतंत्र युवतीत्व को पा सकूँ। तब सीता देवी ने उसे शीघ्र डाँटा कि कुत्सित महिलापन से क्या करना। रजस्वला के दिनों में उसे चंडालत्व प्राप्त होता है, और वह वंश की प्रभुता को नहीं पा सकती। किसी कुल में उत्पन्न होती है, और बड़ी होने पर किसी दूसरे कुल के द्वारा ले जाई जाती है, स्वजनों के वियोग के वश से रोती हुई तथा प्रचुर वाष्प बिंदुओं को बहाती हुई। मंत्रणा के समय वह (नारी) किसी को अच्छी नहीं लगती। वह जब तक जीती है, तब तक परवश जीती है। चाहे वह दुर्भग दुष्ट दुर्गन्ध और दुराशयी, अंधा बहरा रोगी और गूंगा, असहनशील, निर्धन और कुटिल जाना जाए जो पति है, उसे पति ही माना जाना चाहिए।

घत्ता—यदि वह स्वयं चक्रवर्ती हो अथवा इन्द्र, तो भी कुलगुणों को धारण करने वाली स्त्रियों के द्वारा पर पुरुषों को पिता के समान माना जाना चाहिए। उन्हें अपने गोत्र का उल्लंघन नहीं करना चाहिए।

(20)

विधवापन में उन्हें अपना सिर मुंडवा लेना चाहिए, और स्वयं तपश्चरण से दंडित करना चाहिए। अत्यन्त बचपन में पिता रक्षा करता है, प्रौढ़ काल में स्त्री की रक्षा पति करता है,

2. P भासइ। 3. AP वउं। 4. AP रामसामि[3] 5. A मंतकज्जि। 6. P परवसि।

(20) 1. A डंडेवउ। 2. A अच्चंतसिसुत्तणि। 3. AP तिय। 4. AP पुणु पइ।

रक्खइ वुड्डत्तणि तणुरुहु तिह ण करइ किं पि वि कुलविप्पिउ जिह।
परवसहिंडण सयणाहारहु महिल ण मुच्चइ कारागारहु।
वुड्ढिइ वुड्ढयालि णिब्भग्गिउ डज्झउ महिलत्तणु किं मग्गिउ।
किज्जइ जिणवरिंदभासिउ तउ तं मग्गिज्जइ जहिं णउ संभउ।
रुहिररसावहु अट्ठियपंजरु तं मग्गिज्जइ जहिं ण कलेवरु।
जहिं इंदियइं ण इच्छियकामइं जहिं सुव्वंति ण जारहं णामइं।
तं मग्गिज्जइ मोक्खमहासुहुं तं णिसुणिवि वुड्ढहि[5] मउलिउं मुहुं।
हियवउं भिण्णउं तक्खणि एयहि भरइ[6] सीलु को खंडइ सीयहि।
जाणियतच्चहि सच्चहि संतहि जहिं एहउ वियप्पु गुणवंतहि।
तहिं मइं धुत्तिइ[7] काइं करेव्वउं पासहिं हिंडिवि णवर मरेव्वउं।

घत्ता—इय चिंतिवि सुंदरि णिवसें[8] णहयरि चंचलगय गयणंगणइ॥
थिय मणियरणिम्मलि कणयधरायलि लंकाहिवघरप्रंगणइ[9] ॥20॥

21

अंजणसामहु लच्छिविलासहु णविवि ताइ विण्णविउ दसासहु।
देव दियंतदंतिवंतच्छवि—[1] जसपसरणयर[2] जगपंकयरवि।
पइं[3] इच्छइ सा जइ सिहि सीयलु जइ ठाणाउ चलइ धरणीयलु।

उसी प्रकार वृद्धापन में पुत्र रक्षा करता है, जिससे कि वह कुल के लिए अप्रिय कुछ भी नहीं कर सके। दूसरों के अधीन घूमने वाली महिला स्वजनों के आभार रूपी कारागार से नहीं छूट पाती। वृद्धा, तूने बुढ़ापे में भाग्यहीन महिलापन क्यों माँगा? इस महिलापन में आग लगे। जिनेन्द्र के द्वारा बताए गए तप को करना चाहिए और वह माँगना चाहिए कि जिसमें फिर जन्म न हो, वह माँगना चाहिए कि जहाँ रक्त रस को धारण करने वाला अस्थिपंजर से युक्त शरीर न हो, जहाँ इन्द्रियाँ कामनाओं की इच्छा करने वाली नहीं है, जहाँ जारों का नाम सुनाई नहीं देता—ऐसे उस मोक्ष रूपी महासुख को माँगना चाहिए। यह सुनकर वृद्धा का मुख मैला हो गया। उसका हृदय तत्काल विदीर्ण हो गया। वह सोचती है कि सीता के शील का खंडन कौन कर सकता है? जहाँ तत्त्व को जानने वाली सच्ची शांत और गुणवती सीता देवी का यह विकल्प है, वहाँ मेरे द्वारा क्या धूर्तता की जाएगी! मैं केवल बंधनों में पड़कर भ्रमण कर मर जाऊँगी।

घत्ता—यह विचार कर वह चंचल सुन्दरी विद्याधरी एक पल में आकाश के आँगन से गई और मणि किरणों से निर्मल, स्वर्ण धरातल वाले लंकानरेश के प्रांगण में जा पहुँची।

(21)

अंजन की तरह श्याम, लक्ष्मी के विलास दशानन को प्रणाम कर उसने निवेदन किया—हे दिग्गज के दाँतों की छवि के समान यश के प्रसारण करने वाले तथा विश्व रूपी पंकज के रवि हे देव, यदि आग शीतल हो जाए तो वह आपको चाह सकती है। यदि धरणी-तल अपने

5. A वुड्ढिइ। 6. A भणइ; T भरइ चिन्तयति। 7. A धुत्ते। 8. P णिविसें। 9. AP °पंगणइ।

(21) 1. A °वंतहो छवि। 2. A °पसरणजगवणपंकय°; P °पसरणपर। 3. A इच्छइ पइं जइ सा; P इच्छइ पइं सा जइ।

जइ णियमेण वसंति ण सायर जइ पडंति सिसिरयर[4] दिवायर ।
जइ जिणु राएं दोसें छिज्जइ तो पइं[5] सीय खणिंद रमिज्जइ । 5
तं णिसुणिवि दहवयणें वुच्चइ अवसु वि वसि किज्जइ जं रुच्चइ ।
किं विसभइयइ फणिमणि मुच्चइ अलसहु सिरि दूरेण पवच्चइ ।
सुहिसयणत्तणु पुरिसपहुत्तणु गिरिमसिणत्तणु[6] सइहि सइत्तणु ।
दूरयरत्थु सुणंतहं चंगउं पासि असेसु वि दरिसियभंगउं ।
हरमि सीय किं पउरपलावें ता सा पुणु[7] वि कहइ सब्भावें । 10
दहमुह एउ अजुत्तु अकित्तणु[8] इय बोल्लंति संति मंतित्तणु ।

घत्ता—चंदणहि णिवारिवि असिवरु धारिवि सुरसमरओहिं[9] असंकियउ ॥
भरहद्धणरेसरु सुरकरिकरकरु रावणु[10] पुप्फयंति थियउ ॥2॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे णारयआगमणं रावणमणखोहणं णाम एकहत्तरिमो परिच्छेओ समत्तो ॥ 71 ॥

स्थान से चलित हो जाए, यदि समुद्र नियमित रूप से न रहे, यदि चन्द्रमा और सूर्य गिर पड़ें, यदि जिन भगवान् राग-द्वेष से छिन्न हो जाएं, तो हे देव, सीता देवी आपके साथ रमण कर सकती है। यह सुनकर रावण कहता है—जो अच्छा लगता है, ऐसे अवश को भी वश में किया जाता है। क्या विष के भय से नागमणि को छोड़ दिया जाता है? आलसी व्यक्ति से लक्ष्मी दूर रहती है। सुधियों का स्वजनत्व, पुरुषों की प्रभुता, पहाड़ की रम्यता और सती का सतीत्व दूरस्थ होने के कारण सुनने में अच्छा लगता है, निकट होने पर उनकी अशेष खामियाँ प्रकट हो जाती हैं। मैं सीता का अपहरण करूँगा। अत्यधिक प्रलाप से क्या? तब वह पुनः सद्भाव से उससे कहती है—"हे दशमुख, यह अयुक्त और अशोभनीय है।" ऐसी मंत्रणा देती हुई—

घत्ता—चन्द्रनखा का प्रतिकार कर, असिवर अपने हाथ में लेकर देवों के युद्धों में अशंकित, भारत का अर्ध चक्रवर्ती और ऐरावत की सूंड़ की तरह बाहुवाला रावण अपने पुष्पक में बैठ गया।

त्रेसठ महापुरुषों के गुणालंकारों से युक्त महापुराण में महाकवि पुष्पदंत द्वारा विरचित, महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य का रावण-मन-क्षोभन नाम का इकहत्तरवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ।

---

4. A ससिरयर। 5. A पय। 6. AP गिरिहि महत्तणु। 7. AP कहइ पुणु वि। 8. P अखत्तणु। 9. A °समरेहिं असं°; P समरउहे असं। 10. P रामणु। 11. AP रामणखोहणं।

दुसत्तरिमो संधि

सहुं मारीयएण पहु मुक्कदेसजइसंजमु ॥
पुप्फविमाणे[1] थिउ गउ सीयहरणकयउज्जमु[2] ॥ ध्रुवकं ॥

1

कामबाणोहविद्धेण मुद्धेण णो किं पि आलोइयं
ता विमाणं विमाणे णहे राइणा तेण संचोइयं ।
तारयाऊरियायाससंकासबद्धुज्जलुल्लोवयं
ऐरवंटाविसट्टंतटंकारसंतत्थदिग्गासागयं ।
चारुचंदक्कभाभारि माणिक्कसंमुक्कझुंबुक्कयं[3]
वाउधुव्वंतकेऊलयालोलणाइण्णदिच्चक्कयं ।
तुंगसिंगग्गणिब्भिण्णणीलब्भसच्छंबुधारोल्लियं
वोमपोमायरे हंसवत्तम्मि[4] पोसं व[5] पप्फुल्लियं ।
दिण्णधूवं रयक्खं गवक्खंतलंबंतभिंगंचियं[6]

बहत्तरवीं संधि

जिसने मुनि के एकदेश संयम (अणुव्रत) को छोड़ दिया है, तथा जिसने सीता के अपहरण का उद्यम किया है, ऐसा स्वामी रावण, पुष्पक विमान में बैठकर मारीच के साथ गया।

(1)

कामबाणों के समूह से आबद्ध उस मुर्ख ने कुछ भी नहीं देखा। उस राजा ने निःसीम आकाश में अपना विमान चला दिया। जिसमें तारकों से भरित आकाश के समान उज्ज्वल वितान बँधा हुआ है, स्वर्ण घंटाओं की प्रसरित होती हुई टंकार से जिसने दिग्गजों को संत्रस्त कर दिया है, जो सुन्दर स्वर्ण-आभा को धारण करता है, जो माणिक्यों से निर्मित गुच्छों से युक्त है, जिसने पवन से आंदोलित ध्वज रूपी लताओं के हिलने से दिग्मंडल को आच्छादित कर दिया है, जो ऊँचे शिखरों के समूह से उद्भिन्न नीले मेघों के स्वच्छ जल की धारा से आर्द्र है, जो आकाश रूपी सरोवर में कमल की तरह खिला हुआ है, जिसे धूप दी गई है, जिससे धूल नष्ट हो चुकी है, जिसके गवाक्षों के निकट भ्रमर समूह लगा हुआ है। पक्षी, सिंह, सारंग और मातंगों

(1) 1. P °विमाणे। 2. P सीयाहरण°। 3. AP माणिक्कणिमुक्क°। 4. A हंसवंतम्मि। 5. P च पुप्फुल्लियं। 6. AP गवक्खंतलग्गंत°।

पक्खिसेहीरसारंगमायंगउक्किण्णरूवंकियं[7] ।
बद्धसोहिल्लकप्पंघिवुद्धूयपत्तावलीतोरणं[8]
इंदणीलंसुकालं असीयंसुसीयंसुणिव्वारणं[9] ।
तेयवंतं णहुम्मिल्लकंतिल्लदिव्वत्थसोहावहं
भम्मपिंगं पलित्तं व सत्तच्चिणा रंजियासावहं ।
कित्तिवेल्लीइ फुल्लं व सेयं दसासालिणा माणियं
जायवेयं कुधीरेण वीरेण[10] वाणारसी आणियं ।

घत्ता—दिट्ठउ तेत्थु वणु अण्णेक्क वि सीयहि जोव्वणु ॥
रावणु चिंतवइ विहि समसंजोयवियक्खणु ॥ 1 ॥

2

वणु दीसइ णच्चियणीलगलु सीयहि जोव्वणु मणमीणगलु[1] ।
वणु दीसइ णिम्मलभरियसरु सीयहि जोव्वणु णिरु महुरसरु ।
वणु दीसइ संचरंतकमलु सीयहि जोव्वणु वरमुहकमलु ।
वणु दीसइ सलिलघराहरउं सीयहि जोव्वणु बिंबाहरउं ।
वणु दीसइ कालालिंगियउं सीयहि जोव्वणु सालिंगियउं ।
वणु दीसइ अलयतिलयसहिउ सीयहि जोव्वणु विहलीसहिउ ।

के उत्कीर्ण रूपों से जो अंकित है, जिसमें कल्पवृक्षों से उत्पन्न पत्रावलियों का बंधा हुआ तोरण शोभित है, जो इन्द्रनील मणियों की किरणों से काला है, जो सूर्य और चन्द्रमा की किरणों का निवारण करने वाला है, जो तेज से युक्त है, जो आकाश में चमकने वाले कांति से युक्त प्रहरणों की शोभा को धारण करने वाला है; स्वर्ण से पीला, अग्नि के द्वारा प्रदीप्त के समान जो दिशा-पथों को रंजित करने वाला है, कीर्ति रूपी लता के फूल के समान जो दशानन रूपी भ्रमर के द्वारा मान्य है, ऐसे उस वेगशाली विमान को खोटी बुद्धि वाला वह रावण वाराणसी ले आया ।

घत्ता—उसने वहाँ वन देखा तथा एक ओर सीता का यौवन देखा । रावण, श्रम और संयोग में विचक्षण विधाता का चिंतन करता है ।

(2)

जिसमें नील मयूर नाच रहा है, वन ऐसा दिखाई देता है, सीता का यौवन मन रूपी मत्स्य के लिए लोहे के काँटे वाला है । वन निर्मल भरे हुए सरोवरों वाला दिखाई देता है, सीता का यौवन मधुर स्वर वाला दिखाई देता है । वन प्रवहनशील जल वाला दिखाई देता है, सीता का यौवन श्रेष्ठ मुखकमल वाला है । वन सुर लजागृहों वाला दिखाई देता है, सीता का यौवन बिम्बाधरों वाला है । वन भ्रमरों से आलिंगित दिखाई देता है, सीता का यौवन लक्ष्मी से आलिंगित है । वन प्रचुर तिलक वृक्षों से युक्त दिखाई देता है, सीता का यौवन बलभद्र के लिए

---

7. A °सीहीर° । 8. AP °घिवुब्भूय° । 9. P omits सुसीयं° । 10. A धीरेण ।

(2) 1. A मणिणीलगलु ।

वणु दीसइ फुल्लासोयतरु सीयहि जोव्वणु परसोययरु।
वणु दीसइ दुग्गउं कंचुईहिं सीयहि जोव्वणु घरकंचुइहिं[2]।
वणु दीसइ तरुकीलंतकइ सीयहि जोव्वणु वण्णंति कइ।
वणु दीसइ मूलणिरुद्धरसु[3] सीयहि जोव्वणु कयमयणरसु। 10
वणु दीसइ वड्ढियधवलवलि सीयहि हारावलि धवलवलि।
हियउल्लउं कामसरहिं भरिउं लंकालंकारें संभरिउं।

घत्ता—इय एयहि तणउ णरु माणइ जो णउ[4] जोव्वणु॥
मंदिरु परिहरिवि रिसि होइवि सो पइसउ वणु॥ 2॥

3

अहो कयत्थो भुवणंतरे हली महेलिया जस्स घरम्मि मेहली।
पलोयए लोयणएहिं[1] संमुहं मुहेण मल्हंति विउंबए[2] मुहं।
हरामि[3] एयं कवडेण संपयं करेइ मंती महिणाहसंपयं।
उयार मारीयय होहि तं मओ खुरेहिं सिंगेहिं जवेण तम्मओ।
कुकम्मए मंतिवरो णिवेसिओ विचिंतए हा विहिणा णिवे सिओ। 5
जसो ण जाओ भवणंतमेरओ कहं परत्थीरमणे[4] तमे रओ।
भणामि किं सिभजरे पयं पियं दुलंघमेयं पहुणा पयंपियं।

सुखदायी है। वन खिले हुए अशोक वृक्ष के समान दिखाई देता है, सीता का यौवन दूसरों के लिए खेद उत्पन्न करने वाला है। वन साँपों से दुर्गम दिखाई देता है, सीता का यौवन गृहकंचुकी से युक्त है। जिसके वृक्षों पर वानर क्रीड़ा करते हैं वन ऐसा दिखाई देता है, सीता के यौवन का वर्णन कवि करते हैं। जिसने अपने मूल भाग में जल को अवरुद्ध कर रखा है, वन ऐसा दिखाई देता है, सीता का यौवन कामदेव के रस को बढ़ाने वाला है। जिसमें धव और लवली-लता (चन्दन लता) बढ़ रही है, वन ऐसा दिखाई देता है। सीता की धवल हारावली गले में बँधी हुई है। रावण का मानस कामदेव के तीरों से भरा हुआ था, उसे याद आया—

घत्ता—यहाँ इसके यौवन का जिसने भोग नहीं किया, घर छोड़कर और मुनि होकर उसने वन में प्रवेश किया।

(3)

अरे, भुवन में बलभद्र ही कृतार्थ है कि जिसके घर में मैथिली (सीता) गृहिणी है। राम नेत्रों के द्वारा सामने देखते हैं, उसके हर्षित मुख से मुख चूमते हैं। इस समय मैं कपट से इसका अपहरण करता हूँ। मंत्री राजा की संपदा करता है। हे उदार मारीच, तुम मृग वन जाओ। खुरों और सींगों के द्वारा वेष से उसके अनुरूप बन जाओ। इस प्रकार विचित्र कुमार्ग में नियेशित वह सोचता है—खेद है कि विधाता ने राजा को भुवनांत तक सीमित श्वेत यश नहीं दिया, स्त्री-रमण रूपी अंधकार में वह कैसे रत हुआ? लेकिन मैं क्या कहूँ, उसने कफ-ज्वर में दूध पी लिया है, प्रभु के द्वारा कहा गया यह अलंघ्य पदार्थ है। उस समय विषाद से विकृतअंग वह एक क्षण में

---

2. A घरु। 3. P °णिबद्धरसु। 4. A वल्लियधवल°। 5. AP ण वि।

(3) 1. P लोयणेहिं। 2. A विओवए; P विउवए। 3. AP हरेमि। 4. A रमणंतमेरउ।

तओ विसाएण वियारियंगओ खणेण होऊण मओ तहिं गओ।
णिसण्णिया जत्थ धरासुया सई पिए मणो जोइ[5] समप्पिओ सइं।
कुरंगओ बालतणंकुरासओ सुहाहिरामंकियरामरासओ। 10
णियच्छिओ दिट्ठिमओ रवण्णओ विचित्तपिंछोहमऊरवण्णओ।
महीरुहाए भणियं हिया सयं इमं महं लोयणलोलणासयं[6]।
णरिंद हे राम पुलिंदकायरं रएण[7] गंतुं धरिऊण कायरं।
अणेयमाणिक्कमयं मयं महं कुलीण दे देहि णियच्छिमो महं।[8]

घत्ता—णिसुणिवि प्रियवयणु[9] सो रामें दीसइ केहउ।।
सावउ चित्तलउ चलु मणु काउरिसहं जेहउ।।3।।

4

पविरलपएहिं लंघंतु महिं लहु धावइ पावइ दासरहि।
थोवंतरि मणहरु जाइ जवि कह कह व करंगुलि छित्तु ण वि।
पहु पाणि पसारइ किर धरइ मायामउ मउ अग्गइ सरइ।
दूरंतरि णियतणु दक्खवइ खेलइ दरिसावइ मंदगइ।
णवदूवाकंदकवलु[1] भरइ तरुवरकिसलयपल्लव[2] चरइ। 5
कच्छंतरि सच्छसलिलु पियइ वंकियगलु पच्छाउहुं[3] णियइ।

मृग होकर वहाँ गया कि जहाँ पृथ्वीपुत्री सती सीता देवी बैठी हुई थी। उस सती ने अपने प्रिय में मन समर्पित कर रखा था। बाल तृणों को खाने वाला तथा जिसने सुनने में मधुर राम शब्द का उच्चारण किया है, ऐसा देखने में कोमल और सुन्दर वह मृग देखा गया कि विचित्र पूँछ समूह से मयूर के रंग का था। सीता ने स्वयं कहा—यह मृग मेरे नेत्रों के लिए खेलने का साधन है। हे राजन्, हे राम, शरों के द्वारा आहत और अधीर उसे (मृग को) वेग से जाकर और पकड़कर लाओ और अनेक मणिक्यों से युक्त उस महान् मृग को, हे कुलीन दे दो, मैं उसे देखूँगी।"

घत्ता—प्रिय के वचन सुनकर राम के लिए वह मृग इस प्रकार दिखाई दिया जैसे कापुरुष लोगों का चंचल मन हो।

(4)

अपने प्रविरल पैरों से धरती को लाँघता हुआ वह शीघ्र दौड़ता है, राम को पाता है। वह सुन्दर थोड़ी दूर तक वेग से जाते हैं, किसी प्रकार हाथ की अंगुली से उसे छू भर नहीं पाते। स्वामी (राम) हाथ फैलाते और उसे पकड़ते हैं, वह मायामय मृग आगे बढ़ जाता है, दूरी पर अपना शरीर दिखाता है, फिर मंद गति दिखाता है, और क्रीड़ा करता है। नई दूब की जड़ों के कौर को खाता है, तरुवरों के किसलय पल्लवों को खाता है, वन के मध्य में स्वच्छ जल पीता है, टेढ़ी गर्दन और पीछे मुँह करके देखता है। जिनके फल तोतों की चोंचों के आघातों से गिर रहे

5. A जाइ। 6. A लोयणलोयणासयं। 7. A रएण तुरंगं। 8. T णियत्थियामहं पश्याम्यहं, पश्यामि तेजः (उत्सवः?)। 9. AP पियववयणु।

(4) 1. AP °कमलु। 2. AP तरुवरपल्लवकिसलय। 3. AP पच्छामुहुं।

सुयचंचुघायपरियलियफलि[4] खणि दीसइ चंपयचूयतलि[5]।
खणि वेल्लिणिहेलणि पइसरइ अण्णण्णपएसहिं[6] अवयरइ।
ओहच्छइ[7] अइकोड्डावणउ लइ माणमि णयणसुहावणउ।
इय चिंतिवि राहउ संचरइ पसु पुणु धरणास तासु करइ। 10
धरिओ वि करग्गहु णीसरइ कहिं वेसायणु कहिं णीसरइ।
णिद्दइयहु[8] किं करि चडइ णिहि कहिं कवडहरिणु कहिं बंधविहि।

घत्ता—गउ गयणुल्ललिउ मिगु णं कुवाइहत्थहु रसु॥
थिउ दसरहतणउ समणीससंतु विभियवसु॥4॥

5

भयणभूमिआयासगामिणो[1] मंतिणा वि कहियं ससामिणो।
देवदेव जयलच्छिसंगमो वंचिओ[2] रहूरायपुंगमो।
ता ससक्क°तेल्लोक्क[4]रामणो[5] राम एव रूवेण रावणो।
कासकुसुमसंकासदेहओ चावधारि णं सरयमेहओ।
कसणवाससोहियणियंबओ हत्थणिहियमणिमयसिलिंबओ[6]। 5
झ त्ति जणयतणयासमीवयं आगओ कयाणंगभावयं[7]।

हैं ऐसे चंपक और आम्रवृक्ष के नीचे एक पल में दिखाई देता है, एक क्षण में लताघरों में प्रवेश कर जाता है, तथा दूसरे-दूसरे प्रदेशों में अवतरित होता है। अत्यन्त कुतूहल उत्पन्न करने वाला वह लो यह बैठा है, लो नेत्रों के लिए सुहावने लगने वाले इसे मैं मानता हूँ। यह विचार कर राम संचरण करते हैं। मृग उनमें पकड़ जाने की आशा उत्पन्न करता है। पकड़े जाने पर भी वह हाथ की पकड़ से छूट जाता है। कहाँ वेश्याजन और कहाँ दरिद्रों की रति? भाग्यहीन के हाथ क्या निधि चढ़ती है? कहाँ कपटमृग और कहाँ उसके पकड़ने की विधि?

घत्ता—आकाश में उछलता हुआ मृग चला गया, मानो कुवादी के हाथ से पारद चला गया हो। विस्मय से विस्मित राम, श्रम से श्वास लेते हुए रह गए।

(5)

मंत्री ने नक्षत्रों की भूमि, आकाश से जाने वाले अपने स्वामी से कहा—"हे देव विजय और लक्ष्मी के संगम रघुराजश्रेष्ठ को वंचित कर लिया गया है। तब इन्द्र सहित तीनों लोकों को रुलाने वाला रावण ही राम बन गया। कांस पुष्प के समान उज्ज्वल शरीर वाला धनुषधारी, जैसे शरद मेघ हो, मृग चर्म से उसका नितम्ब भाग शोभित था। जिसने अपने हाथ में मणिमय तीर धारण कर रखे थे, ऐसा वह (रावण) शीघ्र ही जनक तनया सीता देवी के पास आया। शत्रुओं के मान को नष्ट करने की शक्ति वाले उस दुश्चरित्र ने काम की अभिलाषा से

---

4. AP °परिगलिय°। 5. P °चूयतलि। 6. P पवेसहिं। 7. P इहु अच्छइ। 8. A णिद्दइयहु कहिं करि; P णिद्दइयहु करि कहिं।

(5) 1. A गयणभूमि°; T भयणभूमि°। 2. A वणि वइट्ठ रहुवंसपुंगमो; P वणि पइट्ठु रहुवंसपुंगमो। 3. A ससंक°। 4. P तइलोक्क°। 5. AP °रावणो। 6. A °सिलंबओ। 7. A °तावयं

वइरिमाणणिम्महणसत्तिणा भासियं कुसीलेण[8] णं तिणा ।
दूरयं[9] पि मणपवणवेयय कुणसु देवि कीलाविणोययं ।
आणियं मए हरिणपोययं णं सुदूसहो दुक्खसंचओ । 10
ता सईइ अवलोइओ मओ रिरहसिहि व वित्थिण्णजालओ ।
विप्फुरंततणुकिरणमालओ रयणिगमणचिंधेण भाणिया[10] ।
विभियावलायाणमाणिया

घत्ता—पिए जरदिवसमरु अत्थंगउ दीसइ रत्तउ ॥
जरजुण्णु वि तिजगि भणु अत्थहु को णासत्तउ ॥5॥

6

उज्झिऊण इंदियसमं सव्वत्थ वि भद्दं[1] सिरं सविमाणं सिवियासमं ।
बुद्धं किं पि णवं च णं तीए तेणं दंसियं ।
तं धरणीयलरूढिया णं[2] हु खलरइयं वंचणं ।
उववणवासविणिग्गयं अमुणंती आरूढिया ।
दहवयणेण विलासिणा अप्पाणं हरिवरगयं । 5
तीए पुरओ[3] दावियं रिउकित्तीयविलासिणा ।
सा तुरियं लंकं णिया वइयालियसद्दावियं ।
वम्महधणुगुणकण्णिया[4] ।

पूर्ण इस प्रकार कथन किया—मन और पवन के समान वेग वाला, पाँच प्रकार के माणिक्यों से तेजस्वी हरिण का बच्चा दूर होते हुए भी मैं ले आया हूँ। हे देवी, तुम क्रीड़ा-विनोद करो। तब सीता देवी ने उस हरिण को देखा। मानो असह्य दुःख का संचय हो। शरीर की विस्फुरित किरणमाला से युक्त यह विरह की ज्वाला की तरह विस्तीर्ण ज्वाला वाला था। राक्षस चिह्न धारण करने वाले रावण ने, विस्मित और मायापुरुष को नहीं जाननेवाली सीता से कहा :

घत्ता—हे प्रिये, बूढ़ा सूर्य भी अस्त होता हुआ रक्त दिखाई देता है। बताओ तीनों लोकों में जरा से जीर्ण होने पर भी कौन है जो अर्थ में आसक्त नहीं होता !

(6)

इन्द्रियों की थकान को दूर कर उसने शिविका के समान अपना विमान, जो सर्वत्र भद्र और श्रीसंपन्न था, सीता देवी को दिखाया। उसने समझा कि यह कोई अपूर्व विमान है, न कि कोई दुष्ट के द्वारा रचित प्रवंचना है। इस प्रकार, नहीं जानती हुई धरतीतल पर प्रसिद्ध वह उपवन वास के बाहर स्थित, अश्वों पर आरूढ़ उस विमान पर चढ़ गई। शत्रु की कीर्ति से क्रीड़ा करने वाले विलासी रावण ने उसे सामने वैतालिकों के द्वारा वर्णित लंका दिखाई। कामदेव के धनुष की डोरी की कर्णिका उस सीता को वह लंका ले गया। सारसों के जोड़े द्वारा मान्य

8. A कुसी-लेण मंतिया । 9. दूरियं । 10. A भासिया ।

(6) 1. A भद्दासियं । 2. P तहु खल° । 3. AP पुरउं । 4. P वम्महु ।

[illegible] संणिहिया णंदणवणि ।
माणवाहिरामं गओ दूरमुक्करामंगओ ।
पयडीकयससरीरओ भूहरभेइसरीरओ ।
इर[5] भुवणयले विस्सुओ रक्खकेउ महिवइसुओ ।
घत्ता—कालउ दहवयणु णवमेहु व दुहयर सीयइ ॥
पियविरहाउरइ दिट्ठउ कंठट्ठियजीयइ ॥6॥

7

चित्तें मउलंतें मउलियउं लोयणजुयलंसुउ[1] पयलियउं ।
आपंडुरत्तु[2] गंडत्थलइ विलसिउ विलसिइ विरहाणलइ ।
कडकडकडंति ससहरपहइं अंगइं लायण्णवारिवहइं ।
का[3] दिसि केणाणिय केंव कहिं को पावइ एवहिं रामु जहिं ।
इय चिंतवंति मोहेण हय परपुरिसु णिहालिवि मुच्छ गय ।
पइवय परपइवयभंगभय णं पवणें पाडिय ललिय लय ।
भत्तारविओयविसंठुलिय[4] विहिवस सिलसंकडि पक्खलिय ।
णं कामभल्लि महियलि पडिय णं बाउल्लिय कंचणघडिय ।
सुहिसुयरणपसरियवेयणिय[5] सा जइ वि थक्क णिच्चेयणिय ।
परिहाणु ण तो वि ताहि ढलइ चल जारदिट्ठि कहिं परिघुलइ ।

जल वाले नंदन वन में वह ठहरा दी गई। तब मनुष्य शरीर की रमणीयता को प्राप्त, राम के वेष को जिसने दूर फेंक दिया है, जिसके पास भूधरों का भेदन करने वाली नदी के समान वेग है, जिसने अपना शरीर (रूप) प्रगट कर दिया है, जो राक्षस की ध्वजावाले राजपुत्र के रूप में प्रसिद्ध है—

घत्ता—काले रावण को प्रिय विरह से आतुर एवं कंठस्थित प्राणोंवाली सीता देवी ने इस प्रकार देखा जैसे नवमेघ को देखा हो।

(7)

चित्त के मुकुलित होने पर नेत्र युगल भी बन्द हो गए, आँसू प्रगलित होने लगे। गालों पर सफेदी शोभित हो उठी। विरह की ज्वाला के प्रदीप्त होने पर, चन्द्रमा-सी प्रभा वाले सौन्दर्य जल को धारण करने वाले उसके अंग कड़कड़ाने लगे। यह कौन दिशा है, किसके द्वारा यहाँ लाई गई हूँ, किस प्रकार, कहाँ ? कौन मुझे वहाँ प्राप्त कराएगा कि जहाँ राम हैं ? इस प्रकार विचार करती हुई वह मोह से आहत हो उठी। परपुरुष को देखकर, दूसरे के पति द्वारा व्रत भंग से भयभीत पतिव्रता वह मूर्च्छा को प्राप्त हुई, मानो पवन ने सुन्दर लता को गिरा दिया हो। अपने पति के वियोग से अस्त-व्यस्त वह भाग्य के वश से शिलासंकट स्थान पर इस प्रकार स्खलित हो गई, मानो काम की मल्लिका धरती पर गिर पड़ी हो। फिर भी उसका परिधान (साड़ी) नहीं खिसका। चंचल जार की दृष्टि कहाँ ठहरती ?

5. AP इह।

(7) 1. P °जुउ अंसुय। 2. A आपंडुरत्थु। 3. AP का दिस। 4. A विसंठुलिया। 5. A सुहिसुवरण°; P सुहिसुमरण°।

घत्ता—दढणिवसणु सइहि सुहडहु करासि ण वियट्टइ ॥
मरणि समावडिइ परियरिविहिं[6] विहिं वि ण फिट्टइ ॥7॥

8

परदारलुद्धु दुक्कंतु खलु
रावण[1] किं आणिय परजुवइ
वणु णाइं करइ साहुद्धरणु
अलि कण्णासण्णउ रुणुरुणइ
इच्छइ दससिरु पररमणिसुहुं
णं[2] सो वि णिवहु उव्वेइयउ
दुज्जसु महु महणिहु महहि जइ
हंसावलि लवइ व लोयपिय
मा एइजहि मारिहि एह तिय
अंबउ लोहियपल्लवललिउ
चंदणु पुणु विसहर दक्खवइ
रामाणीरमणकम्मतुरिउ

किं लज्जइ कहिं मि गामकमलु ।
तरु चुयसिण्हंसुएहिं रुवइ ।
हा पत्तउं णारिरयणमरण ।
पहु एउं अजुत्तु णाइं भणइ ।
कणइल्लउ वंकिवि जाइ मुहुं । 5
कोइलु[3] विलवंतु व आइयउ ।
वइदेहि भडारा रमहि तइ ।
मइं जेही तेरी[4] कित्ति सिय ।
मा णासहि लंकाउरिहि सिय ।
णं णिवअण्णायसिहिं जलिउ । 10
पडिवक्खबाणमाणु[5] व थवइ ।
खयरिंदें[6] मणु मड्डइ[7] धरिउ ।

घत्ता—स्त्री के दृढ़ वस्त्रों को सुभट का हाथ रूपी खड्ग नहीं काट सकता, मृत्यु आ जाने पर भी विधाता उसके कटिबंध को नहीं तोड़ सकता।

(8)

परस्त्री का लोभी दुष्ट रावण वहाँ आ पहुँचता है। क्या गाँव के कुत्ते को कहीं भी लाज आती है? हे रावण, तू दूसरे की युवती को क्यों लाया? जैसे वृक्ष अपनी गिरती उष्ण आँसुओं से यह रो रहा है। वन मानो अपनी शाखाएँ उठाता है (और खेद व्यक्त करता है) कि नारी रत्न की मृत्यु आ पहुँची। कानों के समीप आकर भ्रमर गुनगुनाता है और मानो कहता है कि स्वामी, यह अयुक्त है। रावण परस्त्री के स्मरण सुख को चाहता है, (यह सोचकर) शुक मुँह टेढ़ा करके चला जाता है, मानो वह भी राजा से उद्विग्न है। कोयल भी विलाप करती हुई वहाँ आई (और बोली): यदि तुम मेरे समान अपना दुर्यश ही चाहते हो तो आदरणीया वैदेही से रमण करना। हंसावली मानो कहती है कि तुम्हारी कीर्ति मेरे समान श्वेत और लोक प्रिय है, इस स्त्री का उपभोग कर तुम इसे मैला मत करो और न ही लंकापुरी की लक्ष्मी का नाश करो। अपने लाल-लाल पल्लवों से सुन्दर आम्रवृक्ष ऐसा मालूम होता है मानो वह नृप के अन्याय की अग्नि में जल गया हो। चंदन वृक्ष विषधरों को दिखाता है, और प्रतिपक्ष के मान को स्थापित करता है। जिसे रामभार्या के साथ रमण कर्म की शीघ्रता है ऐसे अपने मन को विद्याधर ने शीघ्र ही बलपूर्वक रोका।

---

6. AP परियरविहिं।

(8) 1. P रामण। 2. A तं सो। 3. A कोकिलु। 4. A तेही कित्ति।
5. पडिवक्खमाणमाणु व। 6. AP खयरिंदएं। 7. A मंडइ।

घत्ता—परवस परमसइ जइ छिवमि करें थणु पेल्लिवि ॥
अंबरयारिणिय तो[8] जाइ विज्ज मइं मेल्लिवि ॥8॥

9

इय णिज्झाइवि पंकयकरिहिं आएसु दिण्णु विज्जाहरिहिं ।
जीवावहु भावहु कह[1] वि तिह मइं इच्छइ सुंदरि अज्जु जिह ।
ता तरलइ[2] तारइ णाइणिइ चंपयमालइ मंदाइणिइ ।
अविउलइ अंबइ अंबालियइ मयमत्तइ मल्हणसीलियइ ।
पियरूवइ णंदइ णंदिणिइ रइरूवइ[3] चंदइ चंदिणिइ ।
कप्पूरपूरपरिमलजलइं[4] पल्हत्थियाइं हिमसीयलइं ।
सीयहि अंगंगि रमंति किह सीयइं रहुवइअंगाइं जिह ।
णियपत्थिवपेमणकारिणिहि लहु विज्जिय चामरधारिणिहिं ।
दहमुहवहदाइणि कालणिह संभुविक्कय णं खयजलणसिह ।
उट्ठिय परणरणिट्ठुरहियय संचितइ हा हउं किं ण मय ।

घत्ता—हा रहुवंसपहु हा लक्खण कहिं[5] पइं पेच्छमि ॥
दावहि तांव मुहुं जांवज्जु जि मरवि[6] ण गच्छमि ॥9॥

घत्ता—यदि मैं परम सती परवश सीता के स्तनों को हाथ से दबाकर छूता हूँ, तो आकाशगामिनी विद्या मुझे छोड़कर चली जाएगी।

(9)

अपने मन में यह विचार कर, उसने कमल के समान हाथों वाली विद्याधरियों के लिए आदेश दिया—उसे इस प्रकार जिलाओ और मनाओ कि वह आज किसी प्रकार मुझे चाहने लगे। तब तरला, तारा, नागिनी, चंपकमाला, मंदाकिनी अविपुला, मदमत्त प्रसन्न स्वभाव वाली अंबा अंबालिका, प्रिय स्वभाव वाली नन्दा नंदिनी, रति से सुन्दर चन्दा और चाँदनी के द्वारा छोड़ा गया कपूर के पूर से सुवासित, हिम के समान ठण्डा जल सीता देवी के अंगों पर इस प्रकार क्रीड़ा करता है, जैसे राम का अंग हो। अपने राजा की आज्ञा मानने वाली चामर-धारिणी दासियों ने जब हवा की तो, रावण के वध को करने वाली वह काल के समान प्रलय की आग की ज्वाला की तरह जल उठी। परपुरुष के लिए कठोरहृदय सीता अपने मन में सोचती है—मैं मर क्यों नहीं गई ?

घत्ता—हे रघुवंश के स्वामी (राम) हे लक्ष्मण, मैं तुम्हें कहाँ देखूँ, मेरे मरने तक तुम अपना मुँह दिखा दो।

---

8. P ता जाइ विज्जू।

(9) 1. A कह व। 2. AP अवलोइय अंबं वालियए। 3. AP रइवंतइ। 4. AP कप्पूरपउर°। 5. A पइं कहिं पेच्छमि। 6. AP मरेवि।

10

चउपासिहिँ थियउ णियच्छियउ	पुणु खयरपुरंधिउ[1] पुच्छियउ ।
भणु भणु संदेहु मज्झु हुयउ	णिवु कालउ जमु किं था मणुउ ।
पुरि एह कवण किं जमणयरि	तावेक्क पजंपइ तहिं खयरि ।
जसु तलवरु जमु किर भणइ जणु	जसु देइ णिच्च वइसवणु धणु ।
जसु इंदु वि संगरि थरहरइ	जसु मारुउ घरकयारु[2] हरइ ।
जसु धावइ[3] दसणागरु मुवइ	दिनकरिउलु णामें मउ मुयइ ।
जसु अग्गइ णडइ सरासइ वि	कुसुमंजलि घिवइ वणासइ वि ।
जसु पंगणि मेहहिं दिण्णु छडु	जसु को वि णत्थि पडिमल्लु भडु ।
सो एयहि लंकहि एहु पइ	रावणु णामें तिहुवणविजइ ।
भत्तारु समिच्छहि माइ तुहुं	अणुभुंजहि इच्छियकामसुहुं[5] ।

घत्ता—सामिणि राणियहं णीसेसहं होइवि अच्छहि ॥
महएवित्तणयहु[6] परमेसरि पट्टु[7] पडिच्छहि ॥ 10 ॥

11

किं किज्जइ हरिणु अधीरमइ,	जइ लब्भइ सीहकिसोरु[1] पइ ।
किं किज्जइ दीवउ तुच्छछवि	जइ अंधयारु णिट्ठवइ रवि ।

(10)

उसने चारों ओर स्त्रियों को बैठे हुए देखा, फिर विद्याधरियों से पूछा—बताओ-बताओ मुझे संदेह उत्पन्न हो गया है कि यह राजा काल है या यम या कि मनुष्य ? यह कोई नगरी है या यमनगरी ? तब एक विद्याधरी उससे कहती है—लोग यम को जिसका तलवर (कोतवाल) बताते हैं, कुबेर जिसे नित्य प्रति धन देता है, युद्ध में इन्द्र भी जिससे थर-थर काँपता है, पवन जिसके घर का कचरा निकालता है, अग्नि जिसके कपड़े धोती है, जिसके नाम से दिग्गज समूह मद छोड़ता है, सरस्वती जिसके आगे नाचती है और वनस्पतियाँ कुसुमांजलियाँ बरसाती हैं, मेघ जिसके आंगन में छिड़काव करता है, विश्व में जिसका प्रति योद्धा दूसरा कोई नहीं है, वह इस लंका का स्वामी है। त्रिभुवन के विजेता उसका नाम रावण है। हे आदरणीया, तुम उसे अपना पति मान लो और अभिलषित काम सुखों का भोग करो।

घत्ता—निःशेष रानियों की स्वामिनी होकर रहो। हे परमेश्वरी, तुम महादेवी के पद को स्वीकार करो।

(11)

अधीरमति उस हरिण से क्या करना यदि किशोर सिंह के रूप में पति मिलता है ? तुच्छ प्रकाशवाले दीपक से क्या यदि सूर्य अन्धकार को नष्ट कर देता है ? वहाँ कौए से क्या,

(10) 1. AP खयरि°। 2. A घर कयारु। 3. AP वत्थइं। 4. A omits this foot. 5. A इच्छिउ काम। 6. A महएविहिं तणउ; P महएवीए पट्टत्तणहु। 7. A पट्टु।
(11) 1. A सीहु किसोरु।

किं किज्जइ वाइसु[2] जइ गरुलु[3] सुपसण्णु होइ बहुबाहुबलु ।
किं किज्जइ खरु जइ दुद्धरहु पाविज्जइ कंधरु सिंधुरहु ।
किं किज्जइ पिप्पलु सलसलिउ जइ दीसइ सुरतरुवरु[4] फलिउ ।
किं किज्जइ राहउ[5] मुद्धि तइ रावणमहिलत्तणु होइ जइ ।
ता सीयइ उत्तरु मणिं थविउ एयइ अण्णाणिइ किं लविउ ।
जहिं कंकु रायहंसु व गणिउ एरंडु कप्परुक्खु व भणिउ ।
जहिं गुणवंतु वि दोसिल्लसमु तहिं जे विरयंति वयणविरमु ।
ते विउस पसंसिय विउसजणि[6] णिक्खिवइ बुद्धि को मुक्खयणि[7] ।

घत्ता—पेयहु तणउं मुहुं वियसावइ को जगि चुंबिवि ॥
इय चिंतिवि हियइ मोणव्वउ थिय[8] अवलंबिवि ॥ 11 ॥

12

जयजसरामहु रामहु तणिय णिसुणेसवि वत्त सुहावणिय ।
जइहुं[1] पेसियलेहेण सहुं तइहुं[3] आहारपवित्ति महुं ।
णं तो पुणु जिणवरिंदु सरणु संजायउ सल्लेहणमरणु ।
एत्तहि जक्खाहिवरक्खियउ[4] पहवंतु फुरंतु णिरिक्खियउ ।
पहरणपरिपालें रक्खियउं पणविवि दहगीवहु अक्खियउं ।
आउहसालहि खयरविसरिसु[5] उप्पण्णउ चक्कु जणियहरिसु ।

जहाँ बहुत बाहुबल वाला गरुड़ प्रसन्न होता है ? उस गधे से क्या यदि दुर्धर महागज का कंधा प्राप्त होता है (बैठने के लिए) ? कांपते हुए पीपल के पत्ते से क्या जहाँ कल्पवृक्ष फला हुआ दिखाई देता हो ? हे मुग्धे, राम से क्या यदि रावण का पत्नीत्व प्राप्त होता है ? (यह सुनकर) सीता ने उत्तर अपने मन में रख लिया। (उसने सोचा) इस अज्ञानी ने क्या कहे ? जहाँ बगले को राजहंस समझा जाता है, एरंड को कल्पवृक्ष कहा जाता है, जहाँ दोषी व्यक्ति ही गुणवान है, ऐसे स्थान पर जो लोग अपने शब्दों के विराम की रचना करते हैं, उन पंडितों की विद्वत्सभा में प्रशंसा की जाती है। मूर्खजनों में अपनी बुद्धि कौन बर्बाद करता है ?

घत्ता—कौन व्यक्ति विश्व में प्रेत के मुख को चूम कर उसे विकसित कर सकता है, अपने मन में यह विचार कर वह मौन का सहारा लेकर स्थित हो गई।

(12)

जय और यश से सुन्दर राम की सुहावनी वार्ता, जब मैं प्रेषित लेखपत्र द्वारा सुनूंगी—तभी मैं आहार ग्रहण करूँगी (अर्थात् भोजन ग्रहण करूँगी) नहीं तो मेरे लिए जिनवर की शरण है, मैं संलेखना मरण को प्राप्त होऊँगी। यहाँ पर, आयुधों की रक्षा करने वाले ने कुबेर के द्वारा रक्षित चमकता हुआ चक्ररत्न देखा। उसने प्रणाम कर रावण से कहा—आयुधशाला में प्रलयकाल के सूर्य के समान तथा हर्ष उत्पन्न करने वाला चक्र उत्पन्न हुआ है। इससे राजा

2. AP वायसु। 3. P गरलु। 4. AP सुरतरु। 5. AP रामें। 6. AP विउसयणि। 7. A मुक्खमणि। 8. A थिउ।

(12) 1. AP जइयहुं लक्खणरामहु तणिय। 2. AP जइयहुं। 3. AP तइयहुं। 4. K records a p: आरक्खियउ इति पाठे आरैः क्षितं प्राप्तं अराणां वा निवासः 5. AP खररवि°।

ता णिवइ[6] हियउं रोमंचियउं तं जाइवि[7] कुसुमहिं अंचियउं ।
णिवमंतिहिं इय बोल्लिउ वयणु एंवहि[8] कहिं चुक्कइ दहवयणु ।
संभूयउं भवणि[9] चक्करयणु आणिउं अण्णेक्कु वि मिगणयणु ।
जं तं कलत्तु रामहु तणउं अप्पिज्जउ[10] घणचक्कलथणउं । 10
उप्पाउ णयरि भीयरु हवइ[11] तं णिसुणिवि णहयरिंदु लवइ ।
उप्पण्णु चक्कु सीयागमणि किं तुम्हहुं अज्ज वि भंति मणि ।

घत्ता—छिंदिवि[12] अरिसिरइं असिकंपावियदेवासुरु ।।
भरहद्धु हउं जि पहु सिरिपुप्फयंतभाभासुरु ।।12।।

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए
महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे सीयाहरणं णाम
बहुत्तरिमो परिच्छेओ समत्तो ।।72।।

रावण का हृदय रोमांचित हो उठा और उसने जाकर फूलों से उसकी अर्चा की। राजा के मंत्रियों ने यह शब्द कहे—हे दशवदन, तुम इस समय क्यों चूकते हो। तुम्हारे घर में चक्ररत्न उत्पन्न हुआ है। और एक और जो मृगनयनी तुम ले आए हो वह राम की पत्नी है। घन गोल स्तनों वाली उसे तुम वापस कर दो। नगर में भीषण उत्पात होगा। यह सुनकर विद्याधर राजा कहता है कि सीता के आगमन से ही चक्ररत्न की प्राप्ति हुई है। क्या आप लोगों के मन में आज भी भ्रांति है ?

घत्ता—मैं शत्रु का सिर काटूँगा ? अपनी तलवार से देव और असुरों को कँपाने वाला तथा सूर्य और चन्द्रमा के समान मैं ही भरत क्षेत्र का स्वामी हूँ।

त्रेसठ महापुरुषों के गुणालंकारों से युक्त महापुराण में महाकवि पुष्पदन्त
द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य का
सीताहरण नाम का बहत्तरवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ।

---

6. AP महिवइयउ। 7. A जोइवि। 8. AP सुंदर पडिवज्जइ दह°। 9. AP भवणि वि। 10 P अप्पिज्जइ। 11. AP वहइ। 12. AP छिंदमि। 13. AP बहुत्तरि ।ो।

तिसत्तरिमो संधि

मायारउ किं माणिक्कमउ जो रहुसीहहु णट्ठउ ॥
महुं णावइ[1] भावइ सो हरिणु चंदहु सरणु पइट्ठउ ॥ध्रुवकं॥

I

दुवई—एत्तहि रामसामि मृगपच्छइ[2] गउ दूरंतरं वणे ॥
एत्तहि णीय सीय दहवयणें एत्तहि सोउ परियणे ॥छ॥

एत्तहि दिणंति[3] अत्थइरिसाणु संपत्तउ लहु अत्थमिउ भाणु ।
णरतिरियणयणपसरणु हरंतु चक्काउलहं तणुतावणु करंतु ।
णं दिसइ लइउ रइरसणिहाउ णं णिण्णट्ठउ[4] रावणपयाउ[5] ।
णं रइउ समुद्दें रयणसंगु णं महिइ गिलिउ रइरहरहंगु[6] ।
देउ वि वारुणिसंगेण पडइ णं इय भणंतु पक्खिउलु रडइ ।

तिहत्तरवीं संधि

वह माणिक्यमय हरिण क्या मायावी था कि जो राम रूपी सिंह से नष्ट हो गया ? वह हरिण मुझे चन्द्रमा की शरण में गया हुआ अच्छा लगता है।

(1)

दुवई—यहाँ स्वामी राम मृग के पीछे वन में दूर तक चले गये। यहाँ सीता दशमुख के द्वारा ले जाई गई और यहाँ स्वजनों में शोक बढ़ गया।

यहाँ दिन का अन्त होने पर अस्तंगत सूर्य शीघ्र ही मनुष्यों और तिर्यंचों के नेत्र-प्रसार का हरण करता हुआ, चक्रवाल कुल के लिए शरीर संताप करता हुआ, अस्तगिरि के शिखर पर इस प्रकार पहुँच गया मानो दिशा ने (पश्चिम दिशा ने) रति-रस के निधान को ले लिया हो, मानो रावण का प्रताप नष्ट हो गया हो, मानो समुद्र ने रत्न का (सूर्य का) साथ कर लिया हो, मानो धरती ने रति के रथ चक्र को निगल लिया हो। देव (सूर्य) भी वारुणी (सुरा,

(1) 1. AP भावइ णावइ। 2. AP मिग°। 3. A दियंति; K दिणंति, corrects it to दियंति but has a gloss दिनस्यान्ते। 4. AP णिट्ठिउ। 5. AP रामणघुयं°। 6. A रविरहं°।

मच्छंतु अहोमुहु तिमिरमंथु णं दावइ णरयहु तणउ पंथु । 10
रामहु कलत्तु इह हिस्सु जेण जाएसइ सो मग्गेण एण ।
गउ अत्थवणहु कंदोट्टजूरु करसहसेण वि णउ धरिउ सूरु ।

घत्ता—णिवडंतु जंतु हेट्ठामुहउ रवि किं एक्कु भणिज्जइ ।।
जगलच्छीमंदिरणिग्गयहिं मंदहिं को रक्खिज्जइ ।।1।।

2

दुवई—माणवभवणभरहखेत्तोवरि वियरणगमियवासरो ।।
सीयारामलक्खणाणंदु व जामत्थमिओ[1] दिणेसरो ।।छ।।

पच्छाइयसयलायासतीरु णं संझारायकोसुंभचीरु[2] ।
णहसिरि परिहइ रंडिज्जमाण दिणवइविओउ[3] अइअसहमाण ।
सिसुससि भग्गउ[4] णं बलयखंडु मउलियउं कमलु णं ताहि तुंडु । 5
विक्किण्णउ[5] पत्तु दियंतपारु तारायणु णावइ तुट्टु हारु ।
गय णिसि उययायलकरिहि चडिउ तमवइरिणरिंदहु समरि भिडिउ ।
उग्गंउ उण्णइं पहरेण पत्तु परिपालियखत्तु व रायउत्तु ।
दिणयरु विहडावियपउमसीउ सोहइ णावइ दहवयणु वीउ ।

पश्चिम दिशा) के संग पड़ जाते हैं, मानो पक्षिकुल यह कह कर चिल्ला रहा है, अंधकार का नाश करने वाला (सूर्य) अधोमुख जाता हुआ नरक के पक्ष को दिखा रहा है। यहाँ जिसने राम की पत्नी का अपहरण किया है, वह भी इसी मार्ग से जाएगा। कमलों को खिलाने वाला सूर्य अस्त को प्राप्त हो गया, हजार किरणों के द्वारा भी वह नहीं पकड़ा जा सका।

घत्ता—पतित होता हुआ और अधोमुख जाता हुआ क्या अकेला सूर्य ही है? विश्व में लक्ष्मी के घर से निकले हुए मंद व्यक्तियों से किसकी रक्षा की जा सकती है?

(2)

मानव जाति के घर भरतक्षेत्र के ऊपर, जो विचरण कर अपना दिन बिताता है, ऐसा सूर्य सीता, राम और लक्ष्मण के आनन्द के समान जब अस्त को प्राप्त होता है, तो आकाश की लक्ष्मी विधवा होती हुई, समस्त आकाश रूपी तीर को आच्छादित करने वाली वह संध्या मानो राग रूपी वस्त्र को पहिन लेती है। दिनपति के वियोग को नहीं सहन करती हुई, उसने बाल चन्द्र को इस प्रकार खंडित कर दिया मानो अपना वलयखंड ही खंडित कर दिया हो। कमल मुकुलित हो गया, मानो उसका मुख ही मुरझा गया हो। जो इधर-उधर विकीर्ण होकर दिगंत पर्वत पहुँच चुका है, ऐसा तारागण मानो उसका टूटा हुआ हार है। रात्रि व्यतीत हो गई। उदयाचल रूपी महागज पर चढ़ा हुआ वह (सूर्य) अंधकार रूपी शत्रु राजा से युद्ध में भिड़ गया। जिसने क्षात्र धर्म का परिपालन किया है, ऐसे राजपुत्र के समान जो एक प्रहर (प्रहार)

---

(2) 1. AP जामत्थमिउ णेसरो। 2. A संझारायं। 3. A 'विओयअइ'। 4. AP णं भग्गउ। 5. APT विक्खिण्णउ पत्तधियंतरालु।

णं सीयाविरहहुयासचंडु णं तियसाणीकरघुसिणपिंडु । 10
णं दिसकामिणिसिरि[6] रत्तु फुल्लु णं खयररायतणुरुहिरतल्लु ।

घत्ता—हयसीयउं[7] कयरण्णागमणु अइरत्तउ सउंहाइयउ[8] ॥
दीहरपहरीणें[9] राहविण रवि परवारु[10] व जोइयउ ॥2॥

3

दुवई—पुच्छिउ तेण तेत्थु णियपरियणु बालमरालगामिणी ॥
कहिं सा सीय भणसु भो लक्खण सइगुणरयणसामिणी[1] ॥छ॥

तं णिसुणिवि भायरु कहइ एंव जावहिं तुहुं[2] गउ मृगमग्गि देव ।
जावहिं हउं अच्छिउ सरवरंति[3] तावहिं जि ण दिट्ठी उववणंति ।
विण्णवइ एंव भिच्चयणु सव्वु कंदइ उब्भियकरु गलियगव्वु । 5
एंवहिं जाणइ दीसइ जियंति जइ तो[4] तुहुं पुण्णाहिउ ण भंति ।
तं णिसुणिवि मुच्छिउ पडिउ रामु जलसिंचिउ उट्ठिउ खामखामु ।
सीयलु विसु विसु व ण संति जणइ हरियंदणु सिहिकुलु अंगु छणइ ।

में उन्नति को प्राप्त हो गया। जिसने पद्म सीय कमलों की शीत (राम और सीता) को विघटित कर दिया है, ऐसा दिनकर दूसरे दशमुख के समान शोभित होता है। मानो वह सीता देवी की विरह रूपी ज्वाला से प्रचण्ड है, मानो इन्द्राणी के हाथों में केशर का पिण्ड है, मानो दिशा रूपी कामिनी के सिर पर रक्तपुष्प है, मानो विद्याधर राजा के शरीर के रक्त का तालाब है।

घत्ता—लम्बे रास्ते से थके राघव ने सूर्य को रावण के समान देखा जो शीत दूर करने वाला (सीता का अपहरण करनेवाला) युद्ध के लिए आगमन करनेवाला, अत्यन्त रक्त (अनुरक्त) और सामने दौड़ता हुआ है।

(3)

दुवई—राम ने वहाँ अपने परिजनों से पूछा—हे लक्ष्मण, बताओ बाल-हंस के समान गतिवाली तथा सतीत्व गुणरूपी रत्नों की स्वामिनी वह सीता बताओ कहाँ है ?

यह सुनकर भाई ने इस प्रकार कहा—हे देव, जब तुम हरिण के मार्ग पर गए थे, और जब मैं सरोवर में था, तब वह उपवन में दिखाई नहीं दी। समस्त भृत्यजन भी निवेदन करते हैं, और दोनों हाथ उठाकर गलितगर्व रुदन करते हैं कि यदि इस समय जानकी जीवित दिखाई देती है, तो तुम पुण्यशाली हो। इसमें भ्रांति नहीं। यह सुनकर राम मूर्छित होकर गिर पड़े। पानी छिड़कने पर अत्यन्त दुर्बल वह उठे। शीतल जल भी विष की तरह उन्हें शांति उत्पन्न नहीं करता, हरिचन्दन भी अग्निकुल की तरह शरीर को जलाता। कमल भी सूर्य के साथ अपनी

---

6. A दिसिकामिणिकररत्तु फुल्लु। 7. AP हिय°। 8. A सविहायउ; P सउहाइउ। 9. P °पहरेण। 10. AP परिवारु वि जोइउ।

(3) 1. A सयंगुण°। 2. AP गउ तुहुं भिग°। 3. A सरवणंति। 4. P तइ।

णलिणु वि सूरहु सयणत्तु वहइ सयणीयलि घित्तउ देहु डहइ ।
पियविरहु[5] जलद्दइ सिहि व जलइ चमराणिलु तासु सहाउ[6] घुलइ ।

घत्ता—गेयहु सरु रिउविमुक्कसरु कव्वु कायकव्वासउ ॥
विणु सीयइ भावइ राहवहु णाडउ णाडयपासउ ॥3॥

4

दुवई—जलि थलि गामि गामि पुरि घरि घरि गिरिकंदरणिवासए ॥
जोयहु[1] कहिं मि घरिणि जइ जाणहु बहुदुग्गमपवेसए ॥छ॥

अवियाणिउं जगि को कहइ कासु पेसिय किंकर दसदिसासु ।
सइं काणणि रहुवइ हिंडमाणु पुच्छइ वणि[2] मिगइं अयाणमाणु ।
रे हंस हंस सा हंसगमण पइं दिट्ठी कत्थइ[3] विउलरमण ।
चंगउं चिम्मक्कहुं[4] सिक्खिओ सि महुं अकहंतु जि खल कि गओ सि ।
रे कुंजर तुह कुंभत्थलाइं णं महु[5] महिलाइ थणत्थलाइं ।
सारिक्खउं लइयउं एउ काइं भणु कंतइ कहिं[6] दिण्णइं पयाइं ।
सारंग कहहि महु जणयधीय णयणहिं उवजीविय पइं मि सीय ।
अलि घरिणिकेसणिद्धत्तचोर णिसि सरहुहदलकयबंधणार ।

स्वजनता प्रकट करता है, शयनतल पर रखा गया भी वह देह को जलाता है। जल से गीले वस्त्र भी प्रियविरह की आग के समान जलाते हैं, और चवरों की हवा उनकी सहायक हो जाती है।

घत्ता—गीत का स्वर शत्रु के द्वारा छोड़े गए शर के समान मालूम होता है, और काव्य-शरीर का मांसभक्षक होता है। बिना सीता के राम को नाटक, नाटक-बंधन के समान लगता है।

(4)

दुवई—जल थल ग्राम ग्राम-पुर घर-घर और जिनमें प्रवेश दुर्गम है, ऐसे गिरि-कंदरा के निवासों में कहीं भी देखो, यदि गृहिणी वहाँ मिल जाए।

अविज्ञात को विश्व में कौन किस से कहता है? इसलिए दसों दिशाओं में अनुचरों को भेज दिया जाए! राम स्वयं कानन में अज्ञानी की तरह भ्रमण करते हुए पशु-पक्षियों से पूछते हैं - हे हंस, तूने उस विपुल रमण करने वाली हंसगामिनी को देखा है? तूने सुंदर चलना सीख लिया है। हे दुष्ट, मुझसे कहे बिना तुम कहाँ चले गए थे? रे गज, ये तुम्हारे कुंभस्थल हैं, मेरी पत्नी के स्तनस्थल नहीं है। तुमने यह समानता क्यों ग्रहण की? बताओ कांता ने किस ओर पग दिए हैं? हे मृग, तुम बताओ कि जनक की बेटी, मेरी सीता के नेत्रों से तुम उपजीवित हुए थे? मेरी गृहिणी के केशों की स्निग्धता को चुराने वाले तथा रात्रि में कमल दल में अपना बन्धन करनेवाले हे भ्रमर, तुम मेरी

5. A विरहुजलद्दइ। 6. A सहासु।

(4) 1. A जोवहु। 2. A वणमिगइं। 3. A कत्थवि। 4. P चिमक्कहं। 5. A णं महु महिलहि थणथणथलाइं। 6. A किं।

ण वियाणहि कंतहि तणिय वत्त रे णीलगीव घणरामवत्त[7]।
णच्चंति दिट्ठु भणु कहिं मि देवि इयरह कहिं णच्चहि भाउ लेवि।
रे कीर ण लज्जहि जंपमाणु जइ दिट्ठउं पइं मुद्धहि पमाणु।

घत्ता—णिरु विरहें झीणउ दासरहि देविहि अज्जु जि सुच्चहि ॥
णीसेसजीवसंतावहर मेह दूअउ[8] तुहुं वच्चहि ॥4॥ 15

5

दुवई—अइउक्कंठिएण धरणीसें सज्जणदिण्णजीयय ॥
ता दिट्ठं मयच्छिथणकुंकुमपिंजरु[1] उत्तरीययं ॥छ॥
दीसइ वंसग्गविलंबमाणु णं रिउ[2] गयणयणंगणणिवाणु।
णं दावइ कंतहि तणिय वट्ट इह दहमुहमारीयइं[3] पयट्ट।
णं उब्भिय सीयइ सइवडाय तं लेप्पिणु किंकर झत्ति आय। 5
आलिंगिउं रामें णीससेवि पुणु बाहुल्लइं णयणइं पुसेवि।
जंपिउं णिय सुंदरि खेयरेहिं मायाविएहिं रणदुद्धरेहिं[4]।
सहुं लक्खणेण संदेहि छूढु जामच्छइ पहु किंकज्जमूढ़।
तावायउ दूयउ दसरहासु तें घित्तु पत्तु आलिहिउ तासु।
उच्चाइवि तं सहसा सिरेण इय वाइउं देवें हलहरेण। 10

कांता का समाचार नहीं जानते ? हे सुन्दर स्मरणीय पूँछवाले मयूर बताओ, क्या तुमने देवी को कैसे नृत्य करते हुए देखा ? अन्यथा तुम उसका भाव ग्रहण कर कैसे नाच रहे हो ? हे शुक, तू बोलता हुआ लजाता नहीं है, क्या तू मेरी पत्नी का पता जानता है ?

घत्ता—पवित्र देवी के विरह में राम आज भी अत्यन्त क्षीण हैं। निःशेषजीवसतापहर हे मेघ, तुम दूत हो तुम बताओ।

(5)

दुवई—अत्यन्त उत्कंठित धरणीश (राम) ने सज्जनों को जीवन देने वाला, मृगाक्षी (सीता) के स्तनकेशर से पीला उत्तरीय देखा।

बाँस के अग्र भाग पर अवलम्बित वह ऐसा दिखाई देता है, मानो शत्रु के आकाश-प्रांगण से जाने का चिह्न हो। मानो वह कांता का मार्ग बता रहा हो कि दशमुख रावण के द्वारा वह यहाँ से ले जाई गई है। मानो सीता के सतीत्व की पताका उठी हुई हो। उसे अनुचर लेकर शीघ्र आए। राम ने निःश्वास लेकर उसका आलिंगन किया और फिर बाँहों से अपने नेत्रों को पोंछ कर कहा—मायावी और अत्यन्त दुर्धर विद्याधरों द्वारा सीता ले जाई गई है। इस प्रकार जब राम लक्ष्मण के साथ संदेह में किंकर्त्तव्यविमूढ़ थे, तभी शीघ्र दशरथ राजा का दूत आया, और उसने उनका लिखा हुआ पत्र (सामने) रख दिया। उसे सहसा उठाकर देव बलभद्र राम

---

7. A वणरावमत्त; P घणरामपत्त; T घणरावमत्त अतिशयेन रमणीयमिच्छ। 8. AP दूउ।

(5) 1. AP °पिंजरि। 2. A णं रिउ गयणंगणि णिज्जमाणु। 3. AP °मारीयय। 4. P रणि दुद्धरेहि।

दसरहु जिणचरणंभोयभसलु[5] उवइसइ सुयहं णियदेहकुसलु।
मइं दिट्ठउं सिविणउं हयविलासु हिय राहुं[6]-रोहिणि ससहरासु।

घत्ता—एक्कल्लउ ससि णहयलि भमइ अवलोइवि अवहारिउं॥
वज्जरिउं पहाइ पुरोहियहु तेण वि मज्झु वियारिउं[7] ॥5॥

6

दुवई—जो दिट्ठउ विडप्पु सो रावणु जा णिसि पइं विलोइया॥
रोहिणि तुहिणकिरणविच्छोइय सा तुह सुयविओइया॥छ॥

परमत्थें जाणसु राय सीय अज्जु जि खयरिंदें घरहु णीय।
जा हिप्पइ सा[1] पुणरवि णिरुत्तु ता किज्जइ णियदेहहु पयत्तु।
जे[2] चक्कवट्टि पालइ सजीव भरहंतरालि छप्पण्ण दीव। 5
तहिं सायरि लंकादीवु अत्थि अण्णु वि तिकूडु गिरि मणिगभत्थि।
पुरि लंक राउ दहवयणु णाम णिय तेण सीय रामाहिराम।
आयण्णिवि विसरिसविसम वत्त ते बे वि भरह सत्तुहण पत्त।
हिंसंततुरय गज्जंतणाय सामंत सुहड दसदिसिहिं आय।
आवेप्पिणु तणयासोक्खहेउ ससुरेण णिहालिउ रामएउ। 10
दुम्मणु जोइवि रिउमद्दणेण गलगज्जिउ तेत्थु जणद्दणेण।

ने सिरे से उसे पढ़ा—"जिनवर के चरणकमलों का भ्रमर राजा दशरथ पुत्रों को अपनी देह की कुशलता का आदेश करता है। मैंने स्वप्न में देखा कि राहु द्वारा चन्द्रमा की हतविलास रोहिणी का अपहरण किया गया है।

घत्ता—अकेला चन्द्रमा आकाश में परिभ्रमण करता है, यह देखकर मैंने समझ लिया और सवेरे पुरोहित से कहा। उसने मुझे बताया—

(6)

तुमने जो राहु देखा है, वह रावण है; और जो तुमने रात्रि में चन्द्रमा से वियुक्त रोहिणी को देखा है, वह तुम्हारे पुत्र से वियुक्त सीता है।

हे राजन्, तुम इसे परमार्थ जानो कि आज ही वह विद्याधर के द्वारा घर ले जाई गई है। यदि उसे फिर से वापस लाना है तो निश्चय ही अपनी देह से प्रयत्न करना चाहिए। चक्रवर्ती जो भरतक्षेत्र में जीव सहित छप्पन द्वीपों का परिपालन करता है उसके समुद्र में लंका द्वीप है। और भी त्रिकूट मणि किरण आदि द्वीप हैं। लंका नगरी में राजा रावण है, उसके द्वारा स्त्रियों में सुन्दर सीता का अपहरण किया गया है। यह असमान विषतुल्य बात सुनकर भरत और शत्रुघ्न दोनों वहाँ पहुँचे। हिनहिनाते हुए घोड़े, गरजते हुए हाथी, सामंत और सुभट दसों दिशाओं से आये। पुत्रों के सुख के कारणभूत राम देव से ससुर ने भी आकर भेंट की। उन्हें दुर्मन देखकर शत्रु का मर्दन करनेवाला लक्ष्मण एकदम गरज उठा।

---

5. AP जिणकमलंभोय°। 6. A राहें। 7. AP वियारियउं।

(6) 1. A सो। 2. A जो। 3. उद्धयकेसरु।

घत्ता—रिउ जरकुरंगु महु आवइ हउं हरि उद्ध्यकेसरु[8] ॥
जइ दुट्ठु दिट्ठिगोयरि पडइ तो मारमि लंकेसरु ॥6॥

7

दुवई—सीयागुणविसेससंभरणचुयंसुयसित्तवसुमई ॥
उम्मोहिउ विओयविसधारिउ कह व णिवेहिं महिवई[1] ॥छ॥

पियविप्पओयकद्दमणिमण्णु[2] जांवच्छइ सेज्जायलि णिसण्णु ।
तावाय बेण्णि खग विमलदेह णं रामसासथिरकरणमेह ।
णं सीयामग्गपयासदीव बेण्णि वि पणवेप्पिणु थिय समीव ।
संमाणिय हरिणा संणिसण्ण सुहिदंसणरुहरोमंचभिण्ण ।
बोल्लाविय बेण्णि वि दिव्वकाय कहु तुम्हइं कि किर एत्थु आय ।
तं णिसुणिवि भासइ जेट्ठु खयरु खगदाहिणसेढिहि अत्थि णयरु ।
णामें किलिकिलु कलहंससहिय जहिं विविहवास चोरारिरहिय ।
तहिं मह्नु[4] बलिंदु माणियपियंगु तहु धण पियंगसुंदरि[5] पियंगु ।
सामल सलोण उडुणिहणहालि तहि पढमपुत्तु णामेण बालि ।
हउं लहुयारउ सुग्गीउदेव अणवरउ करमि णियपियरसेव ।

घत्ता—ता तेत्थु मरंतें पुरि पिउणा बालि रज्जि वइसारिउ ॥
हउं जुवराणउ कउ मइ जणणि[6] दाइएण णीसारिउ ॥7॥

घत्ता—शत्रु मुझे बूढ़े हरिण की तरह प्रतीत होता है। मैं, जिसकी अयाल ऊपर उठी हुई है, ऐसा सिंह हूँ। यदि वह लंकेश्वर मेरी निगाह में पड़ता है, तो मैं उसे मार डालूंगा।

(7)

सीता के गुण विशेष के स्मरण से गिरे हुए आँसुओं से जिन्होंने धरती को सिंचित कर दिया है, ऐसे वियोग के विष से व्याकुल महीपति राम को राजाओं ने किसी प्रकार समझाया।

प्रिया के वियोग के कीचड़ में निमग्न राम जब अपनी सेज पर बैठे हुए थे, तब पवित्र शरीर विद्याधर ऐसे आए मानो राम रूपी धान्य को स्थिर करने के लिए मेघ हों, मानो सीता के मार्ग को प्रकाशित करने वाले दीप हों। दोनों प्रणाम करके वहाँ पास में बैठ गए। बैठे हुए उनका लक्ष्मण ने सम्मान किया। सुधि और दर्शन से उत्पन्न रोमांचित दिव्य शरीर वाले उन दोनों से लक्ष्मण ने पूछा—कहाँ से किसलिए आए? यह सुनकर बड़ा विद्याधर कहता है—विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी में एक नगर है, जो नाम से किल-किल कलहंसों से सहित है। जहाँ चारों ओर शत्रुओं से रहित विविध आवास घर हैं, वहाँ जिसने प्रियंगु को माना है, ऐसा मेरा राजा बलि है। उसकी पत्नी प्रियंगु सुंदरी प्रियंगु के समान सुन्दर श्यामल और नक्षत्र पंक्ति के समान नखों वाली है। उसका पहला पुत्र बालि नाम का है, और मैं छोटा सुग्रीव देव हूँ। मैंने अनवरत रूप से पिता की सेवा की है।

घत्ता—पिता ने मरते समय बालि को राजगद्दी पर बैठा दिया, और मैं युवराज बना दिया गया। मुझे भाई ने निकाल दिया।

(7) 1. A वसुपई। 2. P has तो before पिय°। 3. P °णिसण्णु। 4. A पहु। 5. AP पियंगु-सुंदरि। 6. A जणेण।

8

दुवई—सुणि रायाहिराय हे हलहर मणिमयसिहरमंदिरे[1] ॥
तित्थु जि रययसिहरि खगसेढिहि खणरुइकंतपुरवरे ॥छ॥

विज्जाहरु णामें अत्थि पवणु लीलाणिहि वेयविजित्तपवणु।
तहु अंजण मणरंजणवियार महएवि वूढसिंगारभार।
इहु मेरउ सहयरु गयगईहि तहि जायउ गब्भि महासईहि।
पंडिउ पडु भडु विज्जाणिकेउ जगि वुच्चइ एहु जि मयरकेउ।
एक्कहि दिणि कोक्किवि खयरलक्ख एएं दिण्णी विज्जापरिक्ख।
गिरिसिहरि णिवेसिउ एक्कु पाउ अण्णेक्कु[2] दिण्णु उद्दंडवाउ।
दीहद्धु पसारिउ गयउ ताम गयणंगणि ससि दिवसयरु जाम।
पुणु रूवु धरिउ तसरेणुमेत्तु अणुमेत्तु मिलिवि खयरेहि वुत्तु।
पेक्खिवि सहावसाहसु अभेज्जु वालें महु दिण्णउं जउवरज्जु[3]।
कालें जंतें तं हित्तु पुणु वि आसंकिवि तें सहुं ण किउ रणु वि।
गय बेण्णि वि जण माणिक्कचूडु संमेयजिणालउं सिद्धकूडु।

घत्ता—तसथावरजीवहं दय करिवि धम्मि थवेप्पिणु अप्पउ ॥
तहि देहिदेहदुहणासयरु वंदिउ जिणु परमप्पउ ॥8॥

(8)

दुवई—हे राजाधिराज, हे हलधर सुनिए, वहाँ ही विजयार्ध पर्वत की विद्याधर श्रेणी के मणिमय शिखर मंदिर वाले विद्याधर विद्युत्कांत नगर में पवन नाम का विद्याधर है। अपने वेग से पवन को जीतने वाले उसकी लीलाओं की निधि और मनोरंजन के विचार से युक्त शृंगारभार धारण करने वाली अंजना नाम की महादेवी थी। गजगामिनी उस महासती के गर्भ से उत्पन्न यह मेरा सहचर है—चतुर पंडित और भटविद्या-निकेत। विश्व में इसे कामदेव कहा जाता है। एक दिन एक लाख विद्याधरों को बुलाकर इसने विद्याओं की परीक्षा दी। पहाड़ के शिखर पर इसने एक पैर रखा और दूसरा उद्दंड पैर आधा लम्बा फैलाया। वह वहाँ तक गया, जहाँ तक आकाश के आँगन में सूर्य और चन्द्रमा हैं। फिर उसने अपना रूप त्रसरेणु तथा अणु बराबर बनाया। विद्याधरों से मिलकर उसका अभेद्य स्वभाव और साहस देखकर बालि ने मुझे युवराज पद दे दिया। लेकिन समय बीतने पर उसने अपहरण कर लिया। आशंकित होकर हमने उसके साथ युद्ध नहीं किया। हम दोनों, जिसके शिखर माणिक्य के हैं ऐसे, सिद्धकूट समेदजिनालय गये।

घत्ता—वहाँ त्रसस्थावर जीवों की दया कर और अपने आपको धर्म में स्थापित कर शरीरधारियों के शरीर के दुःखों का नाश करने वाले परमात्मा जिनदेव वंदना की।

(8) 1. A रमणिगणदिसमंदिरे; P रमणियसियमंदिरे। 2. P adds वि after अण्णेक्कु। 3. A जुउविरज्जु; P जुउवरज्जु।

9

दुवई—जय देविंदचंदखयरिंदफणिंदणरिंदपुज्जिया[1] ॥
जय णिट्ठवियदुट्ठकम्मट्ठट्ठारहदोसवज्जिया[2] ॥छ॥

ण भोएसु कंखा ण णिद्दा ण भुक्खा ।
ण तण्हा ण सोओ ण रागो ण रोओ[3] ।
ण चावं ण वेरी ण ताणं[4] ण मारी ।
ण कायं[5] ण चेलं ण सीसं सिहालं ।
ण णिंदा ण थोत्तं ण मुद्दापवित्तं[6] ।
ण हिंसाइ सग्गो ण सोंडालमग्गो[7] ।
ण गोभूमिदाणं ण[8] वेओ पमाणं ।
ण चम्मुत्तरीयं[9] ण जण्णोववीयं ।
उरे णत्थि सप्पो मणे णत्थि दप्पो ।
पसूणंतयालं करे णत्थि सूलं ।
सिरे णत्थि गंगा जडागोवियंगा[10] ।
भवाणी ण देहे रई णो सणेहे[11] ।
पुरारी ण कामी तुमं मज्झ सामी ।
जिणो मोक्खहेऊ भवंभोहिसेऊ ।

घत्ता—जय परमणिरंजण जणसरण[12] वीयराय जोईसर ॥
जलि पत्थरि पाणिइ धम्मु णउ तुहुं जि धम्मु परमेसर ॥9॥

(9)

देवेन्द्र चन्द्र विद्याधरेन्द्र नागेन्द्र और नरेन्द्रों के द्वारा पूज्य, आपकी जय हो। जिन्होंने आठों दुष्टकर्मों का नाश कर दिया है, और जो अठारह दोषों से रहित हैं, ऐसे आपकी जय हो।

न भोगों में आकांक्षा है, न नींद है, और न भूख, न तृष्णा है, और न शोक, न राग है, और न रोग। न चाप है, और न शत्रु है, न त्राण है, और न मारी। न शरीर है, और न वस्त्र है और न जटायुक्त सिर है, न निन्दा है और न स्तुति, न पवित्र मुद्रा है। न हिंसादि से स्वर्ग है, न सुरा मार्ग है, न गौ और भूमि का दान है, न वेदों का प्रमाण है, न चर्म का उत्तरीय (मृगछाला) है और न यज्ञोपवीत है। उसपर सर्प नहीं है, मन में दर्प नहीं है, पशु-पशुओं का अन्त करने वाला शूल हाथ में नहीं है। न सिर पर गंगा है, न जटाओं में गुप्त अंग है। न देह में भवानी है और न स्नेह में रति है, और न त्रिपुर शत्रु है, न कामी है। हे देव, आप मेरे स्वामी हैं। जिनदेव ही मोक्ष के कारण हैं, भवरूपी समुद्र के सेतु हैं।

घत्ता—हे परम निरंजन जनशरण, आपकी जय हो। हे वीतराग ज्योतीश्वर, आपकी जय हो, जल, पत्थर और पानी में धर्म नहीं है। हे परमेश्वर, धर्म आप ही हैं।

(9) 1. AP °पुज्जिय। 2. AP °वज्जिय। 3. AP पाओ। 4. AP तावं। 5. A ण कायं सुचेलं; P ण काये सुचेलं। 6. AP ण मुद्दा ण चित्तं। 7. A ण सो जण्णमग्गो। 8. AP ण वेउप्पमाणं। 9. A वंसुत्तरीयं। 10. P जडग्गोवियंगा। 11. AP सणाहे। 12. P जगसरण।

10

दुवई—दिणयरु हरइ तिमिरु सलिलु वि तिस खगवइ विसवियंभियं ॥
जिण तुह दंसणेण खणि णासइ गुरुदुरियं णिसुंभियं ॥छ॥

इय वंदिवि जिणवरु सेस लेवि खणु एक्कु जाम तहिं थक्क बे वि ।
ता तेयवंतु णं विज्जुदंडु[1] णं सुरवरसरिडिंडीरपिंडु ।
वियडजडजूडु विवरीयवाणि मणिरयणकमंडलु[2] दंडपाणि । 5
खणखणियमणियगणियवखसुत्तु[3] कोवीणकणयकडिसुत्तजुत्तु ।
ससहरु व विसाहारूढमत्तु असुरसुरसमरसंणिहियचित्तु ।
सोत्तरियफुरियउवचीयवंतु ता दिट्ठउ णारउ गयणि एंतु ।
अरहंतु णवेप्पिणु सुहुं[4] णिविट्ठु अम्हहिं संभासणु करिवि दिट्ठु ।
तुहुं जाणहि णिसुयसुयंगरिद्धि पुच्छिउ पावेसहुं किह सरिद्धि । 10
मुहुं वंकइ संकइ वालि कासु को देसइ कुलरज्जावयासु ।
ता दाणवमाणवरणरएण विहसेप्पिणु वोल्लिउं णारएण[5] ।

घत्ता—भो खेयरपहु भूगोयरु वि धुउ तिजगुत्तमु भावहि ॥
सेवहि रामहु पणपंकयइं जइ तो कुलसिरि पावहि ॥10॥

---

(10)

दिनकर अंधकार को नष्ट करता है, जल प्यास को और गरुण विष के फैलाव को। हे जिन, तुम्हारे दर्शन मात्र से भारी पाप एक क्षण में चूर-चूर हो जाते हैं।

इस प्रकार जिनवर की वन्दना कर निर्माल्य लेकर जैसे वे दोनों एक क्षण के लिए ठहरे कि इतने में तेज से युक्त मानो विद्युत दंड हो, मानो देव-गंगा का फेन समूह हो, विकट जटा-जूट वाला, विपरीत वाणी वाला, जिसका कमंडलु मणि और रत्नों का है, जो हाथ में दण्ड लिये हुए है, जो खनखनाता हुआ, मणियों का अक्षसूत्र जप रहा है, कोपीन और कनक कटिसूत्र से युक्त जो विशाखा नक्षत्र में रूढ चन्द्रमा के समान पादुकाओं पर आरूढ है, जो असुर और सुरों के युद्ध में समाहित चित्त है, जिसके उत्तरीय पर यज्ञोपवीत चमक रहा है, ऐसे नारद को आकाश में आते हुए देखा। अरहंत को प्रणाम करके वह सुख से बैठ गए। हम लोगों ने संभाषण करने के लिए उनसे भेंट की और पूछा—आप निश्रुत और श्रुतांग की ऋद्धि को जानते हैं, हम अपनी ऋद्धि कब प्राप्त करेंगे ? बालि किससे मुख टेढ़ा रखता है और आशंका करता है ? कुलराज्य का आलिंगन कौन देगा ? तब दानवों और मानवों के युद्ध में रत नारद ने हँस कर कहा—

घत्ता—हे विद्याधर स्वामी, भूगोचर (मनुष्य) भी विजय में उत्तम होते हैं। यदि तुम राम के चरणकमल चाहते हो, और सेवा करते हो, तो कुललक्ष्मी प्राप्त कर सकते हो।

---

(10) 1. AP विज्जदंडु। 2. AP मणिरइय°। 3. A °गलियक्ख°। 4. A सहु। 5. V विहसे-विणु।

11

दुवई—अण्णु वि हरिणणयण णियपणइणि तासु दसासराइणा ।।
विरसियअमरडमरडिंडिमरवरिउबहुतासदाइणा ।।छ।।

दुक्खेण ण याणइ दियहु रत्ति जो दावइ कंतहि तणिय अत्ति ।
सो जाणमि जिह भमरहु सुगंधु तिह रामहु होसइ परमबंधु ।
लब्भइ मणोज्जकज्जेण[1] कज्जु सो देसइ तुहुं[2] सुग्गीव रज्जु । 5
तं णिसुणिवि आया एत्थु राय जलयग्गिसिगसंणिहियपाय ।
ते णहयर पुज्जिय राहवेण संभासिय तोसिय माहवेण ।
हणुमंतें मग्गियपेसणेण जंपिउ णवजलहरणीसणेण ।
भो दसरहणंदण णंद णंद मा झिज्जहि सज्जणकुमुयचंद ।
णियरामालोयणकयपयत्त हउं आणमि सीयहि तणिय वत्त । 10

घत्ता—सुग्गीवहु मुहुं पप्फुल्लियउं[3] मित्तवयणु पडिवण्णउं ।।
अहिणाणु लेहु अंगुत्थलउं रामें हणुयहु दिण्णउं ।।11।।

12

दुवई—ता णविउं पयाइं हलहेइहि णवदलणलिणणिहमुहो ।।
उल्ललिओ[1] णहेण पवणो इव चलगइ पवणतणुरुहो ।।छ।।

---

(11)

और भी विशेष रूप से बजाए गए अमरों के लिए भयानक डिंडिम के शब्द से शत्रु के लिए अत्यधिक त्रास देने वाला राजा दशानन उनकी मृगनयनी प्रणयिनी को ले गया है। वह दुःख के कारण दिन रात नहीं जानती। जो पत्नी की वार्ता को बताएगा, मैं जानता हूँ, कि भ्रमर के लिए सुगन्ध की तरह वह राम का परम बंधु होगा। मनोज्ञ काम से ही मनोज्ञ कार्य प्राप्त किया जाता है। हे सुग्रीव, वे तुम्हें राज्य दे देंगे। यह सुनकर, हे राजन्, हम लोग यहाँ आये हैं। मेघों के अग्र शिखरों पर चरण रखने वाले उन विद्याधरों का राम ने सम्मान किया। लक्ष्मण ने बात कर उन्हें संतुष्ट किया। आदेश चाहने वाले तथा नवमेघ के समान शब्द वाले हनुमान् ने कहा—हे दशरथपुत्र, तुम प्रसन्न होओ, तुम प्रसन्न होओ। हे सज्जन कुमुदचन्द्र तुम क्षीण मत होओ, अपनी स्त्री के अवलोकन का जिसमें प्रयत्न है, ऐसी सीता संबंधी वार्ता मैं ले आऊँगा।

घत्ता—सुग्रीव का मुख खिल गया। उसने मित्र का वचन स्वीकार कर लिया। राम ने पहिचान का लेख और अंगूठी हनुमान के लिए दे दी।

(12)

तब नवदल वाले कमल के समान मुख वाले हनुमान् ने राम के चरणों में प्रणाम किया। पवनगति वह पवनपुत्र आकाश मार्ग से पवन की तरह उड़ गया।

---

(11) 1. A °कज्जाण कज्जु। 2. P तुम्हहं। 3. A पफुल्लियउं; P पहुल्लियउं।
(12) 1. P has गउ before उल्ललिओ।

तओ तेण जंतेण दिट्ठो समुद्दो पधावंतकल्लोलमालारउद्दो।
जलुम्मग्गमग्गबोहित्थवंदो अथाहंभपब्भारसंकंतचंदो।
झसप्फोडफुट्टंतसिप्पीसमूहो[2] णहुक्खित्तमुत्ताहलो भाणुरोहो। 5
दिसाहुक्कणक्कुग्गयंतं करालो चलुप्पिच्छपल्हत्थवेलाविसालो[3]।
पवालंकुरुक्केररोहिल्लरूहो पगज्जंतमज्जंतमायंगजूहो।
सुभीसो असोसो[4] असेसंबुवासो विडिंदु व्व पीयाहरो ढंकियासो।
सरीसंगतुंगत्तणालीढरिक्खो[5] अलंकारओ कूलकीलंतजक्खो।
करिंदो व्व गाढं गहीरं रसंतो अहिंदो व्व पायालमूले विसंतो। 10
णरिंदो व्व धीरो[6] समज्जायवंतो रिसिंदो व्व अंतोमलं णिग्गहंतो।
गिरिंदो व्व रेहंतमाणिक्कसोहो सुरिंदो व्व देवासिओ दिण्णसोहो।

घत्ता—गंभीरु घोर आवत्तहरु लीलाइ जि आसंघिउ[7]॥
संसारु व परमजिणेसरिण सायरु हणुएं लंघिउ[8]॥12॥

13

दुवई—खेयरिचरणधुसिणमसिणारुणरयणसिलायलामलो॥
दीसइ तहिं तिकूडु गिरि दरितरुवियसियकुसुमपरिमलो॥छ॥

उस समय उसने जाते हुए समुद्र को देखा जो दौड़ती हुई लहरमाला से भयंकर था। जहाज समूह जल में डूब उतरा रहे थे। अथाह जल के प्रवाह से चन्द्रमा आशंकित हो रहा था। मत्स्यों के आघात से सीपी समूह फूट रहे थे। आकाश में उछलते हुए मोती किरणों को रोक रहे थे। दिशाओं में प्राप्त मगरों से निकले हुए मध्य भाग से जो भयंकर था, जो ऊपर जाते और पीछे हटते हुए तटों से विशाल था, जिसका तट प्रवाल के अंकुरों के समूह से शोभित था, जिसमें गरजते हुए गज समूह डूब उतरा रहे थे। जो अत्यंत भीषण अशेष जल का घर था। जो विडेन्द्र (कामुक) की तरह, पीताधर (अधरों का पान करने वाला, धरा तक व्याप्त रहने वाला), ढंकितास (दिशा आच्छादित करनेवाला, आशा को आच्छादित करनेवाला) था। जिसने नदियों के साथ ऊंचाई के द्वारा नक्षत्रों को छू लिया था, जो अलंकृत था, जिसके तट पर यक्ष क्रीड़ाकर रहे थे, करीन्द्र के समान जो पातालमूल में प्रवेश कर रहा था, नरेंद्र के समान जो धीर और मर्यादा वाला था, ऋषीन्द्र की तरह जो अन्तर्मल को नाश करने वाला था, गिरीन्द्र की तरह जिसमें माणिक्य किरणें चमक रही थीं, जो सुरेन्द्र के समान देवाश्रित और शोभायुक्त था।

घत्ता—गंभीर भयंकर आवर्तों को धारण करने वाले समुद्र को हनुमान् ने उसी प्रकार पार कर लिया, जिस प्रकार परम जिनेश्वर संसार को पार कर लेते हैं।

(13)

वहाँ विद्याधरियों के चरणों की केशर से चिकने और लाल, रत्नशिलातल की तरह स्वच्छ तथा जिसमें घाटियों के वृक्षों के विकसित कुसुमों का परिमल है ऐसा त्रिकूट पर्वत दिखाई दिया।

---

2. A झसुप्फाल°। 3. P चलप्पल्ह°। 4. असेसो। 5. AP °रिक्खो। 6. AP धीरो। 7. AP आसंघियउ। 8. AP लंघियउ।

लंबंतरत्तपत्तोहतंबु गुरुसिहरालिंगियसूरबिंबु ।
वेलापक्खलणविसट्टकंबु किण्णरसुंदरिसेवियणियंबु ।
णाइणिणेउरबहिरियदियंतु णच्चियजक्खिणिरसभाववंतु ।
करिमयकद्दमखुप्पंतहरिणु गुमुगुमियभमिरछच्चरणसरणु[1] ।
हिंडंतकालणाहलकुडंबु[2] खेल्लंतसरहसरहसिलिंबु[3] ।
णउलउलफणिउलाढत्तसमरु चमरीमयचालियचारुचमरु ।
हरिकुंजरकलहकलालवंतु[4] न्हयरत्तलित्तमोत्तियफुरंतु ।
दुमणियरगलियमहुवारियंभु[5] सबरीपरियंदणसुत्तडिंभु ।
हयमुहकिलिकिंचियसद्दरम्मु[6] महियरदुग्गमु पहुयरहं गम्मु ।
घत्ता—णावइ णिउणइ महिकामिणिइ एइ सग्गपरिछंदहु[7] ॥
गिरिणियकरु उब्भिवि णिहिय तहिं दाविय लंक सुरिंदहु ॥13॥

14

दुवई—परिहादारतोरणट्टालयधयजयलच्छिसंगमा ॥
लंकाणयरि दिट्ठ हणुमंतें[1] मणिपायारदुग्गमा ॥छ॥
दीहत्तें बारह जोयणाइं वित्थारें णव हियलोयणाइं ।
बत्तीस विसालइं गोउराइं मोत्तियमरगयघडियइं घराइं ।

जो लटकते हुए रक्त पत्र समूह से लाल था, जिसके गुरु शिखर पर सूर्य अवलंबित था, तटों के प्रस्खलन से जिसमें शंख टूट चुके थे, जिसके तट किन्नरियों के द्वारा सेवित थे, नागिनों के नूपुरों से जहाँ दिगंत बहरा था, जो नृत्य करती हुई यक्षिणियों के रस भाव से युक्त था, जहाँ गजों के मदजल की कीचड़ में हरिण निमग्न हो रहे थे, जो गुम-गुम करते भ्रमणशील भ्रमरों की शरण था, जिसमें कोल भीलों के कुटुम्ब घूम रहे थे, जिसमें शरभ के बच्चे हर्ष पूर्वक क्रीड़ा कर रहे थे, जिसमें नकुल कुल और नागकुल में युद्ध प्रारम्भ होने जा रहा था, जिसमें चमरी-मृगों के द्वारा सुन्दर चमर चलाए जा रहे थे, जो सिंहों और गजों के युद्ध से रक्त रंजित था, जहाँ रक्त में गिरते हुए मोती चमक रहे थे, जो वृक्षसमूह से झरते मधुजल से आर्द्र था। जिसमें भीलनियों के द्वारा आंदोलित बच्चे सो गए थे, जो अश्वों के सुरति-शब्द से सुन्दर था, जो पर्वतों से दुर्गम और विद्याधरों के लिए गम्य था।

घत्ता—मानो निपुण धरती रूपी कामिनी द्वारा गिरि रूपी अपना हाथ उठाकर उस पर स्थित लंका नगरी देवेन्द्र के लिए दिखाई जा रही हो कि स्वर्ग का प्रतिबिम्ब आ रहा है।

(14)

परिखाओं, द्वारों, तोरणों, नाट्य-गृहों और विजयलक्ष्मी का जिसमें संगम है, ऐसी मणियों के प्रकारों से दुर्गम लंका नगरी हनुमान् ने देखी। लम्बाई में जो बारह योजन थी, और विस्तार में हृदय को आकर्षित करने वाली नौ योजन। उसमें बड़े-बड़े बत्तीस गोपुर थे। मोतियों और पन्नों से विजड़ित घर थे। जहाँ कपूर की धूल, धूल के रूप में व्याप्त थी जहाँ कल्पवृक्ष; वृक्ष थे,

---

(13) 1. AP °भमिय° । 2. AP हिंडंतकोल° । 3. AP संछाइयतरुदलसूरबिंबु । 4. A °किलाल-वंतु । 5. AP °महुपाणथिंभु । 6. AP हयमुहि° । 7. पडिछंदहु ।

(14) 1. AP हणवंतें ।

जहिं धुलइ रेणु कप्पूररेणु सुरतरु तरु धेणु वि कामधेणु । 5
वणु णहवणु वेल्लि वि णायवेल्लि रणु रइरणु भल्लि वि मयणभल्लि ।
जरु विरहजरु[2] जि णउ अत्थि अण्णु बहुवण्णचित्तु[3] णउ चाउवण्णु ।
घरु सिरिघरु चोर[4] वि चित्तचोर बज्झंति केस रोवंति मोर ।
वउ णववउ रूवु वि णिरु सुरूवु रिसि खीणदेहु वम्महु विरूवु ।
रिणु तिलरिणु बंधणु पेम्मबंधु जलु चंदकंतजलु दलु सुगंधु । 10
कामिणि खगकामिणि अलिवमालु धूमु वि कालागरुधूमु कालु ।
दीव वि जलंति माणिक्कदीव जीव वि वसंति जहिं भव्वजीव ।
गुणु[6] जिणगुणु धम्मु अहिंसधम्मु फलु पुण्णफलु जि कम्मु वि सुकम्मु ।
किं वण्णमि भूमि वि भोयभूमि सामि वि दहमुहु खयरायसामि ।

घत्ता—एक्केक्कउ जो गुण संभरइ सो तहु अंतु ण पेक्खइ ।। 15
जगसुंदरत्तु[7] लंकहि तणउं कवणु कईसरु अक्खइ ।।14।।

15

दुवई—कलरवु रुणुरुणंतमाणिणिमुहमंडणु जणमणिट्ठओ ।।
छडयणरूवधारि ता पावणि रावणभवणि पइट्ठओ ।।छ।।

और कामधेनुएँ धेनुएँ थीं। जहाँ नखव्रण (व्रण और वन) वन थे। जहाँ रति युद्ध था, दूसरा युद्ध नहीं था। जहाँ कामभल्लिका भल्लिका थी, दूसरी मल्लिका नहीं थी। ज्वर भी विरह ज्वर था, दूसरा ज्वर नहीं था। जहाँ अनेक रंगों का चित्त था, परन्तु चतुवर्ण्य नहीं था; जहाँ घर लक्ष्मी का घर था, और चोर भी चितचोर थे; जहाँ केश बाँधे जाते थे, और मयूर आवाज करते थे। जहाँ उम्र नई उम्र थी और रूप भी स्वरूप था। जहाँ ऋण तिलऋण था, और बंधन प्रेम-बँधा था; जहाँ जल चन्द्रकांत मणि का जल था और दलों में सुगन्ध थी। जहाँ कामिनियाँ विद्याधर कामिनियाँ थीं। भ्रमरों का कलकल शब्द था, काला गुरु काला धूम था। माणिक्य के ही माणिक्य के दीप जलते थे, जिनगुण ही गुण थे। अहिंसा धर्म ही धर्म था। जहाँ पुण्यफल ही फल था और सुकर्म ही कर्म था। क्या वर्णन करूँ, वह भूमि भोगभूमि थी और उसका स्वामी विद्याधर स्वामी रावण था।

घत्ता—जो उसके एक-एक गुण को याद करता है, वह उसके अन्त को नहीं देख पाता। लंका के विश्व सौन्दर्य का कौन कवीश्वर वर्णन कर सकता है ?

(15)

जिसका शब्द सुन्दर है, जो गुनगुनाती हुई मानिनियों के मुख का मंडन है, जो जनमन के लिए इष्ट है, ऐसे भ्रमर का रूप बनाकर हनुमान् ने रावण के भवन में प्रवेश किया।

---

2. AP विरहजुरु णउ। 3. A बहुवण्णु चित्तु णउ चाउवण्णु; P बहुवण्णु चित्तु णउ चाउवण्णु। 4. AP चोरु वि चित्तचोरु। 5. A णिरूवु। 6. A गुण जिणगुण। 7. AP जगि सुंदरत्तु।

चक्केसरु वरलक्खणपसत्थु दिट्ठउ दहमुहु सीहासणत्थु ।
णं गिरिसिहरासिउ णीलमेहु पण्णारहचावपमाणदेहु ।
चामीयरवीढि णिहित्तचरणु बलवंतकालु बलहीणसरणु । 5
विज्जिज्जइ चलचमरीरुहेहिं वण्णिज्जइ वरचंदिणमुहेहिं ।
गाइज्जइ सरगमभावएहिं सलहिज्जइ सुरणरसेवएहिं ।
दीसइ णवकप्पद्दुमफलेहिं माणससरवररत्तुप्पलेहिं ।
पणविज्जइ सुरवइसंणिहेहिं पणविज्जइ सुरवइसंणिहेहिं ।
चिंतइ मारुइ उव्विण्णचित्तु[1] हा एण णिहिसउं परकलत्तु[2] । 10

घत्ता—एसज्ज एउं एवड्डु कुलु तो वि कयउं[3] सकलंकणु ॥
हयविहि सुवण्णभिंगारयहु खप्परु दिण्णउं ढंकणु ॥15॥

16

दुवई—पुणु णिवसवणपूरकत्थूरियपरिमलगहणकुसलओ ॥
दहमुहु देहि सीय मा णासहि णं गुमुगुमइ भसलओ[1] ॥छ॥

सो सइं जि कामु णं कामबाणु तरुणीबिंबाहरि[2] ढुक्कमाणु ।
कोमलकरयलवारिज्जमाणु चमराणिलेण पेरिज्जमाणु
थणजुयलि णाहिमंडलि घुलंतु पिछहिं कवोलपत्तइं[3] दलंतु । 5

उसने उत्तम लक्षणों से युक्त चक्रेश्वर दशमुख को सिंहासन पर बैठे हुए देखा। मानो नील मेघ पर्वतशिखर पर आश्रित हो। उसका शरीर पन्द्रह धनुष प्रमाण था। स्वर्णपीठ पर अपने पैर रखे हुए था। वह बलवानों के लिए काल था और बलहीनों के लिए आश्रयदाता था। चमरी गाय के बालों से जिसे हवा की जाती है, श्रेष्ठ चारण मुखों के द्वारा जिसका वर्णन किया जाता है, सरगम भावों से जो गाया जाता है, सुर-नर सेवकों के द्वारा जिसकी प्रशंसा की जाती है, नव कल्पवृक्षों के फलों और मानसरोवर के रक्त कमलों के साथ जिसके दर्शन किए जाते हैं, जिनके मुकुटों के अग्र भाग से भूमि तल लिखित है ऐसे इन्द्र-समूह द्वारा जिसे प्रणाम किया जाता है, हनुमान् अपने मन में उद्विग्न होकर सोचता है—खेद है कि फिर भी इसने परस्त्री का अपहरण किया।

घत्ता—यह ऐश्वर्य, इतना बड़ा कुल, फिर इसने उसे क्यों कलंकित कर दिया? हा हंत, विधाता ने स्वर्णभिंगार को ढाँकने के लिए खप्पर दिया (या खप्पर का ढक्कन दिया)।

(16)

फिर जो राजा के कानों में पूरित कस्तूरी के परिमल को ग्रहण करने में कुशल था, ऐसा वह भ्रमर मानो गुन-गुना रहा था कि हे रावण, तुम सीता दे दो, अपना नाश मत करो।

वह भ्रमर (हनुमान्) स्वयं कामदेव और कामबाण था, युवतियों के बिम्बाधरों पर पहुँचता हुआ, कोमल हथेलियों के द्वारा हटाया जाता हुआ, चमरों की हवा से प्रेरित होता हुआ, स्तन युगल और नाभिमंडल में प्रवेश करता हुआ, अपने पंखों से कपोलों की पत्ररचना को दलित

(15) 1. A ओविण्ण°। 2. AP वि हित्तउं। 3. P कयं सकलंकणु।
(16) 1. P भसलुओ। 2. A विंबाहर°। 3. A कवोलि।

कुडिलालयपंतिउ दरमलंतु मुहकमलवाससासहु[4] चलंतु।
थिउ दारि[5] सहइ णं इंदणीलु थिउ भालि गहियवरतिलयलीलु।
थिउ उरि पियपहरकिणंकु णाइं[6] थिउ मणि सरसरपुंखु व सुहाइ[7]।
थिउ कण्णमूलि णं मम्मणाइं बोल्लइ मणियाइं[8] घणघणाइं।
थिउ उरुयलि सद्दइ सुराहि णं किंकिणि कामिणिमेहलाहि। 10

घत्ता—सो महुयरु वम्महु किं भणमि णारिहिं वयणइं[9] चुंबइ॥
जाइवि खयरिंदहु रयणमइ कुंडलकमलि विलंबइ॥16॥

17

दुवई—बुज्झिवि णयणवयणतणुलिंगहिं सीयारइवसं गयं॥
दहवयणं विमुक्कणीसासरुहाणलतावियंगयं॥छ॥

गउ अलि पुरपच्छिमगोउरग्गु आरूढउ जोयइ[1] वणु समग्गु।
दिट्ठी वणसिरि सहुं खेयरीहिं सीय वि परिवारिय खेयरीहिं।
वणु देइ ससाहिहिं रामविरहु सीयहि पुणु वट्टइ रामविरहु। 5
वणि लोहियाउ पत्तावलीउ सीयहि पुसियउ पत्तावलीउ।
वणि पमयइं फलसारं गयाइं सीयहि झीणइं[2] सारंगयाइं।

करता हुआ, टेढ़ी केश पंक्तियों को विदलित करता हुआ, मुख रूपी कमल की सुगंधित हवा से उड़ता हुआ द्वार पर स्थित वह इस प्रकार शोभित था, मानो इन्द्र नीलमणि शोभित हो। भाल पर स्थित होकर वह श्रेष्ठ तिलक की शोभा धारण कर रहा था। उर पर स्थित होकर वह प्रिय के प्रहार के चिह्न के समान शोभित था। मन पर स्थित वह कामदेव के तीर के पुंख के समान शोभित हो रहा था। कानों के मूल में स्थित होकर मानो वह व्यक्त घन-घन काम वचन बोल रहा था। किसी सुन्दरी के उरुतल पर स्थित होकर ऐसे शब्द कर रहा था, मानो कामिनी की करधनी की किंकिणी हो?

घत्ता—कामदेव के उस भ्रमर को क्या कहूँ? वह स्त्रियों के मुखों को चूमता है, वह विद्याधर राजा के कुण्डल रूपी कमल पर जाकर बैठता है।

(17)

नेत्र मुख और शरीर के चिह्नों से यह जानकर कि रावण सीता के प्रति प्रेम के वशीभूत है, और उसका शरीर छोड़े गए निःश्वासों से उत्पन्न आग से संतप्त है।

भ्रमर चला गया और नगर के पश्चिमी गोपुर के अग्र भाग पर स्थित होकर समग्र वन को देखता रहा। विद्याधरियों के साथ उसने वनश्री को देखा। और सीता को भी विद्याधरियों से घिरा हुआ। वन अपनी शाखाओं के द्वारा स्त्रियों को विशेष एकान्त देता है, परन्तु सीता के लिए केवल राम का विरह है। वन में लाल-लाल पत्रावलियाँ थीं, परन्तु सीता की पत्रावलि (पत्ररचना) पुछ चुकी थी। वन में प्रमद (वानर) श्रेष्ठ फल पर है, लेकिन सीता के श्रेष्ठ

4. AP °सासवासहु। 5. AP हारि। 6. A भाइ; P जाइ। 7. AP विहाइ। 8. AP मणियाइ व घण°। 9. AP वत्तइं।

(17) 1 P जोइय। 2. P झीणाइं।

वणि एत्तहि तेत्तहि वेल्लिवलय सीयहि थिय पसिढिल बाहुवलय।
वणि खेल्लइ हरिसिज्जइ वि हंसु सीयहि वट्टइ जीवियविहंसु।
वणि दिसमुहि सोहइ लग्गु तिलउ सीयहि णिडालु[3] णिल्लुहियतिलउ।
वणि तरुवंदई रूढंजणाइं सीयहि णयणइं विगयंजणाइं।
वणि साहारु जि मारइ पियत्थि सीयहि साहारु ण को वि अत्थि।
भडसत्ति व बलविहडणविसण्ण जहि अच्छइ परमेसरि णिसण्ण।
तं[4] सीसवितलु खगभमरु आउ णं वइदेहीजीवियहु आउ।

घत्ता—पडिबिंबिउ दहहि वि पयणहहि आसण्णउ परिघोलइ ॥
सो छप्पउ सीयहि कमकमलु पसरियपत्तहि लोलइ ॥17॥

18

दुवई—सीयासावभाउ[1] णं भीसणु णं हुयवहु समिद्धओ ॥
असरिससुहडचक्कचूडामणि पावणि मणि विरुद्धओ ॥छ॥
सीयहि केरउ दुच्चरित्तरहिउं[2] तणुचिंधु पलोइवि रामकहिउं।
णियहियवइ चिंतइ अंजणेउ परणारिदेहसंतावहेउ[3]।
मइ[4] मारमि अज्जु जि रणि दसासु गलि लायमि कालकियंतपासु[5]।
पइवय णीरय पइबद्धपणय वाणारसि पावमि जणयतणय।

अंग क्षीण हैं। वन में यहाँ-वहाँ लतामंडल है, परन्तु सीता का बाहुवलय शिथिल है। वन में हंस से क्रीड़ा-हर्ष किया जाता है, परन्तु सीता के जीवन का विध्वंस है। वन में दिशामुख में तिलक वृक्ष लगा हुआ शोभा देता है, सीता के ललाट से तिलक पुछ गया है। वन के वृक्ष, जनों से अधिष्ठित हैं, परन्तु सीता के नेत्र अंजन से रहित हैं। वन में प्रियार्थी को सहकार (आमवृक्ष) ही मारता है, परन्तु सीता के लिए कोई भी आधार (सहारा) नहीं है। जहाँ परमेश्वरी सीता देवी बल के विघटन से उदास भटशक्ति की तरह बैठी हुई हैं वह विद्याधर रूपी भ्रमर (हनुमान्) वहाँ शिंशिपा वृक्ष के नीचे आया मानो वैदेही का जीवन ही आया हो।

घत्ता—बैठा हुआ वह भ्रमर दसों चरणों में प्रतिबिंबित होकर भ्रमण करता है। वह सीता के चरणकमलों में अपने पंख फैलाये घूमता है।

(18)

असामान्य सुभटों का चक्रचूड़ामणि हनुमान् अपने मन में इस प्रकार विरुद्ध हो उठा, मानो सीता का शाप भाव हो या मानो आग समृद्ध हो उठी हो।

राम के द्वारा कहे गए, सीता के दुश्चरित्र से रहित शरीर चिह्न को देखकर, परस्त्रियों के लिए संताप का कारण हनुमान् अपने मन में विचार करता है—मैं आज युद्ध में रावण को मार डालता हूँ, और उसे काल रूपी यम के पाश में डाल देता हूँ तथा पतिव्रता निष्पाप, अपने पति में

---

3. AP णिलाडि। 4. P तें।

(18) 1. AP °भाव। 2. A दुच्चरित्तु। 3. AP °देह संताव°। 4. पइ। 5. AP कालकयंत°।

णं णं हउं दूयउ राहवेण पट्ठविउ मज्झु किं आहवेण।
किंकरु पहुवयणुल्लंघणेण णिदिज्जइ हियकारि वि जणेण।
अक्खमि भत्तारहु तणिय वत्त मा मरउ महासइ चारुणेत्त।
इय चिंतिवि अवसरु मग्गमाणु जा णिहुयंगउ थिउ कुसुमबाणु। 10
अत्थमिउ सूरु ता उइउ चंदु —णं सीयहि[6] दुहवल्लरिहि कंदु।
आपंडु गंडमंडलि घुलंतु तहु तेउ डहइ अग्गि व जलंतु।
अरुणच्छवि णं रामणहु कुद्ध णहसरि णं सियसररुहु विउद्ध।
अहवा लइ ससहरु किं ण चारु णहसिरिकरदप्पणु अमयसारु।
मिगमुद्दइ[7] मुद्दिउ कंतिपिंडु पियलेहहु केरउ णं करंडु।
मेहलियहि णं संतोसकारि खेयरणाहहु[8] णं पाणहारि।
घत्ता—जणलोयणणियरणिवासघरु सुहणिहि अमयकलालउ॥
ससि सीय[9] वि रामणतणु डहइ णं खयसिहिसिहमेलउ॥18॥

19

दुवई—ण[1] सहइ हसइ रसइ परु पुच्छइ माणिणिविसयसंगहं॥
ढंकइ दोसणिवहु गुण पयडइ अहणिसु करइ संकहं॥छ॥
सिरु धुणइ कणइ णीसासु मुयइ सयणयलि पडइ अलियउं जि सुयइ।

धारी नियुक्त थे। केवल ज्ञान के धारी भी। विक्रियाधारक मुनिवरेन्द्र भी एक हजार पाँच सौ थे। मनःपर्ययज्ञानी साधु बारह सौ पचास थे। शिष्यों को जिनवर के मार्ग में निवेशित करने-वाले एक हजार वादी मुनि थे। मंगिनी को प्रमुख मानकर मतिमद को नाश करने वाली पैंतालीस हजार आर्यिकाएँ थीं। संक्षेप में एक लाख श्रावक, और तीन लाख श्राविकाएँ प्रकाशित की गई हैं। अमर असंख्यात थे। तिर्यंच (खग मृग) जहाँ संख्यात थे; वहाँ अरहंत की ऋद्धि का क्या वर्णन किया जा सकता है!

घत्ता—दो हजार पाँच सौ वर्षों तक धरती पर विहार कर, हाथ जोड़े हुए पशु सुर नर विद्याधरों और नागदेवों को धर्म कहकर—

(15)

अपने शरीर का दूर से परित्याग करने वाले नमि जिनेश सम्मेदशिखर पर एक माह तक प्रतिमा योग में एकदम निश्चल रहे। वहाँ क्रिया-छेदोपस्थापना ध्यान कर तीनों शरीरों का सहसा परित्याग कर, अयोगदेह योग का आश्रय लेकर स्थित हो गए। फिर पंचम कालांतर का अतिक्रमण कर एक हजार मुनियों के साथ, वह परमात्मा अच्युत स्थान निर्वाण चले गए। भूमि-मंडल के सूर्य की किरणों से संतप्त होने पर वैशाख माह के आने पर, कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन, रात्रि का अन्त होने पर प्रभात में वह निकलंक (निष्पाप) हो गए। चन्द्र, फणेन्द्र और देवेन्द्रों

4. P सोहहुं। 4. AP जिणवयमग्गें। 6. AP गयमयमइयहं। 7. A पंचसट्ठिसहसइं संजइयहं। 8. AP मिग।
(15) 1. P णियगओ। 2. AP पंचमत्त°। 3. AP सहासहिं। 4. A कसिण°।

पहयतूररवपूरिउं[5] णहयलु गेयथोत्तझुणि उद्विउ कलयलु ।
उब्भिय धय रयणइं विच्छिण्णइं[6] दीणाणाहहं दाणइं दिण्णइं ।
धरिय चारुचंदोवय चामर णच्चिय धरणिरंगि विविहामर ।
दरिसंतेहिं[7] तेहिं तहिं णवरस णवचालीसभावपसरियजस ।
छत्तीस वि दिट्ठिउ पयडंतहिं कर चउसट्ठि तेत्थु दरिसंतहिं ।
णच्चिवि विविहणट्टरूवें वर सिद्धखेत्तु पणवेप्पिणु सुरवर ।
समउ सुराहिवेण गय णहयलि अरुण वरुण वइसवण सुणिम्मलि ।

घत्ता—हरि सुरहं समासइ जंतु णहि णियचरिएं मुणिवच्छलिण ।।
उज्जोइउ भरहु जि णमिजिणिण पुप्फयंतकिरणुज्जलिण ।।15।।

16

दुवई—हुइ[1] णिव्वाणगमणि णमिणाहहु सासयसिवणिवासहो ।।
अक्खमि चरिउ चक्किजयसेणहु सयलजणाहिरामहो ।।छ।।

जंबूदीवि एत्थु सुमहंतइ मेरुहु उत्तरेण गुणवंतइ ।

ने देवाधिदेव की पूजा की। आहत तूर्यों के शब्दों से आकाश आपूरित हो गया। गाये गये स्तोत्रों की ध्वनि का कल-कल शब्द होने लगा। ध्वज उड़ने लगे। रत्न बिखेर दिए गए। दीन अनाथों को दान दिया गया। सुन्दर चन्द्रमा के समान चामर धारण कर लिए गए। धरती के रंगमंच पर विविध देवों ने नृत्य किया। जिनका यश उनचास भावों तक प्रसरित है ऐसे नव रसों का प्रदर्शन करते हुए, छत्तीस दृष्टियों को प्रगट करते हुए, चौसठ हाथों का प्रदर्शन करते हुए, विविध नृत्य रूप से नृत्य कर सुरवर सिद्ध क्षेत्र को प्रणाम कर देववर देवेन्द्र के साथ आकाश मार्ग से चल दिए।

घत्ता—आकाश में जाते हुए हरि देवों से संक्षेप में कहता है कि मुनियों के लिए वत्सल भाव रखने वाले, अपने चरित से सूर्य और चन्द्रमा की किरणों के समान उज्ज्वल नमि जिनेश्वर ने इस भारतवर्ष को आलोकित किया।

(16)

शाश्वत शिव में निवास करने वाले नमिनाथ का निर्वाणगमन होने पर, समस्त जनों के लिए सुन्दर, चक्रवर्ती जयसेन का मैं चरित कहता हूँ। इस जम्बूद्वीप में मेरुपर्वत के उत्तर में गुण-

---

5. AP °पूरिय-णहयलु । 6. AP विक्खिण्णइं । 7. AP read in place of this line and the three following as follows :—

चवचंदणलवंगघिरइयसल कुसुमणिवह णहणिवडिय समसल ।
णाहहु पयपणामु विरयंतहिं जयजयजय अरहंत भणंतहिं ।
दिण्णउ उरयलघोलिरहारहिं चूडामणिसिहि जलणकुमारहिं ।
भव्वीभावजायतणुलट्ठिहिं वंदिवि देहभप्पु परमेट्ठिहिं ।
(A वंदिवि देउ भव्वपरमेट्ठिहिं)

(16) 1. A हुयं ।

अत्थि खेत्तु णामें अइरावउं जणधणकणगोसंपयअइरावउं[2] ।
बहुमणोज्ज[3] सिरिउरु तहि पट्टणु अमरणयरसोहादलवट्टणु[4] । 5
तहिं णामें भूवालु वसुंधरु[5] अतुलपरक्कमु पवरधणुद्धरु ।
पउमावइ णामें तहु गेहिणि रण्ण व रविहि ससिहि णं रोहिणि ।
तहि विओयसोएं णिव्विण्णउ रज्जु सुविणयंधरि सुइ दिण्णउं ।
मणहरि वणि धम्ममुणीसपासि लइयउं तउ पावासवविणासि ।
जिणकहिइ विहिइ संणासु करिवि महसुक्कसग्गि हुउ अमरु मरिवि । 10
भासुरतणु पावियअवहिणाणु सोलहसायरजीवियपमाणु ।
अह वच्छावइसइ विलासठाणु कोसंबीपरवरु सुहणिहाणु ।
तहिं विजउ राउ अखलियपयाणु णियतेओहामियसरयभाणु ।
पिय तासु पहंकरि सुहणिवास सूहवगुणपूरियदसदिसास ।
वरकणयवण्ण विच्छिण्णकाय ण सग्गहु अच्छर[6] का वि आय । 15

घत्ता—सग्गाउ चवेप्पिणु[7] सो अमरु ताहि गब्भि अवइण्णउ ।
परिओसिउ सयलु वि बंधुयणु सत्तुवग्गु अइण्णउ[8] ॥16॥

17

दुवई—सोहणदिणि सुरिक्खि णवमासहिं पवरोयरविणिग्गओ ।
पुणु जयसेणु णामु तहु विहियउं णियगइविजियदिग्गओ ॥छ॥

वान् महान् ऐरावत क्षेत्र है जो जन-धन-कण और गौसंपदा से अतिक्षय रमणीय है। वहाँ पण्डितों के लिए सुन्दर, श्रीपुर नाम का पट्टन है जो इन्द्रपुरी की शोभा का दलन करनेवाला है। उसमें भूपाल नाम का राजा अतुल पराक्रमी और प्रबल धनुष का धारण करने वाला था। उसकी पद्मावती नाम की गृहिणी थी। वैसे ही, जैसे रवि की रण्णा और चन्द्रमा की रोहिणी। उसके वियोग शोक से विरक्त होकर, उसने अपने पुत्र विनयंधर को राज्य दे दिया। मनोहर वन में धर्ममुनीश्वर के पास, पापाश्रव का नाश करनेवाला तप ग्रहण कर लिया। जिनेन्द्र द्वारा कथित विधि से संन्यास ग्रहण कर, वह मरकर महाशुक्र स्वर्ग में अत्यन्त भास्वर-शरीर देव हुआ। अवधि-ज्ञान को प्राप्त किया है जिसने ऐसे उसकी सोलह सागर प्रमाण आयु थी। इसके बाद वत्सावती देश में विलास का स्थान तथा सुख का निधान कौशाम्बीपुर था। उसमें अस्खलित प्रमाण राजा विजय था जिसने अपने तेज से शरद्-सूर्य को तिरस्कृत कर दिया था। उसकी प्रिया प्रभंकरी थी जो सुख की घर और अपने सुभगगुणों से दसों दिशामुखों को पूरित करनेवाली थी। श्रेष्ठ स्वर्ण रंगवाली कान्तशरीर वह ऐसी लगती थी मानो स्वर्ग से कोई अप्सरा आई हो।

घत्ता—वह देव स्वर्ग से चलकर, उसके गर्भ में अवतीर्ण हुआ। समस्त बन्धु गण संतुष्ट हुआ, शत्रुगण खिन्नता को प्राप्त हुआ ॥16॥

एक शोभन दिन और सुन्दर नक्षत्र में नव माह में वह प्रवर उदर से निकला। उसका जय

---

2. AP गोसंपयसारउं। 3. बहुमणोज्जु। 4. P °णवर°। 5. A णरेसरु। 6. A अंछर। 7. P चएप्पिणु। 8. AP आदण्णउ।

णिच्छियतिण्णिसहसवरिसाउसु[1] सव्वपियारउ णं णवपाउसु ।
वरइक्खाउवंसणहससहरु वंदिणजणविहंगसुरतरुवरु ।
कणयप्पवण्णु करसट्ठि समुण्णउ[2] सयलकलाकलावसंपुण्णउ । 5
रज्जि णिविट्ठहु चक्कुप्पण्णउं रविबिंबु व सेवइ अवइण्णउं[3] ।
परिसाहिय छक्खंड वसुंधर सेव करावि सुर वि सुदुद्धर ।
एक्कहिं दिणि सउहयलि वसंतें विज्जुवडणु[4] गयणाउ णियंतें ।
कारणु तें वइरग्गहु पाविउ सव्वु अणिच्चु मणेण परिभाविउ ।
रज्जु पढमपुत्तहिं ण वि मण्णिउं जिह णिवेण तिह तें अवगण्णिउं । 10
णिरवसेसु लहुसुयहु समप्पिवि सत्तुमित्तु सममइ संकप्पिवि ।
केवलिवरयत्तहु[5] णिवणेसरु जाउ समीवि साहु परमेसरु ।
संमेयइ कयसंणासुत्तमु हुयउ जयंतदेउ[6] लयसत्तमु[7] ।
घत्ता—संणासमरणि भरहेसरहु णरसुरवरहिं अणेयहिं ॥
पुज्जाविहाणु णिव्वत्तियउं पुप्फयंतसमतेयहिं[8] ॥17॥ 15

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे "णमितित्थयर"[10]जयसेणचक्कहर-[11] कहंतरं णाम असीतिमो परिच्छेओ समत्तो ॥80॥

(17)

सेन नाम रखा गया। वह अपनी गति से दिग्गज को जीतने वाला था। उसकी निश्चित तीन हजार वर्ष की आयु थी। नवपावस के समान वह सबका प्यारा था। वह श्रेष्ठ इक्ष्वाकुवंश के आकाश का चन्द्रमा था। बन्दीजन रूपी विहंगों के लिए कल्पवृक्ष था। उसका स्वर्ण वर्ण शरीर साठ हाथ ऊँचा था। वह समस्त कला कलाप से पूर्ण था। राज्य में बैठे हुए उसे चक्ररत्न उत्पन्न हुआ, मानो सूर्य बिम्ब ही अवतीर्ण होकर उसकी सेवा कर रहा था। उसने छह खंड धरती सिद्ध की। दुर्धर देवों से उसने सेवा करवाई। एक दिन सौधतल पर बैठे हुए उसने आकाश से बिजली को गिरते हुए देखा। इस कारण से उसे वैराग्य उत्पन्न हो गया। उसने मन में सब कुछ अनित्य समझा। प्रथम पुत्र ने भी राज्य को नहीं माना, जिस प्रकार पिता ने, उस प्रकार पुत्र ने, उसकी अवहेलना की। अपने छोटे पुत्र को समस्त राज्य देकर, शत्रुमित्र में समबुद्धि कर, वह नृपसूर्य केवली वरदत्त के पास जाकर, साधु हो गया। सम्मेदशिखर पर उत्तम संन्यास ग्रहण कर वह वैजयन्त अहमेन्द्र हुआ।

घत्ता—उस भरतेश्वर के संन्यास-मरण पर सूर्य-चन्द्रमा के समान तेज वाले अनेक नरपतियों और देव-देवेन्द्रों के द्वारा उसका पूजा-विधान किया गया ॥17॥

त्रेसठ महापुरुषों के गुणालंकारों से युक्त महापुराण में महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य का नमि तीर्थंकर, चक्रवर्ती जयसेन-कथान्तर नाम अस्सीवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ।

(17) 1. A वरिससहसाउसु। 2. A समुग्गउ। 3. AP उवइण्णउं। 4. AP विज्जुपडणु। 5. AP वरइत्तहु। 6. AP जयंति देउ। 7. A सयलुत्तमु। 8. AP पुप्फदंत°। 9. AP णमिणाहणिव्वाणगमणं। 10. A omits जयसेणचक्कहरकहंतरं। 11. P °चक्कवट्टि°।

NOTES

[The references in these notes are to Saṁdhis in Raman figures and kaḍavakas and lines in Arabic figures. T stands for Tippaṇa of Prabhacandra]

LXVIII

2. 13 पयडइं आयइं कालहु चिंधइं, the sings of (coming) death or fall from heaven became manifest.

9. *3b* परसमयपवंचणिवारिणि, (अणेयंतवाय or teaching of सव्वण्णुजिण) which kept off or made ineffective the systems of heretic schools.

LXIX

1. 2 हरिहलहरगुणघोसु, जं आयउं रामायणु. The रामायण is the glorification of the virtues or qualities of हरि (वासुदेव) and हलधर (बलदेव). *4a* णिव्वाहमि भरहब्भत्थियउं, I (Poet) want to carry out the wishes of भरत, my patron. *6a* सामग्गि ण एक्क वि अत्थि महुं, I possess no material or facilities for undertaking the task of composing a रामायण. *6b* किर कवण लीह चिरकइहिं सहुं, how can I compete with older poets ? *7a* कइराउ सयंभु, the great poet स्वयंभू who wrote on the theme of रामायण had the help of a thousand friends. *8a* चउमुहहु, the great poet चतुर्मुख स्वयंभू, as his name implies, had four mouths. *9a* महु एक्कु जं पि मुहुं खंडियउं, the poet पुष्पदन्त says that he has only one mouth as against four of चतुर्मुख, and that even this mouth is broken (खण्डित). Elsewhere पुष्पदन्त calls himself to be खण्ड or खण्डकवि, and mentions that his face or mouth was वक्र. 13 सुकइसयासियमग्गि, on the path, brightened by great poets like स्वयंभू and चतुर्मुख; or on the path, i.e., सेतु, built or manifested by the good monkey, i.e. हनूमान्.

3. :-10 These lines record some strange notions or superstitious beliefs about persons figuring in the रामायण. King श्रेणिक asks गौतम इन्द्रभूति to explain to him the truth about them. They are ; (1) रावण (दशमुख) has ten mouths or faces; (2) his son इन्द्रजित् was older in age than his father, or in other words, इन्द्रजित्, though a son of रावण, was born before him; (3) रावण was a demon and not a human being ; (4) he had twenty eyes and twenty hands and that he worshipped god शिव with his heads; (5) रावण was killed by the arrows of राम; (6) the arms of श्रीरमण, i.e. लक्ष्मण, were long and unbending (थिर); (7) सुग्रीव and others were monkeys and not human beings; (8) विभीषण is still living or is a चिरजीविन्; (9) कुम्भकर्ण sleeps for six months and feels satiated only by eating one thousand buffalos. Those that are conversant with the Hindu version of the रामायण will see that except No. 2, all other beliefs have some sort of support in the various of Hindu रामायण. About No. 2, I have not come across any support for it. But before we proceed further we have to note a basic difference in the conception of personalities of राम

and लक्ष्मण with the Hindus and the Jainas. राम, according to Hindu version and the Jain version is the elder of the two sons, राम and लक्ष्मण, of दशरथ; but राम who is the eighth बलदेव of the Jainas, has white complexion as against the dark complexion according to Hindus. On the other hand, लक्ष्मण who is the eighth वासुदेव of the Jainas, has dark complexion as against white complexion according to Hindus. Besides लक्ष्मण, being a वासुदेव with the Jainas, kills रावण who is a प्रतिवासुदेव with them. Other differences in the two versions will be noted as we proceed. 11*a*—*b* All Jain versions known to us say, as here, that व्यास and वाल्मीकि are responsible for creating wrong notions about the personalities of रामायण. It is clear from this statement that Jain poets, one and all, who tried their hands on the story of रामायण, have been acquainted with the versions of व्यास and वाल्मीकि, and think that they gave an altogether new interpretation of the lives of राम and लक्ष्मण.

4. 2—13 These lines mention the तृतीयभव of राम and लक्ष्मण. In the city of रत्नपुर in the मलयदेश, there was a king named प्रजापति. His queen, कान्ता by name, gave birth to a son who was called चन्द्रचूल (who is destined to be लक्ष्मण subsequently). विजय, the son of the king's minister, was a friend of चन्द्रचूल.

5. 5*b* कलहंसस णं चारुकरिणीइ, like a young elephant (कलह, कलभ) born of a beautiful she-elephant. A marchant named गोतम h d a son, श्रीदत्त by name, by his wife वैश्रवणा. This श्रीदत्त was married to कुबेरदत्ता, daughter of कुबेर. 10*b* का संणिहा का कुबेरदत्ताए what lady (की, स्त्री) is comparable (संणिहा, संनिभा) to कुबेरदत्ता in beauty? चन्द्रचूल carried off this कुबेरदत्ता by force.

8. 4*a* सिसु चवंति गहिर, the two boys, चन्द्रचूल and विजय said in deep voice, i.e., full of repentance. These two were destined to be लक्ष्मण and राम in their third subsequent birth.

9. 9*a* सहसत्ति, rashly, in haste.

10. 4*b* बालरिसि, the young monks चन्द्रचूल and विजय. Of these चन्द्रचूल formed a निदान on seeing सुप्रभबलदेव and पुरुषोत्तम वासुदेव to enjoy prowess similar to theirs. 9—10 विजय was born in the सनत्कुमार heaven and was called सुवर्णचूल, and चन्द्रचूल was born in the कनकप्रभ विमान and was named मणिचूल.

11. 11 कुवलयबंधु वि णाहु णउ दोसायरु आयउ, although king दशरथ (णाहु) was a friend (बन्धु) to the whole earth, he was not a seat or soucre (आयर, आकर) of faults (दोस, दोष) like the moon who is a friend of night lotuses (कुवलय) and is the maker of night (दोषा).

12. Note that राम (in former births विजय and सुवर्णचूल) is the son of king दशरथ of वाराणसी (and not of अयोध्या) by his queen सुबला (and not कौसल्या) and that the day of his birth is फाल्गुनकृष्णत्रयोदशी, मघा नक्षत्र (and not चैत्रशुक्ल नवमी); and that लक्ष्मण (in former birth चन्द्रचूल and मणिचूल) is the son of कैकेयी (and not of सुमित्रा) and is born on माघ शुक्ल प्रतिपद्, विशाखानक्षत्र. It is only subsequently that king दशरथ went over to अयोध्या as metioned in 14. 6*b* below.

16. 1*a* जं जुंजिवि सग्गहु सयरु गउ, king सगर went to heaven by performing a sacrifice. According to Jain version of the story of सगर, there is no mention of this sacrifice. 5*b* सिसु i.e. राम.

20. 10 पिंगलु, i.e., मधुपिंगल, the son of तृणपिंगल and अतिथिदेवी. In 22. 3*b* he is called पिंगदिट्ठ.

28. 10*a* णारउ भय जव तिवरिस चवइ, नारद says that अज means the जव (यव) corn three years old. This is the famous explanation of अज (goat) according to Jainas.

33. 8—9 These lines mention गोस्पर्श, पिप्पलस्पर्श etc., as meritorious acts according to superstitious beliefs; but the poet says that if they secure merit, a bull who touches the body of the cow and the crow that sits on the पिप्पल tree would be gods.

LXX

1. 11 *a—b* ए वट्टहि, these two sons of yours are the eighth बलदेव and वासुदेव, as I heard in the पुराण and will occupy a place among the शलाकापुरुष.

2. This कडवक and the two following give the history of the past life of रावण. There was in the city of नागपुर a king called नरदेव. He renounced the world and practised penance. On seeing a विद्याधर he formed a निदान that he should have the fortune similar to that विद्याधर. He was then born as a god in the सौधर्म heaven. King सहस्रग्रीव of the city of विद्याधरs, got somehow displeased with his relatives, quarrelled with them and shifted to त्रिकूटगिरि. There he built the city of लंका. After him came शतग्रीव and पञ्चाशद्ग्रीव. His son was पुलस्ति whose wife मेघलक्ष्मी gave birth to दशग्रीव. He married मन्दोदरी, the daughter of मय.

6. 7*a—b* The line means that मणिवती got disturbed in her meditation on the बीजाक्षरमन्त्र, and thought that दशग्रीव, though a विद्याधर, had characteristics (चिंध, चिह्न) of a demon. 8*a—b* मणिवती formed a निदान that he should be her father in her next birth, carry her off in the forest and die on her account. This मणिवती becomes सीता in her next birth.

8. 1*b* तें होंतें होसइ अवर धूय, if दशग्रीव is alive, you (मन्दोदरी) will have another daughter. मारीच asked मन्दोदरी to abandon सीता as she was destined to bring calamity on the family.

9. 11 रामणरामहं णाइं कलि, a source of quarrel between रावण and राम.

12. 3*a* सासुरणयरु, i.e., मिथिला, the city of राम's father-in-law.

13. 9*a* अवराउ सत्त कण्णाउ, Over and above सीता, राम was married to seven other girls. 10*a* लक्ष्मण was married to sixteen girls. Note that राम in the Jain mythology has eight wives and not one.

16. 6*b* जाणेवा (ज्ञातव्याः). For this form see हेमचन्द्र iv. 438.

LXXI

1. 1 कहिं तं भंडणु एम भणंतु जि संचरइ, नारद wanders over the earth finding out places where there is, or has a chance of, a quarrel. This characteristic of नारद is well-known to Hindu Mythology. Here he is approaching रावण to start the quarrel.

2. 6*b* पर पइं जिणिवि एक्कु जसु ईहइ, but one, i.e., राम, desires to obtain fame by conquering you.

5. 6*a* सेलसिहरसंचालणचंडहिं, with my arms, terrific in shaking the mountain peaks. This is a reference to the belief that रावण shook the कैलास mountain with his arms.

6—10. These कडवकs refer to the description of the characteristics of ladies as mentioned in कामसूत्र of वात्स्यायन.

11. 7*a* चंदणहि (चन्द्रनखी), otherwise known as शूर्पणखा.

15. 2*a* बउलु परिक्खइ णियतणुगंधें, a lady compares the scent of बकुल flower to see if it is similar to the scent of her body. 11*a* संपहि एह वि बोल्लणसीली, now in this spring, this (cuckoo) also has become talkative.

18. 2*a* कंचुइ होएप्पिणु, assuming the form of a कंचुकिन् or rather कञ्चुकिनी an old lady.

20. 1*a* विहवत्तणि पुणु सिरु मुंडेव्वउं. It appears that Jainism recommends the shaving of the head by widows.

LXXII

1. 1 मुक्कवेसजइसंजमु, abandoning the restraint which a householder (देसजइ, देशयति, गृहस्थ) should practise, namely स्वदारसंतोष. रावण now starts in his पुष्पकविमान to carry off सीता against the rules of a Jain householder, for सीता is not his wife. He is not still aware of the fact that सीता is his own daughter. 19 दिट्ठउ तेण etc. रावण saw there the forest and also one more thing, viz., the bloom of youth of सीता. The next कडवक compares these two in similar terms.

4. A fine description of the movements of an antilop.

5. 5*a* कसणवाससोहियणियंबओ, who wore a blue or dark garment. बलदेव is called नीलाम्बर in Hindu as well as in Jain Mythology.

8. 11-12 These lines mean : If I (रावण) touch this lady who is now helpless but chaste, the lore which enables me to move through the air (अम्बरचारिणी विद्या) will go away from me. रावण was unwilling to dally with the unwilling सीता, as in that case he would lose all the prowess he had.

12. 4-6 These lines mention that रावण became an अर्धचक्रिन् about the time of the arrival of सीता at लंका.

LXXIII

1. 3 एत्तहि etc. Three things occurred simultaneously, viz., राम followed the deer in the forest, सीता was carried off, and the attendents of सीता were filled with grief on her account.

2. 3*b*—6*b* It appears that the Jain society recommends the wearing of red-coloured saris for widows, breaking of bracelets, and not wearing ornaments like a necklace.

5. 9*a* According to the Jain version, दशरथ is still living when सीता was carried off by रावण. He saw a dream just at that moment that रोहिणी, the consort of the moon, was carried off by राहु, which dream indicated that a similar calamity had befallen राम.

6. 11*a* लक्खणेण, by लक्ष्मण.

7. 4*a* वेण्णि जण, i. e., सुग्रीव and हनुमत् who were विद्याधरs and not monkeys.

8. 6*b* हनुमत् is in Jain Mythology the 20th कामदेव and hence he is mentioned as मयरकेउ (मकरकेतु) and by its synonyms. Compare 25. 9*b* below.

10. 3*a* सेस लेवि, having taken the शेषा, i. e., flowers etc, offered to the deity. When a devotee visits a temple, he takes home with him some portion of the निर्माल्य or ashes or some article dedicated to the deity.

15. 2 पावणि, i. e., हनुमान्. 12 सुवण्णभिंगारयहु खप्परु दिण्णउ ढंकणु, broken earthen plate is placed as a cover to close the mouth of a golden vessel. भिंगार is भृंगार, known as झारी in Marathi.

22. 12*a* ओलक्खिय पयजुयलंछणेण, मन्दोदरी recognised सीता as her daughter by signs or marks on her feet.

24. 13*b* वाणररूवाइं, हनुमत् who was a विद्याधर, assumed the form of a monkey and stood before सीता. This explains, according to Jain Mythology, the reason for the belief that हनुमत् was a monkey.

26. 8*b* गुज्झइं अहिणाणवयाइं चेमि, I shall mention certain very confidential happenings between you and राम so that you will recognise me to have come from him. This अभिज्ञान is supplied in the following lines of this कडवक and a few lines of the next कडवक.

28. 10*a-b* णियकुलु वि etc. When fire burns its own race, i. e. trees or wood from which it is born. how can it forgive its enemy, i. e, water ? Water is heated by fire on this account.

29. 13*b* णं दहमुहरमणहु कोसपाणु, as if सीता swore that she would never dally with रावण. कोसपान is a शपथ or दिव्य, ordeal, which one solemnly undertakes. Compare गाथासप्तशती, 448, संवाहणसुहरसतोसिएण देन्तेण तुह करे लक्खं। चलणेण विक्कमाइच्चचरिअमणुसिक्खिअं तिस्सा.

LXXIV

4. 16 ओत्तिउ दूयत्तणि पुणु सो जिह धवलु, हनुमत् was again askedto go to लंका as a दूत, and the poet humourously compares him to a bull (धवल) that is yoked to a cart a second time. According to Hindu Mythology अंगद was the दूत of राम.

6. 4*b* तिण्णि वि एयउ, i. e., श्रीः, सीता and वसुंधरा (पृथ्वी) as mentioned in 5. 11 above, and 13. 9*b* below.

8. 15 वलइयउच्छुधणु, God of love bears a low made of sugar-cane.

15. 3*b* रत्तउ हयगीउ सयंपहहि, a reference to अश्वग्रीव the first प्रतिवासुदेव who made love to स्वयंप्रभा and was killed by त्रिपृष्ठ the first वासुदेव of the Jain Mythology.

16. 7*a* णील, one of the friends of सुग्रीव; *b* कुमुय, another friend of सुग्रीव. 9 and 10 mention कुन्द and नल who are allies of सुग्रीव.

LXXV

1. 8b णिकुंभु कुंभु, names of रावण's followers.

2. 9b महु समउं अणाहिउ एउ ताव, Let first वालि (अणाहिउ) come with me to लंका. 10b करिवरु महामेहक्खु देउ, Let him give me the excellent elephant called महामेघ.

3. 7b अणाउत्तु वि, even though it is not expressly said.

4. 1b एक्कु जि सिहि अण्णु जि आगवेउ, there is already one calamity, viz., fire, and to add to it there comes the gust of wind. 12 मइं कुद्धइ, when I am angry.

6. 10b किक्किंधिपुरिंदु, the lord of the किष्किंधपुर. i. e., वालि.

9. 2b एवड्डु फुरणु, such valour or activity.

LXXVI

2. 6b अज्जु कल्लि ढुक्कइ, will reach this place (लंका) today or tomorrow. 8a विणमिवंसु, रावण was born in the विद्याधर race founded by विनमि (विणमि) who was the brother of नमि.

3. 5a वज्जावत्तसरासणहत्थहु, The name of the bow of राम is वज्रावर्त. 9a पंचयण्णु, the conch पाञ्चजन्य of वासुदेव, here of लक्ष्मण. 14 कुंभयण्णु महु बीयउ, रावण says to बिभीषण that if बिभीषण leaves him, he (रावण) will have कुम्भकर्ण to help him.

4. 5a तणुसोयइ, by a blade of grass one cleanses one's teeth. The form तणु for तृण is irregular.

6. 10a वाणरविज्जइ वाणर होइवि, All विद्याधरs assumed the form of monkeys and then visited लंका.

9. 9a गमणें जासु होइ काली गइ, fire, the movements of which leave a black passage or smoke. अग्नि is often called धूमध्वज.

LXXVII

2. 8b चंदहासु, the sword of रावण. 14 अम्हइं बलवंतइं हरिबलहं तसहुं, we are afraid of हरि (लक्ष्मण) and बल (राम) who are very strong.

3. 13 विहुरि वि धीरु, रावण was full of courage (धीर) even in adversity (विहुरि, विधुरे सति, संकटकाले सति).

6. 1 भुवणुत्तरविणिवणे कि हुओ णिग्घोसो, Is there a noise of falling of worlds standing one upon the other ? There are several भुवनs which stand one upon the other and thus form an उत्तरंजि, उतरंड, as it is called in Marathi. 6b जमदूदु, god of death (यम).

9. 5-17 A fine description of the dust raised by the fight.

13. 5a असिणिहसणसिहिजालउ, flames of fire produced from the clashing of swords. 13b सीसक्कें सहुं सिरु, head along with the crown or cap (शिरस्त्राण).

LXXVIII

1. 2 कण्हु, कृष्ण, i. e., लक्ष्मण who has a dark complexion. 15a-b विजयपर्वतु and अंजनगिरि are the names of elephants of लक्ष्मण and राम. See also 3. 4b and 3. 11a below.

5. 11*a-b* पइं समुहु etc. A warrior says to another warrior, "You have given your head (as capital) in paying the debt of your master, and are using your blood as interest on the capital."

8. 3*a* धरियलोहु तेण जि ते गुणचुय, the arrows are धरियलोहु, i. e., have an iron edge or have greed (लोहु, लोभ) and therefore they are गुणच्चुय, discharged by bow-string (गुण) or are destitute of virtues (गुण).

9. 21 ओत्थरिउ, arrived on the scene.

10. 14 बोल्लिउ पालेसमि, I shall keep my word.

11. 3*b* सखार, jarring words, words mixed with salt as it were. Compare खले क्षारनिक्षेपणम्.

13. 8*b* वीर पउम, राम who had a white complexion simiar to that of a white lotus is called पउम (पद्म) and पुराणs describing his story are called पउमचरिउ, पउमपुराण etc.

14. 8*a-b* सल्लरुक्खि etc. The line records two popular sayings that in a small lake a crab is called a जलकर although the term means मकर, while in a place where there are no trees, एरण्ड becomes a big tree. Compare: निरस्तपादपे देशे एरण्डोऽपि द्रुमायते.

15. 1 वेण्णि वि पीयवास, Both रावण and लक्ष्मण wore yellow garments. In Hindu mythology कृष्ण is called पीताम्बर.

16. 6*a* वीसपाणि, i. e , रावण, although रावण according to Jain Mythology had only two arms, still he is called वीसपाणि owing to the influence of Hindu Mythology.

18. 1 मधुमहणु महासुहडें, on the great warrior who killed मधु. Note there are two प्रतिवासुदेवs, viz., मधु and मधुसूदन or महसूयण.

20. 14 भडमालविणिहयइं...भवियव्वक्खरइं, writings about she future of warriors which were written on their forehead. 15 जाइवि (याचित्वा), having obtained by begging.

21. 7*b* मंगुलियउ भंजइ राहवि, cracking of fingers on some one indicates disrespect for him. मोडें मोडणें is found in modern Marathi. 13*a* कण्णावत्थ बहु णाहु महारउ, this husband of mine has married me when I was quite young; so our love is unbroken, Compare : यः कौमारहरः स एव हि वरः..

23. 4*a* अज्जु सरासइ सत्थु ण सुमरइ, today the goddess of learning (सरस्वती) will not remember or recite the शास्त्र, owing to the death of रावण. रावण is know for his learning. In Hindu Mythology he is the son of a famous sage पुलस्त्य who is a Brahmin.

24. 3*a* णारउ णाउ आउ णासणविहि, It was not नारद who arrived (and induced your mind to carry off सीता), but it was your destiny bringing death upon you that had come. Note that रावण made up his mind to carry off सीता on the mischievous advice of नारद. 12 *a* कुलिसु वि घुणेहिं विच्छिण्णउ, even hard adamant (वज्र) was bored by insects. Death of रावण from the hand of लक्ष्मण is an unexpected as the boring of वज्र by insects.

25. 1 दहमुहु मुहुं, राम says to विभीषण that he should now take the place of दशमुख (रावण). 6*b*-12*b* These lines describe the removal of the dead body of रावण, on a palanquin decked by columns of plantain trees, with umbrella held over it.

29. 3*b* मेल्लिवि पउमु कासु सुयणत्तणु, who but राम is so noble ?

LXXIX

2. 11*b* सउणंदयासि, a sword called सौनन्दक because it was a gift from सौनन्दयक्ष. Of the seven gems which a वासुदेव as अर्धचक्रिन् possesses, sword is one and it is called सौनन्दक as the गदा is called कौमोदकी. According to Jain Mythology वासुदेवs and बलदेवs have seven and four marks respectively. They are given in the following verses :

असिः शंखो धनुश्चक्रं शक्तिर्दण्डो गदाभवत् ।
रत्नानि सप्त चक्रेशो रक्षितानि महद्गणैः ॥
रत्नमाला हलं भास्वद्रामस्य मुसलं गदा ।
महारत्नानि चत्वारि बभूवुर्भाविनिर्वृतेः ॥

गुणभद्र—उत्तरपुराण-62, 148-149.

3. 8*a* तहि होंतउ गउ, he went from that place. Note the use of होंतउ with तहि rather than तहो. Compare हेमचन्द्र, iv. 355.

6. 10*b* को णारउ को सुरविमाणि, who will, in that case, be born in hell and who will be bron in heaven ? 12 अह खणि खणि जि खउ etc. This is the famous doctrine of क्षणिकत्व of the Buddhists. सयंबुद्धें, by self-enlightened Buddha.

9. 6-9 These lines tell us that राम had eight sons विजयराम and others, and लक्ष्मण had several, पृथ्वीचन्द्र and others, from his wife पृथिवी.

11. 4*a* लच्छीहरंगि, in the body of लक्ष्मीधर, i. e., लक्ष्मण.

LXXX

9. A fire desription of the Rainy Season.

16. 7*b* रण्ण व रविहि, the name of the sun is रण्ण or as. T says रनादेवी.

अँगरेजी टिप्पणियों का हिन्दी अनुवाद

अड़सठवीं सन्धि

(2) 13 आने वाली मृत्यु की सूचना अथवा स्वर्ग से च्युत होना।

(9) 3b अनन्ततीर्थ या अनन्तनाथ का शासन (आम्नाय) जिसने अन्य आम्नायों को निरस्त या प्रभावहीन कर दिया।

उनहत्तरवीं सन्धि

(1) 2 वासुदेव और बलराम के गुणों की स्तुति के लिए जो रामायण काव्य हुआ। रामायण वासुदेव (लक्ष्मण) और हलधर (राम) के गुणों और विशेषताओं का गौरवीकरण है। 4a भरत के द्वारा आकर्षित मैं निर्वाह करूँगा। मैं (कवि) अपने आश्रयदाता भरत की इच्छाओं को पूरा करना चाहता हूँ। 6a मेरे पास कुछ भी सामग्री नहीं। मेरे पास साधन और सुविधाएँ नहीं हैं कि मैं यह कार्य पूरा कर सकूँ। 7a कविराज स्वयंभू। (महान् कवि स्वयंभू) जिन्होंने हजारों मित्रों की सहायता से राम के इतिवृत्त पर काव्य की रचना की। 8a चतुर्मुख, महाकवि चतुर्मुख जैसा कि स्वयंभू कवि का नाम बतलाया है। चतुर्मुख यानी चार मुखवाला। 9a मेरा एक मुँह है वह भी खंडित है। कवि पुष्पदंत कहता है कि उसका एक ही मुख है जब कि चतुर्मुख के चार मुख थे। इतने पर भी मेरा यह मुख खंडित है। एक अन्य जगह पुष्पदंत ने स्वयं को खंडकेवि कहा है और लिखा है कि उनका मुख वक्र (टेढ़ा) था। 13 सुकवियों द्वारा प्रकाशित मार्ग पर, उस मार्ग पर जिसे चतुर्मुख स्वयंभू जैसे कवियों ने आलोकित किया है। मार्ग यानी सेतु जो वानर यानी हनुमान् द्वारा निर्मित है।

(3) 3-10 ये पंक्तियाँ रामायण में आए पात्रों के बारे में विचित्र विश्वासों या धारणाओं का वर्णन करती हैं। राजा श्रेणिक गौतम इन्द्रभूति से पूछता है कि वह इनके बारे में सच बात बताए। ये हैं— (1) रावण (दशमुख) के दस मुँह थे। (2) पुत्र इंद्रजित् उम्र में अपने पिता से बड़ा था। दूसरे शब्दों में इन्द्रजित् यद्यपि रावण का पुत्र था, परन्तु उससे पहले पैदा हुआ था। (3) रावण मनुष्य नहीं, राक्षस था। (4) उसकी बीस आँखें और बीस हाथ थे, और यह कि वह शिव की उपासना अपने सिरों से करता था। (5) रावण राम के तीरों से मारा गया। (6) श्रीरमण (लक्ष्मण) के हाथ लंबे और स्थिर थे, झुकते नहीं थे। (7) सुग्रीव और दूसरे बन्दर थे, वे मनुष्य नहीं थे। (8) विभीषण अब भी रह रहा है, या वह चिरंजीवी है। (9) कुम्भकर्ण छह माह सोता है और एक हजार भैंसे खाकर उसकी भूख शान्त होती है।

जो हिन्दू रामायण से परिचित हैं वे पाएंगे कि क्रमांक 2 को छोड़कर, हिन्दू रामायण का दूसरी धारणाओं में काफी कुछ समर्थन है। लेकिन क्रमांक 2 में इस प्रकार का कोई समर्थन मेरे देखने में नहीं

आया। परन्तु आगे बढ़ने के पहले यह नोट कर लेना जरूरी है कि जैनों और हिन्दुओं की रामायणों में राम और लक्ष्मण के चरित्रों के बारे में मूलभूत अन्तर यह है कि दशरथ के दो बड़े बेटे थे राम और लक्ष्मण। परन्तु राम का, जो जैनों के आठवें बलभद्र हैं, रँग गोरा था जबकि हिन्दू परम्परा में वे श्याम वर्ण के थे। इसी प्रकार हिन्दू परम्परा के गौर वर्ण लक्ष्मण का, जो जैनों के आठवें वासुदेव हैं, जैन परम्परा के अनुसार रँग श्याम था। इसके सिवा, जैनों के अनुसार वासुदेव होने के कारण लक्ष्मण ने प्रतिवासुदेव रावण का वध किया, राम ने नहीं। रामायण के दोनों वर्णनों की भिन्नता मालूम होती जाएगी जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते जाएँगे। 1 Ia-b हमें ज्ञात सभी जैन वर्णन बताते हैं कि व्यास और वाल्मीकि ही, रामायण के पात्रों के बारे में गलत धारणाएँ फैलाने के लिए उत्तरदायी हैं। इस कथन से यह स्पष्ट है कि सभी जैन कवि, जिन्होंने रामायण के कथानक पर काव्य की रचना का प्रयास किया है, रामायण और व्यास के कथानकों से परिचित हैं, और वे सोचते हैं कि उन्होंने राम और लक्ष्मण के जीवन को एक दम नया रूप प्रदान किया है।

(4) 2-13 ये पंक्तियां राम और लक्ष्मण के तीसरे भव का वर्णन करती हैं। मलयदेश में रत्नपुर नगर है। उसमें प्रजापति नामक राजा था। उसकी रानी कांता ने एक पुत्र को जन्म दिया, उसका नाम चन्द्रचूल था (जो आगे चलकर लक्ष्मण के रूप में होने वाला है)। विजय, जो राजा के मंत्री का पुत्र है, चन्द्रचूल का मित्र था।

(5) 5b जैसे सुन्दर हथिनी से जन्मा हाथी का बच्चा, एक सुन्दर युवा हाथी। एक गौतम नामक व्यापारी उसकी पत्नी वैश्रवणा से श्रीदत्त नाम का पुत्र था, श्रीदत्त का विवाह कुबेरदत्ता से हुआ जो कुबेर की कन्या थी। 10b कुबेरदत्ता के समान कौन स्त्री थी? कुबेरदत्ता से कौन स्त्री तुलनीय थी सुन्दरता में? चन्द्रचूल ने बल से कुबेरदत्ता का अपहरण कर लिया।

(8) 4a दोनों बालकों (चन्द्रचूल और विजय) ने गंभीर ध्वनि में कहा—पश्चात्ताप के स्वर में। ये दोनों तीसरे जन्म में लक्ष्मण और राम होने वाले हैं।

(9) 9a तेजी से या जल्दी में।

(10) 4b छोटे मुनि (चन्द्रचूल और विजय)। इनमें से चन्द्रचूल ने, सुप्रभ बलदेव और पुरुषोत्तम वासुदेव का वैभव देखकर यह निदान किया : मैं भी उनके समान शक्ति को प्राप्त करूँ। 9-10 विजय सनत्कुमार स्वर्ग में उत्पन्न हुआ जहाँ उसका नाम सुवर्णचूल था। चन्द्रचूल कमलप्रभ विमान में उत्पन्न हुआ और उसका नाम मणिचूल हुआ।

(11) यद्यपि राजा दशरथ पूरी धरती के मित्र थे, लेकिन दोषों के आकर नहीं थे। चन्द्रमा के समान, जो कुमुदिनियों का मित्र होता है और रात्रि का जनक होता है।

(12) नोट कीजिए कि राम (पूर्व जन्म के विजय और स्वर्णचूल) वाराणसी के (अयोध्या के नहीं) राजा दशरथ के पुत्र हैं, जो सुबला रानी से (कौसल्या से नहीं), फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी, मघा नक्षत्र (चैत्र शुक्ल नवमी नहीं) में हुए और लक्ष्मण (पूर्वजन्म का चन्द्रचूल और मणिचूल) कैकेयी का पुत्र है (सुमित्रा का नहीं) और माघ शुक्ल प्रतिपदा को विशाखा नक्षत्र में उसका जन्म हुआ। यह इसके अनंतर ही हुआ कि राजा दशरथ अयोध्या गये जिसका कि 14 (6b) में वर्णन है।

(16) Ia राजा सगर यज्ञ करके स्वर्ग पहुंचते हैं। सगर की जो कहानी जैनों में प्रचलित है, उसमें यज्ञ का उल्लेख नहीं है। 5b सिसु अर्थात् राम।

(20) 10 पिंगलु अर्थात् मधुपिंगल—तृणपिंगल और अतिथिदेवी का पुत्र।

(28) नारद अज का अर्थ तीन वर्ष का जौ (यव) करते हैं। जैनों के अनुसार यह अज का प्रसिद्ध अर्थ है।

(33) 8-9 ये पंक्तियां गोस्पर्श, पिप्पलस्पर्श आदि का वर्णन करती हैं, अन्धविश्वासों के अनुसार। परन्तु कवि का कहना है कि यदि ऐसे लोग पुण्य की योग्यता पाते हैं तो बैल जो गाय का स्पर्श करता है, और कौआ जो पीपल के पेड़ पर बैठता है, दोनों को देव होना चाहिए।

सत्तरवीं सन्धि

(1) 11a-b ये तुम्हारे दोनों पुत्र आठवें बलदेव और वासुदेव हैं। जैसा कि मैंने पुराणों में सुना है, ये शलाकापुरुषों में स्थान पाएँगे।

(2) यह कड़वक और इसके बाद के दो कड़वकों में रावण की पूर्व जन्मों की कथा कही गई है। नागपुर नगर में नरदेव नाम का राजा था। उसने संसार का त्याग कर तपस्या की। एक विद्याधर को देखकर उसने निदान किया कि उसका भाग्य भी उस विद्याधर के समान हो। वह सौधर्म स्वर्ग में इन्द्र हुआ। विद्याधरों के नगर का राजा सहस्रग्रीव अपने संबंधियों से नाराज हो गया। वह झगड़ा करके, त्रिकूट पर्वत पर चला गया। वहाँ उसने लंका नगर का निर्माण किया। उसके बाद शतग्रीव आया, और तब पंचाशद्ग्रीव। उसका पुत्र पुलस्ति था, जिसकी पत्नी मेघलक्ष्मी ने दशग्रीव को जन्म दिया। उसने मंदोदरी से विवाह किया जो मय की कन्या थी।

(6) 7a-b इस पंक्ति का अर्थ है कि मणिवती विचलित हो गई जब वह बीजाक्षर मंत्र का ध्यान कर रही थी। उसने सोचा कि रावण यद्यपि विद्याधर है, राक्षस के चिह्न रखता है। 8a-b मणिवती ने यह निदान किया कि वह अगले जन्म में उसका पिता हो। वह उसे जंगल में ले जाए, और वह उसके कारण मृत्यु को प्राप्त हो। यही मणिवती अगले जन्म में सीता बनती है।

(8) 1b उसके होने पर दूसरी कन्या होगी। यदि रावण जीवित रहता है, तुम्हें (मन्दोदरी को) दूसरी कन्या होगी। मारीच ने सीता के परित्याग की बात कही क्योंकि उसके कारण परिवार पर निश्चित रूप से संकट आएगा।

(9) 11 राम और रावण के बीच कलह का कारण।

(12) 3a राम के ससुर का नगर मिथिला।

(13) 9a राम ने सात दूसरी कन्याओं से विवाह किया, 10a लक्ष्मण ने सोलह दूसरी कन्याओं से विवाह किया। ध्यान दीजिए; जैन पौराणिक परंपरा में राम की एक नहीं, आठ पत्नियाँ थीं।

(16) 6b जाणेवा (ज्ञातव्या) इस रूप के लिए देखिए हेमचन्द्र iv. 438.

इकहत्तरवीं सन्धि

(1) नारद धरती पर परिभ्रमण करते हैं—यह जानने के लिए कि कहीं लड़ाई हो रही है या लड़ाई होने का अवसर है। नारद की यह विशेषता हिंदू पौराणिक परंपरा में ज्ञात है। यहाँ वह लड़ाई कराने के लिए रावण के पास पहुँच रहा है।

(2) 6 b परन्तु एक अर्थात् राम यश प्राप्त करना चाहते हैं आपको जीतकर।

(5) 6a अपनी भयंकर भुजाओं से, जो पर्वत-शिखरों को हिला सकती हैं। यह संदर्भ उस विश्वास से संबद्ध है कि रावण ने कैलाश पर्वत को हिला दिया था है अपनी भुजाओं से।

(6-10) यह कड़वक वात्स्यायन कामसूत्र के अनुसार स्त्रियों की विशेषताओं का वर्णन करता है।

(11) 7a चन्द्रनखी या फिर शूर्पणखा।

(15) 3a एक स्त्री बकुल की गंध की तुलना करती है कि क्या वह उसकी देह की गंध के समान है। 11a इस वसंत में कोयल भी वाचूनी हो गई है।

(18) 2a कंचुकी के रूप को धारण करते हुए। या फिर कंचुकिनी—एक वृद्धा।

(20) 1a इससे लगता है कि जैनधर्म भी विधवाओं के सिरों के मुण्डन का अनुमोदन करता है।

बहत्तरवीं सन्धि

(1) 1 उन प्रतिबंधों का परित्याग करते हुए, जिसका गृहस्थ को पालन करना चाहिए। जैसे स्वदारसंतोष। रावण अब सीता को पुष्पक विमान में ले जाता है। यह जैन गृहस्थ धर्म के प्रतिकूल है, क्योंकि सीता इसकी पत्नी नहीं है। उसे अभी तक इस तथ्य की जानकारी नहीं है कि सीता उसकी लड़की है। 1a रावण ने देखा कि यहां वन है, और भी एक चीज—सीता के यौवन का पुष्प। अगले कड़वक में इन दोनों की तुलना है।

(4) हिरण की गति का एक सुन्दर चित्रण है।

(5) 5a जो नीले या काले वस्त्र पहनते हों। बलदेव नीलाम्बर कहे जाते हैं, जैन और हिंदू—दोनों पुराणों में।

(8) 11-12 इन पंक्तियों का अर्थ है कि यदि मैं (रावण) इस स्त्री को छूता हूं, जो असहाय है पर शील संपन्न है तो वह विद्या जो मुझे आकाशतल में घुमाती है, छोड़ देगी। सीता की इच्छा के विरुद्ध रावण कुछ नहीं करना चाहता था क्योंकि ऐसी स्थिति में विद्या उसे छोड़ देती।

(12) 4-6 ये पंक्तियां बताती हैं कि रावण अर्धचक्रवर्ती है।

तिहत्तरवीं सन्धि

(1) 3 तीन चीजें एक साथ हुईं—राम ने वन में मृग का पीछा किया, सीता का अपहरण हुआ, और सीता की रक्षा करने वालों को गम्भीर दुख हुआ सीता के अपहरण के कारण।

(2) 3b-6b ऐसा प्रतीत होता है कि जैन समाज अनुमोदन करता था कि विधवा स्त्री को लाल साड़ी पहनना चाहिए, चूड़ियां फोड़ देना चाहिए और हार वगैरह नहीं पहनना चाहिए.।

(5) 9aजैन पुराणों के अनुसार, दशरथ जीवित हैं, जब रावण के द्वारा सीता का अपहरण किया जाता है। दशरथ ठीक उसी समय एक स्वप्न देखते हैं कि चन्द्र की प्रेमिका रोहिणी को राहु ले जा रहा है। इससे यह संकेत मिलता है कि राम पर भी इस प्रकार का संकट आना चाहिए।

(6) जनार्दन अर्थात् लक्ष्मण के द्वारा।

(7-8) 4a सुग्रीव और हनुमत् जो कि जैन विद्या के अनुसार विद्याधर थे, वानर नहीं। हनुमत् बीसवें कामदेव हैं। इसलिए उसका वर्णन मकरकेतु के रूप में है।

(10) 3a फूल आदि लेकर प्रतिमा को अर्पित किए। जब भक्त मंदिर जाता है, तो वह उसका

थोड़ा भाग अपने साथ घर ले जाता है, निर्माल्य का भाग जो प्रतिमा को अर्पित किया जाता है।

(15) 2 जैसे स्वर्णभांड पर खप्पर का ढक्कन दिया जाए। शिंगार शृंगार झारी के रूप में ज्ञात है।

(22) 12a मंदोदरी ने सीता को अपनी कन्या के रूप में पहचान लिया उसके पैरों के चिह्नों से।

(24) 13b हनुमत् ने, जो विद्याधर था, वानर का रूप धारण कर लिया और सीता के सामने खड़ा हो गया। यह इस बात को स्पष्ट करता है कि जैन पुराण विद्या के अनुसार, यही कारण है कि जिससे हनुमान् को वानर समझा गया।

(26) 8b मैं आपके और राम के बीच की गुप्त बातें बताऊँगा जिससे आपको विश्वास हो जाएगा कि मैं राम की तरफ से आया हूं। बाद की पंक्तियों में अभिज्ञान के कुछ चिह्न हैं, कुछ दूसरे कड़वक की पंक्तियों में हैं।

(28) 10a-b जब आग अपनी ही जाति को जला देती है, वृक्ष और लकड़ी कि जिनसे उसका जन्म होता है, तब यह अपने शत्रुओं को कब क्षमा करेगी ? यही कारण है कि आग जल को गरम करती है।

(29) 13b सीता प्रतिज्ञा करती है कि रावण के साथ समय नष्ट नहीं करेगी। कोसपान एक शपथ है, जिसे कोई गंभीरता से लेता है।

चहत्तरवीं सन्धि

(4) 16 हनुमान् से दूत बनकर फिर लंका जाने के लिए कहा गया। कवि अंग के साथ उसकी बल से तुलना करता है जिसे दुबारा गाड़ी में जोता गया हो। हिन्दू पुराण विद्या के अनुसार राम का दूत अंगद था।

(6) 4b अर्थात् श्री, सीता और वसुन्धरा (पृथ्वी)।

(8) 15 प्रेम के देवता कामदेव इक्षुदंड का धनुष रखते हैं।

(15) 3b अश्वग्रीव का संदर्भ जो पहला वासुदेव है जिसने स्वयंप्रभा से प्रेम किया और जो प्रथम वासुदेव त्रिपृष्ठ के द्वारा मारा गया।

(16) 7a नील सुग्रीव के मित्रों में से एक था। b सुग्रीव का एक अन्य मित्र कुमुद था। कुन्द और नल सुग्रीव के ही नाम हैं।

पचहत्तरवीं सन्धि

(1) 8b रावण के अनुयायियों के नाम।

(2) 9b पहले बालि को लंका जाने दीजिए। 10b वह मुझे महामेघ नाम का हाथी दे।

(3) 7b तथापि प्रवाद से नहीं कहा गया।

(4) 1b एक आपत्ति पहले से है यानी आग और इसे बढ़ाने के लिए हवा की लहर आ रही है। 12 जब मैं क्रुद्ध होता हूँ।

(6) 10b किष्किन्धपुर का स्वामी यानी बालि।

(9) 2b शक्ति का इतना बड़ा विस्तार।

छिहत्तरवीं सन्धि

(2) 6b आजकल में यह लंका पहुँचेगा। रावण विद्याधर जाति में उत्पन्न हुआ था जो नमि के भाई विनमि को प्राप्त हुआ।

(3) राम के धनुष का नाम वज्रावर्त था। 9a लक्ष्मण के के धनुष का नाम पांचजन्य था। 14 रावण विभीषण से कहता है कि यदि विभीषण उसे छोड़ देता है तो वह(रावण)कुम्भकर्ण की सहायता लेगा।

(4) 5a तृण की सींक से कोई अपने दांतों को साफ करता है। तृण के लिए तण, तणु प्रयोग अनियमित है।

(6) 10a सब विद्याधरों ने वानर का रूप बनाया और तब लंका की सैर की।

(9) 9a अग्नि जिसकी गति काली धूम्र रेखा का विसर्जन करती है अर्थात् धूम्रध्वज।

सतहत्तरवीं सन्धि

(2) 8b चंदहासु—रावण की तलवार। 14 हम हरि (लक्ष्मण) और बल (राम) से डरते हैं। वे बहुत शक्तिशाली हैं।

(3) 13 रावण संकटकाल में भी पूरा धैर्य बनाए रखता था।

(6) 1 क्या यह एक के ऊपर एक गिर रहे भुवनों की आवाज है? ऐसे कितने ही भुवन होते हैं जो एक के ऊपर एक आधारित हैं जिसे मराठी में उतरंड कहा जाता है। 6b वइवसु—यम।

(9) 5-17 युद्ध से उठी हुई धूलि का एक सुन्दर चित्रण।

(13) 5a तलवारों के परस्पर घर्षण से निकलती हुई चिंगारियाँ। 13b शिरस्त्राण।

अठहत्तरवीं सन्धि

(1) 2 कृष्ण अर्थात् लक्ष्मण जिनका रंग काला है। 15a-b विजयपर्वत और अंजनगिरि, लक्ष्मण और राम के हाथियों के नाम हैं।

(5) 11a-b एक सैनिक दूसरे सैनिक से कहता है, तुमने अपने स्वामी का ऋण चुकाने में अपना सिर दे दिया है और अपना रक्त उसका ब्याज चुकाने में दे रहे हो।

(8) 3a तीर लोह या लोभ धारण करते हैं इसीलिए वे डोरी से च्युत अथवा गुणों से च्युत होते हैं।

(9) 21 दृश्य पर उपस्थित हुआ।

(10) 14 मैं अपने शब्दों पर कायम रहूँगा।

(11) 3b कटु शब्द खार युक्त। तीखे शब्द।

(13) 8b राम जिनका रंग गोरा है, सफेद पद्म के समान। इसलिए वे पद्म कहलाए। उनके चरित का वर्णन करने वाले पुराणचरित कहलाये पद्मचरित, पद्मपुराण आदि।

(14) 8a-b यह पंक्ति दो कहावतों को अंकित करती है—झील में कर्कट भी जलचर कहलाता है यद्यपि इसका अर्थ मगर है। जहाँ वृक्ष नहीं होते वहाँ एरंड भी बड़ा पेड़ कहलाता है।

(15) 1 रावण और लक्ष्मण दोनों के पीतवसन हैं। हिन्दू पुराणों में कृष्ण को पीताम्बर कहा गया है।

(16) 6a वीसपाणि अर्थात् रावण। यद्यपि जैन पुराणों के अनुसार रावण के दो हाथ हैं फिर भी उसे बीस हाथों वाला कहा जाता है। यह हिन्दू पुराणों का प्रभाव है।

(18) 1 उस वीर योद्धा पर जिसने मधु को मारा। नोट कीजिए, प्रतिवासुदेव दो हैं—मधु और मधुसूदन।

(20) 14 योद्धाओं के भविष्य के बारे में लिखते हुए जो कि उनके मस्तिष्क पर लिखा हुआ था। 15 जाइवि—यह उसने माँगकर प्राप्त किया है।

(21) 7b अंगुलियों को तोड़ना किसी पर उसके प्रति अनादर को सूचित करता है। बोटें मोडणें—यह प्रयोग आधुनिक मराठी में मिलता है। 13a मेरे इस पति ने मुझसे उस समय विवाह किया जब मैं बिलकुल छोटी कन्या थी। तुलना कीजिए—'यः कौमारहरः स एव हि वरः····'।

(23) 4a आज सरस्वती, विद्या की देवी, शास्त्रों को याद नहीं करेगी या उनका वाचन नहीं करेगी, रावण की मृत्यु के कारण। हिंदूपुराणों के अनुसार रावण पुलस्त्य का पुत्र था। पुलस्त्य ऋषि ब्राह्मण थे।

(24) 3a वह नारद नहीं था जो आ पहुँचा, वह तो दुर्दैव था जो तुम्हारे ऊपर मौत लाया था। (नारद ने रावण को सीता की प्राप्ति के लिए भड़काया।) रावण ने नारद की कपटपूर्ण सलाह से ही सीता के अपहरण का निश्चय किया था। 12a घुन के द्वारा वज्र भी जीर्ण हो गया। लक्ष्मण के हाथों रावण की मौत उसी तरह असंभव लगती थी जिस प्रकार घुनों से वज्र का काटा जाना।

(25) 1 तुम्हें दशमुख का स्थान ग्रहण करना चाहिए। 6b-12b इन पंक्तियों में रावण की शव-यात्रा का वर्णन है।

(29) 3b राम के सिवा और कौन उदार है?

उन्यासीवीं संधि

(2) 11b तलवार का नाम सौनंदक है, क्योंकि वह सौनंदयक्ष का दान है। अर्द्धचक्री वासुदेव के सात रत्नों में से एक तलवार भी है जिसे सौनन्दक कहते हैं ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार गदा को कौमोदकी। जैन पुराणों में वासुदेव और बलदेव के क्रमशः सात और चार चिह्न होते हैं। गुणभद्र के 'उत्तरपुराण' (62/148-149) में उनका उल्लेख इस प्रकार है—

असिः शंखो धनुश्चक्रं शक्तिर्दण्डो गदाभवत्।
रत्नानि सप्त चक्रेशो रक्षितानि मरुद्गणैः॥
रत्नमाला हलं भास्वद्गदाख्यं मुसलं गदा।
महारत्नानि चत्वारि बभूवुर्भाविनिर्वृतेः॥

(3) 8a वह उस स्थान से चला गया। ध्यान रखें कि 'तहां' की अपेक्षा 'तहिं' के साथ 'हुँतउ' का प्रयोग किया गया है। हेमचन्द्र iv 355 से तुलना करें।

(6) 10 b उस स्थिति में कौन नरक में पैदा होगा और कौन स्वर्ग में ? 12 यह बौद्धदर्शन का क्षणिकवाद सिद्धान्त है। स्वयंबुद्ध के द्वारा।

(8) 6-9 ये पंक्तियाँ हमें बताती हैं कि राम के विजयराम आदि आठ पुत्र थे, और लक्ष्मण के उनकी पत्नी पृथिवी से पृथ्वीचन्द्र आदि अनेक पुत्र थे।

(11) 4b लच्छीहरंगि अर्थात् लक्ष्मीधर (लक्ष्मण) की देह में।

अस्सीवीं संधि

(9) वर्षा ऋतु का सुन्दर वर्णन।

(16) 7 b सूर्य की पत्नी का नाम रण्ण या रत्नादेवी था।